Jin Sahastranam Part A

Compilation and comparison of Sahastranam by several authors (after 12th century)



ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला [संस्कृत ग्रन्थाङ्क ११]

पण्डितप्रवर आशाधर विरचित

[स्वोपज्ञ-विवृति-युत]

जिनसहस्रनाम

श्रुतसागरसूरि-विरचित टीका-समन्वित

हिन्दी-भाषानुवाद और विस्तृत प्रस्तावना सहित

सम्पादक—
पं० हीरालाल जैन, सिद्धान्तशास्त्री, न्यायतीर्थ

भा र ती य ज्ञा न पी ठ का शी

प्रथम आवृत्ति
एक सहस्र प्रति

फाल्गुन, वीर नि० सं० २४८०
वि० सं० २०१०
फरवरी १९५४

मूल्य ४ रु०

JNANA-PITHA MURTIDEVI JAIN GRANTHAMALA
SANSKRIT GRANTHA No. 11

SVOPAJNA VIVRITI YUTA

JINA SAHASRANAMA

OF

PANDIT ASHADHAR

WITH HINDI TRANSLATION AND INTRODUCTION
WITH THE COMMENTARY OF SRUTA SAGAR SURI

Translated and Edited
BY
PANDIT HIRALAL JAIN.
Siddhant - Shastri, Nyayatirtha

Published by
BHARATIYA JNANAPITHA, KASHI

First Edition
1000 Copies.

PHALGUN VIR NIRVANA SAMVAT 2480
VIKRAMA SAMVAT 2010
FEBRUARY 1954.

Price
Rs. 4|

विषयानुक्रमणिका

प्राथमिक वक्तव्य ७
सम्पादकीय वक्तव्य ९
आदर्श प्रतियोंका परिचय ११

प्रस्तावना १३

एक हजार आठ नाम ही क्यों १३
सहस्रनामोंकी तुलना १५
आशाधर-सहस्रनाम पर एक दृष्टि १६
जिनसहस्रनामका माहात्म्य २१
एक पुनरुक्ति २१

ग्रन्थकारका परिचय २१

जन्मभूमि, वंश परिचय और समय २२
ग्रन्थ-रचना २३
आशाधरके गुरु और शिष्यवर्ग २७

श्रुतसागरका परिचय २८

समय-विचार २८
ग्रन्थ-रचना २९
श्रुतसागरी टीकाके विषयमें २९
श्रुतसागरका पाण्डित्य ३०
श्रुतसागर पर एक आरोप ३०
श्रुतसागरी टीका-गत कुछ विशेष बातें ३१
आशाधरकृत जिनसहस्रनाम मूलपाठ ४२
जिनसेन ,, ,, ४६
सकलकीर्ति ,, ,, ५०
हेमचन्द्र ,, ,, ५३

मूलग्रन्थ स्वोपज्ञविवृति और हिन्दी व्याख्या सहित ५७

जिनशतक ५७
सर्वज्ञशतक ६३
यशाईशतक ७०
तीर्थकृच्छतक ७८
नाथशतक ८४
योगिशतक ९०
निर्वाणशतक ९८
ब्रह्मशतक १०८
बुद्धशतक ११९
अन्तकृच्छतक १३०

श्रुतसागरी टीका १४१–२५७

जिनशतक १४१
सर्वज्ञशतक १४६
यशाईशतक १५४
तीर्थकृच्छतक १६५
नाथशतक १७२
योगिशतक १८१
निर्वाणशतक १९५
ब्रह्मशतक २०७
बुद्धशतक २२१
अन्तकृच्छतक २४३

टीकाकार प्रशस्ति २५८

परिशिष्ट २५९–२८६

दर्शन परिचय २५९
जिनसहस्रनाम-अकाराद्यनुक्रमणिका २६१
स्वोपज्ञटीकागत पद्यसूची २७४
,, ,, गद्यांशसूची २७४
,, ,, व्याकरणसूत्रानुक्रमणिका २७४
स्वोपज्ञविवृतिगत-धातुपाठः २७५
श्रुतसागरीटीकागत-सूत्रानुक्रमणिका २७५
,, ,, संस्कृत पद्यानुक्रमणिका २७८
,, ,, प्राकृत ,, २८२
,, अनेकार्थक पद्य-सूची २८३
,, सूक्तवाक्यांश-सूची २८३
श्रुतसागर विरचित पद्यानुक्रमणिका २८४
श्रुतसागरी टीकागत पौराणिकनामसूची २८४
,, ,, ग्रन्थनामसूची २८४
,, ,, ग्रन्थकारनामसूची २८५
,, ,, दार्शनिकनामसूची २८५
ग्रन्थनाम-संकेतसूची २८६

—:०:—

प्राथमिक वक्तव्य

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रंथमालाकी संस्कृत शाखाके अन्तर्गत प्रस्तुत ग्रंथको पाकर पाठक प्रसन्न होंगे। यह बड़े सन्तोषकी बात है कि यह ग्रंथमाला अविरत रूपसे अपने कर्तव्य-पालनमें उन्नति कर रही है। इसका परम श्रेय है ज्ञानपीठके संस्थापक धर्मनिष्ठ श्रीमान् सेठ शान्तिप्रसादजी और उनकी साहित्य-प्रिय पत्नी श्रीमती रमारानीजीको, जो ज्ञानपीठके संचालन, और विशेषतः धार्मिक साहित्यके प्रकाशनमें अत्यन्त उदार रहते हैं। प्रकाशन-कार्यको गतिशील बनाये रखनेमें ज्ञानपीठके मंत्री श्री अयोध्याप्रसादजी गोयलीय तथा संस्थाके अन्य कार्य-कर्ताओंकी तत्परता और अध्यवसाय भी प्रशंसनीय है।

प्रस्तुत ग्रन्थ अपनी एक विशेषता रखता है, और वह यह है कि इसका विषय कोई कथानक, दार्शनिक विवेचन व आचारादि सम्बन्धी उपदेश न होकर जिनभगवान्‌की सहस्रनामात्मक स्तुति है। एक सहस्र नामोंके उल्लेख द्वारा भगवान्‌की वन्दना करनेकी परम्परा प्राचीन-कालसे हिन्दू तथा जैनधर्ममें समान रूपसे प्रचलित रही है। न केवल इतना ही, किन्तु सबसे बड़ी ध्यान देने योग्य बात यह है कि परमात्माके नाम-निर्देशमें वैदिक, बौद्ध और जैनधर्मोंके परस्पर भेद सब विलुप्त होकर उनके बीच एकीकरणकी भावना पाई जाती है। उदाहरणार्थ, प्रस्तुत आशाधर कृत जिनसहस्रनाममें 'ब्रह्मशतम्' और 'बुद्धशतम्' नामक परिच्छेदोंको देखिये, जहाँ जिन भगवान्‌के ब्रह्मा, चतुर्मुख, विधाता, कमलासन, प्रजापति, हिरण्यगर्भ आदि स्पष्टतः वैदिक परम्पराके ईश्वराभिधानों तथा बुद्ध, दशबल, शाक्य, सुगत, मारजित्, बोधिसत्त्व आदि बौद्धधर्मके सुविख्यात बुद्धनामोंका भी संग्रह किया गया है। यह कोई चोरी या अशात अनुकरणकी बात नहीं है, क्योंकि कवि स्पष्टतः जान-बूझकर और सोच-समझ कर इन अन्य धर्म-विख्यात नामोंको ग्रहण कर रहे हैं। ऐसा करनेमें उनका अभिप्राय निस्सन्देह यही है कि भक्त जन भगवान्‌के विषयमें ऐक्यकी भावनाका अनुभव करें। हिन्दू, जिन्हें ब्रह्मा और विधाता कहते हैं, एवं बौद्ध बुद्ध व शाक्य आदि कहते हैं, उन्हीं परमेष्ठीको जैन, जिन व अरहन्त कहते हैं। हाँ, ईश्वरके सम्बन्धमें जैनियोंकी दार्शनिक मान्यता अन्य धर्मोंसे भिन्न है। अतएव उस विषयमें भ्रान्ति उत्पन्न न हो, इसीलिए संभवतः कविने स्वयं अपनी रचनाकी टीका लिखना भी आवश्यक समझा, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभाके बलसे उक्त नामोंकी व्युत्पत्ति अपने धर्मकी मान्यतानुसार बिठलाकर बतला दी है। यही तो भारतीय संस्कृतिकी, और विशेषतः जैन-अनेकान्तकी वह दिव्य सर्वतोमुखी दृष्टि है, जो भेदमें अभेद और अभेदमें भेदकी स्थापना कर, इतर जनोंके मनमें एक उलझन व विस्मय उत्पन्न कर देती है। यही हमारे प्राचीन ऋषियोंकी वह प्रेरणा है जो आज भी हमसे गान करा रही है—

बुद्ध, वीर, जिन, हरि, हर, ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो।
भक्ति-भाव से प्रेरित हो यह चित्त उसी में लीन रहो॥

अथवा

ईश्वर अल्लाह तेरे नाम।
सबको सन्मति दे भगवान॥

आजकलके सम्प्रदायवादी, प्राचीन आचार्योंकी इस उदार और उदात्त भूमिकाको समझें और अपनावें, इसीमें स्वहित और लोककल्याण है।

इस ग्रंथके सम्पादनमें पं० हीरालालजी शास्त्रीने जो परिश्रम किया है वह ग्रन्थावलोकनसे पाठकोंको स्पष्ट हो जायेगा। अपनी प्रस्तावनामें उन्होंने ग्रन्थके विषय और ग्रन्थकार सम्बन्धी सभी ज्ञातव्य बातोंपर पर्याप्त प्रकाश डालनेका प्रयत्न किया है। टीकाके संशोधनमें खूब सावधानी रखी गई है, और अनुवाद भी मार्मिक ढंगसे किया गया है, जिससे शब्द-व्युत्पत्ति जैसी शुष्क चर्चा भी सरस और रोचक हो उठी है और उसके द्वारा अनेक जैन मान्यताओंका स्पष्टीकरण भी हो गया है। शब्दानुक्रमणीके द्वारा यह ग्रन्थ एक कोश-विशेषका भी काम दे सकेगा। इस परिश्रमके लिए हम सब पंडितजीके कृतज्ञ हैं।

हमें आशा और भरोसा है कि ग्रन्थमालाके अन्य प्रकाशनोंके समान इस ग्रन्थका भी समुचित सम्मान और उपयोग होगा।

हीरालाल जैन
आदिनाथ उपाध्ये
[ग्रन्थमाला - सम्पादक]

प्रकाशन-व्यय

८६६।=) कागज़ २२ × २६=२८ पौंड ४० रीम १० दिस्ता	५५८) सम्पादन पारिश्रमिक
७६८) छपाई ३) प्रति पृष्ठ	१५०) कार्यालय-व्यवस्था प्रूफ-संशोधनादि
५५०) जिल्द बँधाई	२२५) भेंट आलोचना ७५ प्रति
४०) कवर कागज़	७५) पोस्टेज ग्रंथ भेंट भेजनेका
२०) कवर डिज़ाइन तथा ब्लाक	१७०) विज्ञापन
४०) कवर छपाई	६२५) कमीशन २५ प्रतिशत

कुल लागत ४५९६।=)

१००० प्रति छपी। लागत एक प्रति ४॥)

मूल्य ४ रुपये

सम्पादकीय

आजसे ठीक ३५ वर्ष पूर्व जब मैं स्व० श्रद्धेय पं० घनश्यामदासजी न्यायतीर्थ (महरौनी) के चरण-सान्निध्यमें बैठकर अपनी जन्मभूमिस्थ पाठशालामें अध्ययन कर रहा था, तब श्रुतपंचमीके दिन पंडितजीने हम लोगोंके साथ स्थानीय मन्दिरके शास्त्र-भंडारकी छान-बीन की और एक रद्दी-पत्रोंके बस्तेको संभालते हुए वे सहसा आनन्दोल्लासके साथ विस्मय और दुःख प्रकट करते हुए बोल उठे कि देखो, कितना सुन्दर अपूर्व ग्रन्थ यह रद्दीके बस्तेमें बंधा हुआ है। उन्होंने तभी एक पृथक् वेष्टनमें उस प्रतिको बांधा, उस पर अपने हाथसे 'सहस्रनामसटीक' लिखा और हम लोगोंको बताया कि यह पंडित आशाधरजीके सहस्रनामकी सुन्दर टीका है। उनके हाथसे नाम लिखे वेष्टनमें यह प्रति आज भी सुरक्षित है।

पंडितजीकी उक्त बात मेरे हृदयमें अंकित हो गई और अध्ययन-समाप्तिके बाद जबसे मैं ग्रन्थोंके सम्पादनादि कार्यमें लगा, तभीसे सोच रहा था कि कब पं० आशाधरजीके सटीक सहस्रनामका सम्पादन करूं। मैं इस टीकाको पं० आशाधरजीकी स्वोपज्ञवृत्ति ही समझ रहा था? किन्तु एक बार जब सुप्रसिद्ध साहित्यज्ञ पं० नाथूरामजी प्रेमीके साथ बम्बईमें आशाधरजीके सहस्रनामकी बात चल रही थी, तो मैंने कहा कि उनकी लिखी टीका मेरे गांवके शास्त्र-भंडारमें है। श्री प्रेमीजी बोले, वह स्वोपज्ञवृत्ति न होकर श्रुत-सागरी टीका होगी, जाकर देखना। जब मैं देश आया और उसे देखा तो प्रेमीजीका कहना यथार्थ निकला। तभीसे मैं आशाधरजीकी लिखी सहस्रनाम-टीकाकी खोजमें रहने लगा। दो वर्ष पूर्व जब मैं वसुनन्दिश्रावकाचारके सम्पादनमें व्यस्त था और उसकी प्राचीन प्रतिकी खोजमें ललितपुरके बड़े मन्दिरजीके शास्त्र-भंडारके शास्त्रोंके वेष्टन खोल-खोलकर उनकी छान-बीन कर रहा था, तब अकस्मात् मुझे पंडितजीके सहस्रनामकी वह स्वोपज्ञवृत्ति प्राप्त हुई; जो कि आज तक अन्यत्र अप्राप्य थी और जिसे श्री प्रेमीजी आजसे लगभग ४५ वर्ष पूर्वसे खोजनेका प्रयत्न कर रहे थे। मैं हर्षसे फूला न समाया, अधिकारियोंसे आज्ञा लेकर घर ले आया और उसकी प्रतिलिपि कर, उसके सम्पादनका समुचित अवसर देखने लगा।

हर्ष है कि इन दो वर्षोंमें अनेक आपत्तियोंके आने पर भी मैं श्री जिनेन्द्रके स्तवन-स्वरूप इस पवित्र ग्रन्थको उन्हींके प्रसादसे सम्पादित कर सका।

प्रस्तुत ग्रन्थका सम्पादन **अ ज द** और **स** प्रतियोंके आधारसे किया गया है। प्रयत्न करने पर भी अन्य भंडारोंकी प्रतियोंको मैं प्राप्त नहीं कर सका। फिर भी अधिक चिन्ताकी कोई बात इसलिए नहीं है कि अ और स ये दोनों ही प्रतियां अत्यन्त शुद्ध थीं और उनको ही आदर्श मानकर उक्त दोनों टीकाओंकी प्रेस-कापी तैयार की गई है।

प्रस्तुत संस्करणमें सबसे ऊपर मूल श्लोक, उसके नीचे स्वोपज्ञवृत्ति और उसके बाद हिन्दीमें मूल श्लोकका अर्थ शब्दशः देकर उसके नीचे दोनों टीकाओंके आश्रयसे लिखी व्याख्या दी गई है और यह प्रयत्न किया है कि मूल नामके अर्थको व्यक्त करनेवाला दोनों टीकाओंका अभिप्राय उसमें व्यक्त कर दिया जाय।

प्रस्तावनामें यह दिखानेका प्रयत्न किया है कि सहस्रनामोंकी प्रथा कबसे वा कैसे चली। प्रस्तुत संस्करणमें पं० आशाधरजीके सहस्रनामके अतिरिक्त आ० जिनसेन, आ० हेमचन्द्र और भट्टारक सकलकीर्त्तिके जिनसहस्रनामोंका भी संकलन किया है। पाठकगण इन चारों सहस्रनामोंके पाठ करनेके अनन्तर यह जान सकेंगे कि साहित्यके भीतर परस्परमें कितना आदान-प्रदान होता रहा है।

प्रस्तावनामें आशाधर सहस्रनामकी विशेषताको व्यक्त करनेका प्रयास किया गया है, उसमें मैं कितना सफल हो सका हूं, यह पाठकोंको उसका अध्ययन करने पर ज्ञात हो सकेगा। प्रारंभमें श्रुतसागरी टीकागत कुछ ज्ञातव्य विशेषताओंका भी उल्लेख किया गया है। परिशिष्टमें मूल श्लोकोंकी, सहस्र नामोंकी, टीकामें

उद्धृत व्याकरण-सूत्रोंकी और पद्योंकी अकाराद्यनुक्रमणिका दी गई है। टीकामें उद्धृत पद्य किस ग्रन्थके हैं, यह जहांतक मेरेसे बन सका, कोष्ठक ( ) में निर्देश कर दिया है और अज्ञात स्थलोंके आगे कोष्ठकको रिक्त छोड़ दिया गया है। पाठक गण उन्हें अपने श्रुताध्ययनके साथ स्थल परिज्ञात होने पर पूरा कर सकते हैं।

मैंने श्रीमान् पं० नाथूरामजी प्रेमीके द्वारा लिखे गये पं० आशाधर और श्रुतसागरसूरि सम्बन्धी दोनों लेखोंका उनकी 'जैनसाहित्य और इतिहास' नामक पुस्तकसे लेकर अपनी प्रस्तावनामें भर-पूर उपयोग किया है; अतः मैं उनका अत्यन्त आभारी हूं।

पं० आशाधरजीकी स्वोपज्ञवृत्ति और श्रुतसागरी टीका ये दोनों ही विद्यार्थियोंके संस्कृत-ज्ञानके लिए बहुत ही उपयोगी हैं। प्रत्येक नामकी निरुक्तिसे उन्हें संस्कृतका परिष्कृत ज्ञान हो सकेगा। जैन परीक्षालयोंको चाहिए कि वे इसे विशारद परीक्षाके पठनक्रममें पाठ्य-पुस्तकके रूपमें स्वीकार करें। इसके प्रारम्भिक तीन शतक विशारद प्रथम खंडमें, मध्यवर्त्ती तीन शतक विशारद द्वितीय खंडमें और अन्तिम चार शतक विशारद तृतीय खंडमें पढ़ानेके योग्य हैं। इनसे छात्रोंका व्युत्पत्ति-ज्ञान तो बढ़ेगा ही, साथ ही वे जैन सिद्धान्तके उन अनेक महत्त्वपूर्ण विषयोंसे भी परिचित हो सकेंगे, जिनका कि परिज्ञान उन्हें अनेकों शास्त्रोंके स्वाध्यायसे भी नहीं हो सकता है। मैं तो अपने जैन विद्वानोंसे आग्रह करूंगा कि वे ऐसे व्याकरण, धर्म और न्याय-विषयक व्युत्पत्ति करानेवाले ग्रन्थोंको राजकीय-संस्कृत महाविद्यालय बनारस और हिन्दू विश्वविद्यालय काशीकी मध्यमा परीक्षाके पाठ्यक्रममें स्वीकार करानेका प्रयत्न करें।

प्रस्तुत ग्रन्थके सुन्दर सम्पादनके लिए मैंने यथाशक्ति समुचित प्रयत्न किया है, फिर भी पाठकगण रह गई त्रुटियोंसे मुझे अवगत करायेंगे, जिससे उनका आगामी संस्करणमें यथास्थान संशोधन किया जा सके।

दर्याव निवास
साढूमल, पो० मड़ावरा (झांसी)
१५।१२।५३

विनम्र—
हीरालाल

आदर्श प्रतियोंका परिचय

अ प्रति—आशाधर-सहस्रनामकी स्वोपज्ञवृत्ति सहित यह प्रति ललितपुरके श्री बड़े मन्दिरजीके भंडारकी है। इसका आकार १०½ × ६ इंच है। पत्र-संख्या ५४ है। प्रति पत्र पंक्ति-संख्या ११ और प्रति पंक्ति अक्षर-संख्या ३१–३३ है। वि० सं० १९५४ के आश्विन शुक्ला १० की लिखी हुई है। किसी प्राचीन प्रति परसे इसकी प्रतिलिपि की गई है। वह संभवतः अतिजीर्ण-शीर्ण रही होगी, अतएव जहां पर पत्र टूट जानेसे वह पढ़ी नहीं जा सकी वहां लेखकने ..... इस प्रकार बिन्दुओंको रखकर स्थान छोड़ दिया है। मध्यमें संभवतः उस प्राचीन प्रतिके २-३ पत्र भी गायब रहे हैं, जिससे इस प्रतिमें मूल सहस्रनामके श्लोकाङ्क ६३ से ६८ तककी टीका नहीं लिखी हुई है। प्रस्तुत प्रतिके मध्यमें श्लोकाङ्क १०३ की टीकाके अनन्तर लिखा है—

"**मुनिश्रीविनयचन्द्रेण** कर्मक्षयार्थं लिखितम्"। तथा अन्तिम पुष्पिकामें लिखा है–"इत्याशाधरसूरिकृतं जिनसहस्रनामस्तवनं समाप्तम्। **मुनिश्रीविनयचन्द्रेण** लिखितम्॥ × × × × पंचाचारादिव्रततपोद्यापनयमनियमेत्यादिसमस्तपापदोष प्रायश्चित्तनिः ..... समस्तकर्मक्षयविनाशननिःशुद्धचिद्रूपप्राप्तिनिमित्तक्षेपधरेण **मुनिविनयचन्द्रेण** भावना भाविता"॥

इस प्रकार तीन बार **मुनिविनयचन्द्र**का नामोल्लेख होनेसे विदित होता है कि ये वही विनयचन्द्र मुनि हैं, जिनका उल्लेख स्वयं पंडितजीने 'भव्यचकोरचन्द्रः' कह कर किया और जिनकी प्रेरणासे इष्टोपदेशकी टीका लिखी है। यदि यह सत्य है, तो निःसन्देह यह प्रति अति प्राचीन और प्रामाणिक रही होगी। ललितपुरके शास्त्र भंडारके जीर्ण-शीर्ण पत्रोंका कई बार अनुसन्धान करने पर भी उस प्राचीन प्रतिके पत्रोंका कुछ भी पता नहीं लग सका। अभी तक आशाधरजीकी स्वोपज्ञ टीकाकी यही एक मात्र प्रति उपलब्ध हुई है, जो कि अभीकी लिखी होने पर भी बहुत शुद्ध है। इसीके आधार पर स्वोपज्ञवृत्तिकी प्रेसकापी तैयारकी गई है।

ज प्रति—यह जयपुरके तेरा-पंथी बड़े मन्दिरकी प्रति है। इसका आकार ११ × ६ इंच है। पत्र संख्या ११७ है। प्रति पत्र पंक्ति-संख्या १३ है और प्रति पंक्ति-अक्षर-संख्या ४०–४२ है। प्रति लेखन-काल १८५८ है। इस प्रतिमें प्रारंभसे ६वें अध्याय तक सहस्रनामके मूल श्लोक नहीं हैं; किन्तु ७वें अध्यायसे टीकाके साथ मूल श्लोक भी लिखे गये हैं। इसमें प्रायः 'व' के स्थान पर 'ब' लिखा गया है। प्रति प्रायः अशुद्ध है। कई स्थलोंपर दो दो पंक्तियां छूट गई हैं, फिर भी इससे अनेक स्थलों पर पाठ-संशोधनमें सहायता मिली है। प्रति हमें श्रीमान् पं० करतूरचन्द्रजी शास्त्री एम. ए. जयपुरकी कृपासे प्राप्त हुई। इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

द प्रति—यह देहलीके पंचायती मन्दिर (खजूर मसजिद) की है। इसका आकार ५॥ × १०॥ इंच है। पत्र संख्या २१३ है। प्रति पृष्ठ पंक्ति-संख्या ११ और प्रति पंक्ति अक्षर-संख्या २५–२६ है। कागज मोटा बदामी रंगका है। इसकी अन्तिम पुष्पिका इस प्रकार है:—

सं० १८११ वर्षे भाद्रपदमासे कृष्णपक्षे ६ चन्द्रवासरे लिखितं मिश्र हरिश्चन्द्रस्य इदं पुस्तकं। लिखाइतं सिंघई लालमनि तत्पुत्र लाला भगवानदासस्य पंडितदयारामस्य पठनार्थं दत्तं। सिरोजमध्ये चन्द्रप्रभु चैत्यालये जिनसहस्रनामटीका संपूर्ण॥ श्रीः॥

स प्रति—यह मेरी जन्मभूमि साढूमल (झांसी) के जैनमन्दिरकी श्रुतसागरी टीकाकी प्रति है जो अत्यन्त शुद्ध और प्राचीन है। इसका उद्धार आजसे ३५ वर्ष पूर्व स्व० पं० घनश्यामदासजीने रद्दी पत्रोंके साथ बंधे बस्तेमेंसे किया था। इसका अन्तिम पत्र न होनेसे प्रति लिखनेका समय तो ज्ञात नहीं हो सका, पर

आकार-प्रकार, कागज, स्याही आदिको देखते हुए यह निःसन्देह कहा जा सकता है कि यह कमसे कम ३०० वर्ष पुरानी तो अवश्य है। इसका आकार ५ × ११ इंच है। पत्र संख्या १४६ है। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या ११ और प्रतिपंक्ति अक्षर संख्या ३८-४० है। प्रति अत्यन्त शुद्ध है। सहस्रनामका प्रत्येक नाम लाल रंगसे चिन्हित है, जिससे उसकी व्याख्याका प्रारम्भ सहजमें ज्ञात हो जाता है। प्रतिके सबसे ऊपरी पत्रके ऊपर लिखा हुआ है:—

"भ० श्रीधर्मकीर्त्तिपटे भ० श्रीपद्मकीर्त्तिने पुस्तक आपज्यो" सिंरोजनगर वास्तव्य ॥ शुभं भवतु ॥ ब्रह्मश्रीसुमतिसागरेण प्रेषिता। श्रीसूरतनगरात् ॥ श्रीरस्तु ॥

इस लेखसे विदित होता है कि यह प्रति सूरत (गुजरात) से ब्रह्म श्रीसुमतिसागरने सिंरोज (मध्य भारत) नगरवासी भट्टारक श्रीपद्मकीर्त्तिके पास भेजी थी। वहांसे यह हमारे ग्राममें कब कैसे आई, इसका कुछ पता नहीं चलता। इतना ज्ञात अवश्य हुआ कि आजसे लगभग १०० वर्ष पूर्वतक हमारे ग्रामके मन्दिरमें सोनागिर-भट्टारककी गद्दी थी, संभव है, वहांके भट्टारकजीके साथ वह यहां आई हो।

स और **द** इन दोनों प्रतियोंमें कई बातोंमें समानताएं पाई जाती हैं। एक अन्तिम बातकी समानता तो यह माननेके लिए विवश करती है कि द प्रतिकी प्रतिलिपि स प्रतिके आधारसे ही हुई है। वह समता यह है कि स प्रतिमें भी श्रुतसागरकी प्रशस्तिको दूसरे श्लोकके दूसरे चरणका 'देवेन्द्रकीर्त्ति' तकका पाठ स प्रतिमें पाया जाता है और इतना ही द प्रतिमें भी। इसके अतिरिक्त स प्रति सूरतसे सिरोंज भेजी गई और यह द प्रति भी सिरोंजमें ही लिखी गई। इसलिए बहुत संभव यही है कि यतः स प्रतिमें अन्तिम पत्र नहीं होनेसे श्रुतसागरकी प्रशस्ति अधूरी थी, अतः उससे प्रतिलिपि की जानेवाली द प्रतिमें भी वह अधूरी ही लिखी गई। दूसरे इससे एक बात और सिद्ध होती है कि जब **द** प्रति पूरे २०० वर्ष प्राचीन है, तो जिसके आधार पर यह लिखी गई है, वह अवश्य इससे अधिक प्राचीन होगी। साथ ही यह भी पता चलता है कि आजसे २०० वर्ष पूर्व ही **स** प्रतिका अन्तिम पत्र गायब हो चुका था।

द प्रति यद्यपि अपेक्षाकृत अशुद्ध लिखी गयी है, तथापि उससे उन कई स्थलोंपर पाठ-संशोधनमें मुझे पर्याप्त सहायता प्राप्त हुई है, जो कि स प्रतिकी प्राचीन लिखावट होनेसे मुझसे ठीक-ठीक पढ़े नहीं जा सके थे।

श्रुतसागरकी प्रशस्तिकी पूर्त्ति श्री० प्रेमीजीकी पुस्तक "जैनसाहित्य और इतिहास" के श्रुतसागरके लेखसे की गई है, जिसमें कि उनकी प्रशस्ति सेठ माणिकचंद्रजी बम्बईके ग्रन्थ-संग्रहकी प्रति जिनसहस्रनाम-टीकासे उद्धृतकी गई है।

स प्रे०—यह सोलापुरके श्री ब्र० जीवराज गौतमचन्दजी दोशीके निजी भंडारकी प्रेस कापी है, जो कि ईडर भंडारकी प्रति परसे कराई गई है इस प्रतिमें भी अनेक स्थलोंपर पाठ छूटे हुए हैं, फिर भी अनेक पाठोंके शुद्ध करनेमें हमें इससे साहाय्य प्राप्त हुआ है। यह प्रेस कापी ३१-१-५१ को लिखकर तैयारकी गई है। इस प्रेस कापीमें टीकाके पूर्व सर्वत्र मूल श्लोक दिये हुए हैं। और अन्तमें श्रुतसागरी टीकाका प्रमाण श्लो०३०७५ दिया हुआ है। यह प्रेस कापी जीवराज ग्रन्थमालाके संस्थापक श्रीमान् ब्र० जीवराजजी गौतमचन्द्रजी दोशी सोलापुरकी कृपासे प्राप्त हुई है। इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

—:०:—

प्रस्तावना

श्री मूलाचारमें स्तव या स्तवनके छह भेद बतलाये गये हैं—नामस्तवन, स्थापनास्तवन, द्रव्यस्तवन, क्षेत्रस्तवन, कालस्तवन और भावस्तवन। नामस्तवनकी व्याख्या टीकाकार वसुनन्दि आचार्यने इस प्रकारकी है :—

'चतुर्विंशतितीर्थंकराणां यथार्थानुगतैरष्टोत्तरसहस्रसंख्यैर्नामभिः स्तवनं चतुर्विंशतिनामस्तवः'।
(मूलाचार, ७, ४१ टीका)

अर्थात् चौबीस तीर्थंकरोंके वास्तविक अर्थवाले एक हजार आठ नामोंसे स्तवन करनेको नामस्तव कहते हैं।

मूलाचारके ही आधार पर पं० आशाधरजीने भी अपने अनगारधर्मामृतके आठवें अध्यायमें स्तवनके ये ही उपर्युक्त छह भेद बताये हैं और नामस्तवका स्वरूप इस प्रकार कहा है :—

अष्टोत्तरसहस्रस्य नाम्नामन्वर्थमर्हताम्। वीरान्तानां निरुक्तं यत्सोऽत्र नामस्तवो मतः ॥ ३१ ॥

अर्थात् वृषभादि वीरान्त तीर्थंकर परमदेवका एक हजार आठ सार्थक नामोंसे स्तवन करना सो नाम-स्तवन है।

जैनवाङ्मयका परिशीलन करनेसे विदित होता है कि यह एक अनादिकालीन परम्परा चली आती है कि प्रत्येक तीर्थंकरके केवल ज्ञान होने पर इन्द्रके आदेशसे कुबेर आकर भगवान्के समवसरण (सभामंडप) की रचना करता है और देव, मनुष्य तथा पशु-पक्षी आदि तिर्यंच तीर्थंकर भगवान्का उपदेश सुननेके लिए पहुंचते हैं। उस समय सदाके नियमानुसार इन्द्र भी आकर भगवान्की वन्दना करता है और एक हजार आठ नामोंसे उनकी स्तुति करता है। आचार्य जिनसेनने अपने महापुराणमें इन्द्रके द्वारा भगवान् ऋषभ-नाथकी इसी प्रकारसे स्तुति कराई है।

एक हजार आठ नाम ही क्यों ?

तीर्थंकरोंकी अष्टोत्तर सहस्रनामसे ही स्तुति क्यों की जाती है, इससे कम या अधिक नामोंसे क्यों नहीं की जाती, यह एक जटिल प्रश्न है और इसका उत्तर देना आसान नहीं है। शास्त्रोंके आलोड़न करने पर भी इसका सीधा कोई समुचित उत्तर नहीं मिलता है। फिर भी जो कुछ आधार मिलता है उसके ऊपरसे यह अवश्य कहा जा सकता है कि तीर्थंकरोंके शरीरमें जो १००८ लक्षण और व्यञ्जन होते हैं, जो कि सामु-द्रिक शास्त्रके अनुसार शरीरके शुभ चिन्ह या सुलक्षण माने गये हैं, वे ही सम्भवतः एक हजार आठ नामोंसे स्तुति करनेके आधार प्रतीत होते हैं। (देखो आचार्य जिनसेनके सहस्रनामका प्रथम श्लोक)।

अन्य मतावलम्बियोंने भी अपने-अपने इष्टदेवकी स्तुति एक हजार नामोंसे की है और इसके साक्षी विष्णुसहस्रनाम, शिवसहस्रनाम, गणेशसहस्रनाम अम्बिकासहस्रनाम, गोपालसहस्रनाम आदि अनेक सहस्र-नाम हैं। शिवसहस्रनामकार शिवजीसे प्रश्न करते हैं :—

तव नामान्यनन्तानि सन्ति यद्यपि शङ्कर। तथापि तानि दिव्यानि न ज्ञायन्ते मयाऽधुना ॥ १६ ॥
प्रियाणि तव नामानि सर्वाणि शिव यद्यपि। तथापि कानि रम्याणि तेषु प्रियतमानि वै ॥ १७ ॥
[शिवसहस्रनाम]

अर्थात्—हे शंकर, यद्यपि तुम्हारे नाम अनन्त हैं और वे सभी दिव्य हैं, तथापि मैं उन्हें नहीं जानता हूँ। और यद्यपि वे सभी नाम तुम्हें प्रिय हैं, तथापि उनमेंसे कौन-कौनसे नाम अधिक प्रिय या प्रियतम हैं, सो मुझे बताओ ?

इस प्रश्नके उत्तरमें शिवजी कहते हैं :—

दिव्यान्यनन्तनामानि सन्तिवदं मध्यगं मम । अष्टोत्तरसहस्रं तु नाम्नां प्रियतरं मम ॥३१॥ [शिवसहस्रनाम]

अर्थात्—यद्यपि मेरे अनन्त दिव्य नाम हैं, तथापि मुझे उनमेंसे जो मध्यवर्ती एक हजार आठ नाम अति प्रिय हैं।

इस भूमिकाके पश्चात् शिवसहस्रनाम प्रारम्भ होता है।

अब जरा विष्णुसहस्रनामकी भूमिका देखिए। युधिष्ठिरने भीष्मसे पूछा—

किमेकं दैवतं लोके किं वाऽप्येकं परायणम् । स्तुवन्तः कं कमर्चन्तः प्राप्नुयुर्मानवाः शुभम् ॥ २ ॥
[विष्णुसहस्रनाम]

अर्थात्—वह कौनसा एक अतिपरायण देव है कि जिसकी स्तुति और अर्चा करते हुए मनुष्य कल्याणको प्राप्त होवें ? इस प्रश्नपर भीष्मने उत्तर दिया :—

अनादिनिधनं विष्णुं सर्वलोकमहेश्वरम् । लोकाध्यक्षं स्तुवन्नित्यं सर्वदुःखातिगो भवेत् ॥ ६ ॥

× × ×

तस्य लोकप्रधानस्य जगन्नाथस्य भूपते । विष्णोर्नामसहस्रं मे शृणु पापभयापहम् ॥ १२ ॥
यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मनः । ऋषिभिः परिगीतानि तानि वक्ष्यामि भूतये ॥ १३ ॥
[विष्णुसहस्रनाम]

अर्थात्—अनादि निधन, लोकाध्यक्ष और सर्वलोकके महेश्वर विष्णु हैं, और उनकी स्तुति करनेसे मनुष्य सर्व दुःखोंसे विमुक्त हो जाता है। उस लोक-प्रधान विष्णुके हजार नामोंको मैं कहता हूँ, सो सुनो, जिन्हें कि महर्षियोंने गाया है और जो सार्थक एवं जगत्-विख्यात हैं।

इस भूमिकाके साथ विष्णुसहस्रनाम प्रारम्भ होता है।

गणेश सहस्रनामकी भूमिका इन सबसे भिन्न है। उसमें कहा गया है कि गणेशजीके पिता स्वयं शंकरभगवान् गणेशजीकी विना पूजा किये ही त्रिपुरासुरके जीतनेके लिए चले, तो उनके अनेक विघ्न आ उपस्थित हुए। तब शंकरजीने मनोबलसे इसका कारण जाना और गणेशजीसे विघ्न-निवारणका कारण पूछा। तब गणेशजीने प्रसन्न होकर अपने सहस्रनामको ही सर्वविघ्न-निवारक और सर्व अभीष्ट-पूरक बताया।

देव एवं पुरारातिपुरत्रयजयोद्यमे । अनर्चनाद् गणेशस्य जातो विघ्नाकुलः किल ॥ २ ॥
मनसा स विनिर्धार्य ततस्तद्विघ्नकारणम् । महागणपतिं भक्त्या समभ्यर्च्य यथाविधि ॥ ३ ॥
विघ्नप्रशमनोपायमपृच्छदपराजितः । संतुष्टः पूजया शम्भोर्महागणपतिः स्वयम् ॥ ४ ॥
सर्वविघ्नैकहरणं सर्वकामफलप्रदम् । ततस्तस्मै स्वकं नाम्ना सहस्रमिदमब्रवीत् ॥ ५ ॥ [गणेशसहस्रनाम]

इस उत्थानिकाके पश्चात् गणेशसहस्रनाम प्रारम्भ होता है। इन तीनों ही सहस्रनामोंकी यह विशेषता है कि उन्हें स्वयं शिवजी, विष्णुजी या गणेशजीके मुखसे कहलाया गया है और तीनोंमें ही यह बतलाया गया है कि जो सहस्रनामसे मेरी स्तुति करते हैं और भक्तिसे पूजते हैं, उनके सर्व दुःख दूर हो जाते हैं।

जैन शास्त्रोंमें सर्वप्रथम हमें आचार्य जिनसेन-प्रणीत महापुराणमें ही जिनसहस्रनामके दर्शन होते हैं। उसमें समवसरणस्थित ऋषभदेवकी स्तुति करता हुआ इन्द्र कहता है कि:—

अलमास्तां गुणस्तोत्रमनन्तास्तावकाः गुणाः । त्वन्नामस्मृतिमात्रेण परमं शं प्रशास्महे ॥ ६८ ॥
प्रसिद्धाष्टसहस्रेड्यलक्षणस्त्वं गिरांपतिः । नाम्नामष्टसहस्रेण त्वां स्तुमोऽभीष्टसिद्धये ॥ ६९ ॥
[महापुराण पर्व २५]

अर्थात्–हे भगवन्, हम आपके गुणोंकी क्या स्तुति कर सकते हैं, क्योंकि आपके गुण अनन्त हैं। हम तो तुम्हारे नामके स्मरण मात्रसे ही परम शान्तिको प्राप्त करते हैं। भगवन्, यतः आप १००८ लक्षण-युक्त हैं, अतः एक हजार आठ नामोंसे ही आपकी स्तुति करता हूं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जहां हमें शिवसहस्रनाम, विष्णुसहस्रनाम, या गणेशसहस्रनाम आदिमेंसे किसीमें भी इस शंकाका समाधान नहीं मिलता है कि उनकी सहस्रनाममें ही स्तुति क्यों की जाती है, वहां हमें जिनसेनके सहस्रनाममें उक्त श्लोकके द्वारा इसका संयुक्तिक उत्तर मिल जाता है।

सहस्रनामोंकी तुलना

मूलाचारके उपर्युक्त उल्लेखसे इतना तो स्पष्ट है कि सहस्रनामकी प्रथा प्राचीन है। पर वर्तमानमें उपलब्ध वाङ्मयके भीतर हमें सर्वप्रथम सहस्रनामोंका पता हिन्दू पुराणोंसे ही लगता है। ऊपर लिखित तीनों सहस्रनामोंमेंसे मेरे ख्यालसे विष्णुसहस्रनाम सबसे प्राचीन है; क्योंकि, वह महाभारतके अनुशासन-पर्वके अन्तर्गत है।

जैनवाङ्मयमें इस समय चार सहस्रनाम उपलब्ध है, जिनमें जिनसेनका सहस्रनाम ही सबसे प्राचीन है। जिनसेनाचार्य काव्य, अलंकार, धर्मशास्त्र, न्याय आदिके प्रौढ़ विद्वान् और महाकवि थे, और इसका साक्षी स्वयं उनका महापुराण है।

आ० जिनसेनके पश्चात् दूसरे जिनसहस्रनामके रचयिता आ० हेमचन्द्र हैं। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें हेमचन्द्र एक महान् आचार्य हो गये हैं और इन्होंने प्रत्येक विषय पर अपनी लेखनी चलाई है। आपको परवर्ती आचार्योंने 'कलिकालसर्वज्ञ' नामसे सम्बोधित किया है। हेमचन्द्रने अपने सहस्रनामका नाम 'अर्हत्सहस्रनाम' रखा है। इस अर्हत्सहस्रनामका मिलान जब हम आ० जिनसेनके सहस्रनामके साथ करते हैं, तो इस बातमें कुछ भी सन्देह नहीं रहता कि कुछ श्लोकों और नामोंके हेर-फेरसे ही अर्हत्सहस्रनामकी रचना की गई है। नवम शतककी रचना अवश्य स्वतंत्र है। शेष शतकोंमें तो प्रायः जिनसेन-सहस्रनामके श्लोक साधारणसे शब्द-परिवर्तनके साथ ज्योंके त्यों रख दिये गये हैं। पाठक प्रस्तुत संस्करणमें दिये गये हेमचन्द्रके सहस्रनामके साथ मिलान कर स्वयं इसका निर्णय कर लेंगे।

उक्त दोनों जिनसहस्रनामोंके पश्चात् पण्डित आशाधरके प्रस्तुत सहस्रनामका नम्बर आता है। आशाधरके सहस्रनामका गंभीरता-पूर्वक अध्ययन करनेसे पता चलता है कि उन्होंने अपने समय तक रचे गये समस्त जैन या जैनेतर सहस्रनामोंका अवगाहन करनेके पश्चात् ही अपने सहस्रनामकी रचना की है। यही कारण है कि उनमें जो त्रुटि या असंगति उन्हें प्रतीत हुई, उसे उन्होंने अपने सहस्रनाममें बिल्कुल दूर कर दिया। यही नहीं, बल्कि अपने सहस्रनाममें कुछ ऐसे तत्त्वोंका समावेश किया, जिससे उसका महत्त्व अपने पूर्ववर्ती समस्त सहस्रनामोंसे कई सहस्रगुणा अधिक हो गया है। पं० आशाधरजीने संभवतः अपनी इस विशेषताको स्वयं ही भली-भांति अनुभव किया है और यही कारण है कि उसके अन्तमें स्वयं ही उन्हें लिखना पड़ा कि "यही परम मंगल है, लोकोत्तम है, उत्तम शरण है, परम तीर्थ है, इष्ट साधन है और समस्त क्लेश तथा संक्लेशके क्षयका कारण है।" अन्तमें उन्होंने यहां तक लिखा है कि इस सहस्रनामके अर्थका जाननेवाला तो जिनके समान है। इससे अधिक और क्या महत्त्व बताया जा सकता था।

भट्टारक सकलकीर्तिने एक संक्षिप्त आदिपुराणकी रचना की है, चौथा जिनसहस्रनाम उसीसे ही उद्धृत किया गया है। यह कबका रचा है, यह निश्चित नहीं कहा जा सकता, तथापि यह आशाधर-सहस्रनामसे पीछेका ही है, इतना सुनिश्चित है। यह कई जगह अशुद्ध है, दूसरी प्रति न मिलनेसे सर्वत्र शुद्ध नहीं किया जा सका। इसकी रचनाका आधार आ० जिनसेन और आशाधरका सहस्रनाम हैं, ऐसा इसके पाठ से ज्ञात होता है।

आशाधर-सहस्रनाम पर एक दृष्टिः—

पं० आशाधरजीके प्रस्तुत जिनसहस्रनामका आद्योपांत गम्भीर पर्यवेक्षण करने पर निम्न बातें हृदय पर स्वयमेव अंकित होती हैः—

१—आशाधरजीने शिवसहस्रनाम आदिके समान भगवानके सहस्रनामोंको न तो उनके मुखसे ही कहलाया है और न जिनसेनके सहस्रनामके समान उसे इन्द्रके मुखसे ही कहलाया है। किन्तु स्वयं ही संसारके दुःखोंसे संतप्त होकर वे करुणासागर वीतराग भगवान्‌के सम्मुख उपस्थित होकर प्रार्थना करते हैं:—

"हे प्रभो, मैं संसार, देह और भोगोंसे विरक्त एवं दुःखोंसे सन्तप्त होकर आप जैसे करुणा-सागरको पाकर यह विनती करता हूं कि अनादिकालसे लेकर आज तक मैं सुखकी लालसासे मोहका मारा इधर-उधर ठोकरें खाता हुआ मारा-मारा फिरा, मगर कहीं सुखका लेश भी नहीं पाया और सुखका देनेवाला आपका नाम तक भी मैंने इसके पूर्व नहीं सुना। आज मेरे मोहग्रहका आवेश कुछ शिथिल हुआ है और गुरुजनों से आपका नाम सुना है, अतः आपके सामने आकर स्तुति करनेको उद्यत हुआ हूं। मेरी भक्ति मुझे प्रेरित कर रही है कि रात-दिन आपकी स्तुति करता रहूं, पर शक्ति उसमें बाधक होकर मुझे हतोत्साह कर रही है; क्योंकि मैं अल्प शक्ति और अल्प ज्ञानका धारक हूँ, अतएव केवल अष्टोत्तर सहस्रनामसे स्तुतिकर अपनेको पवित्र करता हूं। (देखो आशाधर-सहस्रनाम श्लोक १ से ४)

इसके पश्चात् वे दश शतकोंमें सहस्रनामोंके कहनेकी प्रतिज्ञा भी विधिवत् करते हैं और प्रतिज्ञानुसार ही स्तवन प्रारम्भ करते हैं। यतः वे जिन भगवान्‌का स्तवन करनेके लिए उद्यत हुए हैं, अतः उन्होंने सर्व-प्रथम जिनशतक रचा है और तदनुसार इस शतकमें जिन, जिनेन्द्र, जिनराट् आदि नामोंका उसमें समावेश किया है। 'जिन' यह पद जिन नामों है, या जिनके आगे प्रयुक्त हैं, ऐसे लगभग ७० नाम इस शतकमें सन्निविष्ट हैं। 'जिन' पदका अर्थ 'जीतनेवाला' होता है। उक्त विविध जिनपद विभूषित नामोंके द्वारा ग्रंथ-कार मानों जिन भगवानसे कह रहे हैं कि हे भगवन्, आपने अपने राग, द्वेष, मोह, काम, क्रोध, लोभादि शत्रुओंको जीत लिया है, अतएव आप निर्विघ्न हैं, नीरज हैं, शुद्ध हैं, निर्मोह हैं, वीतराग हैं, वितृष्ण हैं, निर्भय हैं, और निर्विषाद हैं, अतएव अजर, अमर हैं, और निश्चिन्त हैं।

द्वितीय शतकका नाम सर्वज्ञशतक है; क्योंकि, यह सर्वज्ञ नामसे प्रारम्भ होता है। इस शतकमें प्रयुक्त नामोंके पर्यवेक्षणसे विदित होता है कि मानों स्तोता अपने इष्ट देवतासे कह रहा है कि यतः आप सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, अनन्तविक्रमी और अनन्तसुखी हैं, अतः आप परंतेजः हैं, परंधाम हैं, परंज्योति हैं, पर-मेष्ठी हैं, श्रेष्ठात्मा हैं, अनन्त शक्ति हैं। और इसी कारण आप जगत्‌के दुःख-संतप्त प्राणियोंको शरण्यके देनेवाले हैं।

इसके पश्चात् ग्रन्थकार जिनभगवान्‌की स्तुति करनेके लिए एक क्रमबद्ध शैलीका आश्रय लेते हैं। उनकी दृष्टि सबसे पहले तीर्थंकर भगवान्‌के पंच कल्याणकों पर जाती है और वे उनको आधार बना करके ही भगवान्‌का स्तवन प्रारम्भ करते हैं।

ग्रन्थकारने पंचकल्याणकोंमें इन्द्रादिके द्वारा की जानेवाली महती पूजाको ही यश माना है और इसी-लिए वे तीसरे शतकको प्रारम्भ करते हुए भगवान्‌से कहते हैं कि आप ही यशार्ह हैं, अर्थात् पूजनके योग्य हैं, पूज्य हैं, इन्द्र-पूजित हैं, आराध्य हैं। और इसके अनन्तर ही वे कहते हैं कि आप गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण, इन पंचकल्याणकोंसे पूजित हैं। इसके पश्चात् वे क्रमशः पांचों कल्याणकोंकी खास-खास बातोंको लक्ष्य करके उनके आश्रयसे भगवान्‌के विभिन्न नामोंकी रचना करते हैं। पाठकगण, जरा इन नामों पर ध्यान देंगे, तो ज्ञात होगा कि उन नामोंसे भगवान्‌का स्तवन करते हुए ग्रंथकारने किसी भी कल्याणककी कोई भी बातको छोड़ा नहीं है। पाठकोंकी जानकारीके लिए इस शतकके नामोंका क्रमशः पांचों कल्याणकोंमें वर्गीकरण किया जाता है:—

१ **गर्भकल्याणक**— इस कल्याणकके विभिन्न कार्योंको प्रगट करनेके लिए ग्रन्थकारने १ वसुधार्चितास्पद, २ सुस्वप्नदर्शी, ३ दिव्यौजा, ४ शचीसेवितमातृक, ५ रत्नगर्भ, ६ श्रीपूतगर्भ, ७ गर्भोत्सवोच्छ्रित, ८ दिव्योपचारोपचित, ९ पद्मभू और १० निष्कल ये दश नाम कहे हैं। इन नामोंके कहनेके पूर्व एक सबसे बड़ी महत्त्वकी बातको प्रगट करनेके लिए एक नाम और दिया है—दग्धिशुद्धिगणोदय। इस नामके द्वारा ग्रन्थकारने यह सूचित किया है कि जिस व्यक्तिने पूर्वभवमें दर्शनविशुद्ध्यादि सोलह कारण भावनाओंको भली-भांति भाकरके तीर्थङ्कर नामकर्मका संचय किया है, वही व्यक्ति तीर्थङ्कर होनेका अधिकारी है, और वही गर्भकल्याणकादिका पात्र है; अन्य नहीं। इसके पश्चात् गर्भकल्याणकके समय सर्व प्रथम जो खास अतिशय चमत्कारी कार्य होता है, वह है आकाशसे माताके प्रांगणमें रत्न-स्वर्णादिककी वर्षा। तीर्थंकरोंके गर्भावतरणके छह मास पूर्वसे ही यह अतिशय-पूर्ण कार्य प्रारम्भ हो जाता है, इस बातको प्रकट करनेके लिए ग्रन्थकारने सबसे पहले 'वसुधारार्चितास्पद' नाम दिया है। इस नामकी स्वोपज्ञवृत्तिमें ग्रन्थकारने जो व्याख्या की है, उससे सर्व-साधारणका एक भारी भ्रम दूर हो जाता है। अभी तक हम लोग समझे हुए थे कि यह सुवर्ण-रत्न वर्षा सारी नगरीमें होती है। किन्तु इस नामकी व्याख्या बतलाती है कि वह सुवर्ण-रत्न-वृष्टि सारी नगरीमें न होकर जिनमाताके रहनेके मकानके केवल आंगणमें ही होती है, अन्यत्र नहीं। इसके अनन्तर माताको सुन्दर सोलह स्वप्न दिखाई देते हैं, इस बातको व्यक्त करनेके लिए 'सुस्वप्नदर्शी' नाम दिया गया है। इसी समय शचीकी आज्ञासे श्री, ह्री, आदि छप्पन कुमारिका देवियां माताकी सेवा करनेके लिए उपस्थित होती हैं और माताकी सर्व प्रकारसे सेवा करती हैं, यह बात 'शचीसेवितमातृकः' नामसे सूचित की गई है। इन कुमारिका-देवियोंके अन्य विविध कार्योंमें से एक सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य है मातके गर्भका शोधना। ये देवियां सोचती हैं कि जिस कुक्षिमें तीन लोकका नाथ जन्म लेनेवाला है, यदि उसमें कोई रोग रहेगा, तो उत्पन्न होनेवाले बालक पर उसका असर अवश्य पड़ेगा। इसलिए श्री देवी एक कुशल लेडी-डॉक्टर (स्त्री-चिकित्सिका) के समान माताके गर्भका शोधन करती है और उसे सर्वप्रकारके विकारोंसे रहित कर देती है; यह बात 'श्रीपूतगर्भ' नामसे प्रकट की गई है। गर्भगत तीर्थंकर भगवान् इस दिव्य या अलौकिक विशेषताके साथ वृद्धिको प्राप्त होते हैं कि माताको कष्टका जरा सा भी अनुभव नहीं होता। यहां तक कि उनके उदरकी त्रिवलीका भंग तक भी नहीं होता। गर्भकी इस अनुपम एवं दिव्य विशेषताको बतलानेके लिए ही ग्रंथकारने 'दिव्यौजाः' और 'रत्नगर्भः' ये दो नाम दिये हैं। देवगण भारी ठाठ-बाठसे गर्भोत्सव मनाते हैं और विविध दिव्य उपचारोंसे माता-पिताकी सेवा करते हुए गर्भकी रक्षा करते हैं, यह बात 'गर्भोत्सवोच्छ्रितः और दिव्योपचारोपचितः' इन दोनों नामोंसे व्यक्त की गई है। भगवान् गर्भकालमें माताके उदरमें निज पुण्यजनित अष्टदल-कमल पर विराजमान रहते हुए ही वृद्धिको प्राप्त होते हैं और रक्त मल-मूत्रादि सर्व अपवित्र द्रव्योंसे निर्लिप्त रहते हैं, यह बात 'पद्मभू और निष्कल' इन दो नामोंसे सूचित की गई है। इसप्रकार हम देखते हैं कि इन दश नामोंके द्वारा गर्भकल्याणक-सम्बन्धी सभी बातें प्रगट कर दी गई हैं और कोई भी खास बात कहनेसे नहीं छूटने पाई है।

२ **जन्मकल्याणक**— उक्त दश नामोंके आगे सत्ताईस नामोंके द्वारा जन्मकल्याणककी सारी बातें प्रकट की गई हैं। भगवान्का जन्म माताको बिना किसी कष्टके और बिना किसी धाय आदिकी सहायताके स्वयं ही हो जाता है, यह बात 'स्वजः' नामसे प्रकट की गई है। भगवान्का जन्म होते ही तीनों लोकोंमें आनन्द छा जाता है, यहां तक कि नारकियोंको भी एक क्षणके लिए सुख नसीब हो जाता है। इसप्रकार उनका जन्म सर्वको हितकारक है, यह बात 'सर्वाहितजन्मा' नामसे सूचित की गई है। भगवानका शरीर जरा आदि अपवित्र आवरणसे रहित होता है, जन्मसे ही भगवान्के शरीरमें मल-मूत्रादि नहीं होते, यह बात 'पुण्यांग' नामसे प्रकट की गई है। भगवान्के जन्म लेते ही उनके शरीरकी प्रभासे सौरि-गृहके खदीपक भी फीके पड़ जाते हैं, यह बात 'भास्वान्' नामसे व्यक्त की गई है। भगवान्के जन्म लेते ही उनके उदयागत प्रबल पुण्यसे पिताके सर्व शत्रु वैरभाव भूलकर और विनयसे अवनत होकर भेंट आदि ले-लेकर उनके समीप उपस्थित होते हैं, यह 'उद्भूतदैवत' नामसे सूचित किया गया है। भगवान्का जन्म होते ही ऊर्ध्वलोकमें

रहनेवाले कल्पवासी देवोंके घरोंमें घंटा बिना बजाये ही बजने लगते हैं, मध्यलोकवासी ज्योतिषी देवोंके घरोंमें सिंहनाद होने लगता है, पातालवासी भवनवासी देवोंके यहाँ शंख ध्वनि होने लगती है और सर्व रहनेवाले व्यन्तरोंके आवासोंमें नगाड़े गरजने लगते हैं, इन्द्रका आसन कँपने लगता है। इसप्रकार विविध चिन्होंसे तीनों लोकोंमें भगवान्का जन्म स्वयं ज्ञात हो जाता है, यह बात 'विश्वविज्ञातसंभूति' नामके द्वारा व्यक्त की गई है। तदनन्तर चारों प्रकारके देवगण भगवान्की जन्मभूमि पर आते हैं और नगरीकी प्रदक्षिणा देते हैं। इन्द्राणी प्रसूति-गृहमें जाकर मायामयी बालक रचकर और उसे माताके पास सुलाकर तथा भगवान्को उठाकर इन्द्रको सौंपती है। इन्द्र भगवान्का रूप देखता हुआ तृप्त नहीं होता है और इसीलिए अपने एक हजार नेत्र बनाकर भगवान्को देखता है। इन सब बातोंको क्रमशः बतलानेके लिए 'विश्वदेवागमाद्भुतः, शचीस्तन्यप्रतिच्छन्दः और सहस्राक्षदृगुत्सवः' ये तीन नाम दिये गये हैं। तदनन्तर नाचते हुए ऐरावतके ऊपर भगवान्को बैठाकर इन्द्र सुमेरुपर्वत पर उन्हें ले जाता है। भगवान्को देखकर सर्व इन्द्र उन्हें नमस्कार करते हैं। चारों निकायके देव हर्षके मारे उछलते-कूदते और जय जयकार करते हुए सुमेरु पर जाते हैं। इन सर्व कार्योंको बतलानेके लिए क्रमशः 'नृत्यदैरावतारीनः, सर्वशक्रनमस्कृतः, और हर्षाकुलामरस्रजः' ये तीन नाम दिये गये हैं। इसके आगे 'चारणर्षिमतोत्तमः' यह नाम भगवान् महावीरको लक्ष्यमें रखकर दिया गया है, जिसके विषयमें यह प्रसिद्धि है कि किसी चारण-युगल ऋषिको कोई तत्त्व-गत शंका थी, उन्हें सुमेरुपर जाते हुए भगवान्के ऊपर फहराती हुई ध्वजाके दर्शन हो जानेसे उनकी शंकाका समाधान हो गया और इसलिए उन्होंने खूब हर्ष मनाया था।

देवगण क्षीरसागरसे जल लाकर १००८ कलशोंसे भगवान्का अभिषेक करते हैं, उस समय एक लाख योजनका सुमेरुपर्वत भी स्नान करनेकी चौकीके समान प्रतिभासित होता है और क्षीरसागर अपने-आपको धन्य मानकर निजमें तीर्थराजत्वकी कल्पना करता है। इस बातको बतलानेके लिए 'स्नानपीठायिताद्रिराट्' और 'तीर्थेशम्मन्यदुग्धाब्धिः' नाम दिये गये हैं। भगवान्के अभिषिक्त जलमें स्नान कर इंद्रादिगण अपने-आपको कृतकृत्य मानते हैं। ईशानेन्द्र उस अभिषेकके जलको सर्व ओर क्षेपण करता है, मानों उसके द्वारा वह त्रैलोक्यको पवित्र करता है। इन दोनों कार्योंको बतलानेके लिए क्रमशः 'स्नानाम्बुस्नातवासवः' और 'गन्धाम्बुपूतत्रैलोक्यः' ये दो नाम दिये हैं। अभिषेकके अनन्तर इन्द्राणी भगवान्के शरीर-स्थित जलकणोंको पोंछकर और उन्हें वस्त्राभूषण पहना कर अपने हाथोंको कृतार्थ मानती है। इन्द्र वज्र-सूची हाथमें लेकर भगवान्का कर्ण वेधन संस्कार करता है। पुनः वह खड़े होकर भगवान्का नाम-संस्कार करके उपस्थित देव-समूहको उसकी घोषणा करता है और उसके पश्चात् ही इन्द्र आनन्दसे विभोर होकर नृत्य करता है। इन सब कार्योंको बतलानेके लिए ग्रन्थकारने क्रमशः 'वज्रसूचीशुचिश्रवाः, कृतार्थितशचीहस्तः, शक्रोद्घुष्टेष्टनामकः और शक्रारब्धानन्दनृत्यः' ये चार नाम दिये हैं। इन्द्र अपने परिवारके साथ सुमेरुसे आकर भगवान्के जन्म-स्थल पर आता है, इन्द्राणी प्रसूति-गृहमें जाकर भगवान् माताको सौंपती है; माता अपने पुत्रके ऐसे वैभव और रूपको देखकर भारी विस्मित होती है। उसी समय इन्द्र आकर भगवान्के पिताको पुत्र-जन्मके समाचार देता है और ताण्डव नृत्य आरम्भ करता है। कुबेर याचक जनोंको मुंहमांगा दान देता है और सर्व याचकोंके मनोरथोंको पूर्ण करता है। इन सब कार्योंको प्रगट करनेके लिए ग्रन्थकारने क्रमशः 'शचीविस्मापिताम्बिकः, इन्द्रनुत्यन्तपितृकः और दैवपूर्णमनोरथः' ये तीन नाम दिये हैं। इसप्रकार जन्माभिषेकके कार्यको भली-भांति सम्पादन करके, तथा भगवान्की सेवामें अनेक देवोंको नियुक्त करके इन्द्र स्वर्गलोक चला जाता है और भगवान्के दीक्षा लेनेके समय तक समय-समय पर आकर भगवान्की आज्ञाका इच्छुक होकर उनकी सेवामें सदा तत्पर रहता है। इस बातको व्यक्त करनेके लिए 'आज्ञार्थीन्द्रकृतासेवः' नाम दिया गया है।

३ **दीक्षाकल्याणक**—जब तीर्थंकर भगवान् किसी कारणसे संसार, देह और भोगोंसे विरक्तिका अनुभव करते हैं, तब लौकान्तिक देव, जिन्हें कि देवोंमें ऋषिके तुल्य होनेसे देवर्षि कहा जाता है—आकर भगवान्के विरक्त होने और शिव प्राप्तिके उद्यमकी प्रशंसा करते हैं, यह बात 'देवर्षिशिवोद्यमः' नामके द्वारा

व्यक्त की गई है। जब लोगोंको पता चलता है कि भगवान् संसारसे विरक्त होकर वनवासके लिए जा रहे हैं, तो सारा जगत् क्षोभित हो उठता है और एकत्रित होकर उनके पीछे-पीछे दीक्षा-स्थल तक जाता है। सभी राजे-महाराजे और इन्द्रादिक आकर उनकी पूजन करते हैं, इस बातकी सूचना 'दीक्षाक्षणक्षुब्धजगत्' और 'भूभुंवःस्वःपतीडितः' इन दो नामोंसे दी गई है।

४ **ज्ञानकल्याणक**—तपश्चरणके प्रभाव और आत्म-साधनाके बलसे जब भगवान्को कैवल्यकी प्राप्ति होती है, तब इन्द्रके आदेशसे कुबेर आस्थान-मण्डप (समवसरण) की रचना करता है, उसे पूरे वैभवके साथ सजाता है और समवसरणकी बारह सभाओंके द्वारों पर दीनजनोंको दान देनेके लिए नौ निधियोंको स्थापित करता है, इस बातको प्रगट करनेके लिए 'कुबेरनिर्मितास्थानः' और 'श्रीयुक्' ये दो नाम दिये गये हैं। समवसरणमें सभी योगिजन आकर भगवान्की अर्चा करते हैं और उनका धर्मोपदेश सुनकर कृतकृत्य होते हैं। इन्द्र भी सपरिवार आकर भगवान्की पूजा करता है, यह बात 'योगीश्वरार्चितः' नामसे लेकर 'संदृतदेवसंपार्च्यः' तकके नामोंसे प्रकट की गई है। समवसरणमें भगवान्के आठ प्रातिहार्य होते हैं, यह बात क्रमशः १ भामण्डली, २ चतुःषष्टिचामरः, ३ देवदुन्दुभिः, ४ रागवृक्षासनः (दिव्यध्वनिः) ५ छत्रत्रयवान्, ६ पुष्पवृष्टिभाक्, ७ दिव्याशोक और ८ पद्मयान (कमलासन) इन आठ नामोंसे प्रकट की गई है। समवसरणमें देवगण जय-जयकार करते हैं और सदा संगीत-पूर्वक भगवान्का गुण-गान करते रहते हैं, यह बात 'जयघ्वजी' और 'संगीतार्ह' नामोंसे सूचित की गई है। समवसरणके चारों दिशाओंमें चार **मानस्तम्भ होते हैं, और उन्हें देखकर बड़ेसे बड़े अभिमानियोंके मानका भी मर्दन हो जाता है,** यह बात 'मानमर्दी' नामसे व्यक्त की गई है। समवसरणमें गन्धकुटीकी मध्य कटनी पर आठ मंगल द्रव्य विद्यमान रहते हैं, यह बात 'अष्टमंगलः' नामसे सूचित की गई है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि इस यशशतकमें भगवान्के गर्भसे लेकर कैवल्यप्राप्ति तकके चार कल्याणकोंका अच्छी तरह वर्णन किया गया है।

चौथे तीर्थकृच्छतकमें भगवान्के तीर्थ-प्रवर्त्तनको आश्रय करके उनके विविध नामोंका निर्देश किया गया है। जिसके द्वारा संसार-सागरसे पार उतरते हैं, ऐसे द्वादशांगवाणी रूप उपदेशको तीर्थ कहते हैं। इस प्रकारके तीर्थके प्रवर्तन करनेसे भगवान्के तीर्थंकर, तीर्थकृत्, तीर्थस्रष्टृ आदि नाम कहे गये हैं। यह तीर्थ-प्रवर्तन भगवान्की सत्य, अमोघ एवं दिव्यवाणीका ही फल है, अतएव दिव्यध्वनिका आलम्बन लेकर विविध अर्थोंके प्रकट करनेवाले पूरे ७५ नाम कहे गये हैं। इन नामों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करनेसे अनेक नई ज्ञातव्य बातों पर प्रकाश पड़ता है, साथ ही दिव्यध्वनिसे सम्बन्ध रखनेवाली अनेकों शंकाओंका उनसे सहजमें ही समाधान हो जाता है। पाठक-गण, इस शतकका स्वाध्याय करते समय स्वयं ही इसका निर्णय करेंगे। यहां पर उनमेंसे केवल २-३ बातोंका ही दिग्दर्शन कराया जाता है:—

१—**भव्यैकश्रव्यगुः**—भगवान्के इस नामसे यह ध्वनि निकलती है कि यद्यपि सभी भव्य-अभव्य जीव समवसरणमें जाते हैं, किन्तु भगवान्का उपदेश केवल भव्य जीवोंको ही सुनाई देता है। (४, ५६)

२—**प्राश्निकगुः**—इस नामसे ज्ञात होता है कि जब गणधरादि कोई भगवान्से प्रश्न करता है, तभी भगवान् बोलते हैं, अन्यथा नहीं। (४, ६१)

३—**नियतकालगुः**—इस नामसे प्रकट है कि भगवान् प्रातः, मध्याह्न, सायं और रात्रिके मध्यभाग इन चार नियत कालोंमें ही धर्मोपदेश देते हैं, अन्य कालमें नहीं। (४ ६१)

पांचवां **नाथशतक** है। यतः भगवान् प्राणिमात्रके हितैषी हैं और उन्हें संसारके दुःखोंसे पार उतारना चाहते हैं; अतः वे सबके स्वामी भी हैं। इस दृष्टिसे स्वामी-वाचक विविध नामोंकी रचना कर उनके स्वामित्वका गुण-गान इस शतकके पूरे सौ नामोंके द्वारा किया गया है।

छठा योगिशतक है। यतः भगवान् योगके यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधिरूप आठों अंगोंके धारक हैं, अतः सत्यार्थ योगी हैं, इस निरुक्तिका आश्रय लेकर किसी

महायोगी या सच्चे साधुके जितने भी नामोंकी कल्पना उनके विविध गुणोंका आलम्बन करके की जा सकती है, वह ग्रन्थकारने की है,और उन सभी नामोंसे भगवान्का गुण-गान किया है। इन नामों पर गहरी दृष्टि डालनेसे साधुके क्या-क्या कर्तव्य होते हैं, उनमें कौन-कौनसे गुण होना चाहिए, यह अच्छी तरह विदित हो जाता है।

केवलज्ञान-सम्बन्धी दश अतिशयोंको चौथे, पांचवें और छठवें शतकमें 'निर्निमेष' आदि विभिन्न नामोंके द्वारा सूचित कर दिया गया है।

सातवां **निर्वाणशतक** है। इस शतकमें भरतक्षेत्र-सम्बन्धी भूत, वर्तमान और भविष्यत्कालीन चौबीस तीर्थंकरोंके नामोंका निर्देश किया गया है, साथ ही भगवान् महावीरके सन्मति, वर्धमान, आदि नामोंके साथ कुछ अन्य भी गुण-प्रधान नाम इस शतकमें सम्मिलित किये गये हैं। चूंकि, यह सहस्रनाम-स्तवन सामान्य है, किसी व्यक्ति विशेषके नाम पर नहीं रचा गया है, अतः जो भी कर्म-शत्रुओंको जीतकर 'जिन' संज्ञाको धारण करता है, उसीका यह स्तवन है, इस अभिप्रायसे ग्रन्थकारने तीनों काल-सम्बन्धी चौबीसों तीर्थंकरोंके नामोंका संग्रह इस शतकमें किया है।

आठवें **ब्रह्मशतकमें** 'त्वामेव वीततमसं परवादिनोऽपि नूनं विभो हरि-हरादिधिया प्रपन्नाः' को दृष्टिमें रखकर ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश, सूर्य, चन्द्र और अग्निके विविध नामोंका संकलन कर और उनके गुणपरक अर्थको लेकर जिन भगवान्का स्तवन किया गया है।

नवें **बुद्धशतकमें** बुद्ध, यौग, नैयायिक, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसक, चार्वाक आदिके विविध नामोंको लेकर भगवान्के गुणोंका स्तवन किया गया है।

आठवें और नवें शतकके नामोंको देखते हुए यह कहना पड़ेगा कि आशाधरजीके सहस्रनामकी यही सबसे बड़ी विशेषता है। यद्यपि पात्रकेसरी, अकलंक आदि पूर्ववर्ती आचार्योंने भी ब्रह्मा, विष्णु आदि नामोंसे जिनेन्द्र देवका स्तवन किया है, पर उनके प्रायः सर्व नामोंका इस प्रकार संग्रह करके स्तवन करनेका महान् साहस करना आशाधर जैसे प्रखर तार्किक एवं प्रवर विद्वान्का ही कार्य है ऐसा प्रतीत होता है कि उनके इन नामोंसे प्रभावित एवं विस्मित हुए लोगोंके आग्रहसे ही पण्डितजीने सहस्रनाम पर स्वोपज्ञवृत्ति लिखी है और उन सब नामोंका अर्थ बदलकर जिन भगवान्में संभवित अर्थ व्यक्त कर सबका संदेह दूर कर दिया है। शाब्दिक दृष्टिसे आठवां और दार्शनिक दृष्टिसे नवां शतक अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

दशवां **अन्तकृच्छतक** है। इसके भीतर तेरहवें गुणस्थानके अन्तमें और चौदहवें गुणस्थानमें होने वाले कार्योंका ग्रन्थकारने बड़ी ही परिष्कृत एवं व्यवस्थित शैलीसे निरूपण किया है और अन्तमें मोक्षको गमन करते हुए किस प्रकार चौदहवें गुणस्थानके अन्त्य और उपान्त्य समयमें कितनी प्रकृतियोंका क्षय होता है, शरीरसे विमुक्त होने पर आत्माका क्या और कैसा स्वरूप रहता है, इत्यादि बातोंका चित्रण करनेवाले बहुत सुन्दर और अर्थपूर्ण नामोंका सर्जन करके ग्रन्थकारने अपने शान-गौरवको व्यक्त किया है। संक्षेपमें दशवें शतकको निर्वाणकल्याणकका परिचायक कह सकते हैं।

उपसंहार और समीक्षा

इस प्रकार हम देखते हैं कि पं० आशाधरजीने अपने इस सहस्रनाममें एक क्रमबद्ध शैलीको अपनाया है और अपने इष्टदेवकी गर्भसे लेकर निर्वाण प्राप्त करने तककी समस्त घटनाओंको एक व्यवस्थित क्रमसे विभिन्न नामोंके द्वारा व्यक्त किया है।

प्रस्तुत सहस्रनाममें जहां पण्डितजीने अपने पूर्ववर्ती समस्त सहस्रनामोंकी विशेषताओंको अपना कर अपने बहुश्रुतत्वका परिचय दिया है, वहां पर ब्रह्मा, विष्णु, महेशादि देवोंके, बुद्ध, सांख्य, और यौगादि दार्शनिकोंके विभिन्न नामों और तत्तन्मत-सम्मत तत्त्वोंका नामरूपसे संग्रहकर अपनी सर्व-तत्त्व-समन्वयकारिणी विशाल बुद्धि, अनुपम प्रतिभा और महान् साहसका भी परिचय दिया है। जिससे ज्ञात होता है कि वे

स्याद्वाद-विद्याके यथार्थ रहस्यके अच्छे ज्ञाता थे। उनके इस सहस्रनामको देखते हुए यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि यह स्तवन द्वादशांगवाणीके आधारभूत चारों अनुयोगरूप वेदोंके मन्थनसे समुत्पन्न पीयूष-निष्यन्द है और प्रत्येक व्यक्ति इसे भक्ति-पूर्वक पान करके अजर-अमर हो सकता है।

इदमष्टोत्तरं नाम्नां सहस्रं भक्तितोऽर्हताम्। योऽनन्तानामधीतेऽसौ मुक्त्यन्तां भक्तिमश्नुते ॥१४०॥

[प्रस्तुत सहस्रनाम]

जिनसहस्रनामका माहात्म्य

पंडित आशाधरजीने जिनसहस्रनामका माहात्म्य बतलाते हुए उसके अन्तमें लिखा है कि यह जिन-सहस्रनामरूप स्तवन ही लोकमें उत्तम है, जीवोंको परम शरण देनेवाला है, उत्कृष्ट मंगल है, परम पावन है श्रेष्ठ तीर्थ है, इष्ट-साधक है और सर्वक्लेश और संक्लेशका क्षय करनेवाला है। जो कोई इन नामोंमेंसे एक भी नामका उच्चारण करता है, वह पापोंसे मुक्त हो जाता है। फिर जो सबका उच्चारण करेगा, उसका तो कहना ही क्या है, आदि। वास्तवमें जिननामकी ऐसी ही महिमा है, जो उसे स्मरण करता है, वह सर्व दुःखोंसे छूट जाता है और अजर-अमर बन जाता है।

श्रुतसागरने नामशतकके प्रारम्भमें सहस्रनामका माहात्म्य बतलाते हुए लिखा है कि—

नामसहस्रज्ञातं तीर्थकृतामल्पकोऽभ्युपायोऽयम्। तीर्थकरनामकृते श्रुतसागरसूरिभिः प्रविज्ञप्तः॥

अर्थात्—शास्त्रपारगामी आचार्योंने तीर्थंकरोंके सहस्र नामोंके ज्ञानको तीर्थंकर नामकर्मके उपार्जन करनेका एक छोटा सा सरल उपाय बताया है।

इससे अधिक सहस्रनामका और क्या माहात्म्य बताया जा सकता है?

एक पुनरुक्ति

पं० आशाधरजीने जिन भगवान्के जो नाम दिये हैं, वे सभी अपुनरुक्त या नवीन हैं। केवल एक 'अमृत' नाम ही इसका अपवाद है, क्योंकि वह दो बार प्रयुक्त हुआ है। पहली बार तीसरे शतकमें ७१ वें नामके रूपमें और दूसरी बार दशवें शतकके ३१वें नामके रूपमें। मूल और टीकाको देखने पर पता चलता है कि प्रथम बार वह नपुंसकलिंगमें प्रयुक्त हुआ है और दूसरी बार पुल्लिंगके रूपमें। संभवतः ग्रन्थकारने इसी विशेषताके कारण यह नाम दो बार कहा है।

ग्रन्थकारका परिचय[1]

प्रस्तुत जिनसहस्रनामके रचयिता पं० आशाधरजी एक बहुत बड़े विद्वान् हो गये हैं। शायद दिग-म्बर सम्प्रदायमें उनके बाद उन जैसा बहुश्रुत, प्रतिभाशाली, प्रौढ़ ग्रन्थकर्त्ता और जैनधर्मका उद्योतक दूसरा नहीं हुआ। न्याय, व्याकरण, काव्य, अलंकार, शब्दकोश, धर्मशास्त्र योगशास्त्र, वैद्यक आदि विविध विषयों पर उनका पूर्ण अधिकार था। इन सभी विषयों पर उनकी अस्खलित लेखनी चली है और अनेक विद्वानोंने चिरकाल तक उनके निकट अध्ययन किया है।

उनकी प्रतिभा और पांडित्य केवल जैन शास्त्रों तक ही सीमित नहीं था, जैनेतर शास्त्रोंमें भी उनकी अबाध गति थी। यही कारण है कि उनकी रचनाओंमें यथास्थान सभी शास्त्रोंके प्रचुर उद्धरण दृष्टिगोचर होते हैं और इसी कारण वे अष्टांगहृदय, काव्यालंकार, अमरकोश जैसे ग्रन्थों पर टीका लिखनेके लिए प्रवृत्त हुए। यदि वे केवल जैनधर्मके ही विद्वान् होते, तो मालव-नरेश अर्जुनवर्मके गुरु बालसरस्वती महाकवि मदन उनके निकट काव्यशास्त्रका अध्ययन न करते और विन्ध्यवर्माके सन्धिविग्रह-मंत्री कवीश विल्हण उनकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा न करते।

१-यह परिचय श्रीमान् पण्डित नाथूरामजी प्रेमी-लिखित "जैनसाहित्य और इतिहास" नामक पुस्तकसे साभार उद्धृत किया जाता है।—सम्पादक

पं० आशाधरजीका अध्ययन बहुत विशाल था। उनके ग्रन्थोंसे पता चलता है कि उन्होंने अपने समयमें उपलब्ध समस्त जैनवाङ्मयका गहन अवगाहन किया था। विविध आचार्यों और विद्वानोंके मत-भेदोंका सामंजस्य स्थापित करनेके लिए उन्होंने जो प्रयत्न किया है, वह अपूर्व है। वे 'आर्षं संदर्भीत, न तु विघट्येत' के माननेवाले थे; इसलिए उन्होंने अपना कोई स्वतन्त्र मत तो कहीं प्रतिपादित नहीं किया है; परन्तु तमाम मत-भेदोंको उपस्थित करके उनकी विशद चर्चा की है और फिर उनके बीच किस प्रकार एकता स्थापित हो सकती है, यह बतलाया है।

पंडितजी गृहस्थ थे, मुनि नहीं। पिछले जीवनमें वे संसारसे विरक्त अवश्य हो गये थे, परन्तु उसे छोड़ा नहीं था, फिर भी पीछेके ग्रन्थकर्त्ताओंने उन्हें सूरि और आचार्य कल्प कहकर स्मरण किया है, तथा तत्कालीन भट्टारकों और मुनियोंने उनके निकट विद्याध्ययन करनेमें भी कोई संकोच नहीं किया है। इतना ही नहीं, मुनि उदयसेनने उन्हें 'नयविश्वचक्षु' तथा 'कलि-कालिदास' और मदनकीर्ति यतिपतिने 'प्रज्ञापुञ्ज' कहकर अभिनन्दित किया था। वादीन्द्र विशालकीर्तिको उन्होंने न्यायशास्त्र और भट्टारकदेव विनयचन्द्रको धर्मशास्त्र पढ़ाया था। इन सब बातोंसे स्पष्ट है कि वे अपने समयके अद्वितीय विद्वान् थे।

जन्मभूमि, वंश-परिचय और समय

पंडितजी मूलमें मांडलगढ़ (मेवाड़) के रहनेवाले थे। शहाबुद्दीन गोरीके आक्रमणोंसे त्रस्त होकर चारित्रकी रक्षाके लिए वि० सं० १२४९ से लगभग वे मालवाकी राजधानी धारामें बहुतसे लोगोंके साथ आकर बस गये थे। पीछे वे जैनधर्मके प्रचारके लिए धाराको छोड़कर नलकच्छपुर (नालछा) में रहने लगे। उस समय धारानगरी विद्याका केन्द्र बनी हुई थी। वहाँ भोजदेव, विन्ध्यवर्मा, अर्जुनवर्मा जैसे विद्वान् और विद्वानोंका सन्मान करनेवाले राजा एकके बाद एक हो रहे थे। महाकवि मदनकी 'पारिजातमञ्जरी' के अनुसार उस समय विशाल धारा नगरीमें चौरासी चौराहे थे और वहां नाना दिशाओंसे आये हुए विविध विद्याओंके वेत्ताओं और कला-कोविदोंकी भीड़ लगी रहती थी। वहां 'शारदा सदन' नामका दूर-दूर तक ख्याति पाया हुआ विद्यापीठ था। स्वयं आशाधरजीने भी धारामें ही आकर व्याकरण और न्यायशास्त्रका अध्ययन किया था। ऐसी धाराको भी जिसपर हरएक विद्वान्को मोह होना चाहिए, पंडितजीने जैनधर्मके ज्ञानको लुप्त होते हुए देखकर उसके प्रचारके लिए छोड़ दिया और अपना सारा जीवन इसी कार्यमें लगा दिया। वे लगभग पैंतीस वर्षके लम्बे समय तक नालछामें ही रहे और वहींके नेमि-चैत्यालयमें एक-निष्ठ होकर जैनसाहित्यकी सेवा और ज्ञानकी उपासना करते रहे। उन्होंने अपने प्रायः सभी ग्रन्थोंकी रचना यहीं की और यहां पर ही वे अध्ययन-अध्यापनका कार्य करते रहे। बहुत संभव है कि धाराके 'शारदा-सदन' के समान ही उन्हें 'श्रावक-संकुल' नालछेमें जैनधर्मके प्रचारके लिए कोई विद्यापीठ बनानेकी भावना उत्पन्न हुई हो ? क्योंकि, जैनधर्मके उद्धारकी भावना उनमें प्रबल थी।

पंडितजी व्याघ्रेरवाल (बघेरवाल) जातिमें उत्पन्न हुए थे, जो कि राजस्थानकी एक प्रसिद्ध वैश्य-जाति है। उनके पिताका नाम सल्लक्षण, माताका श्रीरत्नी, पत्नीका सरस्वती और पुत्रका छाहड़ था। इन चारके सिवाय उनके परिवारमें और कौन-कौन थे, इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता।

मालव-नरेश अर्जुनवर्मदेवका भाद्रपद सुदी १५ बुधवार सं० १२७२ का लिखा एक दानपत्र मिला है, जिसके अन्तमें लिखा है–"रचितमिदं महासान्धि० राजा सलखणसम्मतेन राजगुरुणा मदनेन।" अर्थात् यह दानपत्र महासान्धि-विग्रहिक-मन्त्री राजा सलखणकी सम्मतिसे राजगुरु मदनने रचा। इन्हीं अर्जुनवर्माके राज्यमें पंडितजी नालछेमें आकर रहे थे और ये राजगुरु मदन भी वही हैं, जिन्हें कि पं० आशाधरजीने काव्य शास्त्र पढ़ाया था। इससे अनुमान होता है कि उक्त राजा सलखण ही संभव है कि आशाधरजीके पिता सल्लक्षण हों। पंडितजीने प्रशस्तियोंमें सांभरको शाकम्भरी, नालछाको नलकच्छपुर और बघेरवालको व्याघ्रेरवाल आदि संस्कृत नामोंसे जिसप्रकार उल्लिखित किया है, संभव है कि उसीप्रकार अपने पिताके

सलखन नामको सल्लक्षण नामसे निर्दिष्ट किया हो। पर उक्त दानपत्रमें राजगुरु मदनने उन्हें सर्वजन प्रसिद्ध सलखण नामसे ही उल्लिखित करना समुचित समझा हो।

जिस समय पंडितजीका परिवार धारामें आया था, उस समय विन्ध्यवर्माके सन्धि-विग्रहिक-मन्त्री (परराष्ट्र सचिव) विल्हण कवीश थे। उनके बाद कोई आश्चर्य नहीं, जो अपनी योग्यताके कारण पंडितजीके पिता सल्लक्षणने भी वह पद प्राप्त कर लिया हो और सम्मान-सूचक राजाकी उपाधि भी उन्हें मिली हो। पं० आशाधरजीने 'अध्यात्म-रहस्य' नामका ग्रन्थ अपने पिताकी आज्ञासे रचा था। यह ग्रन्थ वि० सं० १२९६ के बाद किसी समय रचा गया होगा; क्योंकि इसका उल्लेख वि० सं० १३०० में बनी हुई अनगार-धर्मामृत टीकाकी प्रशस्तिमें तो है, परन्तु १२९३ में बने हुए जिनयज्ञकल्पमें नहीं है। यदि यह सही है, तो मानना होगा कि पंडितजीके पिता १२९६ के बाद भी कुछ समय तक जीवित रहे, और उस समय वे बहुत ही वृद्ध थे। सम्भव है कि उस समय उन्होंने राजकार्य भी छोड़ दिया हो।

पंडितजीने अपनी प्रशस्तियोंमें अपने पुत्र छाहड़को एक विशेषण दिया है—'रंजितार्जुनभूपतिम्'। अर्थात् जिसने राजा अर्जुनवर्माको प्रसन्न किया। इससे अनुमान होता है कि राजा सलखणके समान उनके पोते छाहड़को भी अर्जुनवर्मदेवने कोई राज्यपद दिया होगा। प्रायः राज्य-कर्मचारियोंके वंशजोंको एकके बाद एक राज्य-कार्य मिलते रहे हैं। पण्डित आशाधरजी भी कोई राज्यपद पा सकते थे, मगर उन्होंने उसकी अपेक्षा जिनशासन और जैन-साहित्यकी सेवाको अधिक श्रेयस्कर समझा और आजीवन उसीमें लगे रहे। उनके पिता और पुत्रके उक्त सम्मानसे स्पष्ट है कि एक सुसंस्कृत और राजमान्य कुलमें उनका जन्म हुआ था।

वि० सं० १२४६ के लगभग जब शहाबुद्दीन गोरीने पृथ्वीराजको कैद करके दिल्लीको अपनी राज-धानी बनाया था और अजमेर पर अपना अधिकार कर लिया था, तभी सम्भवतः पण्डितजी मांडलगढ़ छोड़कर धारामें आये होंगे। उस समय वे किशोर ही होंगे, क्योंकि उन्होंने व्याकरण और न्यायशास्त्र वहीं आकर पढ़ा था। यदि उस समय उनकी उम्र १५–१६ वर्षकी रही हो, तो उनका जन्म वि० सं० १२३५ के आसपास हुआ होगा। पण्डितजीकी अन्तिम उपलब्ध कृति अनगारधर्मामृतटीकाका रचनाकाल वि० सं० १३०० है। उसके बाद वे कब तक जीवित रहे, यह पता नहीं! फिर भी ६५ वर्षकी उम्र तो उन्होंने अवश्य पाई, इतना तो कमसे कम सुनिश्चित है।

ग्रन्थ-रचना

पं० आशाधरजीने वि० सं० १३०० तक जितने ग्रन्थोंकी रचना की, उनका विवरण इस प्रकार है:—

१–**प्रमेयरत्नाकर**[1]—इसे पण्डितजीने स्वयं स्याद्वाद विद्याका विशद प्रसाद और निरवद्य गद्य पीयूष पूर वाला तर्क-प्रबन्ध कहा है। यह अभीतक अप्राप्य है'।

१–ऐसा प्रतीत होता है कि प्रमेयरत्नाकर पंडितजीकी सर्वोत्तम कृति है। यद्यपि यह अद्यावधि अप्राप्य है, तथापि इसके नाम पर और उसकी प्रशंसामें लिखे गये पद्य पर गंभीरता पूर्वक विचार करनेसे विदित होता है कि यह श्वेताम्बराचार्य वादिदेवसूरि-रचित स्याद्वादरत्नाकरको लक्ष्यमें रखकर रचा गया है। वादिदेवसूरि पंडितजीसे लगभग १२० वर्ष पूर्व हुए हैं। उन्होंने परीक्षामुखका अनुकरण कर प्रमाणनयतत्त्व-लोक रचा और उस पर स्वयं ही स्याद्वादरत्नाकर नामक विशाल भाष्य लिखा। इसमें उन्होंने प्रभाचन्द्रा-चार्यके प्रमेयकमलमार्तण्ड और न्यायकुमुदचन्द्रमें किये गये स्त्रीमुक्तिखण्डनके खंडनका प्रयास किया है। यतः स्याद्वादरत्नाकर, सरस, अनुप्रासच्छटायुक्त लम्बे समासवाली गद्यमें रचा गया था, अतः संभव है कि पंडितजीने भी उसी ही शैलीमें अपने प्रस्तुत ग्रन्थकी रचना करना समुचित समझा हो।

पंडितजीने प्रमेयरत्नाकरके परिचयमें जो पद्य अपनी प्रशस्तियोंमें लिखा है, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि 'स्याद्वादरत्नाकर' से प्रभावित होकर ही पंडितजीने अपने ग्रन्थका नाम 'प्रमेयरत्नाकर' रखा है। वह पद्य इस प्रकार है :—

स्याद्वादविद्याविशदप्रसादः प्रमेयरत्नाकरनामधेयः।
तर्कप्रबन्धो निरवद्यपथपीयूषपूरो वहति स्म यस्मात् ॥१०॥ अनगा० प्रशस्ति

अर्थात् प्रमेयरत्नाकर नामका यह तर्क प्रबन्ध स्याद्वाद विद्याका विशद प्रसाद है, और उससे निरवद्य विद्यारूप अमृतका पूर प्रवाहित होता है।

इस पद्यमें प्रयुक्त 'स्याद्वाद' पद खास तौरसे विचारणीय है। पंडित आशाधरजीके समयमें श्वेतांबर जैनोंका प्रभाव दिन पर दिन बढ़ रहा था, और वे उससे दुखी थे, यह उनके अनगार धर्मामृतके दूसरे अध्यायमें दिये गये एक पद्यसे प्रकट है। वह पद्य इस प्रकार है :—

अन्तस्खलच्छल्यमिव प्रविष्टं रूपं स्वमेव स्वबधाय येषाम्।
तेषां हि भाग्यैः कलिरेष नूनं तपत्यलं लोकविवेकमश्नन् ॥ २, ८ ॥

अर्थात् जिनके अन्तःकरणमें स्त्री मुक्ति होती है, या नहीं; केवली कवलाहार करते हैं या नहीं; इत्यादि रूपसे संशयमिथ्यात्व शल्यके समान प्रवृद्ध होकर उन्हें पीड़ित कर रहा है; दुःख है कि उनके भाग्यसे यह कलिकाल भी लोगोंके विवेकका भक्षण करता हुआ तदनुकूल ही खूब तप रहा है।

इसकी टीकामें पण्डितजी लिखते हैं :—

"नूनं निश्चितमहमेवं मन्ये—तपति निरंकुशं विजृम्भते। कोऽसौ ? एष प्रतीयमानः कलिर्दुःषम-कालः। किं कुर्वन् ? अश्नन् भक्षयन् संहरन्। कम् ? लोकविवेकं स्यवहर्तृजनानां युक्तायुक्तविचारम्। कथम् ? अलं पर्याप्तम्। कैः ? भाग्यैः पुण्यैः। केषाम् ? तेषां हि तेषामेव **सितपटानाम्**। येषां किम् ? येषां भवति। किं तत् ? स्वमेव रूपं। किं केवली कवलाहारी उतरिवदन्यथेत्यादि दोलायितप्रतीतिलक्षणमा-त्मस्वरूपम् + + + कलिरित्यनेन कलिकाले श्वेतपटमतमुद्भूदिति शाययति।

अतः सम्भव है कि पंडितजीने स्याद्वादरत्नाकरमें स्त्री मुक्ति-मंडन और कवलाहार-सिद्धिके लिए दी गई युक्तियोंका उत्तर दिया हो।

२-भरतेश्वराभ्युदय काव्य - यह संभवतः महाकाव्य है और स्वोपज्ञ टीका सहित है इसके नामसे विदित होता है कि इसमें प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेवके ज्येष्ठ पुत्र भरत चक्रवर्तीके अभ्युदयका वर्णन होगा। इसे पंडित जीने 'सिद्धचक्र' कहा है, अर्थात् इसके प्रत्येक सर्गके अन्तिम छन्दमें 'सिद्धि' शब्दका प्रयोग किया गया है[1]। यह अप्राप्य है।

३-धर्मामृत- यह जैन आगमके मन्थनसे समुत्पन्न धर्मशास्त्रका धर्मरूप अमृत है। इस ग्रन्थके दो भाग हैं:—प्रथम भागका नाम **अनगारधर्मामृत** है, इसमें मुनिधर्मका वर्णन किया गया है। द्वितीय भागका नाम **सागारधर्मामृत** है और इसमें श्रावकधर्मका विशद वर्णन किया गया है[2]। ये दोनों ग्रन्थ मुद्रित हो चुके हैं।

४-ज्ञानदीपिका— यह धर्मामृतकी स्वोपज्ञ पंजिका है। प्रत्येक पदके अर्थको जो निरुक्तिपूर्वक व्यक्त करे, उसे पंजिका टीका कहते हैं[3]। यह धर्मामृतकी मुद्रित भव्य कुमुदचन्द्रिका टीकासे बहुत विस्तृत रही है, इसका साक्षी स्वयं पंडितजीका एक उल्लेख है। सागारधर्मामृतकी टीकाके प्रारम्भमें पंडितजी लिखते हैं कि—

१ सिद्धयङ्कं भरतेश्वराभ्युदयसत्काव्यं निबन्धोज्ज्वलं यस्त्रैविद्यकवीन्द्रमोहनमयं स्वश्रेयसेऽरीरचत्।
२ योऽर्हद्वाक्यरसं निबन्धरुचिरं शास्त्रं च धर्मामृतं निर्माय न्यदधात्समुमुक्षुविदुषामानन्दसान्द्रे हृदि ॥११॥ अनगार० प्रशस्ति
३ निबन्धरुचिरं-स्वयंकृतज्ञानदीपिकाख्यपंजिकया। रमणीयम्।

समर्थनादि यद्ग्रन्थ सुवे व्यासभयाल्क्वचित् । तज्ज्ञानदीपिकाभ्येत्तत्पञ्जिकार्थां विलोक्यताम् ॥ सागार० प्र० १

अर्थात् विस्तारके भयसे जो समर्थन आदि यहां नहीं कह रहा हूं, उसे ज्ञानदीपिका नामकी पंजिकामें देखना चाहिए। कहते हैं कि कोल्हापुरके जैन मठमें इसकी एक कनडी प्रति थी, जिसका उपयोग स्व० पं० कल्लाप्पा भरमाप्पा निटवेने सागारधर्मामृतकी मराठी टीकामें किया था और उसमें टिप्पणीके तौरपर बहुत कुछ अंश उद्धृत भी किया था। दुःख है कि यह कनडी प्रति जलकर नष्ट हो गई। अन्यत्र किसी भंडारमें अभी तक इस पंजिकाका पता नहीं लगा।

५-**अष्टाङ्गहृदयोद्योतिनी टीका**—यह आयुर्वेदाचार्य वाग्भटके सुप्रसिद्ध ग्रन्थ वाग्भट अपरनाम अष्टाङ्गहृदयकी टीका है[1] जो अप्राप्य है।

६-**मूलाराधना टीका***—यह सुप्रसिद्ध भगवती-आराधना नामक प्राकृत ग्रन्थकी टीका है, जो कि उक्त ग्रन्थकी अन्य टीकाओंके साथ शोलापुरसे मुद्रित हो चुकी है।

७-**इष्टोपदेश टीका***—यह आचार्य पूज्यपादके इष्टोपदेशकी संस्कृत टीका है। इसे पंडितजीने मुनि विनयचन्द्रकी प्रेरणासे बनाया था। यह टीका माणिकचन्द्र जैन ग्रन्थमालाके तत्त्वानुशासनादिसंग्रहमें प्रकाशित हो चुकी है।

८-**आराधनासार टीका**†—यह आचार्य देवसेनके आराधनासार नामक प्राकृत ग्रन्थकी संस्कृत टीका है, जो आज अप्राप्य है।

९-**भूपालचतुर्विंशतिका टीका**†—भूपाल कविके सुप्रसिद्ध और उपलब्ध स्तोत्रकी यह टीका भी अब तक नहीं मिली।

१०-**अमरकोष टीका***—अमरसिंहके सुप्रसिद्ध अमरकोषकी यह संस्कृत टीका भी अद्यावधि अप्राप्य है।

११-**क्रिया-कलाप***—पंडितजीने यह ग्रन्थ प्रभाचन्द्राचार्यके क्रियाकलापके ढंगपर स्वतंत्र रचा है। इसकी एक प्रति बम्बईके ऐलक सरस्वती भवनमें है। जिसमें ५२ पत्र हैं और जो १९७६ श्लोक-प्रमाण है।

१२-**काव्यालंकार टीका**§—अलंकार शास्त्रके सुप्रसिद्ध आचार्य रुद्रटके काव्यालंकार पर लिखी गई यह टीका भी अप्राप्य है।

१३-**सहस्रनामस्तवन सटीक**§—यह प्रस्तुत स्वोपज्ञ सहस्रनाम है, जिसका विस्तृत परिचय प्रस्तावनामें दिया जा चुका है। आजके पहले यह अप्राप्य था। ललितपुरके बड़े मन्दिरमें इसकी एक प्रति मिली है, जिसके आधार पर यह मुद्रित किया गया है। इसकी अन्तिम पुष्पिकासे विदित होता है कि इस ग्रन्थकी टीकाकी रचना भी मुनि विनयचन्द्रकी प्रेरणासे हुई है और संभवतः उन्होंने इसको सर्वप्रथम अपने हाथसे लिखा है*।

---

१ आयुर्वेदविदामिष्टां व्यक्तं वाग्भटसंहिताम् । अष्टाङ्गहृदयोद्योतं निबन्धमसृजच्च यः ॥ १२ ॥

* यो मूलाराधनेष्टोपदेशादिषु निबन्धनम् । व्यधत्तामरकोषे च क्रियाकलापमुज्जगौ ॥ १३ ॥

† आदिः आराधनासार-भूपालचतुर्विंशतिस्तवनार्थः । उज्जगौ उत्कृष्टं कृतवान् ॥

§ रौद्रटस्य व्यधात्काव्यालङ्कारस्य निबन्धनम् । सहस्रनामस्तवनं सनिबन्धं च षोऽर्हताम् ॥ १४ ॥
सागार० प्रशस्ति ।

* × × × मुनिश्री विनयचन्द्रेण कर्मक्षयार्थं लिखितम् ।
(सहस्रनाम श्लोक १०३ की टीकाके अन्तमें)

इत्याशाधरसूरिकृतं जिनसहस्रनामस्तवनं समाप्तम् । मुनिश्री विनयचन्द्रेण लिखितम् ।
श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे ××× तच्छिष्य मुनिश्रीविनयचन्द्र पठनार्थं । ग्रन्थाग्र ११४५ ।
शुभं भवतु ॥ (अ प्रतिका अन्तिम पत्र)

१४-**जिनयज्ञकल्प सटीक**—जिनयज्ञकल्पका दूसरा नाम प्रतिष्ठासारोद्धार है। यह मूल ग्रन्थ तो मुद्रित हो चुका है, पर टीका अभी तक अप्राप्य है। इस ग्रन्थमें प्रतिष्ठासम्बन्धी सभी क्रियाओंका विस्तारसे वर्णन किया गया है। पापा साधुकी प्रेरणासे इस ग्रन्थकी रचना हुई है।[1] इसकी आद्य पुस्तक केल्हणने लिखी और उन्होंने ही जिनयज्ञकल्पका प्रचार किया था।[2] मूलग्रन्थकी रचना वि० सं० १२८५ में हुई है और टीकाकी रचना वि० सं० १२८५ और १२९६ के मध्य हुई है।

१५-**त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र सटीक**—इसमें तिरेसठशलाका पुरुषोंका चरित जिनसेनके महापुराणके आधार पर अत्यन्त संक्षेपसे लिखा गया है पंडितजीने इसे नित्य स्वाध्यायके लिए, जाजाक पण्डितकी प्रेरणासे रचा था।[1] इसकी आद्य पुस्तक खण्डेलवाल कुलोत्पन्न धीनाक नामक श्रावकने लिखी थी।[1] इस ग्रन्थकी रचना वि० सं० १२९२ में हुई है।

१६-**नित्यमहोद्योत**—यह जिनाभिषेक-सम्बन्धी स्नानशास्त्र है, जो कि श्रुतसागरसूरिकी संस्कृत टीका सहित प्रकाशित हो चुका है।[1]

१७-**रत्नत्रयविधान**—इसमें रत्नत्रयविधानके पूजन-माहात्म्यका वर्णन किया गया है।[1] यह ग्रन्थ बम्बईके ऐलक सरस्वतीभवनमें है, जिसकी पत्र संख्या आठ है।

१८-**सागारधर्मामृतकी भव्यकुमुदचन्द्रिका टीका**—पण्डितजीने महीचन्द्र साहुकी प्रेरणासे इसे रचा और महीचन्द्र साहुने इसकी प्रथम पुस्तक लिखकर तैयार की। इस टीकाकी रचना वि० सं० १२९६ पौष बदी ७ शुक्रवारको हुई है।[1] इसका परिमाण ४५०० श्लोक प्रमाण है।

---

१ खंडिल्यान्वयभूषणाल्हणसुतः सागारधर्मे रतो
वास्तव्यो नलकच्छचारुनगरे कर्त्ता परोपक्रियाम्।
सर्वज्ञार्चनपात्रदानसमयोद्योतप्रतिष्ठाप्रथीः
पापासाधुरकारयत्पुनरिमं कृत्वोपरोधं मुहुः॥ १६॥ जिनयज्ञ० प्रशस्ति

२ नंद्यात्खाण्डिल्यवंशोत्थः केल्हणो न्यासवित्तरः।
लिखितो येन पाठार्थमस्य प्रथमपुस्तकम्॥ २३॥ जिनयज्ञ० प्रशस्ति

३ संक्षिप्यतां पुराणानि नित्यस्वाध्यायसिद्धये।
इति पण्डितजाजाकाद्विज्ञप्तिः प्रेरिकाऽत्र मे॥ ६॥ त्रिषष्टि० प्रशस्ति।

४ खंडिल्यवंशे महणकमल्लश्रीसुतः सुहृक्।
धीनाको वर्धतां येन लिखितास्याद्यपुस्तिका॥ १४॥ त्रिषष्टि० प्रशस्ति।

५ योऽर्हन्महाभिषेकार्चाविधिं मोहतमोरविम्।
चक्रे नित्यमहोद्योतं स्नानशास्त्रं जिनेशिनाम्॥ १७॥ अनगार० प्रशस्ति।

६ रत्नत्रयविधानस्य पूजामाहात्म्यवर्णकम्।
रत्नत्रयविधानाख्यं शास्त्रं वितनुते स्म यः॥ १८॥ अनगार० प्रशस्ति।

७ पण्यवद्ध्ये कसंख्यानविक्रमाक्रूसमाव्यये।
सप्तम्यामसिते पौषे सिद्ध्येयं नन्दताद्धिरम्॥ २१॥ अनगार० प्रशस्ति।
श्रीमान् श्रेष्ठिसमुद्धरस्य तनयः श्रीपौरपाटान्वय-
व्योमेन्दुः सुकृतेन नन्दतु महीचन्द्रो यदभ्यर्थनात्।
चक्रे श्रावकधर्मदीपकमिमं ग्रन्थं बुधाशाधरो
ग्रन्थस्यास्य च लेखतोऽपि विदुषे येनादिमः पुस्तकः॥ २२॥ अनगार० प्रशस्ति।

१९–**राजीमती विप्रलम्भ**—यह एक खण्ड काव्य है, जिसमें नेमिनाथके विवाह और राजुलके परित्यागका वर्णन किया गया है।[1] यह भी अप्राप्य है।

२०–**अध्यात्मरहस्य**—पण्डितजीने अपने पिताके आदेशसे इसकी रचना की थी। इसमें योगके विविध अंगोंका विशद वर्णन किया गया है।[2] दुःख है कि यह भी अप्राप्य है।

२१–**अनगारधर्मामृतकी भव्यकुमुदचन्द्रिका टीका**—पण्डितजीने धणचन्द्र और हरदेवकी प्रेरणासे इस टीकाकी रचना वि० सं० १३०० कार्तिकसुदी ५, सोमवारको की है।[3] इस टीकाका परिमाण १२२०० श्लोकके लगभग है।

प्रमेयरत्नाकरसे लेकर जिनसहस्रनाम स्तवन तकके १३ ग्रन्थोंकी रचना वि० सं० १२८५ से पूर्व और नालछा पहुचनेके पश्चात् मध्यवर्ती समयमें हुई है। इनमेंसे अधिकांश ग्रन्थ अप्राप्य हैं, अतः उनकी प्रशस्ति आदिके न मिलनेसे उनके रचना-कालका ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता। वि० सं० १२८५ में रचे गये जिनयज्ञकल्पमें उनका उल्लेख होनेसे उसके पूर्व ही उनका रचा जाना सिद्ध है। शेष ग्रन्थोंकी रचना वि० सं० १२८५ और १३०० के बीच हुई है। पण्डितजीके रचनाओंमें अनगारधर्मामृत टीका सबसे अन्तिम रचना है। इसके पश्चात् रचे गये किसी अन्य ग्रन्थका न तो पता लगता है और न यही विदित होता है कि पण्डितजी कब तक जीवित रहे।

पं० आशाधरके गुरु और शिष्यवर्ग

१–**पं० महावीर**—पं० आशाधरजीने धारामें आकर इनसे जैनेन्द्र व्याकरण और न्यायशास्त्र पढ़ा था।

२–**मुनि उदयसेन**—इन्होंने पं० आशाधरजीको 'कलिकालिदास' कहकर अभिनन्दित किया था।

३–**यतिपति मदनकीर्त्ति**–इन्होंने पंडितजीको 'प्रज्ञापुञ्ज' कह कर अभिनन्दित किया था।
पं० जीने अपनी सहस्रनाम टीकाके प्रारम्भमें इन तीनोंको गुरुभावसे स्मरण किया है।

४–**विल्हणकवीश**—इन्होंने पंडितजीको 'सरस्वती पुत्र' कह कर अभिनन्दित किया था।

५–**वादीन्द्र विशालकीर्त्ति**—इन्होंने पं०जीसे न्यायशास्त्र पढ़ा था।

६–**पं० देवचन्द**—इन्होंने पं० जीसे व्याकरणशास्त्र पढ़ा था।

७–**मुनि विनयचन्द्र**—इन्होंने पं० जीसे धर्मशास्त्र पढ़ा था।

८–**महाकवि मदनोपाध्याय**—इन्होंने पं० जीसे काव्यशास्त्र पढ़ा था।

१–राजीमतीविप्रलम्भं नाम नेमीश्वरानुगम्।
व्यधत्त खण्डकाव्यं यः स्वयंकृतनिबन्धनम् ॥ १२ ॥

२–आदेशात्पितुरध्यात्मरहस्यं नाम यो व्यधात्।
शास्त्रं प्रसन्नगम्भीरं प्रियमारब्धयोगिनाम् ॥ १३ ॥

३–हरदेवेन विज्ञप्तो धणचन्द्रोपरोधतः।
पंडिताशाधरश्चक्रे टीकां चोद्दण्डमामिमाम् ॥ २८ ॥
नलकच्छपुरे श्रीमन्नेमिचैत्यालयेऽसिधत्।
विक्रमाब्दशतेष्वेष त्रयोदशसु कार्त्तिके ॥ ३१ ॥ अनगार प्रशस्ति।

सहस्रनामके टीकाकार श्रुतसागरका परिचय[1]

श्री श्रुतसागरसूरि मूलसंघ, सरस्वतीगच्छ, बलात्कारगणमें हुए हैं और इनके गुरुका नाम विद्यानन्दि था। विद्यानन्दि देवेन्द्रकीर्तिके, और देवेन्द्रकीर्ति पद्मनन्दिके शिष्य और उत्तराधिकारी थे। विद्यानन्दिके बाद मल्लिभूषण और उनके बाद लक्ष्मीचन्द्र भट्टारक पद पर आसीन हुए थे। श्रुतसागर शायद गद्दी पर नहीं बैठे। मल्लिभूषणको उन्होंने अपना गुरुभाई लिखा है।

विद्यानन्दि सम्भवतः गुजरातमें ही किसी भट्टारक-गद्दी पर आसीन थे, किन्तु कहां पर, इसका कुछ पता नहीं चलता। वैराग्यमणिमालाकार श्रीचन्द्रने श्रुतसागरको गुरुभावसे स्मरण किया है। आराधना-कथाकोश, नेमिपुराण आदि ग्रन्थोंके कर्त्ता ब्रह्मनेमिदत्तने भी, जो मल्लिभूषणके शिष्य थे—श्रुतसागरको गुरु-भावसे स्मरण किया है और मल्लिभूषणकी वही गुरुपरम्परा दी है जो कि श्रुतसागरके ग्रन्थोंमें मिलती है। उन्होंने सिंहनन्दिका भी उल्लेख किया है जो मालवाकी गद्दीके भट्टारक थे और जिनकी प्रार्थनासे श्रुत-सागरने यशस्तिलककी टीका लिखी थी।

श्रुतसागरने अपनेको कलिकालसर्वज्ञ, कलिकालगौतम, उभयभाषाकविचक्रवर्त्ती, व्याकरणकमलमार्तंड, तार्किकशिरोमणि, परमागमप्रवीण, नवनवतिमहामहावादिविजेता, आदि विशेषणोंसे अलंकृत किया है।

समय-विचार

श्रुतसागरने अपने किसी भी ग्रन्थमें रचनाका समय नहीं दिया है, परन्तु यह प्रायः निश्चित है कि वे विक्रमकी १६ वीं शताब्दिमें हुए हैं। क्योंकि—

१—महाभिषेक टीकाकी प्रशस्ति वि० सं० १५८२ में लिखी गई है और वह भट्टारक मल्लिभूषणके उत्तराधिकारी लक्ष्मीचन्द्रके शिष्य ब्र० शानसागरके पढ़नेके लिए दान की गई है और इन लक्ष्मीचन्द्रका उल्लेख श्रुतसागरने स्वयं अपने टीका-ग्रन्थोंमें कई जगह किया है।

२—ब्र० नेमिदत्तने श्रीपालचरित्रकी रचना वि० सं० १५८५ में की थी और वे मल्लिभूषणके शिष्य थे। आराधना-कथाकोशकी प्रशस्तिमें उन्होंने मल्लिभूषणका गुरुरूपमें[2] उल्लेख किया है और साथ ही श्रुत-सागरका भी जयकार किया है[3], अर्थात् कथाकोशकी रचनाके समय श्रुतसागर मौजूद थे।

३—स्व० बाबा दुलीचन्द्रजीकी सं० १९५४ में लिखी गई ग्रन्थसूचीमें श्रुतसागरका समय वि० सं० १५५० लिखा हुआ है।

४—षट्प्राभृतटीकामें लोंकागच्छ पर तीव्र आक्रमण किये गये हैं। कहा जाता है कि यह वि० सं० १५३० के लगभग स्थापित हुआ था। अतएव उससे ये कुछ समय पीछे ही हुए होंगे। सम्भव है, ये लोंकाशाहके समकालीन ही हों।

---

१ यह परिचय भी श्रीमान् पं० नाथूरामजी प्रेमी-लिखित "जैनसाहित्य और इतिहास" नामक पुस्तकसे साभार उद्धृत किया गया है। —सम्पादक

२ श्रीभट्टारकमल्लिभूषणगुरुर्भ्राताऽस्तां शर्मवे ॥ ६६ ॥

३ जीयान्मे सूरिवर्यो व्रतनिचयलसत्पुण्यपण्यः श्रुताब्धिः ॥ ७१ ॥

ग्रन्थ-रचना

श्रुतसागरके उपलब्ध ग्रन्थोंके देखनेसे विदित होता है कि उन्होंने अधिकतर टीकाओंकी ही रचना की है। अब तक जो उनकी रचनाएं सामने आई हैं, उनका परिचय इस प्रकार है:—

१-**यशस्तिलकचन्द्रिका**—आचार्य सोमदेवके प्रसिद्ध ग्रन्थ यशस्तिलकचम्पूकी यह टीका है, जो कि मूल ग्रन्थके साथ मुद्रित हो चुकी है। यद्यपि इसकी प्रतियां अन्य अनेक भंडारोंमें पाई जाती हैं, तथापि वह सर्वत्र अपूर्ण ही है। प्रारम्भसे लेकर पांचवें आश्वासके लगभग दो तिहाई भाग तककी ही टीका मिलती है। जान पड़ता है, यह उनकी अन्तिम रचना है।

२-**तत्त्वार्थवृत्ति**—आ० उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्र पर पूज्यपादने जो सर्वार्थसिद्धि नामक वृत्ति लिखी है, उसी आधार बनाकर श्रुतसागरने नौ हजार श्लोक प्रमाण यह टीका बनाई है। यह भारतीय ज्ञानपीठ काशीसे मुद्रित हो चुकी है।

३-**तत्त्वत्रयप्रकाशिका**—आ० शुभचन्द्रके ज्ञानार्णवमें जो गद्य भाग है, यह उसीकी टीका है। इसकी एक प्रति स्व० सेठ माणिकचन्द्र धानाचन्द्र बम्बईके ग्रन्थ-संग्रहमें मौजूद है।

४-**औदार्यचिन्तामणि**—यह प्राकृत व्याकरण है, जो हेमचन्द्र और त्रिविक्रमके व्याकरणोंसे बड़ा है। इसकी एक प्रति बम्बईके ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवनमें है, जिसकी पत्रसंख्या ५६ है। यह स्वोपज्ञ-वृत्तियुक्त है।

५-**महाभिषेकटीका**—पं० आशाधरके नित्यमहोद्योतकी टीका है। यह उस समय बनाई गई है, जब कि श्रुतसागर देशव्रती या ब्रह्मचारी थे।

६-**व्रतकथाकोश**—इसमें आकाशपञ्चमी, मुकुटसप्तमी, चन्दनषष्ठी, अष्टाह्निका आदि व्रतोंकी कथाएं हैं। इसकी भी एक प्रति बम्बईके ऐलक सरस्वतीभवनमें है और वह भी उनकी प्रारम्भिक रचना है।

७-**श्रुतस्कन्धपूजा**—यह छोटी सी नौ पद्योंकी रचना है, इसकी भी एक प्रति उक्त सरस्वती-भवनमें है।

८-**जिनसहस्रनामटीका**—पं० आशाधर-रचित जिनसहस्रनामकी यह प्रस्तुत टीका है। इसे श्रुतसागरने पं० आशाधरजीकी स्वोपज्ञवृत्तिको आधार बनाकर, या उसे आत्मसात् करके रचा है। पं०जीकी स्वोपज्ञवृत्तिका परिमाण केवल ११४५ श्लोक-प्रमाण है, जब कि श्रुतसागरसूरिने उसे पल्लवित कर लगभग छह हजार श्लोक प्रमाण रचा है।

इनके अतिरिक्त श्रुतसागरके नामसे अन्य अनेकों ग्रन्थोंके नाम ग्रन्थ-सूचियोंमें मिलते हैं, परन्तु उनके विषयमें जब तक वे देख न लिए जावें, निश्चयपूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता।

प्रस्तुत श्रुतसागरी टीकाके विषयमें

१-**पिष्टपेषण**—जिनसहस्रनामकी प्रस्तुत श्रुतसागरी टीकाके आद्योपांत अवलोकन करने पर जहां एक ओर उनके विशाल पाण्डित्यका परिचय मिलता है, वहां दूसरी ओर अनेक स्थलोंपर कई बातोंकी पुनरुक्ति देखकर आश्चर्य भी होता है। उदाहरणके तौरपर श्रुतसागरने ८४००००० चौरासी लाख उत्तर गुणोंका निरूपण तीन स्थलों पर किया है। सर्व प्रथम छठे शतकमें 'महाशील' नामकी व्याख्या करते हुए शीलके अठारह हजार भेद बतानेके अनन्तर बिना ही प्रकरणके 'अथ गुणाः कथ्यन्ते ८४०००००' कहकर उनका वर्णन किया है, जो कि बिलकुल ही अप्रकृत है। दूसरी बार इसी शतकके 'गुणाम्भोधिः' नामकी व्याख्यामें 'श्री गुणानां चतुरशीतिलक्षाणां अम्भोधिः' कहकर चौरासी लाख गुणोंको दुबारा गिनाना प्रारम्भ कर दिया है। यहां भी यह वर्णन कुछ असङ्गतसा ही लगता है। तीसरी बार दशवें शतकमें 'चतुरशीतिलक्षगुणः' की व्याख्यामें चौरासी लाख उत्तरगुण गिनाये गये हैं, जो कि प्रकरण-संगत है। वास्तवमें यहां पर ही इन गुणोंका वर्णन होना चाहिए था, इसके पूर्व दोनों बारका निरूपण अप्रकृत है।

इसीप्रकार शीलके अठारह हजार भेदोंको भी दो बार गिनाया गया है, पहली बार 'छटे शतकमें 'महाशील' नामकी व्याख्या करते हुए और दूसरी बार दशवें शतकमें 'अष्टादशसहस्रशीलाधः' नामकी व्याख्या करते हुए। यद्यपि शीलके उक्तभेद गिनानेके लिए दोनों स्थल उपयुक्त हैं, फिर भी प्रथमकी अपेक्षा द्वितीय स्थल ही अधिक प्रकरण-सङ्गत है।

२–**असम्बद्ध**– दशवें शतकमें 'भूतार्थदूर' नामकी व्याख्या करते हुए 'आचार्य समन्तभद्रकी आप्तमीमांसा' कारिका 'इतीयमाप्तमीमांसा' उद्धृत करके उसकी भी व्याख्या प्रारम्भ कर दी है, जो कि बिलकुल ही असङ्गत प्रतीत होती है। इसीप्रकार चौरासी लाख उत्तरगुण गिनाते हुए अनगारधर्मामृतके श्लोकोंको उद्धृत करके उनकी भी व्याख्या करना असंगत जंचती है। द्वितीय शतकके अन्तिम 'महाबल' नामकी व्याख्या करते हुए पं० आशाधरजीके नामका निर्देश कर और 'नार्वत्यान्' आदि श्लोक उद्धृत कर उसकी भी व्याख्या की गई है, जो कि असम्बद्ध प्रतीत होती है। जिस कथनकके देनेके लिए इतना श्रम किया है, वह उक्त श्लोक और उसकी व्याख्याके बिना भी लिखा जा सकता था। इसी प्रकार और भी २–४ स्थलों पर ऐसा ही किया गया है।

३–**साम्प्रदायिकता**—श्रुतसागरने कहीं-कहीं खींच-तान करके भगवान्‌के नामसे साम्प्रदायिकताका भी परिचय दिया है। (देखो—नवें शतकमें निर्विकल्पदर्शन आदि की व्याख्या)

दशवें शतकके 'अत्यन्त' नामकी व्याख्यामें समन्तभद्रको आगामी उत्सर्पिणीकालमें तीर्थंकर होनेका उल्लेख कर उनका एक श्लोक उद्धृत किया है।

श्रुतसागरका पाण्डित्य

श्रुतसागरने जिनसहस्रनामकी प्रस्तुत टीकामें लगभग ३१ आचार्योंके नामोंका, और १२ ग्रन्थोंका नाम उल्लेख कर उनके श्लोकोंको उद्धृत किया है जिनसे उनके अगाध श्रुतधरत्वका परिचय मिलता है।

कुछ स्थलों पर तो एक-एक नामके दशसे भी अधिक अर्थ करके अपने व्याकरण और कोष विषयक विशाल ज्ञानका परिचय दिया है। विश्वशम्भुमुनि–प्रणीत एकाक्षर नाममाला तो आपको मानों कंठस्थ ही थी। इसके लगभग ५० पद्योंको श्रुतसागरने अपनी टीकामें उद्धृत किया है। इसी प्रकार नामोंके निरुक्त्यर्थको प्रमाणित करनेके लिए कातंत्र आदि व्याकरणके दो सौसे भी ऊपर सूत्रोंको उद्धृत किया गया है। नवें बुद्धशतकमें षड्दार्शनिकोंके नामोंकी व्याख्यामें उनके मतोंका उन तत्सम्मत तत्त्व एवं पदार्थोंका जो पांडित्यपूर्ण दार्शनिक विवेचन किया है, उससे श्रुतसागरके न्यायशास्त्रकी अगाध विद्वत्ताका परिचय मिलता है। दशवें शतककी व्याख्यामें श्रुतसागरने अपने सैद्धान्तिक-विद्वत्ताका यथेष्ट परिचय दिया है।

संक्षेपमें जिनसहस्रनामकी टीकाको देखते हुए यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि उन्होंने अपने लिए जो व्याकरणकमलमार्त्तण्ड, तार्किकशिरामणि, परमागमप्रवीण और 'शब्दश्लेषप्रभेदने निपुणः' आदि पद-विभूषित कहा है, वह सर्वथा उचित और उनके नामके अनुरूप ही है।

श्रुतसागर पर एक आरोप

प्रस्तुत सहस्रनामकी पण्डित आशाधरकृत स्वोपज्ञवृत्तिको ही आधार बनाकर श्रुतसागरसूरिने अपनी टीकाका निर्माण किया है, फिर भी उन्होंने कहीं भी इसका जरा सा भी संकेत नहीं किया है। दोनों टीकाओंको सामने रखकर देखने पर यह बात हृदय पर स्वतः ही अङ्कित हो जाती है कि उन्होंने आशाधरजीकी स्वोपज्ञवृत्तिको उसीप्रकार पूर्णरूपेण आत्मसात् कर लिया है, जिस प्रकार पूज्यपादकी सर्वार्थसिद्धिको अपनी तत्त्वार्थवृत्तिमें। यदि आज पूज्यपादकी सर्वार्थसिद्धि और पण्डित आशाधरकी स्वोपज्ञवृत्ति पृथक् उपलब्ध न होती, तो इस बातकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि श्रुतसागर अपनी टीकाओंमें अन्य आचार्योंकी टीकाओंको भी आत्मसात् कर गये हैं। उनपर यह एक आरोप है, जिससे वे इनकार नहीं कर सकते और जो इन दोनों ग्रन्थोंके अभ्यासियोंसे अप्रकट नहीं रह सकता है।

श्रुतसागरी टीकागत कुछ विशेष बातें

१–**धर्मचक्र**—जब तीर्थंकर भगवान् भव्यजीवोंको धर्मोपदेश देनेके लिए भूतल पर विहार करते हैं, तब यह भगवान्के संघके आगे-आगे आकाशमें निराधार घूमता हुआ चलता है। श्रीदेवनन्दी आचार्यने इसके विषयमें लिखा है कि इसके एक हजार आरे होते हैं, नाना प्रकारके महारत्नोंसे यह जड़ा हुआ होता है और इसकी कान्ति सूर्यकी प्रभाको भी लज्जित करनेवाली होती है। (२, ७१)

२–**महाबल**—जिनभगवान्का यह भी एक नाम है। इसके विषयमें आशाधरजीने लिखा है कि एक बार जब भगवान् महावीर कुमार थे और अन्य राजकुमारोंके साथ कुंडग्रामके उद्यानमें एक वृक्षके ऊपर क्रीड़ा कर रहे थे, तब सौधर्म-इन्द्रकी सभामें चर्चा चली कि इस समय भूतल पर श्रीवीरप्रभु सबसे अधिक बलवान् हैं। संगमक नामक एक देवको उस पर विश्वास नहीं हुआ और वह भगवान् की परीक्षाके लिए एक अजगरका रूप बनाकर उस वृक्ष पर लिपट गया, जिसपर कि राजकुमारोंके साथ भगवान् क्रीड़ा कर रहे थे। सांपको वृक्षसे लिपटता और ऊपर चढ़ता हुआ देखकर सब राजकुमार भयसे विह्वल हो वृक्षसे कूदकर भाग गये, पर श्रीवीरकुमार उसके लपलपाती हुई सैकड़ों जीभ वाले फणामंडल पर पैर रखते हुए वृक्षसे नीचे उतरे और उसके साथ बहुत देर तक क्रीड़ा करते रहे। संगमकदेव यह देखकर अति विस्मित हुआ और आप महाबलशाली हैं, ऐसा कहकर और भगवान्को नमस्कार करके अपने स्थानको चला गया। (२,१००)

३–**दृग्विशुद्धि**—पच्चीस दोष-रहित, अष्टगुण-सहित और चर्मजल, घृत, तैल आदि अभक्ष्य-भक्षण-वर्जित सम्यग्दर्शनके धारण करनेको दृग्विशुद्धि कहते हैं। (३,२०)

४–**द्वादश गण**—तीर्थंकर भगवान्की व्याख्यान-सभाको समवसरण या आस्थानमंडप कहते हैं। उसमें श्रोताओंके बैठनेके बारह कक्ष या प्रकोष्ठ होते हैं। उनमें प्रदक्षिणारूपसे क्रमशः निर्ग्रन्थ मुनि, सोलह स्वर्गोंकी देवियां, आर्यिका एवं अन्य मनुष्य स्त्रियां, ज्योतिष्क देवियां, व्यन्तरदेवियां, भवनवासिनी देवियां, भवनवासी देव, व्यन्तरदेव, ज्योतिष्कदेव, कल्पवासीदेव, मनुष्य और पशु गण बैठकर भगवान्का धर्मोपदेश सुनते हैं। ये बारह सभावर्त्ती जीव ही भगवान्के द्वादश गण कहलाते हैं। (३,२०)

५–**दिव्य अतिशय**—भगवान्के पवित्र-सान्निध्यका यह दिव्य अतिशय बतलाया गया है कि जन्मान्ध लोग भी देखने लगते हैं, बहरे मनुष्य सुनने लगते हैं, गूंगे बोलने लगते हैं और पंगुजन भले प्रकारसे गमन करने लगते हैं। (३, २०)

६–**सुस्वप्नदर्शी**—जब तीर्थंकर भगवान् माताके गर्भमें आते हैं, तब उसके पूर्व ही माताको १६ स्वप्न दिखाई देते हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं:—१ ऐरावत गज, २ बैल, ३ सिंह, ४ लक्ष्मी, ५ दो मालाएं, ६ चन्द्रमा, ७ सूर्य, ८ मीन-युगल, ९ पूर्णघट, १० कमलयुक्त सरोवर, ११ समुद्र, १२ सिंहासन, १३ देव-विमान, १४ नागभवन, १५ रत्नराशि और १६ निर्धूम अग्नि। इन सोलह स्वप्नोंको देखनेके अनन्तर माताको ऐरावत हाथी मुखमें प्रवेश करता हुआ दिखाई देता है। उपर्युक्त सुन्दर स्वप्नोंको दिखानेके कारण लोग भगवान्को सुस्वप्नदर्शी कहते हैं। (३,२२)

७–**पद्मभू**—गर्भकालमें माताके गर्भाशयमें भगवान्के पुण्य-प्रभावसे एक दिव्य कमलकी रचना होती है। उस कमलकी कर्णिका पर एक सिंहासनकी सृष्टि होती है, उसपर विराजमान गर्भ गत भगवान् वृद्धिको प्राप्त होते हैं, इसलिए लोग उन्हें पद्मभू, अब्जभू आदि नामोंसे पुकारते हैं। (३,२६)

८–**चारणर्षि**—क्रिया विषयक ऋद्धि दो प्रकारकी होती है:—चारणऋद्धि और आकाशगामित्व ऋद्धि। अग्निकी शिखा, जलका उपरितल, वृक्षोंके पत्र, पुष्प और फल आदिका आलम्बनकर उनके संस्पर्शके विना ही अधर-गमन करनेको चारणऋद्धि कहते हैं। बैठे-बैठे ही अथवा खड़े-खड़े ही निराधार आकाशमें गमन करनेको आकाशगामित्वऋद्धि कहते हैं। इस ऋद्धिवाले साधु विना पैरोंके चलाये हुए ही पक्षियोंके

समान आकाशमें उड़ते चले जाते हैं, और पृथ्वीपर पैरोंके उठाने-रखनेके समान आकाशमें पाद-निक्षेप करते हुए भी गमन करते हुए जाते हैं। जिन साधुओंको ये दोनों प्रकारकी अथवा एक प्रकारकी ऋद्धि प्राप्त होती है, उन्हें चारणर्षि कहते हैं। (३,४३) (८,६)

९-**शक्रारब्धानन्द नृत्य और इन्द्रनृत्यन्तपित्रक**—इन दो नामोंके द्वारा यह सूचित किया गया है कि सौधर्म-इन्द्र दो बार स्वयं नृत्य करता है। एक बार तो मेरुशिखर पर जन्माभिषेकके पश्चात् भगवानके आगे और दूसरी भगवान् माताको सौंपकर तदनन्तर भगवान्के पिताके सामने। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अन्य अवसरोंपर इन्द्र स्वयं नृत्य नहीं करता है, किन्तु उसके आदेशसे अन्य देव या देवियां नृत्य करती हैं।

१०-**देवर्षि**—देवोंके समान आकाशमें गमन करनेवाले ऋषियोंको देवर्षि कहते हैं। (६,२०) तथा देवोंमें जो ऋषियोंके समान ब्रह्मचारी रहते हैं, सदा तत्त्व-चिन्तन करते हुए परम उदासीन जीवन-यापन करते हैं और तीर्थंकरोंके निष्क्रमण कल्याणकके अवसर पर उन्हें सम्बोधनके लिए आते हैं, ऐसे लौकान्तिक देवोंको भी देवर्षि कहते हैं। (३, ५८)

११-**कुबेरनिर्मितास्थान**—समवसरणमें मानस्तम्भ, सरोवर, प्राकार, कोट, खाई, वापी, वाटिका, नाट्यशाला, कल्पवृक्ष, स्तूप, आदिकी रचना होती है। इन्द्रके आदेशसे कुबेर पूर्ण वैभवसे उसे सज्जित करता है, इसलिए समवसरण कुबेर-निर्मित-आस्थान कहलाता है। (३, ६१)

१२-**सत्यशासन**—भगवान्का शासन अर्थात् धर्मोपदेश पूर्वापर विरोधसे रहित होता है, अतएव वह सत्यशासन कहलाता है। पर-मतावलम्बियोंका शासन पूर्वापर-विरुद्ध होता है। वे एक स्थलपर जो बात कहते हैं, दूसरे स्थलपर उससे बिलकुल विपरीत कहते हैं। जैसे—ब्राह्मणको नहीं मारना चाहिए, शराब नहीं पीना चाहिए, ब्रह्मचर्यसे रहना चाहिए, इत्यादि कहकर भी अन्यत्र कहते हैं कि ब्रह्म-प्राप्तिके लिए ब्राह्मणको मारे, सौत्रामणि यज्ञमें शराबके पीनेमें कोई पाप नहीं, गोसव यज्ञके अन्तमें माता और बहिनके साथ भी भोग कर सकता है, इत्यादि। एक बार कहते हैं कि जो तिलभर भी मांस खाता है, वह नरकमें जाता है, दूसरी बार कहते हैं कि श्रोत्रिय ब्राह्मणके आतिथ्यके लिए बैलका वध करे, आदि। एक बार कहते हैं कि किसी भी प्राणीको नहीं मारना चाहिए, दूसरे स्थलपर कहते हैं कि ये पशु यज्ञके लिए ही बनाये गये हैं, इत्यादि। अतएव उनके शासनको सत्य नहीं माना जा सकता है। (४, २०)

१३-**त्रिभंगीश**—इस नामकी व्याख्यामें बताया गया है संसारी जीवोंको परभव-सम्बन्धी आयुका बन्ध त्रिभागमें होता है और ऐसे अवसर एक जीवके मुख्यमान आयुके भीतर आठ बार आते हैं। कल्पना कीजिए कि किसी जीवकी वर्तमान भवकी आयु ६५६१ वर्षकी है। इसमें तीनका भाग देनेपर जब दो भाग व्यतीत हो जावें और एक भाग-प्रमाण २१८७ वर्ष शेष रहें तब प्रथम बार आगामी भवसम्बन्धी आयुके बन्धका अन्तर्मुहूर्त तक अवसर आता है। यदि किसी कारणसे उस समय आयु-बन्ध न हो सके, तो उक्त अवशिष्ट आयुके भी जब दो भाग बीत जावें और ७२९ वर्ष-प्रमाण एक त्रिभाग शेष रहे, तब आगामी आयुके बन्धका अवसर आवेगा। यदि इसमें भी आयुका बन्ध न हो सके तो पुनः २४३ वर्ष वर्त्तमान आयुके शेष रहने पर आगामी आयु-बंधनेका अवसर आवेगा। तदनन्तर ८१ वर्ष, २७ वर्ष, ९ वर्ष, ३ वर्ष और १ वर्ष शेष रहने पर आगामी आयुके बँधनेके अवसर प्राप्त होंगे। यदि इन आठों ही अवसरोंमें परभवकी आयुका बन्ध न होवे, तो मरणके समय आसंक्षेपाद्धा काल शेष रहने पर नियमसे परभवकी आयुका बन्ध हो जाता है। इस प्रकारकी त्रिभंगीके उपदेशा होनेसे भगवान् त्रिभंगीश कहलाते हैं। (४, ८४)

१४-**ऋद्धीश**—तपोबलसे जो बौद्धिक, शारीरिक, वाचिक या मानसिक विशिष्ट शक्ति प्राप्त होती है, उसे ऋद्धि कहते हैं। ये ऋद्धियाँ बुद्धि, क्रिया, विक्रिया, तप, बल, औषध, रस और क्षेत्रके भेदसे आठ प्रकारकी होती हैं। इनमेंसे बुद्धि ऋद्धिके अठारह भेद हैं—१ केवलज्ञान, २ मनः पर्ययज्ञान,

३ अवधिज्ञान, ४ बीजबुद्धि, ५ कोष्ठबुद्धि, ६ पदानुसारित्व, ७ संभिन्न संश्रोतृत्व, ८ दूरास्वादनत्व, ९ दूरस्पर्शनत्व, १० दूरदर्शनत्व, ११ दूराघ्राणत्व, १२ दूरश्रवणत्व, १३ दशपूर्वित्व, १४ चतुर्दशपूर्वित्व, १५ अष्टांगमहानिमित्तकुशलत्व, १६ प्रज्ञाश्रमणत्व, १७ प्रत्येकबुद्धत्व और १८ वादित्व।

इनका संक्षेपमें अर्थ इस प्रकार जानना चाहिए:—

१ केवलज्ञान—त्रैकालिक सर्व पदार्थोंके अनन्त गुण-पर्यायोंको युगपत् जानना।

२ मनःपर्ययज्ञान—पर-मनोगत पदार्थको स्पष्ट जानना।

३ अवधिज्ञान—रूपी पदार्थोंको द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी अपेक्षा स्पष्ट जानना।

४ बीजबुद्धि—एक बीज पद सुनकर समस्त ग्रन्थको जान लेना।

५ कोष्ठबुद्धि—विभिन्न प्रकारके तत्त्वोंका स्वबुद्धिमें व्यवस्थित रूपसे धारण करना।

६ पदानुसारित्व—किसी भी ग्रन्थ आदिके आदि, मध्य या अन्तके जिस किसी भी पदको सुनकर समस्त ग्रन्थके अर्थका अवधारण करना।

७ संभिन्नसंश्रोतृत्व—नौ योजन चौड़े और बारह योजन लम्बे चक्रवर्त्तीके कटकमें रहनेवाले हाथी, घोड़े, ऊंट, मनुष्य आदिकी नाना प्रकारकी बोलियोंको स्पष्ट रूपसे पृथक् सुननेकी शक्तिका प्राप्त होना।

८ दूरास्वादनत्व—सैकड़ों योजनकी दूरीपर स्थित रसके आस्वाद लेनेकी शक्तिका प्राप्त होना।

९ दूरस्पर्शनत्व—अनेक सहस्र योजन दूरस्थ पदार्थके छूनेकी शक्तिका प्राप्त होना।

१० दूरदर्शनत्व—सहस्रों योजन दूरस्थ पदार्थोंके देखनेकी शक्तिका प्राप्त होना।

११ दूराघ्राणत्व—सहस्रों योजन दूरवर्त्ती गन्धके सूंघनेकी शक्तिका प्राप्त होना।

१२ दूरश्रवणत्व—सहस्रों योजन दूरके शब्दको सुननेकी शक्तिका प्राप्त होना।

१३ दशपूर्वित्व—आचारांगादि दश पूर्वोंका ज्ञान प्राप्त होना।

१४ चतुर्दशपूर्वित्व—चौदह पूर्वोंका ज्ञान प्राप्त होना।

१५ अष्टांगमहानिमित्तकुशलत्व—अन्तरिक्ष, भौम, अंग, स्वर, व्यञ्जन, लक्षण, छिन्न और स्वप्न; इन आठके आधार पर भविष्यत्कालमें होनेवाले हानि-लाभको जाननेकी शक्तिका प्राप्त होना।

१६ प्रज्ञाश्रमणत्व—परम प्रतिभाशालिनी बुद्धिका प्राप्त होना।

१७ प्रत्येकबुद्धत्व—विना किसी अन्यके उपदेशके स्वयं ही प्रबोधको प्राप्त होना।

१८ वादित्व—महावादियोंको भी शास्त्रार्थमें हरानेकी शक्तिका प्राप्त होना।

(२) **क्रियाऋद्धिके दो भेद हैं:**—जंघादिचारणत्व और आकाशगामित्व। इनमेंसे जंघादिचारणत्वके नौ भेद हैं:—

१ जंघाचारणत्व—भूमिके चार अंगुल ऊपर आकाशमें गमन करना।

२ श्रेणिचारणत्व—आकाश प्रदेशपंक्तिके अनुसार अधर गमन करना।

३ अग्निशिखाचारणत्व—अग्निकी शिखाके ऊपर गमन करना।

४ जलचारणत्व—जलके ऊपर उसे विना स्पर्श किये ही गमन करना।

५ पत्रचारणत्व—पत्तेके ऊपर उसे विना स्पर्श किये ही गमन करना।

६ फलचारणत्व—फलके ऊपर उसे विना स्पर्श किये ही गमन करना।

७ पुष्पचारणत्व—पुष्पके ऊपर उसे विना स्पर्श किये ही गमन करना।

८ बीजचारणत्व—बीजके ऊपर उसे विना स्पर्श किये गमन करना।

९ तन्तुचारणत्व—तन्तुके ऊपर उसे विना स्पर्श किये ही गमन करना।

आकाशगामित्व—पैरोंके उठाने या रखनेके विना ही आकाशमें गमन करना, पग रखते हुए गमन करना, पद्मासन या खड्गासनसे अवस्थित दशामें ही आकाशमें गमन करना।

(३) **विक्रिया ऋद्धिके**– अणिमा आदि अनेक भेद हैं।

१ अणिमा—शरीरको अत्यन्त छोटा बना लेना। कमलनालमें भी प्रवेश कर जाना; उसमें रहकर चक्रवर्तीकी विभूतिको बना लेना।

२ महिमा—सुमेरुपर्वतसे भी बड़ा शरीर बना लेना।

३ लघिमा—शरीरको वायु या आककी रुईसे भी हलका बना लेना।

४ गरिमा—शरीरको वज्रसे भी भारी बना लेना।

५—प्राप्तिः—भूमि पर स्थित रहते हुए भी अंगुलिके अग्रभागसे सुमेरुकी शिखर, सूर्य, चन्द्र आदिके स्पर्श करनेकी शक्तिको प्राप्त करना।

६ प्राकाम्य—जलमें भूमिकी तरह चलना, भूमिपर जलके समान डूबना, उछलना और अनेक जातिके क्रिया, गुण, द्रव्यादिका बनाना।

७ ईशत्व—तीन लोक पर शासन करनेकी शक्तिका पाना।

८ वशित्व—सर्व जीवोंको वशमें करनेकी शक्तिका पाना।

९ अप्रतीघात—बिना किसी रुकावटके पर्वत आदिके मध्यमें चले जाना।

१० अन्तर्धान—अदृश्य रूपको बनानेकी शक्तिका पाना।

११ कामरूपित्व—इच्छानुसार नाना प्रकारके रूपोंको बनानेकी शक्तिका पाना।

(४) **तप ऋद्धिके सात भेद हैं**:—१ उग्रतप, २ दीप्ततप, ३ तप्ततप, ४ महातप, ५ घोरतप, ६ घोरपराक्रमत्व और ७ घोरगुण ब्रह्मचारित्व। इनमें उग्रतपके दो भेद हैं:—उग्रोग्रतप और अवस्थितोग्रतप।

१ उग्रतप—जो एक उपवास करके पारणाके पश्चात् दो दिन उपवास करते हैं, पुनः पारणा करके तीन दिनका उपवास ग्रहण करते हैं। पुनः पारणा करके चार दिनका उपवास ग्रहण करते हैं। इसप्रकार जीवनपर्यन्त एक-एक दिनका उपवास बढ़ाते हुए विचरनेको उग्रोग्रतप कहते हैं। जो दीक्षा दिवसके उपवासके पश्चात् पारणा करके एक उपवास और एक पारणा करते हुए विचरते हैं, उन्हें यदि किसी कारणवश पारणाके दिन आहारका लाभ न हो, और दो उपवास लगातार हो जायें, तो वे निरन्तर वेला यानी दो उपवासके पश्चात् पारणा करते हुए विचरते हैं। यदि किसी दिन पारणा न हो और लगातार तीन उपवास हो जांय, तो वे पुनः तेलाके अनन्तर ही पारणा करते हुए विचरते हैं, इसप्रकार आगे भी अवस्थित रूपसे उपवास और पारणाके साथ तपश्चरण करनेको अवस्थितोग्रतप कहते हैं। उक्त दोनों प्रकारके उग्रतप करनेवाले साधु अपनी तपश्चर्याको बढ़ाते ही जाते हैं, पीछे कभी नहीं मुड़ते।

२ दीप्ततप—महोपवास करने पर भी जिनका शारीरिक, वाचनिक और मानसिक बल प्रवर्धमान रहता है, मुखसे दुर्गन्ध नहीं आती, प्रत्युत कमलके समान सुगन्धित निःश्वास निकलता है, ज्यों-ज्यों तपश्चर्या बढ़ती जाती है, त्यों-त्यों जिनका शरीर उत्तरोत्तर प्रभा और कान्तिसे युक्त होता जाता है, ऐसे महान् तपको दीप्त तप कहते हैं।

३ तप्ततप—तपे हुए तवे पर गिरी हुई जलकी बिन्दु जैसे तत्काल सूख जाती है, इसी प्रकार उपवासके अनन्तर अल्प आहारके ग्रहण करते ही उसका रस रुधिर आदिके रूपसे परिणत हो जाना और मल-मूत्रादिका न होना तप्ततप कहलाता है।

४ महातप—पक्ष, मास, चतुर्मास, छह मास और एक वर्षका उपवास करना महातप है। इस महातपके अनुष्ठायी अर्हीयर्द्धि, सर्वौषधर्द्धि आदि अनेक ऋद्धियोंसे युक्त होते हैं।

५ घोरतप—वात, पित्तादिके प्रकुपित हो जानेसे अनेक प्रकारके रोग हो जानेपर भी अनशनादि तपोंके अनुष्ठानमें दृढ़ रहना घोर तप कहलाता है। इस तपके करनेवाले तपस्वी बड़ीसे बड़ी बीमारी हो

जानेपर भी यदि अनशन तप कर रहे हों, तो छह मास तकका उपवास कर डालते हैं, अवमोदर्य तप करते हुए एक ग्रास आहार पर ही वर्षों बसर कर लेते हैं, वृत्तिपरिसंख्यान तप करते हुए तीन-चार घरसे अधिक नहीं जाते, रसपरित्याग तप करते हुए केवल उष्ण जल और चावल पर जीवन निर्वाह कर लेते हैं, विविक्त-शय्यासन तपकी अपेक्षा भयानक श्मशानोंमें, पर्वतोंकी कन्दराओं और गुफाओंमें, सिंह, चीता, व्याघ्रादिसे भरे वनोंमें जीवन-पर्यन्त रहते हैं और आतप, वर्षा और शीतका प्रबल कायक्लेश सहन करते हैं।

६ घोरपराक्रमत्व—जो घोर तपस्वी साधु गृहीत तपको उत्तरोत्तर बढ़ाते रहते हैं और उसके द्वारा वे ऐसे पराक्रमको प्राप्त करते हैं कि जिसके द्वारा यदि वे चाहें, तो भूमंडलको उलट-पुलट कर दें, पर्वतोंको भी चला दें, सागरको भी सुखा दें और अग्नि, जल तथा पाषाणकी भी वर्षा कर देवें। ऐसे महान् तपको घोरपराक्रमतप कहते हैं।

७ घोरगुणब्रह्मचारित्व—चिरकाल तक तपश्चरण करते हुए अस्खलित ब्रह्मचारी रहना, दुःस्वप्नोंका नहीं आना, जिनके तपोमाहात्म्यसे भूत, प्रेत, डाकिनी-शाकिनी आदि तुरन्त भाग जायँ, बड़ी-बड़ी बीमारियाँ शान्त हो जायँ और वैर, कलह तथा दुर्भिक्षादि भी मिट जायँ, ऐसे महान् तपको घोर गुणब्रह्मचारित्व कहते हैं।

५ **बल ऋद्धिके** तीन भेद हैं—मनोबल, वचनबल, और कायबल।

मनोबल—अन्तर्मुहूर्तमें सम्पूर्ण द्वादशांग श्रुतके अर्थ-चिन्तनकी सामर्थ्यका पाना।

वचनबल—अन्तर्मुहूर्तमें सकल श्रुतके पाठ करनेकी शक्तिका प्राप्त करना।

कायबल—एक मास, चार मास, छह मास और एक वर्ष तक कायोत्सर्ग करके प्रतिमा योगको धारण करनेपर भी क्लेश-रहित रहना और कनीयसी (छोटी) अँगुलीके द्वारा तीनों लोकोंको उठाकर अन्यत्र रखनेकी सामर्थ्यका होना।

(६) **औषधि ऋद्धिके** आठ भेद हैं—१ आमर्श, २ क्ष्वेल, ३ जल्ल, ४ मल, ५ विट्, ६ सर्वौषधिप्राप्त, ७ आस्याविष, ८ दृष्टयाविष।

१ आमर्श—हस्त, पाद आदिके स्पर्शसे रोगियोंके रोगोंका दूर हो जाना।

२ क्ष्वेल—निष्ठीवन (थूक) कफ, लार आदिके संयोगसे रोगियोंके रोगोंका नष्ट हो जाना।

३ जल्ल—प्रस्वेद (पसेव या पसीना) के आश्रयसे संचित रजोमलके द्वारा रोगियोंके रोगोंका नष्ट हो जाना।

४ मल—कान, नाक, दाँत और आँखके मलसे रोगियोंके रोगोंका दूर हो जाना।

५ विट्—विष्ठा, मूत्र, शुक्र आदिके संयोगसे रोगियोंके रोगोंका दूर हो जाना।

६ सर्वौषधिप्राप्त—शरीरके अंग-प्रत्यंग आदि किसी भी अवयवके संस्पर्शसे, अथवा अवयव-संस्पृष्ट वायुके संस्पर्शसे रोगियोंके रोगोंका दूर हो जाना।

७ आस्याविष—उग्र विषसे मिश्रित भी आहार जिनके मुखमें जाते ही निर्विष हो जाय, अथवा जिनके वचनोंको सुनकर महान् विषसे व्याप्त भी पुरुष विष-रहित हो जायें।

८ दृष्टयाविष—जिनके अवलोकन मात्रसे ही जीवोंके शरीरमें व्याप्त भयंकरसे भी भयंकर विष दूर हो जाय। अथवा दृष्टिविष सर्पादिकोंका विष जिनकी दृष्टिसे दृष्टि मिलाते ही दूर हो जाय।

(७) **रस ऋद्धिके** छह भेद हैं—१ आस्यविष, २ दृष्टिविष, ३ क्षीरास्रावी, ४ मध्वास्रावी, ५ सर्पिरास्रावी और ६ अमृतास्रावी।

१ आस्यविष—क्रोधावेशमें किसी प्राणीसे 'मर जाओ' ऐसा कहनेपर तत्काल उसका मरण हो जाय, ऐसी सामर्थ्यका प्राप्त होना।

२ दृष्टिविष—क्रोधावेशमें जिसकी ओर देखें उसका तत्क्षण मरण हो जाय।

३ क्षीरास्रावी—जिनके हाथमें रखा हुआ नीरस भी भोजन दूधके समान स्वादयुक्त हो जाय। अथवा जिनके वचन श्रोताओंको दूधके समान सन्तोष और पोषणको देवें।

४ मध्वास्रावी—जिनके हाथमें रखा हुआ नीरस भी भोजन मधुके समान मिष्ट हो जाय। अथवा जिनके वचन श्रोताओंको मधुके समान मिष्ट प्रतीत हों।

५ सर्पिरास्रावी—जिनके हाथमें रखा हुआ नीरस भी भोजन घीके समान स्वादयुक्त हो जाय। अथवा जिनके वचन श्रोताओंको घीके समान मधुर प्रतीत हों।

६ अमृतास्रावी—जिनके हाथमें रखा हुआ रूखा भी भोजन अमृतके स्वाद-समान परिणत हो जाय। अथवा जिनके वचन श्रोताओंको अमृत-तुल्य प्रतीत हों।

(८) क्षेत्रऋद्धिके दो भेद हैं—अक्षीण महानस ऋद्धि और अक्षीणमहालय ऋद्धि।

१ अक्षीणमहानस ऋद्धि—इस ऋद्धिके धारक साधु जिस रसोई घरमें भोजन कर आवें, उस दिन उसके यहाँ चक्रवर्त्तीके परिवारके भोजन कर लेनेपर भी भोजनकी कमीका न होना।

२ अक्षीणमहालय ऋद्धि—इस ऋद्धिके धारक साधु जिस मठ, वसतिका आदि स्थानपर बैठे हों, वहाँ पर समस्त, देव, मनुष्य, तिर्यंच आदिके निवास करने पर भी स्थानकी कमीका न होना।

इस प्रकार बुद्धिऋद्धिके १८, क्रियाऋद्धिके १०, विक्रियाऋद्धिके ११, तपोऋद्धिके ८, बलऋद्धिके ३, औषधिऋद्धिके ८ और रसऋद्धिके ६ ये सब भेद मिलाने पर (१८+१०+११+८+३+८+६ = ६४) चौंसठ भेद हो जाते हैं। जिनेन्द्र भगवान् इन सभी ऋद्धियोंके और ऋद्धिधारक साधुओंके स्वामी होते हैं, अतएव उन्हें ऋद्धीश कहते हैं। (५, ६६)

१५–योगी—जिसके योग पाया जाय, उसे योगी कहते हैं। ध्यानकी अष्टांग सामग्रीको योग कहते हैं। वे आठ अंग ये हैं :—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। हिंसादि पंच पापोंके यावज्जीवन त्यागको यम कहते हैं। कालकी मर्यादा सहित भोगोपभोग-सामग्रीके त्यागको नियम कहते हैं। चंचलता-रहित होकर स्थिरतापूर्वक बैठने या खड़े रहनेको आसन कहते हैं। श्वासोच्छ्वासके निरोधको प्राणायाम कहते हैं। मनको पाँचों इन्द्रियोंके विषयोंसे हटाकर ललाटपट्ट पर 'अर्ह' अक्षरके ऊपर लगानेको प्रत्याहार कहते हैं। आर्त्त-रौद्र परिणामोंका परित्याग कर आत्मकल्याणके चिन्तनको ध्यान कहते हैं। आत्मस्वरूपमें स्थिर होनेको समाधि कहते हैं। इस प्रकारकी समाधिके प्राप्त करनेके लिए जो विशेष चिन्तवन किया जाता है, उसे धारणा कहते हैं। उस धारणाके ५ भेद हैं :—पार्थिवीधारणा, आग्नेयीधारणा, मारुतीधारणा, वारुणीधारणा और तात्त्विकी धारणा।

(१) पार्थिवीधारणाका स्वरूप—इस मध्यलोकको क्षीरसमुद्रके समान निर्मल जलसे भरा हुआ चिन्तवन करे। पुनः उसके बीचमें जम्बूद्वीपके समान एक लाख योजन चौड़ा, एक हजार पत्तोंवाला तपाये हुए स्वर्णके समान चमकता हुआ एक कमल विचारे। कमलके मध्यमें कर्णिकाके समान सुवर्णमयी सुमेरु पर्वत चिन्तवन करे। उसके ऊपर पांडुकवनमें पांडुक शिलापर स्फटिक मणिमयी सिंहासन विचारे। फिर यह सोचे कि उस सिंहासन पर मैं आसन लगाकर इसलिए बैठा हूं कि अपने कर्मोंको जलाकर आत्माको पवित्र कर डालूँ। इस प्रकारके चिन्तवन करनेको पार्थिवीधारणा कहते हैं।

(२) आग्नेयी धारणाका स्वरूप :—उसी सुमेरु पर्वतके ऊपर बैठा हुआ वह ध्यानी अपनी नाभिके भीतर ऊपरकी ओर उठा हुआ, एवं खिले हुए सोलह पत्तोंका सफेद कमल विचारे। उसके प्रत्येक पत्तेपर पीतवर्णके सोलह स्वर (अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः) लिखे हुए विचारे। इस कमलके मध्यमें श्वेतवर्णकी कर्णिका पर 'हं' अक्षर लिखा हुआ सोचे। पुनः

दूसरा कमल ठीक इस कमलके ऊपर औंधा नीचेकी ओर मुख किये फैले हुए आठ पत्तोंवाला सोचे। इसका धुंआ जैसा कुछ मैला रंग विचारे। इसके प्रत्येक पत्तेपर क्रमशः काले रंगसे लिखे हुए ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय इन आठ कर्मोंको विचारे। पुनः नाभिकमलके बीचमें जो 'हैं' लिखा है, उसके रेफसे धुँआ निकलता विचारे। पुनः धीरे-धीरे उससे अग्निकी शिखाको निकलती हुई विचारे। यह अग्निकी शिखा बढ़ती हुई ऊपरको आकर आठ कर्म दलवाले कमलको जला रही है, ऐसा विचारे। फिर वह अग्निकी शिखा कमलका मध्यभाग जलाकर ऊपर मस्तक पर आ जावे और उसकी एक लकीर दाहिनी ओर आ जावे। फिर नीचेकी ओर आकर दोनों कोनोंको मिलाकर एक अग्निमयी लकीर बन जावे अर्थात् अपने शरीरके बाहर तीन कोनका अग्निमंडल व्याप्त हो गया है, ऐसा विचारे। इस त्रिकोण अग्निमंडलकी तीनों लकीरोंमें र र र र अग्निमय लिखा विचारे। फिर इस त्रिकोणके बाहर तीनों कोनोंपर साथियाको अग्निमयी सोचे। भीतरी तीनों कोनोंमें 'अर्हं' ऐसा अग्निमय लिखा हुआ विचारे। फिर यह सोचे कि भीतर तो आठ कर्मोंको और बाहर इस शरीरको यह अग्निमंडल जला रहा है, जलाते-जलाते सर्व कर्म वा शरीर राख हो गये हैं और अग्नि धीरे-धीरे शान्त हो रही है और आत्मा स्फटिक बिम्बसदृश दिखाई दे रहा है। इस प्रकारके चिन्तवन करनेको आग्नेयी-धारणा कहते हैं।

(३) मारुती धारणाका स्वरूपः—फिर वही ध्यानी ऐसा चिन्तवन करे कि चारों ओर बड़े जोरसे निर्मल वायु बह रही है और मेरे चारों तरफ वायुने एक गोल मंडल बना लिया है! उस मंडलमें आठ जगह घेरेमें 'सार्वं सार्वं' सफेद रंगसे लिखा हुआ है। वह वायु कर्म व शरीरकी भस्मको उड़ा रही है और आत्माको स्वच्छ कर रही है। इस प्रकारके चिन्तवन करनेको मारुती धारणा कहते हैं।

(४) वारुणी धारणाका स्वरूपः—फिर वह ध्यानी ऐसा विचार करे कि आकाशमें मेघोंके समूह आ गये, बिजली चमकने लगी, बादल गरजने लगे और खूब जोरसे पानी बरसने लगा है। अपनेको बीचमें बैठा हुआ विचारे और अपने ऊपर अर्धचन्द्राकार पानीका मंडल विचारे। उसे 'प प प प' जलके बीजाक्षरसे लिखा हुआ चिन्तवन करे और यह सोचे कि यह जल मेरे आत्मापर लगी हुई रखको धोकर साफ कर रहा है और मेरा आत्मा स्वच्छ दर्पणवत् निर्मल हो रहा है। ऐसा विचार करनेको वारुणी धारणा कहते हैं।

(५) तात्त्विकी धारणाका स्वरूप—तदनन्तर वह ध्यानी चिन्तवन करे कि मैं समवसरणके मध्य-वर्ती सिंहासनपर बैठा हुआ हूं, मेरा आत्मा केवलज्ञानसे मंडित है, कोटि सूर्य चन्द्रकी कान्तिको तिरस्कृत कर रहा है और द्वादश सभाके सर्व जीव मुझे नमस्कार कर रहे हैं। अब मैं शुद्ध, बुद्ध, कृतकृत्य, परम वीतराग सर्वज्ञ हो गया हूँ। मेरा आत्मा अखंड चैतन्य-पिंड स्वरूप है, अनन्त गुणोंका धाम है और मैं अब सर्वथा निर्लेप, अजर, अमर पदको प्राप्त हो गया हूँ। इस प्रकारके चिन्तवन करनेको तात्त्विकीधारणा कहते हैं। (६, १)

१६–करणनायक—आत्माके जो परिणाम कर्मोंकी स्थिति और अनुभागका घात करनेमें सहायक होते हैं, उन्हें करण कहते हैं। उनके तीन भेद हैं:—अधः प्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनि-वृत्तिकरण। जब जीव सम्यक्त्व, देश संयम, सकल संयम, उपशम श्रेणी या क्षपक श्रेणीको प्राप्त करनेके लिए उद्यत होता है, तब वह इन्हीं तीनों परिणामविशेषोंके द्वारा अपना अभीष्ट सिद्ध करता है। जिस समय जीवके परिणाम प्रतिक्षण उत्तरोत्तर विशुद्धिको लिए हुए बढ़ते हैं और आगे-आगेके समयोंमें उनकी विशुद्धिता बराबर बढ़ती जाती है, परन्तु फिर भी जो उपरितन समयवर्ती परिणाम अधस्तन समयवर्ती जीवोंके साथ समता लिए हुए पाये जाते हैं, उन्हें अधः प्रवृत्तकरण कहते हैं। जिन परिणामोंमें विशुद्धि उत्तरोत्तर अनन्तगुणी अपूर्वता लिए हुए पाई जाती है और जिसके द्वारा प्रतिक्षण कर्मोंकी असंख्यातगुणी निर्जरा होने लगती है, तथा उनकी स्थिति और अनुभाग भी बड़ी तेजीसे घटने लगते हैं, ऐसे परिणामोंको अपूर्वकरण कहते हैं। इसके अनन्तर वेही परिणाम जब और भी अधिक विशुद्धिको लेकर बढ़ते हैं और

जिनके द्वारा कर्मोंकी स्थिति और अनुभागका घात होने लगता है, तथा जिनके द्वारा ही जीव सम्यक्त्व, देशसंयम, सकलसंयम आदिको प्राप्त करता है, ऐसे विशिष्ट परिणामोंको अनिवृत्तिकरण कहते हैं। भगवान्‌ने ऐसे विशिष्ट जातिके करण-परिणामोंका प्रवर्त्तन किया है, इसलिए उन्हें करणापायक कहते हैं। (६, १६)

१७–**निर्ग्रन्थनाथ** – सर्व बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रहसे रहित साधुओंको निर्ग्रन्थ कहते हैं। निर्ग्रन्थ साधुओंके चार भेद हैं—१ ऋषि, २ यति, ३ मुनि और ४ अनगार। ऋद्धि सम्पन्न साधुओंको ऋषि कहते हैं। अवधि, मनः पर्यय और केवलज्ञानी साधुओंको मुनि कहते हैं। कषायोंके उपशमन या क्षपण करनेवाले साधुओंको यति कहते हैं और जो घर छोड़कर वनमें निवास करते हैं, तथा शुद्ध मूलगुण और उत्तरगुणोंका पालन करते हैं, उन्हें अनगार कहते हैं। भगवान् इन चारों ही प्रकारके साधुओंके नाथ हैं, अतः उन्हें निर्ग्रन्थनाथ कहते हैं। (६, २०)

१८–**महाशील** शीलके अठारह हजार भेदोंके धारण करनेसे भगवान्‌को शीलेश या महाशील नामसे पुकारते हैं। शीलके अठारह हजार भेद इस प्रकार निष्पन्न होते हैं:—अशुभ मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिको शुभ मन, वचन, कायके द्वारा रोकनेसे (३ × ३-९) नौ भेद होते हैं। इन नौ भेदोंको आहार, भय, मैथुन और परिग्रहरूप चारों संज्ञाओंके परित्यागसे गुणित करनेपर (९ × ४ = ३६) छत्तीस भेद हो जाते हैं। इन्हें पाँचों इन्द्रियोंके निरोधसे गुणित करनेपर (३६ × ५ = १८०) एकसौ अस्सी भेद हो जाते हैं। इन्हें पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञिपंचेन्द्रिय और संज्ञिपंचेन्द्रिय इन दश प्रकारके जीवोंकी रक्षाके द्वारा गुणित करनेसे (१८० × १० = १८००) अठारहसौ भेद हो जाते हैं। उन्हें उत्तम क्षमादि दश धर्मोंसे गुणित करने पर (१८०० × १० = १८०००) अठारह हजार शीलके भेद हो जाते हैं। कुछ आचार्योंके मतसे अन्य प्रकार अठारह हजार भेद उत्पन्न होते हैं—स्त्रियाँ तीन जातिकी होती हैं। दैवी, मानुषी और तिरश्ची। इनका मन, वचन कायसे त्याग कहने पर (३ × ३ = ९) नौ भेद होते हैं। इन्हें कृत, कारित अनुमोदनासे गुणा करने पर (९ × ३ = २७) सत्ताईस भेद होते हैं। इन्हें पाँचों इन्द्रियोंके पाँचों विषयोंसे गुणित करने पर (२७ × ५ = १३५) एकसौ पैंतीस भेद हो जाते हैं। इन्हें द्रव्य और भावसे गुणित करने पर (१३५ × २ = २७०) दो सौ सत्तर भेद हो जाते हैं। इन्हें चार संज्ञाओंके त्यागसे गुणा करने पर (२७० × ४ = १०८०) एक हजार अस्सी भेद हो जाते हैं। इन्हें अनन्तानुबन्धी आदि सोलह कषायके त्यागसे गुणित करने पर (१०८० × १६=१७२८०) सत्तरह हजार दो सौ अस्सी भेद हो जाते हैं। ये चेतन स्त्री-सम्बन्धी भेद हुए। अचेतन स्त्री काष्ठ, पाषाण और लेपके भेदसे तीन प्रकारकी होती हैं। इन तीनका मन और कायसे त्याग करने पर (३ × २ = ६) छह भेद हो जाते हैं। उनका कृत, कारित, अनुमोदनासे त्याग करने पर (६ × ३ = १८) अठारह भेद हो जाते हैं। उन्हें स्पर्श आदि पाँच विषयोंसे त्याग करने पर (१८ × ५ = ९०) भेद होते हैं। उन्हें द्रव्य-भावसे गुणा करने पर (९० × २ = १८०) एक सौ अस्सी भेद होते हैं। उन्हें क्रोधादि चार कषायोंसे त्याग करने पर (१८० × ४ = ७२०) सात सौ अस्सी भेद अचेतन स्त्रीके त्याग सम्बन्धी होते हैं। इस प्रकार चेतन स्त्री-त्याग सम्बन्धी १७२८० भेदोंमें इन ७२० भेदोंके मिला देनेपर कुल १८००० शीलके भेद हो जाते हैं। (६, ३५। १०, ७२)

१९–**आचार्यपरमेष्ठीके ३६ गुण** –इस प्रकार बतलाये गये हैं—१ पंचाचारका धारण करना, २ संघ और श्रुतका धारण करना, ३ भोजन-पान, स्थान-शय्या आदिमें व्यवहारवान् होना, ४ शिष्योंके अवगुणोंको दूसरोंके सामने प्रगट न करना, ५ साधुके लज्जित होनेपर दोषका ढांकना, ६ अन्य साधुके सामने दूसरे साधुके दोष न कहना, ७ दूसरों के अभिभाषणमें सन्तुष्ट रहना, ८ किसी साधुके परीषहादिके न सह सकनेके कारण उद्विग्न या चल-चित्त होनेपर नाना प्रकारके सुन्दर उपदेश देकर उसे स्वधर्ममें स्थापित करना। ९ स्थितिकल्पी होनेपर भी वस्त्रका त्यागी रहना, १० अनुद्दिष्टाहारभोजी होना, ११ जिस ग्राममें निद्रा ले,

दूसरे दिन उस ग्राममें भोजन न करे, १२ विरक्तचित्त हो, १३ दीक्षा दिवससे लेकर नित्य ही समता-भाव-पूर्वक प्रतिक्रमण करना, १४ स्वयोग्य व्रतोंका धारण करना, १५ संघमें सबसे ज्येष्ठ होना, १६ पाक्षिक प्रत्याख्यान करने-करानेवाला होना, १७ षण्मासिक योगका धारण करनेवाला होना, १८ एक मासमें दो निषिद्याका अवलोकन करना। बारह तपोंको धारण करना और छह आवश्यकोंका पालना ये आचार्य परमेष्ठीके ३६ गुण कहे गये हैं। (६, ८६)

२०-**साधुपरमेष्ठीके २८ गुण**– दस सम्यक्त्वगुण, मत्यादि पाँच ज्ञानगुण और तेरह प्रकारका चारित्र, ये साधुके २८ गुण माने गये हैं। इनमेंसे सम्यक्त्वके दस गुण इस प्रकार हैं :—१ आज्ञासम्यक्त्व, २ मार्गसम्यक्त्व, ३ उपदेशसम्यक्त्व, ४ सूत्रसम्यक्त्व, ५ बीजसम्यक्त्व, ६ संक्षेपसम्यक्त्व, ७ विस्तारसम्यक्त्व, ८ अर्थसम्यक्त्व, ९ अवगाढसम्यक्त्व और १० परमावगाढसम्यक्त्व। इनका संक्षेपमें अर्थ इस प्रकार है :—

१ आज्ञासम्यक्त्व—वीतराग भगवान्‌की आज्ञाका ही दृढ़ श्रद्धान करना।
२ मार्गसम्यक्त्व—तिरेसठ शलाका पुरुषोंका चरित सुनकर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
३ उपदेशसम्यक्त्व—धर्मका उपदेश सुनकर सम्यक्त्वकी प्राप्ति होना।
४ सूत्रसम्यक्त्व—आचार-सूत्रको सुनकर सम्यक्त्वकी प्राप्ति होना।
५ बीजसम्यक्त्व—द्वादशांगके बीज पदोंको सुनकर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
६ संक्षेपसम्यक्त्व—तत्त्वोंको संक्षेपसे ही जानकर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
७ विस्तारसम्यक्त्व—विस्तारसे द्वादशांगको सुनकर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
८ अर्थसम्यक्त्व—परमागमके किसी प्रवचनके अर्थको सुनकर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
९ अवगाढसम्यक्त्व—अंगबाह्य प्रवचनका अवगाहन कर सम्यक्त्व उत्पन्न होना।
१० परमावगाढसम्यक्त्व—केवलज्ञानके साथ अत्यन्त अवगाढ़ सम्यक्त्व उत्पन्न होना।

मतिज्ञानादि पाँच ज्ञानगुण और पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तिरूप तेरह प्रकारका चारित्र सर्वविदित ही हैं। (६, ८६)

२१-**सागर**—यद्यपि यह भूतकालकी चौबीसीमेंसे दूसरे तीर्थंकरका नाम है, तथापि टीकाकारने निरुक्तिपूर्वक एक नवीन अर्थका उद्भावन किया है। वे कहते हैं कि गर नाम विषका है, जो गरके साथ रहे, उसे सगर कहते हैं। इस प्रकारकी निरुक्तिसे सगर शब्द धरणेन्द्रका वाचक हो जाता है। भगवान् तीर्थंकर उसके अपत्यके समान हैं, अतः उन्हें सागर कहते हैं। भगवान्‌को धरणेन्द्रका पुत्र कहनेका अभिप्राय यह बतलाया गया है कि जब तीर्थंकर भगवान् बाल-अवस्थामें होते हैं तब धरणेन्द्र उन्हें अपनी गोदमें लेकर सिंहासन पर बैठता है और पुत्रवत् प्यार करता है। (७, २)

२२-**निर्मल**—इस नामका अर्थ करते हुए बतलाया गया है कि तीर्थंकर, उनके माता-पिता, नारायण, प्रतिनारायण, चक्रवर्त्ती, बलभद्र, देव और भोगभूमियोंके आहार तो होता है, पर नीहार अर्थात् मल मूत्र नहीं होता है। (७, ६८)

२३-**रात्रिभोजनका फल**—जो मनुष्य रात्रिको भोजन करता है, वह विरूप, विकलांग, अल्पायु, सदारोगी, दुर्भागी और नीच कुलमें उत्पन्न होता है। (८, ६३)

२४-**रात्रिभोजनत्यागका फल**—जो पुरुष रात्रिके भोजनका सर्वथा त्याग करता है, वह सुरूप, सकलांग, दीर्घायु, सदा नीरोगी, सौभाग्य-सम्पन्न, उच्च कुलीन होता है और जगत्पति या तीर्थंकरके वैभव को प्राप्त होता है। (८, ६३)

२५-**पुरुषकी बहत्तर कलाएं**—कलानिधि नामकी व्याख्या करते हुए श्रुतसागर सूरिने पुरुषकी बहत्तर कलाओंके नाम इस प्रकार बतलाये हैं :—१ गीतकला, २ वाद्यकला, ३ बुद्धिकला, ४ शौचकला, ५ नृत्यकला, ६ वाक्यकला, ७ विचारकला, ८ मंत्रकला, ९ वास्तुकला, १० विनोदकला, ११ नेपथ्यकला,

१२ विलासकला, १३ नीतिकला, १४ शकुनकला, १५ क्रीडनकला, १६ चित्रकला, १७ संयोगकला, १८ हस्तलाघवकला, १९ कुसुमकला, २० इन्द्रजालकला, २१ सूचीकर्मकला, २२ स्नेहकला, २३ पानकला, २४ आहारकला, २५ विहारकला, २६ सौभाग्यकला, २७ गन्धकला, २८ वस्त्रकला, २९ रत्नपरीक्षा, ३० पत्रकला, ३१ विद्याकला, ३२ देशभाषितकला, ३३ विजयकला, ३४ वाणिज्यकला, ३५ आयुधकला, ३६ युद्धकला, ३७ नियुद्धकला, ३८ समयकला, ३९ वर्त्तनकला, ४० गजपरीक्षा, ४१ तुरङ्गपरीक्षा, ४२ पुरुषपरीक्षा, ४३ स्त्रीपरीक्षा, ४४ पक्षिपरीक्षा, ४५ भूमिपरीक्षा, ४६ लेपकला, ४७ काष्ठकला, ४८ शिल्पकला, ४९ वृक्षकला, ५० लघ्वकला, ५१ प्रश्नकला, ५२ उत्तरकला, ५३ शस्त्रकला, ५४ शास्त्रकला, ५५ गणितकला, ५६ पठनकला, ५७ लिखितकला, ५८ वक्तृत्वकला, ५९ कवित्वकला, ६० कथाकला, ६१ वचनकला, ६२, व्याकरणकला, ६३ नाटककला, ६४ छन्दकला, ६५ अलंकारकला, ६६ दर्शनकला, ६८ अवधानकला, ६८ धातुकला, ६९ धर्मकला, ७० अर्थकला, ७१ कामकला, और ७२ शरीरकला। (८, ८३)

२६-षोडशार्थवादी—इस नामकी व्याख्यामें नैयायिकों द्वारा माने गये सोलह पदार्थोंका और दर्शनविशुद्धि आदि सोलह कारण भावनाओंका नाम निर्देश किया गया है। (९, ३२)

२७-पंचार्थवर्णक—इस नामकी व्याख्या करते हुए चौबीस तीर्थंकरोंके शारीरिक वर्णोंका वर्णन कर नैयायिक, बौद्ध, काणाद, जैमिनीय और सांख्य मत वालोंके द्वारा माने गये तत्त्व, देव, प्रमाण, वाद और मोक्षके स्वरूपकी विस्तारसे चर्चा की गई है। साथ ही बतलाया गया है कि नैयायिक-वैशेषिक नैगम नयानुसारी हैं, सभी मीमांसकविशेष संग्रहनयानुसारी हैं, चार्वाक व्यवहारनयानुसारी हैं, बौद्ध ऋजुसूत्रनयानुसारी हैं और वैयाकरणादि शब्दनयानुसारी हैं। (९, ३३)

२८-पंचविंशतितत्त्वचित्—इस नामकी व्याख्यामें सांख्य-सम्मत पचीस तत्त्वोंका निर्देश करके तथा अहिंसादि पांचों व्रतोंकी पचीस भावनाओंका, सूत्रोल्लेख करके पचीस क्रियाओंका सर्वार्थसिद्धि टीकाके अनुसार विस्तारसे वर्णन किया गया है। (९, ४१)

२९-ज्ञानचैतन्यदृक्—इस नामकी व्याख्या करते हुए भावश्रुतके बीस भेदोंका गो० जीवकांडकी संस्कृत टीकाके अनुसार विस्तारसे वर्णन किया गया है। साथ ही द्रव्यश्रुतके भेद बताकर उनके पद परिमाण आदिका भी विस्तृत विवेचन किया है। (९, ४३)

३२-बहुधानक—इस नामकी व्याख्यामें एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय तकके तिर्यंचों, मनुष्यों, देवों और नारकियोंकी उत्कृष्ट और जघन्य आयुका पृथक्-पृथक् वर्णन किया गया है। (९, ७१)

३४ नयौघयुक्—इस नामकी व्याख्यामें नयोंके स्वरूप, भेद आदिका विस्तृत विवेचन कर बताया गया है कि नैगम, संग्रह आदिक भेद आगम-भाषाकी अपेक्षासे कहे गये हैं। किन्तु अध्यात्म-भाषाकी अपेक्षा शुद्धनिश्चयनय, अशुद्धनिश्चयनय, सद्भूतव्यवहारनय, असद्भूतव्यवहारनय आदि भेद जानना चाहिए। (९, १००)

३५-परमनिर्जर—इस नामकी व्याख्यामें असंख्यातगुणश्रेणीरूप निर्जरावाले दश स्थानोंका विशद विवेचन किया गया है। (९, २३)

३६-चतुरशीतिलक्षगुण—इस नामकी व्याख्यामें चौरासी लाख उत्तरगुणोंकी उत्पत्ति इसप्रकार बतलाई गई है:—१ हिंसा, २ झूठ, ३ चोरी, ४ कुशील, ५ परिग्रह, ६ क्रोध, ७ मान, ८ माया, ९ लोभ १० रति, ११ अरति, १२ भय, १३ जुगुप्सा, १४ मन, वचन, कायकी दुष्टता १५, १६, १७ मिथ्यात्व, १८ प्रमाद, १९ पिशुनत्व, २० अज्ञान और २१ इन्द्रिय इनके निग्रहरूप २१ गुण होते हैं। इनका पालन अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतीचार और अनाचार-रहित करनेसे (२१×४=८४) चौरासी गुण हो जाते हैं। इन्हें आलोचन, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, परिहार, उपस्थापना और श्रद्धान इन दश

एका अद्वितीया केवलज्ञानलक्षणोपलक्षिता मतिश्रुतावधिमनःपर्ययरहिता विद्या यस्येति । महती

धारक हैं, अतः परमोज हैं (२४) । परम तेजके धारक होनेसे परंतेज कहलाते हैं (२५) । धाम और मह शब्द भी तेज अर्थके वाचक हैं । हे भगवन्, आप परम धाम और परम महके धारक होनेसे परंधाम और परंमह कहे जाते हैं (२६–२७) । प्रत्यक् अर्थात् पाश्चात्य ज्योतिके धारक हैं अतः प्रत्यग्ज्योति हैं; अर्थात् आपके पीछे कोटि रविकी प्रभाको लज्जित करनेवाला भामण्डल रहता है (२८) । परम ज्योतिके धारक होनेसे परंज्योति कहलाते हैं (२९) । परमब्रह्म अर्थात् केवलज्ञानके धारक हैं, अतः परंब्रह्म हैं (३०) । रह नाम गुप्त और तत्त्वका है, आपका स्वरूप अत्यन्त गुप्त अर्थात् सूक्ष्म और अतीन्द्रिय है अतः आप परंरह कहलाते हैं (३१) । प्रत्यक् शब्द श्रेष्ठका और आत्मा शब्द बुद्धिका भी वाचक है । आप सर्व श्रेष्ठ बुद्धिके धारक हैं, अतः प्रत्यगात्मा हैं (३२) । आपका आत्मा सर्वकाल प्रबुद्ध अर्थात् जाग्रत रहता है, अतः आप प्रबुद्धात्मा हैं (३३) । आपका आत्मा महान् है अर्थात् ज्ञानकी अपेक्षा लोकालोकमें व्यापक है, अतः आप महात्मा हैं (३४) । आप आत्माके महान् उदयशाली तीर्थंकर पदको प्राप्त हैं, अतः आत्ममहोदय हैं (३५) । आपका आत्मा परम केवल ज्ञानका धारक है, अतः आप परमात्मा हैं (३६) । आपने घातिया कर्मोंका क्षय कर उन्हें सदाके लिए प्रशान्त कर दिया है, अतः आप प्रशान्तात्मा हैं (३७) । पर अर्थात् उत्कृष्ट आत्मा होनेसे परात्मा कहलाते हैं । अथवा एकेन्द्रियादि सर्व पर प्राणियोंके आत्माओंको भी निश्चयनयसे आपने अपने समान बताया हैं, अतः आप परात्मा कहे जाते हैं । (३८) । आपके आत्माका निकेतन अर्थात् रहनेका आवास (घर) आपका आत्मा ही है, वह्निजनोंके समान शरीर नहीं, अतः आप आत्मनिकेतन कहलाते हैं (३९) ।

अर्थ—हे परमेश्वर, आप परमेष्ठी हैं, महिष्ठात्मा हैं, श्रेष्ठात्मा हैं, स्वात्मनिष्ठित हैं, ब्रह्मनिष्ठ हैं, महानिष्ठ हैं, निरूढात्मा हैं, और दृढात्मदृक् हैं ॥२३॥

व्याख्या—हे परमेष्ठिन्, आप परम अर्थात् इन्द्र, नागेन्द्र, धरणेन्द्र, गणधरादिसे वंद्य आर्हन्त्य पदमें तिष्ठते हैं, अतएव परमेष्ठी कहलाते हैं (४०) । अतिशय महान् आत्मस्वरूपके धारक हैं, अतः महिष्ठात्मा हैं । अथवा ईषत्प्राग्भार नामक आठवीं मोक्षमही पर आपका आत्मा विराजमान है, इसलिए भी आप महिष्ठात्मा हैं (४१) । श्रेयस् शब्द अति प्रशस्त और वृद्ध या व्यापक अर्थका वाचक है । आपका आत्मा अति प्रशस्त है और केवलज्ञानकी अपेक्षा सर्वव्यापक हैं, अतः श्रेष्ठात्मा हैं (४२) । आप स्व अर्थात् निज शुद्ध-बुद्धस्वरूप आत्मस्वभावमें अतिशय करके अवस्थित हैं, उससे कदाचित् भी विचलित नहीं होते, अतः स्वात्मनिष्ठित कहे जाते हैं (४३) । ब्रह्म अर्थात् अनन्तज्ञानी आत्मामें विराजमान होनेसे ब्रह्मनिष्ठ कहलाते हैं (४४) । महान्निष्ठावान् हैं अर्थात् परम उदासीनतारूप यथाख्यात-चारित्रके धारक हैं, अतः महानिष्ठ कहे जाते हैं, (४५) । निरूढ अर्थात् त्रिभुवनमें आपका आत्मा प्रसिद्ध हैं, अतः निरूढात्मा हैं (४६) । दृढात्मा अर्थात् निश्चल स्वरूपवाले अनन्त दर्शनके धारक हैं, अतः दृढात्मदृक् हैं (४७) ।

अर्थ—हे, परमेश्वर आप एकविद्य हैं, महाविद्य हैं, महाब्रह्मपदेश्वर हैं, पंचब्रह्ममय हैं,

अनन्तधीरनन्तात्माऽनन्तशक्तिरनन्तदृक् । अनन्तानन्तधीशक्तिरनन्तचिदनन्तमुत् ॥२४॥

केवलज्ञानलक्षणा विद्या यस्येति । ब्रह्मणः केवलज्ञानस्य पदं स्थानं ब्रह्मपदं, महच्च तत् ब्रह्मपदं च महाब्रह्मपदं मोक्षः, तस्य ईश्वरः स्वामी । अथवा महाब्रह्मणो गणधरदेवादयः पदयोश्चरणयोर्लक्ष्माः महाब्रह्मपदाः, तेषामीश्वरः । अथवा महाब्रह्मपदं समवसरणं तस्येश्वरः । पंचभिः ब्रह्मभिर्मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानैर्निर्वृत्तः निष्पन्नः पंचब्रह्ममयः, ज्ञानचतुष्टयस्य केवलज्ञानान्तर्गभितत्वात् । अथवा पंचभिर्ब्रह्मभिः अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभिर्निर्वृत्तः निष्पन्नः पंचपरमेष्ठिनां गुणैरुपेतत्वात् । सर्वेभ्यः हितः सार्वः, सर्वा चासौ विद्या च सर्वविद्या सकलविमलकेवलज्ञानम्, तस्या ईश्वरः । शोभना स्वयंशरणलक्षणा मोक्षलक्षणा ईषत् (प्राग्) भारनाम्नी भूः स्थानं यस्येति स्वभूः ॥२४॥ अनन्ता धीः केवलज्ञानलक्षणा धीः बुद्धिर्यस्येति, अथवा अनन्तस्य शेषनागस्य धीश्चिन्तनं यस्मिन्, अथवा अनन्ते मोक्षे धीर्यस्य, अथवा अनन्तेषु धीर्यस्य स तथोक्तः । अनन्तेन केवलज्ञानेनोपलक्षितं आत्मा यस्येति वा । अनन्तो विनाशरहित आत्मा यस्येति । अथवा अनन्तानन्ता आत्मानो जीवा यस्य मते सोऽनन्तात्मा । अनन्ता शक्तिर्यस्येति । अनन्ता दृक् केवलदर्शनं यस्येति । अनन्तानन्ता धीः शक्तिर्विक्रमः प्रज्ञासामर्थ्यमद्यधा यस्येति । अनन्ता चित् केवलज्ञानं यस्येति । अनन्ता मुत् हर्षः सुखं यस्येति ॥२५॥

सार्व हैं, सर्वविद्येश्वर हैं, स्वभू हैं, अनन्तधी हैं, अनन्तात्मा हैं, अनन्तशक्ति हैं, अनन्तदृक् हैं, अनन्तानन्तधीशक्ति हैं, अनन्तचित् हैं और अनन्तमुत् हैं ॥२४–२५॥

व्याख्या—एक अर्थात् अद्वितीय केवलज्ञानरूप विद्याके धारक होनेसे एकविद्य हैं (४८)। केवलज्ञानलक्षण महाविद्याके धारी हैं अतः महाविद्य कहलाते हैं (४९)। महाब्रह्मरूप मोक्षपदके स्वामी होनेसे महाब्रह्मपदेश्वर कहलाते हैं। अथवा हरि, हर, ब्रह्मादि लोक-प्रसिद्ध महादेवता भी आपके पद-पद्मोंकी सेवा करते हैं, और आप महाब्रह्मपद अर्थात् गणधरादिकोंसे युक्त समवसरणके ईश्वर हैं, इसलिए भी महाब्रह्मपदेश्वर कहलाते हैं (५०)। आप पांचों ज्ञानोंसे निष्पन्न हैं, अथवा पांचों परमेष्ठियोंके गुणोंसे सम्पन्न हैं, अतएव पंचब्रह्ममय हैं (५१)। सर्व प्राणियोंके हितैषी हैं, अतः सार्व कहलाते हैं (५२)। आप लोक-प्रसिद्ध स्वसमय-परसमय सम्बन्धी[1] सर्व विद्याओंके ईश्वर हैं, तथा परमार्थ-स्वरूप निर्मल केवलज्ञानरूप विद्याके स्वामी हैं, अतः सर्वविद्येश्वर हैं (५३)। अरहन्त-अवस्थामें समवशरणस्वरूप और सिद्ध-दशामें सिद्धशिलारूप सुन्दर भूमिपर विराजमान होनेके कारण सुभू कहलाते हैं (५४)। अनन्तपरिमाणवाली केवलज्ञानलक्षण बुद्धिके धारक हैं, अतः अनन्तधी हैं। अथवा अनन्तकाल तक एक स्वरूप रहनेवाले तथा अनन्त सुखसे संयुक्त मोक्षमें ही निरन्तर बुद्धिके लगे रहनेसे भी अनन्तधी कहलाते हैं। अथवा अनन्त नाम शेषनागका भी है, उसकी बुद्धि निरन्तर आपके गुण-चिन्तनमें ही लगी रहती है, इस लिए भी आप अनन्तधी कहे जाते हैं। अथवा दीक्षाके समय अनन्त सिद्धोंमें आपकी बुद्धि लगी रही, अतः आपका अनन्तधी नाम सार्थक है (५५)। अनन्त केवलज्ञानसे युक्त आपका आत्मा है, अतः आप अनन्तात्मा हैं। अथवा जिसका कभी अन्त न हो, उसे अनन्त कहते हैं, आपकी शुद्ध दशाको प्राप्त आत्माका कभी विनाश नहीं होगा, अतः आप अनन्तात्मा कहलाते हैं। अथवा आपके मतमें अनन्त आत्माएं बतलाई गई हैं (५६)। आपकी शक्ति अनन्त है, अतः आप अनन्तशक्ति कहलाते हैं (५७)। आपका केवल दर्शन भी अनन्त है, अतः आप अनन्तदृक् हैं (५८)। आपके ज्ञानकी शक्ति अनन्तानन्त है, अतः आप अनन्तानन्तधीशक्ति कहलाते हैं (५९)। आपका चित् अर्थात् केवलज्ञान अनन्त है, अतः आप अनन्तचित् हैं (६०)। आपका मुत् अर्थात् आनन्द-सुख भी अनन्त है, अतः आप अनन्तमुत् भी कहे जाते हैं (६१)।

१ विशेषके लिए इसी नामकी श्रुतसागरी टीका देखिये।

सदाप्रकाशः सर्वार्थसाक्षात्कारी समग्रधीः । कर्मसाक्षी जगच्चक्षुरलक्ष्यात्माऽचलस्थितिः ॥२६॥
निराबाधोऽप्रतर्क्यात्मा धर्मचक्री विदांवरः । भूतात्मा सहजज्योतिर्विश्वज्योतिरतीन्द्रियः ॥२७॥

सदा सर्वकाले प्रकाशः केवलज्ञानं यस्येति, एकसमयेऽपि ज्ञानं न च्युयति भगवत इत्यर्थः । सर्वान् अर्थान् द्रव्याणि पर्यायांश्च साक्षात्करोति प्रत्यक्षं जानाति पश्यति चेत्येवंशीलः । समग्रा परिपूर्णा धीर्बुद्धिः केवलज्ञानं यस्येति । कर्मणां पुण्य-पापानां साक्षी शायकः, अन्धकारेऽपि प्रविश्य पुण्यं पापं वा यः कश्चित्करोति तत्सर्वं भगवान् जानातीत्यर्थः । जगतां त्रिभुवनस्थितप्राणिवर्गाणां चक्षुर्लोचनसमानः । अलक्ष्यः अविज्ञेयः आत्मा स्वरूपं यस्येति, छद्मस्थानां मुनीनामपि अदृश्य इत्यर्थः । अचलो निश्चला स्थितिः स्थानं समाचारः यस्येति, आत्मनि एकलोलीभावो दृढचारित्र इत्यर्थः ॥२६॥ निर्गता आबाधा कष्टं यस्येति । अप्रतर्क्यः अविज्ञेयः अविचार्यः अतर्कणीय आत्मा स्वभावः स्वरूपं यस्येति । धर्मेणोपलक्षितं चक्रं धर्मचक्रं विद्यते यस्य स तथोक्तः । विदां विद्वज्जनानां मध्ये वरः श्रेष्ठः । भूतः सत्यार्थ आत्मा यस्येति भूतात्मा, कोऽसौ आत्मशब्दस्य सत्या-(वाच्या-)र्थ इति (चे) दुच्यते—अत सातत्य—(गमने) इति तावत् धातुर्वर्त-(ते) अतति सतति गच्छति लोकालोकस्वरूपं जानातीति आत्मा, सर्वधातुभ्यो मन्, सर्वं गत्यर्थं ज्ञानार्थं इत्यभिधानात् । तथा चोक्तं—

सत्तायां मंगले बुद्धौ निवासे व्याप्तिसंपदोः । अभिप्राये च शक्तौ च प्रादुर्भावे गतौ च भूः ॥

इति वचनात् । भूतो लोकालोकस्य ज्ञानेन व्यापक आत्मा यस्येति भूतात्मा, न तु पृथिव्यप्तेजोवायुलक्षणचतुर्भूतमयश्चार्वाकैकथित आत्मा वर्त्तते । सहजे स्वाभाविके ज्योतिः केवलज्ञानं यस्येति । विश्वस्मिन् लोके अलोके च ज्योतिः केवलज्ञान-केवलदर्शनलक्षणं ज्योतिर्लोचनं यस्येति । अथवा विश्वस्य लोकस्य ज्योतिश्चक्षुर्विश्वज्योतिः लोकलोचनमित्यर्थः । अतिक्रान्तानि इन्द्रियाणि येनेति इन्द्रियज्ञानरहित इत्यर्थः ॥ २७ ॥

अर्थ—हे प्रकाशपुञ्ज, आप सदाप्रकाश हैं, सर्वार्थसाक्षात्कारी हैं, समग्रधी हैं, कर्मसाक्षी हैं, जगच्चक्षु हैं, अलक्ष्यात्मा हैं, अचलस्थिति हैं, निराबाध हैं, अप्रतर्क्यात्मा है, धर्मचक्री हैं, विदांवर हैं, भूतात्मा हैं, सहजज्योति हैं, विश्वज्योति हैं, और अतीन्द्रिय हैं ॥२६-२७॥

व्याख्या—हे अखण्ड प्रकाशके पुंज, आप सर्वदा प्रकाशरूप हैं आपकी ज्ञानज्योति कभी बुझती नहीं है, अतः आपका नाम सदाप्रकाश है (६२)। आप सर्व अर्थोंके अर्थात् द्रव्योंके समस्त गुण-पर्यायोंके प्रत्यक्ष करनेवाले ज्ञाता हैं, अतः सर्वार्थसाक्षात्कारी कहे जाते हैं (६३)। समग्र अर्थात् समस्त ज्ञेयप्रमाण बुद्धिके धारक होनेसे समग्रधी हैं (६४)। पुण्य-पापरूप कर्मोंके साक्षी अर्थात् ज्ञाता हैं, अतएव आप कर्मसाक्षी कहे जाते हैं। यदि कोई मनुष्य घोर अन्धकारमें प्रवेश करके भी कोई भला-बुरा कार्य करे, तो भी आप उसके ज्ञाता हैं (६५)। तीनों जगत्में स्थित जीवोंके लिए आप नेत्रके समान मार्ग-दर्शक हैं, अतः आप जगच्चक्षु कहलाते हैं (६६)। मनः पर्ययज्ञानके धारी छद्मस्थ वीतरागी साधुजनोंके लिए भी आपकी आत्मा अलक्ष्य हैं, अर्थात् ज्ञानके अगोचर हैं, अतएव योगीजन आपको अलक्ष्यात्मा कहते हैं (६७)। आपकी अपने आपमें स्थिति अचल है, आप उससे कदाचित् भी चल-विचल नहीं होते, अतएव आप अचलस्थिति कहलाते हैं (६८)। आप सर्वप्रकारके कष्टोंकी बाधाओंसे रहित हैं, अतः निराबाध हैं (६९) आपके आत्माका स्वरूप हम छद्मस्थ जनोंके प्रतर्क्य अर्थात् विचार या चिन्तवनसे परे है, अतएव आप अप्रतर्क्यात्मा हैं (७०)। जब आप भव्य जीवोंके सम्बोधनके लिए भूतल पर विहार करते हैं, तब आपके आगे-आगे धर्मका साक्षात् प्रवर्त्तक एक सहस्र अर (आरों) से रुचिर, अत्यन्त देदीप्यमान धर्मचक्र आकाशमें निराधार चलता है, जिसके देखने मात्रसे ही जगज्जनोंके सन्ताप शान्त हो जाते हैं और समस्त जीव आपसमें वैर-भाव भूलकर आनन्दका अनुभव करते हैं। इसप्रकार धर्मचक्रके धारण करनेसे आप धर्मचक्री कहे जाते हैं (७१)। विद्व-

केवली केवललोको लोकालोकविलोकनः । विविक्तः केवलोऽव्यक्तः शरण्योऽचिन्त्यवैभवः ॥२८॥
विश्वभूद्विश्वरूपात्मा विश्वात्मा विश्वतोमुखः । विश्वव्यापी स्वयंज्योतिरचिन्त्यात्मामितप्रभः ॥२९॥

केवलं केवलज्ञानं विद्यते यस्येति । केवलोऽसहायो मतिज्ञानादिनिरपेक्ष आलोकः केवलज्ञानेनोद्योतो यस्येति । लोकालोकयोर्विलोकनं अवलोकनं यस्येति । विविच्यते स्म विविक्तः सर्वविषयेभ्यः पृथग्भूतः, विचिर् पृथग्भावे । केवलोऽसहायः, वा के बलो आत्मनि बलं यस्येति । अव्यक्तः इन्द्रियाणां मनसः अगम्यः अगोचरः, केवलज्ञानेन गम्य इत्यर्थः । शरणे साधुः शरण्यः, अर्तिमथनसमर्थ इत्यर्थः । अचिन्त्यं मनसः अगम्यं विभवं विभुत्वं यस्येति ॥२८॥ विश्वं बिभर्ति धरति पुष्णाति वा, विशंति प्रविशंति पर्यटन्ति प्राणिनोऽस्मिन्निति विश्वं त्रैलोक्यं तद्पूरणावसरे तादृशाकार आत्मा लोकपूरणावसरे जीवो यस्येति । अथवा विशन्ति जीवादयः पदार्था यस्मिन्निति विश्वं केवलज्ञानं विश्वरूपः केवलज्ञानस्वरूपः आत्मा यस्येति । अशि लटि खटि विशिभ्यः कः । यथा चक्षुषि स्थितं कज्जलं चक्षुरिति, प्रस्थप्रमितं धान्यं प्रस्थ इत्युपचर्यते, तथा विश्वस्थितः प्राणिगणो विश्वशब्देनोच्यते विश्वं आत्मा निजसदृशो यस्येति । विश्वं लोकालोकं केवलज्ञानेन व्याप्नोतीत्येवंशीलः । अथवा लोकपूरणप्रस्तावे विश्वं जगत् आत्मप्रदेशैर्व्याप्नोतीत्येवंशीलः । स्वयं आत्मा ज्योतिश्चक्षुर्यस्येति, प्रकाशकत्वात् स्वयं सूर्य इत्यर्थः । अचिन्त्यः अवाङ्मानसगोचर आत्मा स्वरूपं यस्येति अचिन्त्यस्वरूपः । अमिता प्रभा केवलज्ञानस्वरूपं तेजो यस्येति । अथवा अमिता प्रभा कोटिभास्कर-कोटिचन्द्रसमानशरीरतेजो यस्येति ॥२९॥

ज्ञानोंमें आप सर्वश्रेष्ठ हैं, अतः विदावर हैं (७१)। भूत अर्थात् सत्यार्थ स्वरूप को आपके आत्मा ने प्राप्त कर लिया है, अतः आप भूतात्मा हैं (७३)। सहज अर्थात् स्वाभाविक केवलज्ञानरूप ज्योतिके धारक होनेसे आप सहजज्योति कहलाते हैं (७४)। अपने अनन्त ज्ञान-दर्शनसे समस्त विश्वके ज्ञाता-दृष्टा हैं और सर्वलोकके लोचनस्वरूप हैं, अतः योगीजन आपको विश्वज्योति कहते हैं (७५)। इन्द्रिय-ज्ञानसे अतीत हैं, अतः अतीन्द्रिय हैं (७६)।

अर्थ—हे प्रकाशपुञ्ज, आप केवली हैं, केवललोक हैं, लोकालोकविलोकन हैं, विविक्त हैं, केवल हैं, अव्यक्त हैं, शरण्य हैं, अचिन्त्यवैभव हैं, विश्वभूत् हैं, विश्वरूपात्मा हैं, विश्वात्मा हैं, विश्वतोमुख हैं, विश्वव्यापी हैं, स्वयंज्योति हैं, अचित्यात्मा हैं, और अमितप्रभ हैं ॥२८–२९॥

व्याख्या—केवल अर्थात् केवलज्ञानके धारक होनेसे मुनिजन आपको केवली कहते हैं (७७)। केवल नाम पर-सहाय-रहित एकमात्र अकेलेका है, आपका आलोक अर्थात् ज्ञानरूप उद्योत इन्द्रिय-रहित है; अतः आप केवललोक कहलाते हैं (७८)। लोक और अलोकके अवलोकन करनेसे आप लोकालोकविलोकन कहलाते हैं (७९)। सर्व विषयोंसे आप पृथग्भूत हैं, अतएव साधुजन आपको विविक्त कहते हैं (८०)। आप सदा काल पर-सहाय-रहित एकाकी हैं, अतः केवल हैं। अथवा के अर्थात् आपके आत्मामें अनन्त बल हैं अतएव आप केवल कहलाते हैं (८१)। आप इन्द्रिय और मनके अगम्य हैं, अतः अव्यक्त कहलाते हैं (८२)। शरणागतको शरण देकर उनके दुख दूर करते हैं अतः शरण्य कहे जाते हैं (८३)। आपका वैभव अचिन्त्य है अर्थात् मनके अगम्य है, इसलिए ज्ञानीजन आपको अचिन्त्य-वैभव कहते हैं (८४)। हे विश्वके ईश्वर, आप धर्मोपदेशके द्वारा सारे विश्वका भरण-पोषण करते हैं, अतएव आप विश्वभृत् हैं (८५)। लोकपूरणसमुद्घातके समय आपके आत्माके प्रदेश सारे विश्वमें फैल जाते हैं, इसलिए आप विश्वरूपात्मा कहलाते हैं। अथवा जाननेकी अपेक्षा जीवादि पदार्थ जिसमें प्रवेश करते हैं, ऐसा केवलज्ञान भी विश्व शब्दसे कहा जाता है, उसरूप आपका आत्मा है इसलिए भी आप विश्वरूपात्मा हैं (८६)। जिस प्रकार चक्षुमें लगा हुआ काजल चक्षु शब्दसे और प्रस्थ-प्रमित धान्य प्रस्थ शब्दसे कहा जाता है, उसी प्रकार विश्वमें स्थित प्राणिगण भी विश्व शब्दसे कहे जाते हैं। ऐसे विश्वको आप अपने समान मानते हैं, अतः आपको लोग विश्वात्मा कहते हैं। अथवा विश्व नाम केवलज्ञानका है। केवलज्ञान ही आपकी आत्माका स्वरूप है, इस-

महौदार्यो महाबोधिर्महालाभो महोदयः । महोपभोगः सुगतिर्महाभोगो महाबलः ॥३०॥

॥ इति सर्वज्ञशतम् ॥

महत् औदार्यं दानशक्तिर्यस्येति, भगवान निर्मन्थोऽपि सन् याचितफलप्रदायक इत्यर्थः । महती बोधिर्वैराग्यं रत्नत्रयप्राप्तिर्वा यस्येति । महान् लाभो नवकेवललब्धिलक्षणो यस्येति । महान् तीर्थकरनामकर्मणः उदयो विपाको यस्येति । महान् उपभोगः सच्छत्र-चामर-सिंहासनाशोकतरुप्रमुखो महुर्मोग्यं समवशरणादिलक्षणं वस्तु यस्येति । शोभना मतिः केवलज्ञानं यस्येति । महाभोगः गन्धोदकवृष्टिः पुष्पवृष्टिः शीतलमृदुसुगन्धपुण्यो वातादिलक्षणो भोगः सकृद् भोग्यं वस्तु यस्येति । महत् बलं समस्तवस्तुपरिच्छेदकलक्षणं केवलज्ञानं यस्येति ॥ ३० ॥

॥ इति सर्वज्ञशतम् ॥

लिए भी आप विश्वात्मा कहलाते हैं (८७)। समवसरण-स्थित जीवोंको विश्वतः अर्थात् चारों ओर आपका मुख दिखाई देता है, अतः आप विश्वतोमुख कहे जाते हैं। अथवा विश्वतोमुख जलका भी नाम है, क्योंकि उसका कोई एक अग्र भाग सिञ्चित न होनेसे सर्व ओर उसका मुख माना जाता है। जिस प्रकार जल वस्त्रादिके मैलका प्रक्षालन करता है, तृषितोंकी प्यास शान्त करता है और निर्मल स्वरूप होता है, उसी प्रकार आप भी जगज्जनोंके अनन्त भव-संचित पापमलको प्रक्षालन करते हैं, विषय-जनित तृषाका निवारण करते हैं और स्वयं निर्मल-स्वरूप रहते हैं, इसलिए भी योगिजन आपको विश्वतोमुख कहते हैं। अथवा आपका मुख संसारका तस्यति अर्थात् निराकरण करता है, इसलिए भी आप विश्वतोमुख कहलाते हैं। अथवा केवलज्ञानके द्वारा सर्वात्मासे आप सारे विश्वको जानते हैं, इसलिए भी आप विश्वतोमुख कहे जाते हैं (८८)। जाननेकी अपेक्षा आप सारे विश्वमें व्याप्त हैं, अथवा लोकपूरण दशामें आपके प्रदेश सारे विश्वमें व्याप्त हो जाते हैं, इसलिए आप विश्वव्यापी कहलाते हैं (८९)। स्वयं प्रकाशमान होनेसे आप स्वयंज्योति कहलाते हैं (९०) आपके आत्माका स्वरूप अचिन्त्य अर्थात् मन और वचनके अगोचर है अतः आप अचिन्त्यात्मा हैं (९१)। केवलज्ञानरूप आन्तरिक प्रभा भी आपकी अपरिमित है और शारीरिक प्रभा भी कोटि सूर्य और कोटि चन्द्रकी प्रभाको लज्जित करनेवाली है अतः आप अमितप्रभ कहलाते हैं (९२)।

अर्थ—हे विश्वेश्वर, आप महौदार्य हैं, महाबोधि हैं, महालाभ हैं, महोदय हैं, महोपभोग हैं, सुगति हैं, महाभोग हैं और महाबल हैं ॥३०॥

व्याख्या—हे भगवन्, आपकी औदार्य अर्थात् दानशक्ति महान् है, क्योंकि वैराग्यके समय आप सर्व सम्पदाका दान कर देते हैं और आर्हन्त्यदशामें निरन्तर अनन्त प्राणियोंको अभय दान देते हैं, इसलिए आप महौदार्य हैं (९३)। रत्नत्रयकी प्राप्तिको बोधि कहते हैं। आप महा बोधिके धारक हैं, अतः मुनिजन आपको महाबोधि कहते हैं (९४)। नवकेवललब्धिरूप महान् लाभके धारक हैं अतः आप महालाभ नामसे प्रख्यात हैं (९५)। तीर्थंकरप्रकृतिके महान् उदयके धारक होनेसे आप महोदय कहलाते हैं। अथवा महान् उत्कृष्ट अय अर्थात् शुभावह विधिके धारक हैं। अथवा कदाचित् भी अस्तंगत नहीं होनेवाले केवलज्ञानरूप सूर्यके महान् उदयके धारक हैं। अथवा महस् नाम तेजका है और द शब्द दयाका सूचक है। आपकी दया केवलज्ञानरूप तेजसे युक्त है, इसलिए भी आप महोदय कहलाते हैं (९६)। छत्र, चामर, सिंहासनादि महान् उपभोगके धारक होनेसे महोपभोग कहलाते हैं (९७)। शोभन गति अर्थात् केवलज्ञानके धारक होनेसे अथवा श्रेष्ठ पंचमगति मोक्षके धारक होनेसे आप सुगति कहलाते हैं (९८)। गन्धोदकवृष्टि, पुष्पवृष्टि आदि महान् भोगके धारण करनेसे तथा प्रतिसमय अनन्यसाधारण शरीर-स्थितिके कारणभूत परम पवित्र नोकर्मरूप पुद्गल परमाणुओंको ग्रहण करनेसे आप महाभोग कहे जाते हैं (९९)। बाल्यावस्थामें संगम नामक देवके गर्वको खर्व करनेसे तथा आर्हन्त्यावस्थामें अनन्त बलशाली होनेसे आपको मुनिजन महाबल कहते हैं (१००)।

इसप्रकार द्वितीय सर्वज्ञशतक समाप्त हुआ ।

(३) अथ यज्ञार्हशतम्–

यज्ञार्हो भगवानर्हन्महार्हो मघवार्चितः । भूतार्थयज्ञपुरुषो भूतार्थक्रतुपूरुषः ॥ ३१ ॥
पूज्यो भट्टारकस्तत्रभवानत्रभवान्महान् । महामहार्हस्तत्रायुस्ततो दीर्घायुरर्घ्यवाक् ॥ ३२ ॥

जिनानां यजनं यशः, याचिविलिवृच्छिवजिस्विपिराधिवधां नङ् । यशं इन्द्र धरणेन्द्र-नागेन्द्रादिकृता-महिमां पूजामनन्यसंभाविनीमर्हतीति यशार्हः, कर्मण्यण् । भगो शानं परिपूर्णैश्वर्यं तपः श्रीर्वैराग्यं मोक्षश्च विद्यते यस्य स तथोक्तः । इन्द्रादिकृतामनन्यसंभाविनीमर्हणामर्हतीति योग्यो भवतीति । महस्य यशस्य अर्हो योग्यः, अथवा महमर्हतीति, कर्मण्यण् । अथवा महांश्चासावर्हः महार्हः, अर्हः प्रशंसायामिति साधुः । मघवता मघोना वा शतक्रतुना शक्रेण इन्द्रेण इन्द्रस्य वा अर्चितः पूजितः । अथवा मघं कैतवे कपटं वायन्ति शोषयन्ति ये ते मघवाः जैनाः दिगम्बराः, तैरर्चितः मघवार्चितः । श्वन् युवन् मघोनां च शौ च, मघवान् मघवा वा । भूतार्थः सत्यार्थः यज्ञपुरुषः यज्ञार्हः पुरुषः अर्हः भूतार्थयज्ञपुरुषः । भूतार्थः सत्यार्थः क्रतुपूरुषः यज्ञपुरुषः ॥३१॥ पूजायां नियुक्तः । भट्टान् पंडितान् आरयति प्रेरयति स्याद्वादपरीक्षार्थमिति भट्टारकः । पूज्यः, पूज्यः, पूज्यः, महापूजायोग्यः इति । अर्हण्यः । पूज्यः, पूज्यः, अर्घ्या पूज्या वाग् यस्य सः ॥३२॥

अर्थ–हे महामख, आप यज्ञार्ह हैं, भगवान् हैं, अर्हन् है, महार्ह हैं, मघवार्चित हैं, भूतार्थ-यज्ञपुरुष हैं, भूतार्थक्रतुपूरुष हैं, पूज्य हैं, भट्टारक हैं, तत्रभवान् हैं, अत्रभवान् हैं, महान् हैं, महामहार्ह हैं, तत्रायु हैं, दीर्घायु हैं, अर्घ्यवाक् हैं ॥३१-३२॥

व्याख्या–हे जगत्पूज्य जिनेन्द्र, आप ही इन्द्र, नरेन्द्र, धरणेन्द्रादि के द्वारा की जानेवाली पूजा के योग्य हैं, अतः यतिजन आपको यज्ञार्ह कहते हैं (१)। भगशब्द ऐश्वर्य, परिपूर्ण ज्ञान, तप, लक्ष्मी, वैराग्य और मोक्ष इन छह अर्थोंका वाचक है, आप इन छहोंसे संयुक्त हैं, अतः योगिजन आपको भगवान् कहते हैं, (२)। आप अन्य जनोंमें नहीं पाई जानेवाली पूजाके योग्य होनेसे अर्हन् कहलाते हैं। अथवा अकारसे मोहरूप अरिका, रकारसे ज्ञानावरण और दर्शनावरणरूप रजका, तथा रहस्य अर्थात् अन्तराय कर्मका ग्रहण किया गया है। हे भगवान्, आपने इन चारों ही घातिया कर्मोंका हनन करके अरहन्त पद प्राप्त किया है इसलिए आप अर्हन्, अरहन्त और अरिहन्त इन नामोंसे पुकारे जाते हैं, (३)। आप मह अर्थात् पूजनके योग्य हैं, अथवा महान् योग्य हैं, इसलिए आप महार्ह हैं (४)। मघवा नाम इन्द्रका है, आप गर्भादि कल्याणकोंमें इन्द्रके द्वारा अर्चित हैं, इसलिए मघवार्चित कहलाते हैं। अथवा मघ नाम छल-कपटका है उसे जो वायन अर्थात शोषण करते हैं वे मघवा अर्थात् दिगम्बर जैन कहलाते हैं। उनके द्वारा आप पूजित हैं, इसलिए भी आप मघवार्चित कहलाते हैं, (५)। यज्ञ और क्रतु एकार्थवाचक हैं भूतार्थ अर्थात् सत्यार्थ यज्ञके योग्य आप ही सत्य पुरुष हैं, इसलिए आप भूतार्थयज्ञपुरुष और भूतार्थक्रतुपूरुष कहे जाते हैं (६-७) पूजाके योग्य होनेसे आप पूज्य हैं (८)। भट्ट अर्थात् विद्वानोंको आप स्याद्वादकी परीक्षाके लिए प्रेरणा करते हैं अतः आप भट्टारक कहलाते हैं (९)। तत्रभवान् और अत्रभवान् ये दोनों पद पूज्य अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। आप सर्व जगतमें पूज्य हैं अतः तत्रभवान् और अत्रभवान् कहे जाते हैं (१०-११)। सर्व श्रेष्ठ होनेसे महान् कहलाते हैं (१२)। महान् पूजनके योग्य होनेसे महामहार्ह कहलाते हैं (१३)। तत्रायु और दीर्घायु ये दोनों पद पूज्य अर्थके वाचक हैं। आप त्रैलोक्य-पूज्य हैं अतः तत्रायु और दीर्घायु कहलाते हैं (१४-१५)। आपकी दिव्यध्वनिरूप वाणी सर्वजनोंसे अर्घ्य अर्थात् पूज्य है, अतः आप अर्घ्यवाक् हैं (१६)।

आराध्यः परमाराध्यः पंचकल्याणपूजितः । दम्विशुद्धिगणोदग्रो वसुधारार्चितास्पदः ॥ ३३ ॥
सुस्वप्नदर्शी दिव्यौजाः शचीसेवितमातृकः । स्यादग्रगर्भः श्रीपूतगर्भो गर्भोत्सवोच्छ्रितः ॥ ३४ ॥
दिव्योपचारोपचितः पद्मभूर्निष्कलः स्वजः । सवींयजन्मा पुण्यांगो भास्वानुद्भूतदैवतः ॥३५॥
विश्वविज्ञातसंभूतिर्विश्वदेवागमाद्भुतः । शचीसृष्टप्रतिच्छन्दः सहस्राक्षगुरुत्सवः ॥३६॥

पूज्यः, परमैरिन्द्रादिभिराराध्यते परमाराध्यः, परमश्चासावाराध्यः परमाराध्यः । पंचसु कल्याणेषु गर्भावतार-जन्माभिषेक-निःक्रमण-ज्ञान-निर्वाणेषु पूजितः । दृशः सम्यक्त्वस्य विशुद्धिर्निरतीचारता यस्य गणस्य द्वादशभेदगणस्य स दम्विशुद्धिः, दम्विशुद्धिश्रासौ गणः तस्मिन् उदग्रः उत्कर्षेण मुख्यः । वसुधाराभिः रत्न-सुवर्णादिधनवर्षणैरर्चितं पूजितं आस्पदं मातुरंगणं यस्येति ॥३३॥ सुष्ठु शोभनान् स्वप्नान् मातुर्दर्शयतीति । दिव्यं अमानुषं ओजोऽवद्भ्यो दीप्तिः प्रकाशो बलं धातुः तेजो वा यस्य । शच्या शक्रस्य महादेव्या सेविता आराधिता माता अम्बिका यस्य, नयन्तात् कुंदतात् रोपाद्वा बहुव्रीहौ कः । गर्भेषु उत्तमो गर्भः रत्नगर्भः, रत्नैरुपलक्षितो गर्भो वा यस्य स रत्नगर्भः, नवमासेषु रत्नवृष्टिसंभवात् । श्रीशब्देन श्री-ह्री-धृति-कीर्ति-बुद्धि-लक्ष्मी-शान्ति-पुष्टिप्रभृतयो दिक्कुमार्यो लभ्यन्ते । श्रीभिः पूतः पवित्रितः गर्भो मातुरुदरं यस्य । गर्भस्य उत्सवो गर्भकल्याणं देवैः कृतं, तेनोच्छ्रितः उन्नतः ॥३४॥

दिव्येन देवोपनीतेनोपचारेण पूजया उपचितः पुष्टिं प्रातः, वा पुष्टिं नीतः । पद्मैरुपलक्षिता

अर्थ—हे महामख, आप आराध्य हैं, परमाराध्य हैं पंचकल्याणपूजित हैं, दम्विशुद्धि-गणोदग्र हैं, वसुधारार्चितास्पद हैं, सुस्वप्नदर्शी हैं, दिव्यौज हैं, शचीसेवितमातृक हैं, रत्नगर्भ हैं, गर्भोत्सवोच्छ्रत हैं ॥३३–३४॥

व्याख्या—निरन्तर आराधनाके परम योग्य हैं, अतः आराध्य कहलाते हैं (१७)। विभव-शाली इन्द्रादिकोंके द्वारा आराधनाके योग्य होनेसे परमाराध्य कहे जाते हैं (१८)। गर्भावतार आदि पंच कल्याणकोंमें सर्व जगत्के द्वारा पूजे जाते हैं अतः पंचकल्याणपूजित कहलाते हैं (१९)। सम्यग्दर्शनकी विशुद्धि युक्त द्वादश भेद रूप गणमें प्रमुख होनेसे आपको लोग दम्विशुद्धिगणोदग्र कहते हैं (२०)। वसुधारा अर्थात् रत्न, सुवर्ण आदि धनकी वर्षाके द्वारा जन्मभूमिरूप आस्पद अर्थात् माताके भवनका आंगण इन्द्रादिकोंके द्वारा पूजा जाता है, अतः आप वसुधारार्चितास्पद कहलाते हैं (२१)। गर्भमें आनेके पूर्व आप माताको सुन्दर सोलह स्वप्नोंके दर्शक हैं अतः सुस्व-प्नदर्शी कहलाते हैं (२२)। ओज शब्द दीप्ति, प्रकाश, बल और तेजका वाचक है। आप मनुष्योंमें नहीं पाये जानेवाले ओजके धारक हैं, अतः दिव्यौज हैं (२३)। शची अर्थात् सौधर्मेन्द्रकी इन्द्राणीके द्वारा आपकी माताकी गर्भ और जन्मके समय सेवाकी जाती है अतः आप शचीसेवितमातृक कहलाते हैं (२४)। गर्भोंमें उत्तम गर्भको रत्नगर्भ कहते हैं। आपका माताके उदर रूप गर्भमें निवास सर्व-श्रेष्ठ है अतः आप रत्नगर्भ कहलाते हैं। अथवा नव मास तक गर्भमें रहनेके समय रत्नोंकी वर्षा होती रहनेसे आपको रत्नगर्भ कहा जाता है (२५)। श्री, ह्री, धृति आदि दिक्कुमारियोंके द्वारा आपकी माताका गर्भ पवित्र किया जाता है अतः आपको श्रीपूतगर्भ कहते हैं (२६)। आपके गर्भ में आनेका उत्सव देवोंके द्वारा किया जाता है, अतः आपको लोग गर्भोत्सवोच्छ्रित कहते हैं (२७)।

अर्थ—दिव्योपचारोपचित हैं, पद्मभू हैं, निष्कल हैं, स्वज हैं, सवींयजन्मा हैं, पुण्यांग हैं, भास्वान हैं, और उद्भूत दैवत हैं, विश्वविज्ञातसंभूति हैं, विश्वदेवागमाद्भुत हैं शचीसृष्ट-प्रतिच्छन्द हैं, सहस्राक्षगुरुत्सव हैं ॥३५–३६॥

व्याख्या-हे जिनेश्वर, आप देवोपनीत दिव्य पूजारूप उपचारसे गृहस्थावस्थामें पुष्टिक प्राप्त हुए हैं, अतः दिव्योपचारोपचित कहलाते हैं (२८)। आपके गर्भ-कालमें माताके भवनका आंगण पद्मोंसे व्याप्त रहता है अतः आप पद्मभू हैं। अथवा गर्भकालमें आपके दिव्य पुण्यके प्रभावसे गर्भाशयमें एक कमलकी रचना होती है, उसकी कर्णिका पर एक सिंहासन होता है, उस

नृत्यदैरावतासीनः सर्वशक्रनमस्कृतः । हर्षाकुलामरखगश्चारणर्षिमनोत्सवः ॥३७॥

भूर्मातुरंगणं यस्येति । अथवा मातुरुदरे स्वामिनो दिव्यशक्त्या कमलं भवति, तत्कर्णिकायां सिंहासनं भवति, तस्मिन् सिंहासने स्थितो गर्भरूपो भगवान् वृद्धिं याति इति कारणात् पद्मभूर्भगवान् भण्यते । निर्गता कला कालो यस्येति । स्वेन आत्मना जायते उत्पद्यते स्वानुभूत्या प्रत्यक्षीभवति । अथवा शोभनो रागद्वेष-मोहादिरहितः अजो ब्रह्मा स्वजः । सर्वेभ्यो हितं सर्वीयं, सर्वीयं जन्म यस्येति । पुण्यं पुण्योपार्जन-हेतुभूतमंगं शरीरं यस्येति । भास्वो दीप्तयो विद्यन्ते यस्येति, चन्द्रार्ककोटेरपि अधिकतेजा इत्यर्थः । उद्भूतं उदयमागतं उत्कृष्टभूतं वा दैवतं पुण्यं यस्य सः । विश्वस्मिन् त्रिभुवने विशाता संभूतिर्जन्म यस्येति । विश्वेषां भवनवासि-व्यन्तर-ज्योतिष्क-कल्पवासिनां देवानां आगमेन आगमनेन सेवोपदीकनेन अद्भुतमाश्चर्यं यस्मात् लोकानां स तथोक्तः । शच्या इन्द्राण्या गुहो विक्रियया कृतः प्रतिच्छंदः प्रतिकार्यो मायामयबालको यस्य स तथोक्तः । सहस्रात्मस्य इन्द्रस्य दृशां लोचनानां उत्सवः आनन्दो यस्मादिति ॥३६॥ नृत्यन् नर्तनं कुर्वन् योऽसावैरावतः, तस्मिन् आसीन उपविष्टः । सर्वैर्द्वात्रिंशता शक्रैर्देवेन्द्रैर्नमस्कृतः प्रणामविषयीकृतः । अमराश्च खगाश्च अमरखगाः, हर्षेण जन्माभिषेकावलोकनार्थं आकुला आधीनाः हर्षाकुलाः आनन्देन उत्सुकाः विह्वलीभूताः परमधर्मानुरागं प्राप्ता अमरखगाः यस्येति । चारणर्षीणां मनोऽभीष्टः उत्सवो जन्माभिषेककल्याणं यस्येति ॥३७॥

पर अवस्थित गर्भरूप भगवान् वृद्धिको प्राप्त होते हैं, इस कारणसे लोग भगवान्को पद्मभू, अब्जभू आदि नामोंसे पुकारते हैं (२६) । कला अर्थात् समयकी मर्यादासे रहित अनादि-निधन हैं, अतः आप निष्कल हैं । अथवा निश्चित कला-कौशलरूप विज्ञानसे युक्त हैं इसलिए भी लोग आपको निष्कल कहते हैं । अथवा कल शब्द रेतस् अर्थात् वीर्यरूप धातुका भी वाचक है, आपमेंसे काम-विकार सर्वथा निकल गया है, अतः आप निष्कल अर्थात् काम-विकार-रहित हैं । अथवा कल नाम अजीर्णका भी है, आप कवलाहारसे रहित हैं इसलिए भी आप निष्कल हैं । अथवा निष्क अर्थात् रत्नसुवर्णकी रत्नवृष्टि, पंचाश्चर्य आदिके समय भूतल पर लाते हैं, इसलिए भी लोग आपको निष्कल कहते हैं । अथवा निष्क नाम हारका भी है । आप राज्यकालमें एक हजार लड़ीके हारको अपने वक्षःस्थल पर धारण करते हैं, इसलिए भी आप निष्कल कहलाते हैं (३०) । आप स्व अर्थात् अपने आप जन्म लेते हैं, यानी स्वानुभूतिसे प्रत्यक्ष प्रगट होते हैं, इसलिए आप स्वज कहलाते हैं । अथवा राग-द्वेष-मोहादिसे रहित सु अर्थात् सुन्दर अज (ब्रह्मा) हैं, इसलिए भी आपको लोग स्वज (सु+अज) कहते हैं (३१) । आपका जन्म सर्वीय अर्थात् सबका हितकारक है, इसलिए आप सर्वीयजन्मा कहलाते हैं । क्योंकि, आपके जन्म-समय औरोंकी तो बात क्या, नारकियोंको भी एक क्षणके लिए सुख प्राप्त होता है (३२) । आपका शरीर जगज्जनोंको पुण्यके उपार्जनका कारणभूत हैं, अतः आप पुण्यांग कहलाते हैं । अथवा आपके शरीर के अंग पवित्र हैं, मल-मूत्र-रहित हैं, इसलिए भी आप पुण्यांग कहलाते हैं । अथवा आपके द्वारा उपदिष्ट आचारांगादि द्वादश श्रुतके अंग पुण्य-रूप हैं, पूर्वापर-विरोधसे रहित हैं, इस कारण भी लोग आप को पुण्यांग कहते हैं । अथवा आपकी सेनाके अंगभूत हस्ती, अश्व आदि ऊर्ध्वगामी होनेसे पाप-रहित हैं, पुण्यरूप हैं, इसलिए भी आप पुण्यांग कहलाते हैं (३३) । आप कोटि चन्द्र-सूर्यसे भी अधिक दीप्ति और तेजके धारक हैं अतः भास्वान् कहलाते हैं (३४) । आपके सर्वोत्कृष्ट दैव अर्थात् पुण्यका उदय प्राप्त हुआ है अतः आप उद्भूतदैवत कहलाते हैं । अथवा उद्भूत अर्थात् अनन्तानन्त भवोपार्जित दैवके तक्षण (क्षय) करनेके कारण भी आप उद्भूतदैवत कहलाते हैं । अथवा उत् अर्थात् उत्कृष्ट भूतोंके इन्द्रादिकोंके भी आप देवता हैं, इसलिए भी आप उद्भूतदैवत कहलाते हैं (३५) ।

अर्थ—हे जिनेश, आप नृत्यदैरावतासीन हैं, सर्वशक्रनमस्कृत हैं, हर्षाकुलामरखग हैं

व्योम विष्णुपदारक्षा स्नानपीठायिताद्रिराट् । तीर्थेशमन्यदुग्धाब्धिः स्नानाम्बुस्नातवासवः ॥३८॥
गन्धाम्बुपूतत्रैलोक्यो वज्रसूचीशुचिश्रवाः । कृतार्थितशचीहस्तः शक्रोद्घुष्टेष्टनामकः ॥३९॥

विशेषेण अवति रक्षति प्राणिवर्गानिति व्योम । वेवेष्टि व्याप्नोति लोकमिति विष्णुः प्राणिवर्गः, 'विषेः किच्च' इत्नेन नुप्रत्ययः । विष्णोः प्राणिवर्गस्य पदानि चतुर्दशमार्गणास्थानानि (गुणस्थानानि) च तेषामासमन्तात् रक्षा विष्णुपदारक्षा, परमकारुणिकत्वात् स्वामिनः । व्योम विष्णुपदारक्षा इति नामद्वयं श्लिष्टलिंगं शतधा । स्नानस्य जन्माभिषेकस्य पीठं चतुष्किका, तदिवाचरति स्म स्नानपीठायिता अद्रिराट् मेरुपर्वतो यस्य स तथोक्तः । तीर्थानां जलाशयानामीशः स्वामी तीर्थेशः, तीर्थेशमात्मानं मन्यते तीर्थेशमन्यः, तीर्थेशमन्यो दुग्धाब्धिः क्षीरसागरो यस्य स तथोक्तः । स्नानाम्बुना स्नानजलेन स्नातः प्रक्षालितशरीरो वासवो देवेन्द्रो यस्येति ॥३८॥ गन्धाम्बुना ऐशानेन्द्रा (व) र्जितेन गंधोदकेन पुण्यं (पूतं) पवित्रीभूतं त्रैलोक्यं यस्येति । परमेश्वरस्य कर्णौ किल स्वाभाव्येन सछिद्रौ भवतः, ऊर्णनाभपटलसदृशेन पटलेन भंपिती च भवतः । पश्चादेवेन्द्रो वज्रसूचीं गृहीत्वा तत्पटलं दूरीकरोति, कर्णच्छिद्रे (च) प्रकटीभवतः, तत्र कुण्डले आरोपयति । अयं आचार इति कस्यचिदं कर्णेचिं कर्णेति । तत्प्रस्तावे इदं भगवतो नाम, यत् सूच्या शुचिनी श्रवसी कर्णौ यस्येति । कृतार्थितो सफलीकृतो शच्या इन्द्रमहदेव्या हस्तो येन स तथोक्तः । शक्रेण उद्घुष्टमुच्चैरुच्चारितं इष्टं सर्वैर्मानितं नाम यस्येति ॥३९॥

और चारणर्षिमतोत्सव हैं ॥३७॥

व्याख्या—संभूति नाम जन्मका है, सारे विश्व में हर्ष उत्पन्न होने के कारण आपका जन्म विश्व-विज्ञात है, इसलिए आप विश्वविज्ञातसंभति कहलाते हैं। अथवा संभूति नाम समीचीन ऐश्वर्य-विभूतिका भी है। आपका ऐश्वर्य-वैभव विश्व-विदित है, इसलिए भी आप विश्वविज्ञातसंभूति कहलाते हैं (३६)। आपके पांचों कल्याणकोंमें सर्व प्रकारके देवोंका आगमन होनेसे संसार आश्चर्य-चकित होता है, अतः लोग आपको विश्वदेवागमाद्भुत कहते हैं। अथवा आपके पूर्वापर-विरोधरहित आगम (शास्त्र) के श्रवणसे विश्वके देव आश्चर्यसे स्तम्भित रह जाते हैं, इसलिए भी आप विश्वदेवागमाद्भुत कहलाते हैं (३७)। आपके जन्माभिषेकके समय माताके पास सुलानेके लिए शचीके द्वारा प्रतिच्छन्द अर्थात् मायामयी बालकका रूप रचा जाता है, इसलिए आप शचीसृष्टप्रतिच्छन्द कहलाते हैं (३८)। सहस्राक्ष अर्थात् इन्द्रके सहस्र नेत्रोंके लिए आप उत्सव-जनक हैं, अतः योगिजन आपको सहस्राक्षदृगुत्सव कहते हैं (३९)। जन्माभिषेकके समय सुमेरु-गिरि पर जाते और आते समय नृत्य करते हुए ऐरावत हाथी पर आप आसीन अर्थात् विराजमान रहते हैं, इसलिए आपको नृत्यदैरावतासीन कहते हैं (४०)। सर्व शक्रोंसे नमस्कार किये जानेके कारण आप सर्वशक्रनमस्कृत कहे जाते हैं (४१)। आपका जन्माभिषेक देखनेके लिए अमर-गण और खग अर्थात् विद्याधर हर्षसे आकुल-व्याकुल रहते हैं, और देखकर आनन्द-विभोर होते हैं, अतः आप हर्षाकुलामरखग कहलाते हैं (४२)। चारणऋद्धिके धारक ऋषिजनोंके द्वारा भी आपके जन्मका उत्सव मनाया जाता है इसलिए आप चारणर्षिमतोत्सव कहलाते हैं (४३)।

अर्थ—हे विश्वोपकारक, आप व्योम हैं, विष्णुपदारक्ष हैं, स्नानपीठायिताद्रिराट् हैं, तीर्थेशमन्यदुग्धाब्धि हैं, स्नानाम्बुस्नातवासव हैं, गन्धाम्बुपूतत्रैलोक्य हैं, वज्रसूचीशुचिश्रवा हैं, कृतार्थितशचीहस्त हैं और शक्रोद्घुष्टेष्टनामक हैं ॥३८–३९॥

व्याख्या—हे विश्वके उपकारक, आप विशेषरूपसे जगज्जीवोंकी रक्षा करते हैं, अतः व्योम कहलाते हैं (४४)। विष्णु अर्थात् विश्वव्यापी प्राणिवर्गके गुणस्थान और मार्गणास्थान रूप पदोंके रक्षक होने से विष्णुपदारक्ष कहलाते हैं (४५)। अद्रिराट् अर्थात् गिरिराज सुमेरुपर्वत आपके स्नानके लिए पीठ (चौकी) के समान आचरण करता है, इसलिए साधुजन आपको स्नानपीठायिताद्रिराट्

शक्रेरब्धानन्दनृत्यः शचीविस्मापिताम्बिकः । इन्द्रनृत्यन्तपितृको रैदपूर्णमनोरथः ॥४०॥
आज्ञार्थीन्द्रकृतासेवो देवर्षीष्टशिवोद्यमः । दीक्षाक्षणक्षुब्धजगद्भूर्भुवःस्वःपतीडितः ॥४१॥

शक्रेण सौधर्मेन्द्रेण आरब्धं मेरुमस्तके जिनेश्वराग्रे आनन्दनृत्यं भगवज्जन्माभिषेककरणोत्पन्नप्रतिशय-पुण्यसमुपार्जनसमुद्भूतहर्षनाटकं यस्येति । शच्या इन्द्राण्या सौधर्मेन्द्रपत्न्या विस्मापिता स्वपुत्रवैभवदर्शनेनाश्चर्यं प्रापिता अम्बिका माता यस्येति । नर्तनं नृतिः नृत्तिः स्त्रियां क्तिः । इन्द्रस्य नृतिः इन्द्रनृतिः, अन्ते अग्रे पितृपितुर्यस्येति । नयन्तात् कृदन्तात् शेषा—(बहु) बहुव्रीही कः । रैदेन कुबेरेणेन सौधर्मेन्द्रादेशात् पूर्णा परिपूरिता समाप्तिं नीताः भोगोपभोगपूरणेन मनोरथा दोहदा यस्येति ॥४०॥

आशा शिष्टिरादेश इति यावत् । आशाया आदेशस्य अर्थी ग्राहकः आज्ञार्थी, स चासाविन्द्रः आज्ञार्थीन्द्रः । आज्ञार्थीन्द्रेण कृता विहिता आसमन्तात् सेवा पर्युपासनं सेवनं यस्येति । देवानां ऋषयो लौकान्तिकाः, देवर्षीणां लौकान्तिकदेवानामिष्टोऽभीष्टो यज्ञमः शिवोद्यमः शिवस्य मोक्षस्य उद्यमो यस्येति ।

कहते हैं (४६)। दुग्धाब्धि अर्थात् क्षीरसागर अपने जलके द्वारा आपका जन्माभिषेक किये जानेके कारण अपनेको तीर्थेश अर्थात् जलाशयोंका स्वामी मानता है, इसलिए योगिजन आपको तीर्थेशमन्यदुग्धाब्धि कहते हैं (४७)। आपके स्नानके जलसे सर्व वासव अर्थात् इन्द्र स्नान करते हैं, इसलिए आप स्नाना-स्युक्षातवासव कहलाते हैं (४८)। जन्माभिषेकके समय ऐशानेन्द्रके द्वारा सर्व ओर छोड़े गये गन्धोदक से त्रैलोक्य पवित्र हुआ है, इसलिए आप गन्धाम्बुपूतत्रैलोक्य कहलाते हैं (४९)। इन्द्र वज्रसूचीसे आपके कर्णवेधन-संस्कारको करता है इसलिए आप वज्रसूचीशुचिश्रवा कहलाते हैं। यद्यपि भगवान् के कर्ण स्वभाव से ही छेद-सहित होते हैं, पर उनके ऊपर मकड़ीके जालके समान सफेद आवरण रहता है। इन्द्र वज्रमयी सूई हाथमें लेकर उस आवरण-पटलको दूर करता है और उनमें कुंडल पहिनाता है, अतएव यह नाम भगवान् का प्रसिद्ध हुआ है (५०)। जन्माभिषेकके समय इन्द्राणी ही सर्व प्रथम भगवान्को माताके पाससे उठाती है। पुनः अभिषेकके पश्चात् वह भगवान्के शरीरको पोंछती है, वस्त्राभरण पहिराती है और चन्दन का तिलक लगाती है। इस प्रकार आपने अपने जन्म के द्वारा शचीके हस्त कृतार्थ किये हैं इसलिए आप कृतार्थितशचीहस्त कहलाते हैं (५१)। शक्रके द्वारा ही सर्वप्रथम आपके इष्ट नामका उद्घोष किया जाता है, इसलिए आप शक्रोद्घुष्टेष्टनामक कहलाते हैं (५२)। मेरुमस्तक पर जन्माभिषेकके पश्चात् इन्द्रके द्वारा आनन्दोत्पादक नृत्य आरम्भ किया जाता है, इसलिए आप शक्रारब्धानन्दनृत्य कहलाते हैं (५३)। शची आपका वैभव दिखाकर माताको विस्मय-युक्त करती है, इसलिए आप शचीविस्मापिताम्बिक कहलाते हैं (५४)। सुमेरुगिरिसे आकर इन्द्र आपके पिताके पास ताण्डवनृत्य आरम्भ करता है, इसलिए आप इन्द्रनृत्यन्तपितृक कहलाते हैं (५५) रैद अर्थात् कुबेरके द्वारा आपके भोगोपभोगके सर्व मनोरथ परिपूर्ण किये जाते हैं इसलिए आप रैदपूर्णमनोरथ कहलाते हैं (५६)। आपकी आज्ञाको मस्तक पर धारण करनेके इच्छुक इन्द्रोंके द्वारा आपकी सेवा-अराधनाकी जाती है, इसलिए आप आज्ञार्थीन्द्रकृतासेव कहलाते हैं (५७)। देवों-के ऋषि जो लौकान्तिक देव हैं, उन्हें आपके शिव-गमनका उद्यम इष्ट है, अतिवल्लभ है और इसी कारण वे दीक्षा-कल्याणकके समय आपको सम्बोधन कर स्तुति करनेके लिए भूलोकमें आते हैं, इस लिए आप देवर्षीष्टशिवोद्यम कहलाते हैं (५८)। आपके जिन-दीक्षा ग्रहण करनेके समय सारा जगत् क्षोभको प्राप्त हो जाता है, इसलिए आप दीक्षाक्षणक्षुब्धजगत् कहलाते हैं (५९)। भूर् नाम पाताल लोकका है, भुवर् नाम मध्यलोकका और स्वर् नाम उर्ध्वलोकका है। आप इन तीनों लोकोंके पतियोंसे पूजित हैं, अतः भूर्भुवःस्वःपतीडित कहे जाते हैं (६०)।

अर्थ—हे त्रिभुवनेश, आप शक्रारब्धानन्दनृत्य हैं, शचीविस्मापिताम्बिक हैं, इन्द्रनृत्यन्तपितृक हैं, रैदपूर्णमनोरथ हैं, आज्ञार्थीन्द्रकृतासेव हैं, देवर्षीष्टशिवोद्यम हैं, दीक्षाक्षणक्षुब्धजगत् हैं, और भूर्भुवःस्वःपतीडित हैं ॥४०-४१॥

कुबेरनिर्मितास्थानः श्रीयुग्योगीश्वरार्चितः । ब्रह्मा ब्रह्मो ब्रह्मविद्येयो याज्यो यज्ञपतिः क्रतुः ॥४२॥
यज्ञाङ्गममृतं यज्ञो हविःस्तुत्यः स्तुतीश्वरः । भावो महामहपतिर्महायज्ञोऽप्रयाजकः ॥४३॥

दीक्षाक्षणे निःक्रमणकल्याणे क्षुब्धं क्षोभं प्राप्तं जगत् त्रैलोक्यं यस्येति । भूर् पाताललोकः, भुवर् मध्यलोकः, स्वर् ऊर्ध्वलोकः, तेषां पतयः स्वामिनः भूर्भुवःस्वःपतयः; तैरीडितः स्तुतीनां कोटिभिः कथितः भूर्भुवःस्वःपतीडितः । वैदिकादिका एते शब्दाः रकारान्ताः अव्यया: शतव्याः ॥४१॥

कुबेरेण ऐलविलेन राजराजेन शक्रभाण्डागारिणा धनदवरेण निर्मितं सृष्टं आस्थानं समवशरणं यस्येति । श्रियं नवनिधिलक्षणां द्वादशद्वारेषु दीनजनदानार्थं वा युनक्ति । अथवा श्रियां अभ्युदयनिःश्रेयसलक्षणोपलक्षितां लक्ष्मीं युनक्ति योजयति भक्तानामिति । यम-नियमासन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि-लक्षणा अष्टौ योगा विद्यन्ते येषां ते योगिनः, यागिनां मुनीनां ईश्वरा गणधरदेवादयः, तैरर्चितः पूजितः । ब्रह्म-भिरहमिन्द्रैरीड्यः, स्वस्थानस्थितैः स्तूयते । अथवा ब्रह्मनाम्ना मायाविना विद्याधरेण ईड्यः । अथवा ब्रह्मणा शानेन द्वादशाङ्गेन ईड्यः । ब्रह्माणं आत्मानं वेत्तीति । वेदे शाने नियुक्तः, अथवा वेदितुं योग्यः । कथ्यते याज्यः, स्तवार्हः । यज्ञस्य पतिः स्वामी । क्रियते योगिभिर्ध्यानेन प्रकटो विधीयते ॥४२॥

यज्ञस्य अंगं अभ्युपायः, स्वामिनं विना पूज्यो जीवो न भवतीति । आविद्धालिंगं नामेदं । मरणं मृतं, न मृतं अमृतं, मृत्युरहितं इत्यर्थः, आविद्धलिंगमिदं नाम । इज्यते पूज्यते । हूयते निजात्मनि लक्ष्यतया दीयते । स्तोतुं योग्यः । स्तुतेरीश्वरः स्तुतीश्वरः, स्तुती स्तुतिकरणे ईश्वरा इन्द्रादयो यस्य स तथोक्तः । समवसरण-विभूतिमंडितत्वात् भावः । अथवा यः पुमान् विद्वान् भवति स भावः कथ्यते, स्वर्ग-मोक्षादि (दि १) कारण-

अर्थ—हे स्वामिन्, आप कुबेरनिर्मितास्थान हैं, श्रीयुक् हैं, योगीश्वरार्चित हैं, ब्रह्मा ड्य हैं, ब्रह्मवित् हैं, वेद्य हैं, याज्य हैं, यज्ञपति हैं, क्रतु हैं यज्ञांग हैं, अमृत हैं, यज्ञ हैं, हवि हैं, स्तुत्य हैं, स्तुतीश्वर हैं, भाव हैं, महामहपति हैं, महायज्ञ हैं और अप्रयाजक हैं ॥४२-४३॥

व्याख्या—हे त्रिभुवनके ईश, आपका आस्थान अर्थात् समवसरण कुबेरके द्वारा रचा जाता है, अतः आप कुबेरनिर्मितास्थान कहे जाते हैं (६१)। आप अपने भक्तोंको निःश्रेयस-अभ्युदयस्वरूप लक्ष्मीसे युक्त करते हैं, स्वयं अन्तरंग अनन्तचतुष्टयरूप लक्ष्मीसे और बहिरंग समवसरणरूप लक्ष्मी से युक्त हैं और द्वादश द्वारों पर स्थापित नव निधियोंके द्वारा दीन जनोंको धनादि लक्ष्मीसे युक्त करते हैं, अतएव आप श्रीयुक् कहलाते हैं (६२)। अष्टांग योगके धारण करनेवाले साधु योगी कहलाते हैं, उनके ईश्वर गणधरादिसे आप पूजित हैं, इसलिए आप योगीश्वरार्चित कहलाते हैं। अथवा स्त्रीके संयोगसे युक्त महादेवको जगज्जन योगीश्वर कहते हैं, उसके द्वारा भी आप अर्चित हैं। ऐसा कहा जाता है कि जब महावीरस्वामी उज्जयिनीके स्मशान-में रात्रिके समय कायोत्सर्गसे स्थित थे, उस समय पार्वती-सहित महादेवने आकर उनकी परीक्षाके लिए नाना प्रकारके घोर उपसर्ग किये। परन्तु जब वह भगवान्को चल-विचल न कर सके, तब उनके चरणोंमें गिर पड़े और 'महति-महावीर' नाम देकर तथा नाना प्रकारसे उनकी पूजा करके चले गये (६३)। ब्रह्म अर्थात् अहमिन्द्रोंके द्वारा स्वस्थानसे ही आप पूजे जाते हैं, इसलिए आप ब्रह्मेड्य कहलाते हैं। अथवा ब्रह्म नामक एक मायावी विद्याधरके द्वारा पूजे जानेसे भी आप ब्रह्मेड्य कहलाते हैं। अथवा ब्रह्म नाम द्वादशांग श्रुतज्ञान का भी है, उसके द्वारा पूज्य होनेसे भी ब्रह्मेड्य कहलाते हैं (६४)। ब्रह्म अर्थात् आत्मस्वरूपके जाननेवाले हैं, इसलिए आप ब्रह्मवित् हैं (६५)। आप सदैव योगिजनोंके द्वारा भी जानने योग्य हैं, अतः वेद्य हैं (६६)। यज्ञ अर्थात् पूजनके योग्य हैं, अतः याज्य कहलाते हैं (६७)। यज्ञके स्वामी होनेसे यज्ञपति कहलाते हैं (६८)। योगियोंके द्वारा ध्यानावस्थामें प्रकट किये जाते हैं, अतः क्रतु कहलाते हैं (६९)। आप यज्ञ के अंग हैं, क्योंकि आपके विना कोई जीव पूज्य नहीं होता, अतः आप यज्ञाङ्ग हैं (७०)। आप मृत अर्थात् मरणसे रहित

दयायागो जगत्पूज्यः पूजार्हो जगदर्चितः । देवाधिदेवः शक्रार्च्यो देवदेवो जगद्गुरुः ॥४४॥

भूतत्वात् । अथवा शब्दानां प्रवृत्तिहेतुत्वात् भावः, भगवन्तं विना शब्दाः कुतः प्रवर्तन्ते । महामहस्य महापूजायाः पतिः स्वामी, अथवा महस्य यज्ञस्य पतिर्महपतिः महांश्चासौ महपतिश्च महामहपतिः । महान् घातिकर्मसमिद्धोमलक्षणो यज्ञो यस्य स तथोक्तः । अग्रः श्रेष्ठोऽधिको प्रथमो वा याजको यस्यकः ॥४३॥

दया सकृपं-निसृं शसर्वप्राणिदुर्गाणां करणा यागः पूजा यस्य स दयायागः । जगतां त्रिभुवनस्थित-भव्यजीवानां पूज्यः । पूजाया अष्टविधार्चनस्य अर्हो योग्यः । जगतां त्रैलोक्यस्थितभव्यप्राणिनां अर्चितः पूजितः । देवानां इन्द्रादीनामधिको देवः । शक्नुवंतीति शका द्वात्रिंशदिन्द्रास्तेषामर्च्यः पूज्यः । देवानामिन्द्रादीनामाराध्यो देवः । अथवा देवानां राज्ञां देवो राजा देवदेवः, राजाधिराज इत्यर्थः । अथवा देवानां मेघकुमाराणां देवः परमाराध्यः । जगतां जगति स्थितप्राणिदुर्गाणां गुरुः पिता धर्मोपदेशको वा महान् ॥४४॥

हैं, अतः अमृत कहलाते हैं । अमृत नाम रसायनका भी है, क्योंकि वह भी जरा और मरणको दूर करता है । अमृत नाम जलका भी है । आप भी संसार, शरीर और भोगरूप तृष्णाको निवारण करते हैं, तथा जलके समान निर्मल स्वभावके धारक हैं । अथवा अनन्त सुखका दायक होनेसे मोक्ष का भी नाम अमृत है । तथा अमृत शब्द यज्ञशेष, गोरस, घृत, आकाश, सुवर्ण आदि अनेक अर्थोंका वाचक है । आप यज्ञशेषके समान आदर पूर्वक ग्रहण किये जाते हैं, गोरस और घृतके समान सुस्वादु और जीवनवर्धक हैं, आकाशके समान निर्लेप हैं, सुवर्णके समान भास्वररूपसे युक्त हैं, इसलिए लोग आपको अमृत कहते हैं (७१) । आप याजकोंके द्वारा पूजे जाते हैं, इसलिए आप यज्ञ कहलाते हैं (७२) । अपने आत्मस्वरूपमें ही आप हवन किये जाते हैं, इसलिए आप हवि कहलाते हैं (७३) । स्तुतिके योग्य होनेसे स्तुत्य कहलाते हैं (७४) । स्तुतियोंके ईश्वर होनेसे स्तुतीश्वर कहलाते हैं (७५) । भावशब्द सत्ता, आत्मा, वस्तु, स्वभाव आदि अनेक अर्थोंका वाचक है । आप सदा सत्स्वरूप हैं, आत्मस्वभावको प्राप्त हैं, समवसरण-विभूति-मंडित हैं, अतः आपको लोग भाव कहते हैं (७६) । महापूजाके स्वामी हैं अतः महामहपति कहलाते हैं (७७) । घातिया कर्मोंके क्षयरूप महान् यज्ञमय होनेसे महायज्ञ कहलाते हैं । अथवा पांचों कल्याणकोंमें इन्द्र, नरेन्द्र, धरणेन्द्रादिके द्वारा महापूजाको प्राप्त करनेसे भी आप महायज्ञ कहे जाते हैं (७८) । अग्र अर्थात् श्रेष्ठ याजक होनेसे आप अग्रयाजक कहे जाते हैं । अथवा लोकाग्र पर विराजमान सिद्धोंके दीक्षाकालमें याजक होनेसे आप अग्रयाजक कहलाते हैं (७९) ।

अर्थ—हे दयालो, आप दयायाग हैं, जगत्पूज्य हैं, पूजार्ह हैं, जगदर्चित हैं, देवधिदेव हैं, शक्रार्च्य हैं, देवदेव हैं और जगद्गुरु हैं ॥४४॥

व्याख्या—हे दयालु जिनेन्द्र, आपने सर्व प्राणियों पर दया करनेको ही यज्ञ कहा है, इसलिए आप दयायाग हैं (८०) । आप जगत्के सर्व प्राणियोंसे पूज्य हैं, अतः जगत्पूज्य हैं (८१) । पूजाके योग्य होनेसे पूजार्ह कहलाते हैं (८२) । जगत्से अर्चित होनेके कारण जगदर्चित कहलाते हैं (८३) । इन्द्रादिक देवोंके भी अधिनायक होनेसे देवाधिदेव कहलाते हैं । अथवा देवोंकी आधि अर्थात् मानसिक पीडाके दूर करनेके कारण भी आप देवाधिदेव कहलाते हैं (८४) । शक्र अर्थात् चतुर्निकाय देवोंके बत्तीस इन्द्रोंके द्वारा पूजे जानेसे शक्रार्च्य कहलाते हैं (८५) । देवोंके देव अर्थात् आराध्य होने से देवदेव कहलाते हैं । अथवा देवशब्द राजाका भी वाचक है । आप राजाओंके भी राजा हैं अतः देवदेव हैं । अथवा देवशब्द जलवृष्टि करनेवाले मेघकुमारोंका भी वाचक है, आप उनके परम आराध्य हैं, क्योंकि आपके विहारकालमें वे आगे आगे जलवृष्टि करते हुए चलते हैं (८६) । आप जगत्के गुरु हैं, क्योंकि उसे महान् धर्मका उपदेश देते हैं (८७) ।

संहृतदेवसंघार्च्यः पद्मयानो जयध्वजी । भामंडली चतुःषष्टिचामरो देवदुन्दुभिः ॥४५॥
वागस्पृष्टासनस्त्रयराड् पुष्पवृष्टिभाक् । दिव्याशोको मानमर्दी संगीतार्होऽष्टमंगलः ॥४५॥
॥ इति यज्ञार्हशतम् ॥

संहृत इन्द्रादेशेनामंत्रितो योऽसौ देवसंघः चतुर्निकायदेवसमूहः, तेन अर्च्यः पूज्यः । पद्मे न यानं गमनं यस्य । जयध्वजा चिह्नन्ते (यस्य) । भामंडलं कोट्यर्कसमानतेजोमंडलं स्थिते यस्य । चतुरधिका षष्टिः चतुःषष्टिः; चतुःषष्टिश्चामराणि प्रकीर्णकानि यस्य । देवानां संघेभ्यो दुन्दुभयः साद्धद्वादशकोटिपदा यस्येति ॥४५॥ वाग्भिर्वाणीभिरस्पृष्टं आसनं उरःप्रभृति स्थानं यस्य स तथोक्तः । उक्तं च—

अष्टौ स्थानानि वर्णानामुरः कण्ठः शिरस्तथा । जिह्वामूलं च दन्ताश्च नासिकौष्ठौ च तालु च ॥

छत्रत्रयेणोपर्युपरि धृतेन राजते । द्वादश योजनानि व्याप्य पुष्पवृष्टिर्भवति, तानि च पुष्पाणि ऊर्ध्वमुखानि अधोमुखानि (च) स्युः । ईदृग्विधां पुष्पवृष्टिं भजते भोग्यतया गृह्णाति । दिव्योऽमानुषो महामंडपोपरि स्थितः योजनैकप्रमाणकटप्रो मणिमयोऽशोकोऽशोकवृक्षो यस्य सः । मानस्तम्भचतुष्टयेन मिथ्यात्वादिनां मानमहंकारं दूरादपि दर्शनमात्रेण मर्दयति शतखण्डीकरोतीत्येवंशीलः । गीत-नृत्यवादित्रविराज्यमाननाट्यशालागतदेवांगनानृत्ययोग्यः । अष्टौ मंगलानि प्रतिप्रतोलि यस्येति ॥४६॥
॥ इति यज्ञार्हशतम् ॥ ३ ॥

अर्थ—हे स्वामिन्, आप संहृतदेवसंघार्च्य हैं, पद्मयान हैं, जयध्वजी हैं, भामंडली हैं, चतुःषष्टिचामर हैं, देवदुन्दुभि हैं, वागस्पृष्टासन हैं, छत्रत्रयराट् हैं, पुष्पवृष्टिभाक् हैं, दिव्याशोक हैं, मानमर्दी हैं, संगीताहं हैं और अष्टमंगल हैं ॥४५-४६॥

व्याख्या—संहृत अर्थात् इन्द्रके आदेशसे आमंत्रित चतुर्विध देव-संघके द्वारा पूज्य हैं अतः संहृतदेवसंवार्च्य कहलाते हैं (८८) । आप विहारकालमें देवगणोंसे रचित कमलों पर पादन्यास करते हुए चलते हैं, अतः पद्मयान कहलाते हैं (८९) । आपके समवसरणमें और विहारकालमें त्रिजगद्विजयकी सूचना देनेवाली ध्वजा-पताकाएं फहराती रहती हैं अतएव लोग आपको जयध्वजी कहते हैं (९०) । आपके पृष्ठ भागकी ओर भा अर्थात् कान्तिका वृत्ताकार पुंज सदैव विद्यमान रहता है, अतः आप भामंडली कहलाते हैं (९१) । आपके समवसरणमें यक्षगण चौसठ चँवर ढोरते रहते हैं, अतः आप चतुःषष्टिचामर कहलाते हैं (९२) । समवसरणमें देवगण साढ़े बारह कोटि दुन्दुभियोंको बजाते हैं अतः आप देवदुन्दुभि कहलाते हैं (९३) । आपकी वाणी तालु, ओष्ठ आदि स्थानोंको नहीं स्पर्श करती हुई ही निकलती है, अतः आप वागस्पृष्टासन कहलाते हैं (९४) । तीन छत्रोंको धारण कर समवसरणमें विराजमान रहते हैं, अतः छत्रत्रयराट् कहे जाते हैं (९५) । आपके समवसरणमें देवगण बारह योजन तक की भूमिपर पुष्पवृष्टि करते हैं । पुष्पवृष्टिके समय फूलोंके मुख ऊपरकी ओर तथा डंठल नीचेकी ओर रहते हैं । इस प्रकारकी पुष्पवृष्टिके भोक्ता होनेसे आपको लोग पुष्पवृष्टिभाक् कहते हैं (९६) । समवसरणमें महामंडपके ऊपर दिव्य अशोक वृक्ष रहता है, जिसे देखकर शोक-सन्तप्त प्राणी शोक-रहित हो जाते हैं, अतः आप दिव्याशोक कहलाते हैं (९७) । समवसरणमें चारों ओर अवस्थित मानस्तम्भोंके दर्शनमात्रसे बड़े-बड़े मानियोंके भी मानका मर्दन स्वयमेव हो जाता है, अतएव आप मानमर्दी कहलाते हैं (९८) । समवसरण-स्थित संगीतशालाओं के भीतर गाये जानेवाले संगीतके योग्य होनेसे आप संगीताहं कहलाते हैं (९९) । भृंगार, ताल (बीजना), कलश, ध्वजा, सांथिया, छत्र, दर्पण और चंवर ये आठ मंगल द्रव्य सौ-सौ की संख्यामें समवसरणके भीतर सदा विद्यमान रहते हैं, अतः आप 'अष्टमंगल' इस नामसे प्रख्यात हुए हैं (१००) ।

इस प्रकार तृतीय यज्ञार्ह शतक समाप्त हुआ ।

(४) अथ तीर्थकृच्छतम्

तीर्थकृत्तीर्थसृट् तीर्थकरस्तीर्थकरः सुदृक् । तीर्थकर्त्ता तीर्थभर्त्ता तीर्थेशस्तीर्थनायकः ॥४७॥
धर्मतीर्थंकरस्तीर्थप्रणेता तीर्थकारकः । तीर्थप्रवर्त्तकस्तीर्थवेधास्तीर्थविधायकः ॥४८॥
सत्यतीर्थंकरस्तीर्थसेव्यस्तैर्थिकतारकः । सत्यवाक्याधिपः सत्यशासनोऽप्रतिशासनः ॥४९॥

तीर्यते संसारसागरो येन तत्तीर्थं द्वादशांगशास्त्रं तत्करोतीति । तीर्थं सृजतीति । तीर्थं करोतीति । तीर्थं करोतीति तीर्थंकरः, वर्णागमत्वात् मोऽन्तः । शोभना दृक् क्षायिकं सम्यक्त्वं यस्य स सुदृक् । शोभनलोचनो वा । तीर्थस्य भर्त्ता स्वामी । अथवा तीर्थं बिभर्त्तीत्येवंशीलः । तीर्थस्य ईशः स्वामी । तीर्थस्य नायकः स्वामी ॥४७॥ धर्मस्तीर्थं, स एव तीर्थः, तं करोतीति । तीर्थं प्रणयतीति । तीर्थ-(स्व) कारकः । तीर्थस्य प्रवर्त्तकः । तीर्थस्य वेधाः कारकः । तीर्थस्य विधायकः कारकः ॥४८॥ सत्यतीर्थं करोतीति । तीर्थानां तीर्थभूतपुरुषाणां सेव्यः सेवनीयः । तीर्थं शास्त्रं नियुक्तास्तैर्थिकाः, वा तीर्थं सुरुः, तस्मिन्नियुक्ता सेवापरा तैर्थिकाः । अथवा तार्थे जिनपूजनं तत्र नियुक्ताः । अथवा तीर्थं पुण्यक्षेत्रं गिरनारादि, तद्यात्राकारकाः । अथवा पात्रं त्रिविधं, तस्य दानादिनियुक्तास्तैर्थिकास्तेषां तारको मोक्षदायकस्तैर्थिकतारकः । त्यादि-स्यादिचयो वाक्यमुच्यते, क्रियासहितानि कारकाणि वा वाक्यं कथ्यते । सत्यानि सत्पुरुषयोग्यानि तानि वाक्यानि सत्यवाक्यानि, सत्यवाक्यानामधिपः स्वामी । अथवा सत्यानि वाक्यानि येषां ते सत्यवाक्याः ऋषयः, ऋषयः सत्यवचसः इत्यभिधानात् । सत्यवाक्यानामृषीणां दिगम्बरमुनीनां अधिपः । अथवा सत्यवाक्यानां सत्यवादिनां आधिं धर्मचिन्तां पाति रक्षति इति सत्यवाक्याधिपः । सत्यं शासनं शास्त्रं यस्य । अथवा सत्यं इयन्ति, असत्यं वदन्ति पूर्वापरविरोधिशास्त्रं मन्यन्ते ते सत्यशाः जिमिनि-कपिल-कणचर-चार्वाक-शाक्याः, तान् अस्यति निराकरोतीति सत्यशासनः । अविद्यमानं प्रतिशासनं मिथ्यामतं यत्र स तथोक्तः । अथवा अविद्यमानं प्रतिशं दुःखं आसने (यस्य) स अप्रतिशासनः । भगवान् खलु वृषभनाथः किंचिदूनपूर्वलक्षकालपर्यन्तं पद्मासन एवोपविष्टो धर्मोपदेशं दत्तवान्, तथापि दुःखं नाभूत् । कुतः, अनन्तसुखानन्तवीर्यत्वात् ॥४९॥

अर्थ—हे तीर्थेश, आप तीर्थकृत् हैं, तीर्थसृट् हैं, तीर्थंकर हैं, तीर्थंकर हैं, सुदृक् हैं, तीर्थंकर्त्ता हैं, तीर्थभर्त्ता हैं, तीर्थेश हैं, तीर्थनायक हैं, धर्मतीर्थंकर हैं, तीर्थप्रणेता हैं, तीर्थकारक हैं, तीर्थप्रवर्त्तक हैं, तीर्थवेधा हैं, तीर्थविधायक हैं, सत्यतीर्थंकर हैं, तीर्थसेव्य हैं, तैर्थिकतारक हैं, सत्यवाक्याधिप हैं, सत्यशासन हैं, और अप्रतिशासन हैं ॥४७-४९॥

व्याख्या—जिसके द्वारा संसार-सागरके पार उतरते हैं उसे तीर्थ कहते हैं। जगज्जन द्वादशांग श्रुतका आश्रय लेकर भवके पार होते हैं, अतः द्वादशांग श्रुतको तीर्थ कहते हैं। आप इस प्रकारके तीर्थके करने अर्थात् चलानेवाले हैं, इसलिए आप तीर्थकृत, तीर्थसृट्, तीर्थंकर, तीर्थंकर, तीर्थंकर्त्ता, तीर्थभर्त्ता, तीर्थेश, तीर्थनायक, धर्मतीर्थंकर, तीर्थप्रणेता, तीर्थकारक, तीर्थप्रवर्त्तक, तीर्थवेधा और तीर्थविधायक कहलाते हैं (१-१४)। क्षायिकसम्यक्त्वके धारण करनेसे सुदृक् कहलाते हैं (१५)। सत्य तीर्थके चलानेसे सत्यतीर्थंकर कहे जाते हैं (१६)। तीर्थस्वरूप पुरुषोंके द्वारा पूज्य होनेसे तीर्थसेव्य कहलाते हैं (१७)। तीर्थशब्द गुरु, पुण्यक्षेत्र, यज्ञ, पात्र आदि अनेक अर्थोंका भी वाचक है। जो इस प्रकारके तीर्थमें नियुक्त होते हैं उन्हें तैर्थिक कहते हैं, ऐसे तैर्थिक पुरुषोंके तारनेवाले होनेसे आप तैर्थिकतारक कहलाते हैं (१८)। आप सत्य वाक्योंके उपदेष्टा हैं, सत्यवचन बोलनेवाले मुनियोंके स्वामी हैं और सत्यवादियोंकी आधि अर्थात् मानसिक चिन्ताको दूर कर उनकी रक्षा करते हैं इसलिए आप सत्यवाक्याधिप कहलाते हैं (१९)। आपका शासन सत्य है, पूर्वापर-विरोधसे रहित है, इसलिए आप सत्यशासन कहलाते हैं। अथवा जो सत्यका अपलाप करते हैं और असत्यको बोलते हैं ऐसे लोग सत्यशा कहलाते हैं। आप उनका निराकरण कर यथार्थ वस्तु स्वरूपका

स्याद्वादी दिव्यगीर्दिव्यध्वनिरव्याहतार्थवाक् । पुण्यवाग्यर्थवाग्अर्धमागधीयोक्तिरिद्धवाक् ॥५०॥
अनेकान्तदिगेकान्तध्वान्तभिद्दुर्णयान्तकृत् । सार्थवाग्प्रयत्नोक्तिः प्रतितीर्थमदघ्नवाक् ॥५१॥

स्याच्छब्दपूर्वं वदतीत्येवंशीलः । दिव्या अमानुषी गीर्वाणी यस्य । दिव्यो अमानुषो ध्वनिः शब्द-व्यापारो वचनरचना यस्येति । अव्याहतार्था परस्परविरुद्धार्था असंकुलार्था वाग्वाणी यस्येति । अथवा आ समंताद् हननं आहतं, अवीनां छागादीनां आहतस्य आहननस्य अर्थोऽभिधेयः प्रयोजनं वा यस्या सा अव्या-हतार्था, अविशब्दाद् आहतशब्दाच्चोपरि अकारप्रश्लेषो शतव्यः । अव्याहतार्था छागादिप्राणिनामघात-प्रयोजना वाग्यस्य सः । पुण्या पुण्योपार्जनहेतुभूता वाग्वाणी यस्य सः । अर्थादनपेता अर्घ्या, निरर्थकतारहिता वाग्वाणी यस्य । अथवा अर्घ्या गणधर-चक्रि-शक्रादिभिः प्रार्थनीया वाग्वाणी यस्य । भगवद्भाषाया अर्धं मगधदेशभाषात्मकं अर्धं च सर्वभाषात्मकम् । अर्धे मागधीया उक्तिर्भाषा यस्य स तथोक्तः । (इदा परमाति-शयं प्राप्ता वाक् यस्य सः) ईदृशी वाकस्यापि न भवतीति भावः ॥५०॥ अनेकान्तं स्याद्वादं अनेकस्वभावं वस्तु दिशति उपदिशतीति । एकान्तं यथा स्वरूपादि चतुष्टयेन सत्, तथा पररूपचतुष्टयेनापि सत् द्रव्यं, एवं सत्येकान्तवादो भवति । स एव ध्वान्तं अन्धकारं वस्तुयथावत्स्वरूपप्रच्छादकत्वात् । एकान्तध्वान्तं भिनत्ति नयवशात् शतखंडीकरोतीति । एकदेशवस्तुग्राहिणो दुर्णया कथ्यन्ते, तेषामन्तकृद्विनाशकः । सार्था अर्थ-सहिता न निरर्थिका वाक् यस्य, वा सार्था प्रयोजनवती वाक् यस्य । अथवा अर्थैर्जीवादिपदार्थैः सहिता वाक् यस्य । अथवा सा लक्ष्मीरभ्युदय-निःश्रेयसलक्षणा, तस्या अर्थे वाक् यस्य स सार्थवाक् । भगवद्वाणी-मनुश्रुत्य जीवा स्वर्ग-मोक्षादिकार्यं साधयन्तीति कारणात् । (अ-) प्रयत्ना अविद्यापूर्विका भव्यजीवपुण्य-प्रेरिता (उक्तिः) वाक् यस्य । अथवा अप्रयत्ना अनायासकारिणी उक्तिर्वस्य । प्रतितीर्थानां (हरि-) हर-हिरण्यगर्भमतानुसारिणां जिमिनि-कपिल-कणचर-चार्वाक-शाक्यानां वा मिथ्यादृष्टीनां मदघ्नी अहंकार-निराकारिणी वाक् वाणी यस्य स तथोक्तः ॥ ५१ ॥

प्रतिपादन करते हैं, इसलिए भी आप सत्यशासन कहलाते हैं (२०)। यथार्थ प्रकाशक आपके विद्यमान रहने पर प्रतिपक्षियोंका शासन अस्तंगत हो जाता है अतः आपको योगिजन अप्रतिशासन कहते हैं। अथवा प्रतिश नाम दुःखका है, भगवान्के एकही आसनसे दीर्घकाल तक अवस्थित रहने पर भी दुःखका अनुभव नहीं होता है इसलिए भी उन्हें अप्रतिशासन कहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान् ऋषभदेव कुछ कम एक लाख पूर्व वर्ष तक पद्मासनसे विराजमान रहकर ह. भव्य-जीवोंको धर्मका उपदेश देते रहे, फिर भी अनन्त बलशाली और अनन्तसुखके धारक होनेसे उन्हें किसी प्रकारके दुःखका अनुभव नहीं हुआ (२१)।

अर्थ—हे भगवन्, आप स्याद्वादी हैं, दिव्यगी हैं, दिव्यध्वनि हैं, अव्याहतार्थवाक् हैं, पुण्य-वाक् हैं, अर्घ्यवाक् हैं, अर्धमागधीयोक्ति हैं, इद्धवाक् हैं, अनेकान्तदिक् हैं, एकान्तध्वान्तभित् हैं, दुर्णयान्तकृत् हैं, सार्थवाक् हैं, अप्रयत्नोक्ति हैं और प्रतितीर्थमदघ्नवाक् हैं ॥५०-५१॥

व्याख्या—हे स्वामिन्, आप स्याद्वादी हैं, क्योंकि आपके वचन 'स्यात्' शब्दपूर्वक ही निकलते हैं और इसी स्याद्वादरूप अमोघ शस्त्रके द्वारा आप एकान्तवादोंका निराकरण करते हैं (२२)। आपकी वाणी मानुषी प्रकृतिसे रहित दिव्य होती है, सभी देशोंके विभिन्न भाषा-भाषी मनुष्य, पशु-पक्षी और देवगण भी अपनी-अपनी बोलीमें समझ जाते हैं, इसलिए आप दिव्यगी और दिव्यध्वनि नामोंसे पुकारे जाते हैं (२३-२४)। आप अव्याहत अर्थात् परस्पर विरोधरूप व्याघातसे रहित अर्थका स्वरूप कहते हैं, इसलिए अव्याहतार्थवाक कहलाते हैं। अथवा अवि अर्थात् छाग आदि पशुओंको यज्ञमें नहीं मारनेरूप वचनके बोलनेवाले हैं, इसलिए भी अव्याहतार्थवाक् कहलाते हैं। (२५)। आपकी वाणी पुण्यको उपार्जन करानेवाली है, तथा रोम, चर्म, अस्थि आदि अपवित्र वस्तुओंके सेवनका निषेध करनेके कारण पवित्र है, इसलिए आप पुण्यवाक् हैं (२६)। अर्थशब्द वस्तु,

स्यात्कारध्वजवागीहापेतवागचलौष्ठवाक् । अपौरुषेयवाक्शास्ता रुद्ववाक् सप्तभंगिवाक् ॥५२॥

स्यात्कारः स्याद्वादः, स एव ध्वजश्चिह्नं, अनेकान्तमतप्रासादमंडनत्वात् ; स्यात्कारध्वजा वाग् यस्य सः । ईहापेता निराकांक्षा प्रत्युपकारानपेक्षिणी वाक् यस्य । अथवा ईहा उद्यमस्तदपेता ईहापेता वाग् यस्य स तथोक्तः । अहं लोकं संबोधयामीत्युद्यमरहितवाक् स्वभावेन संबोधकवागित्यर्थ । अचलौ निश्चलौ ओष्ठौ अधरौ यस्यां सा अचलोष्ठा वाक्भाषा यस्य, स तथोक्तः । अपौरुषेयीणामनादिभूतानां वाचां शास्ता गुरुः । अथवा अपौरुषेयीणां दिव्यानां वाचां शास्ता । रुद्धा मुखविकारा—(ल) रहिता वाग् यस्य । समानां भंगानां समाहारः सप्तभंगी, सप्तभंगी सहिता वाक् यस्य स सप्तभंगिवाक् । वाकार्ये स्त्रीकृतौ ह्रस्वौ क्वचिदिति वचनात् भंगीशब्दस्य ईकारस्य ह्रस्वः ॥५२॥

द्रव्य, प्रकार, अभिधेय, निवृत्ति, प्रयोजन आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आप निरर्थकता-रहित सार्थक वाणीको बोलते हैं, गणधर, चक्रवर्त्ती, इन्द्रादिकके द्वारा प्रार्थना किये जाने पर ही आपकी वाणी प्रकट होती है, आपकी वाणी अर्थीजनोंको बोधि और समाधिकी देनेवाली है, तथा अर्घ्य अर्थात् युक्ति-युक्त वचनोंके आप बोलनेवाले हैं, इसलिए आप अर्घ्यवाक् कहलाते हैं (२७)। आपकी वाणीका अर्धभाग मगधदेशकी भाषाके रूप है और अर्धभाग सर्व देशोंकी भाषाके स्वरूप है, इस कारण सर्व देशोंके मनुष्य उसे सहज ही में समझ लेते हैं, अतएव आप अर्धमागधीयोक्ति कहलाते हैं। अन्य ग्रन्थोंमें इसका अर्थ इस प्रकार किया गया है कि भगवान्की वाणी तो एक योजन तक ही सुनाई देती है किन्तु मागधजातिके देव उसे अपनी विक्रिया-शक्तिके द्वारा बारह योजन तक फैला देते हैं, अतः भगवान्की भाषा अर्धमागधी कहलाती है (२८)। आपकी वाणी परम अतिशयसे युक्त है, बहरे मनुष्य तक सुन लेते हैं, इसलिए आप इद्धवाक् कहलाते हैं (२९)। आप अनेक-धर्मात्मक वस्तुका उपदेश देते हैं, इसलिए अनेकान्तदिक् कहे जाते हैं (३०)। एकान्तवादरूप अन्धकारके भेदनेके कारण एकान्त ध्वान्तभित् कहलाते हैं (३१)। मिथ्यावादरूप दुर्णयोंके अन्त करनेके कारण दुर्णयान्तकृत् कहलाते हैं (३२)। सार्थक वाणी बोलनेके कारण सार्थवाक् कहलाते हैं। अथवा 'सा' नाम अभ्युदय-निःश्रेयसस्वरूप लक्ष्मीका भी है। आपकी वाणीके द्वारा लोग उसे प्राप्त करते हैं, अतः सार्थवाक् कहलाते हैं (३३)। आपकी वाणी बोलनेकी इच्छारूप प्रयत्नके विना ही भव्यजीवोंके पुण्यसे प्रेरित होकर निकलती है, अतः आप अप्रयत्नोक्ति कहलाते हैं (३४)। हरि-हरादि-प्रतिपादित मतानुसारी प्रतितीर्थ अर्थात् प्रतिवादियोंके अहंकाररूप मदका नाश करनेवाली आपकी वाणी है, अतः आप प्रतितीर्थमदघ्नवाक् कहलाते हैं (३५)।

अर्थ—हे स्याद्वादिन्, आप स्यात्कारध्वजवाक् हैं, ईहापेतवाक् हैं, अचलौष्ठवाक् हैं, अपौरुषेय-वाक् हैं, शास्ता हैं, रुद्धवाक् हैं और सप्तभंगिवाक् हैं ॥५२॥

व्याख्या—हे स्याद्वादके प्रयोक्ता, आपकी वाणी 'स्यात्' पदरूप ध्वज अर्थात् चिन्हसे युक्त है, इसलिए आप स्यात्कारध्वजवाक् कहलाते हैं (३६)। आपके वचन प्रत्युपकारकी आकांक्षासे रहित निरपेक्षभावसे और विना किसी उद्यमके निकलते हैं इसलिए आप ईहापेतवाक् कहलाते हैं, (३७)। आपके ओष्ठ वाणी निकलनेके समय अचल रहते हैं, इसलिए आप अचलौष्ठवाक् कहलाते हैं, (३८)। आप अपौरुषेय अर्थात् अनादिनिधन द्वादशांग श्रुतज्ञानरूप वाणीके उपदेष्टा हैं, अथवा पुरुषों के द्वारा बोली जानेवाली वाणीसे भिन्न दिव्यवाणीके प्रयोक्ता हैं, अतः अपौरुषेयवाक्शास्ता कहे जाते हैं, (३९)। आपकी वाणी मुखके विना खोले ही प्रगट होती है, अतः आप रुद्धवाक् कहलाते हैं। (४०)। आपकी वाणी स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादस्तिनास्ति, स्यादवक्तव्य, स्यादस्ति-अवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादस्ति-नास्ति-अवक्तव्य, इन सप्त भंगों अर्थात् वचन विकल्पोंसे युक्त होती है, अतः आप सप्तभंगिवाक् कहलाते हैं (४१)।

अवर्णगीः सर्वभाषामयगीर्व्यक्तवर्णगीः । अमोघवागक्रमवागवाच्यानन्तवागवाक् ॥ ५३ ॥
अद्वैतगीः सूनृतगीः सत्यानुभयगीः सुगीः । योजनव्यापिगीः क्षीरगौरगीस्तीर्थकृत्वगीः ॥५४॥

न विद्यन्ते वर्णा अक्षराणि गिरि भाषायां यस्य स तथोक्तः । अथवा अवगतं ऋणं पुनःपुनरभ्यासो यस्या सा अवर्णा, ईदृशी गीर्यस्य स अवर्णगीः, अभ्यासमन्तरेणापि भगवान् विद्वानित्यर्थः । सर्वेषां देशानां भाषामयी गीर्वाणी यस्य स तथोक्तः । व्यक्ता वर्णा अक्षराणि गिरि यस्य स तथोक्तः । अमोघा सफला वाक् यस्य स तथोक्तः । अक्रमा युगपद्वर्तिनी वाक् यस्य स तथोक्तः । अवाच्या वक्तुमशक्या अनन्तानन्तार्थप्रकाशिनी वाक् यस्य स तथोक्तः । न विद्यते वाक् यस्य सः ॥ ५३ ॥ अद्वैतं एकान्तमयी गीर्वाणी यस्य स तथोक्तः, आत्मैकशासिका अद्वैता प्रोच्यते । सूनृता सत्या गीर्यस्य स तथोक्तः । सत्या सत्यार्था, अनुभया असत्यरहिता सत्यासत्यरहिता गीर्यस्य स तथोक्तः । सुष्ठु शोभना गीर्यस्य स तथोक्तः । एकयोजनव्यापिनी गीर्यस्य स तथोक्तः । क्षीरवद् गोदुग्धवद् (गौरा) उज्ज्वला गीर्यस्य स तथोक्तः । तीर्थकृत्वा अमितजन्मघातकप्रक्षालिनी गीर्यस्य स तथोक्तः ॥ ५४ ॥

अर्थ—हे अनिर्वचनीय, आप अवर्णगी, हैं, सर्वभाषामयगी हैं, व्यक्तवर्णगी हैं, अमोघवाक् हैं, अक्रमवाक् हैं, अवाच्यानन्तवाक् हैं, अवाक् हैं, अद्वैतगी हैं, सूनृतगी हैं, सत्यानुभयगी हैं, सुगी हैं, योजनव्यापिगी हैं, क्षीरगौरगी हैं और तीर्थकृत्वगी हैं ॥५३-५४॥

व्याख्या—आपकी गिरा अर्थात् वाणी अकारादि अक्षररूप वर्णोंके बिना निरक्षरी प्रगट होती है, इसलिए आप अवर्णगी कहलाते हैं। अथवा ऋणनाम पुनः पुनः अभ्यासका है, आप किसी गुरु आदिसे अभ्यास किये बिना ही स्वयं बुद्ध होकर धर्मका उपदेश देते हैं इसलिए भी आप अवर्णगी कहलाते हैं (४२)। आपकी वाणी सर्व देशोंकी भाषाओंसे युक्त होती है, अर्थात् आप उपदेश देते समय सर्व देशोंकी भाषाओंका प्रयोग करते हैं इसलिए आप सर्वभाषामयगी हैं (४३)। आपकी वाणी व्यक्त अर्थात् स्पष्ट वर्णोंसे युक्त होती है, इसलिए आप व्यक्तवर्णगी कहलाते हैं (४४)।

शंका—पहले 'अवर्णगी' नामके द्वारा भगवान्की वाणी को निरक्षरी कहा गया है और अब व्यक्तवर्णगी नामके द्वारा भगवान्की वाणीको स्पष्ट वर्णवाली कहा जा रहा है, यह पूर्वापर-विरोध कैसा ?

समाधान—भगवान्की वाणी स्वतः तो निरक्षरी निकलती है, किन्तु श्रोताओंके कर्ण-प्रदेशमें पहुँचकर वह स्पष्ट अक्षररूपसे सुनाई देती है ऐसा भगवानका अतिशय है। अतः प्रथम नाम वक्ताकी अपेक्षा और दूसरा नाम श्रोताओंकी अपेक्षासे है और इसलिए दोनों नामोंके होनेमें कोई विरोध नहीं जानना चाहिए।

व्याख्या—आपकी वाणी अमोघ अर्थात् सफल होती है, अतः आप अमोघवाक् हैं (४५) तथा वह क्रम-रहित युगपद् सर्वतत्त्वका प्रकाश करती है अतः आप अक्रमवाक् हैं (४६)। जिन्हें शब्द के द्वारा नहीं कहा जा सकता, ऐसे अनन्त पदार्थोंको आपकी वाणी प्रगट करती है, अतः आप अवाच्यानन्तवाक् कहलाते हैं (४७)। सर्व साधारण जनोंके समान आपके वचन नहीं निकलते अतः आप अवाक् कहलाते हैं (४८)। अद्वैत अर्थात् एकमात्र आत्माका शासन करनेवाली आपकी वाणी है, अतः आप अद्वैतगी कहलाते हैं (४९)। आप सूनृत अर्थात् सत्य वाणीको बोलते हैं, अतः आपका नाम सूनृतगी हैं (५०)। आपके वचन सत्य और अनुभयरूप होते हैं, अतः आप सत्यानुभयगी कहलाते हैं (५१)। आप सर्वजनोंको प्रिय लगनेवाली सुन्दर वाणीको बोलते हैं, अतः सुगी कहलाते हैं (५२)। आपकी वाणी एक योजन तक बैठे हुए लोगोंको सुनाई देती है, अतः आप योजनव्यापिगी कहलाते हैं (५३)। क्षीर अर्थात् दूधके समान आपकी वाणी उज्ज्वल और श्रोताओंको पुष्ट करनेवाली है अतः आप क्षीरगौरगी कहलाते हैं (५४)। आपकी वाणी तीर्थकृत्व है अर्थात् असंख्य जन्मों के पापोंका प्रक्षालन करती है, इसलिए आप तीर्थकृत्वगी कहे जाते हैं (५५)।

भव्यैकश्रव्यगुः सद्गुश्चित्रगुः परमार्थगुः । प्रशान्तगुः प्राश्निकगुः सुगुर्नियतकालगुः ॥५४॥
सुश्रुतिः सुश्रुतो याज्यश्रुतिः सुश्रुन्महाश्रुतिः । धर्मश्रुतिः श्रुतिपतिः श्रुत्युद्धर्त्ता ध्रुवश्रुतिः ॥५६॥
निर्वाणमार्गदिग्मार्गदेशकः सर्वमार्गदिक् । सारस्वतपथस्तीर्थपरमोत्तमतीर्थकृत् ॥५७॥

भव्यैरेक (व) श्रव्या श्रोतुं योग्या गौर्वाणी यस्य स तथोक्तः । गोरप्रधानस्यानन्तस्य स्त्रियामादा दीनां चेति ह्रस्वः । सन्ध्यक्षराणामिदुतौ ह्रस्वादेशे । सती समीचीना पूर्वापरविरोधरहिता शाश्वती वा गौर्वाणी यस्य स तथोक्तः । चित्रा विचित्रा नाना प्रकारा त्रिभुवनभव्यजनचित्तचमत्कारिणी गौर्वाणी यस्य स तथोक्तः । परमार्था सत्यमयी गौर्यस्य स तथोक्तः । प्रशान्ता कर्मक्षयकारिणी रागद्वेषमोहादिरहिता गौर्यस्य । प्रश्ने भवा प्राश्निका, प्राश्निकी गौर्यस्य स तथोक्तः । प्रश्नं विना तीर्थंकरो न ब्रूते यतः, तत एव कारणाद्गौरस्य गणधरं विना कियत्कालपर्यन्तं ध्वनिर्नाभूत् । सुष्ठु शोभना गौर्यस्य । नियतो निश्चितः कालोऽवसरो यस्याः सा नियतकाला गौर्यस्य ॥५५॥ सुष्ठु शोभना श्रुतिर्यस्य स तथोक्तः, अबाधितत्वागित्यर्थः । शोभनं श्रुतं शास्त्रं यस्य स तथोक्तः । अबाधितार्थश्रुत इत्यर्थः । अथवा सुष्ठु अतिशयेन श्रुतो विख्यातस्त्रिभुवनजनप्रसिद्धः । याज्या पूज्या महापंडितैर्मान्या श्रुतिर्यस्य । सुष्ठु शोभनं यथा भवति तथा शृणोति इति सुश्रुत् । श्रुतिः सर्वार्थप्रकाशिका (महा) श्रुतिर्यस्य स तथोक्तः । धर्मेण विशिष्टपुण्येन निदानरहितेन पुण्येनोपलक्षिता श्रुतिर्यस्य स धर्मश्रुतिः, तीर्थंकरनामप्रदायिनी भव्यानां श्रुतिर्यस्येति । श्रुतीनां शास्त्राणां पतिः स्वामी । श्रुते श्रुतीनां वा उद्धर्त्ता उद्धारकारकः ध्रुवा शास्वती अनादिकालीना श्रुतिर्यस्य ॥ ५६ ॥ निर्वाणानां मुनीनां मार्गं

अर्थ—हे भगवन्, आप भव्यैकश्रव्यगु हैं, सद्गु हैं, चित्रगु हैं, परमार्थगु हैं, प्रशान्तगु हैं, प्राश्निकगु हैं, सुगु हैं, नियतकालगु हैं, सुश्रुति हैं, सुश्रुत हैं, याज्यश्रुति हैं, सुश्रुत् हैं, महाश्रुति हैं, धर्मश्रुति हैं, श्रुतिपति हैं, श्रुत्युद्धर्त्ता हैं, ध्रुवश्रुति हैं, निर्वाणमार्गदिक् हैं मार्गदेशक हैं, सर्वमार्गदिक् हैं, सारस्वतपथ हैं और तीर्थपरमोत्तमतीर्थकृत् हैं ॥५५-५७॥

व्याख्या—हे हितोपदेशिन्, आपकी वाणी एकमात्र भव्य जीवोंके ही सुननेके योग्य हैं, अथवा भव्योंको ही सुनाई देती है, इसलिए आप भव्यैकश्रव्यगु कहलाते हैं (५६)। आप सद् अर्थात् पूर्वापर-विरोध-रहित समीचीन अथवा शाश्वत वाणीको बोलते हैं, अतः आप सद्गु नामसे पुकारे जाते हैं। (५७) चित्र अर्थात् नाना प्रकारसे भव्य जीवोंको सम्बोधन करनेवाली आपकी वाणी होती है, अतः आप चित्रगु कहलाते हैं (५८)। आप अपनी वाणीके द्वारा परमार्थ-अर्थात् परम निःश्रेयस-रूप अर्थका उपदेश देते हैं, इसलिए परमार्थगु कहलाते हैं (५९)। आपकी वाणी प्रशान्त अर्थात् राग, द्वेष-मोहादि रहित है और कर्मोंका क्षय करानेवाली है, अतः आप प्रशान्तगु कहलाते हैं (६०)। प्रश्नकर्त्ताके द्वारा प्रश्न किए जाने पर ही आपकी वाणी प्रगट होती है, अतः आप प्राश्निकगु कहलाते हैं (६१)। आपकी वाणी अतिशोभना है अतः आप सुगु कहलाते हैं (६२)। नियत कालपर आपकी वाणी खिरती है, अर्थात् प्रातः मध्यान्ह, अपरान्ह और मध्यरात्रि इन चार कालोंमें छह-छह घड़ी आपकी दिव्यध्वनि प्रगट होती है, इसलिए आप नियतकालगु कहलाते हैं (६३)। द्वादशांग श्रुतरूप वाणीको श्रुति कहते हैं। आपकी श्रुति अति शोभायुक्त है, अतः आप सुश्रुति कहलाते हैं (६४)। आपका श्रुत अर्थात् शास्त्र अबाधितार्थ होनेसे अति सुन्दर है, अतः आप सुश्रुत कहलाते हैं। अथवा आप विश्वविख्यात हैं इसलिए सुश्रुत कहलाते हैं (६५)। आपकी वाणी महापंडितोंके द्वारा याज्य अर्थात् पूज्य है, मान्य है, अतः आप याज्यश्रुति हैं (६६)। आपकी वाणी श्रोताओंके द्वारा भक्ति-पूर्वक भली-भांति सुनी जाती है, इसलिए आप सुश्रुत् कहलाते हैं (६७)। महान् अर्थात् सर्व अर्थकी प्रकाश करनेवाली आपकी वाणी है अतः आप महाश्रुति हैं (६८)। आपकी वाणी धर्मरूप है, विशिष्ट पुण्यके उपार्जनका कारण है और तीर्थंकर-प्रकृतिका बन्ध कराती है, अतः आप धर्मश्रुति कहलाते हैं (६९)। श्रुति अर्थात् शास्त्रोंके पति होनेसे आप श्रुतिपति कहलाते हैं (७०)। श्रुतियोंके

देष्टा वाग्मीश्वरो धर्मशासको धर्मदेशकः । वागीश्वरस्त्रयीनाथस्त्रिभंगीशो गिरांपतिः ॥५८॥
सिद्धाज्ञः सिद्धवाग्ज्ञासिद्धः सिद्धैकशासनः । जगत्प्रसिद्धसिद्धान्तः सिद्धमंत्रः सुसिद्धवाक् ॥५९॥
शुचिश्रवा निरुक्तोक्तिस्तंत्रकृन्न्यायशास्त्रकृत् । महिष्ठवाग्महानादः कवीन्द्रो दुन्दुभिस्वनः ॥६०॥

॥ इति तीर्थकृच्छतम् ॥

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रलक्षणं मोक्षमार्गं दिशति उपदिशति यः स तथोक्तः । अथवा निर्वाणस्य मोक्षस्य तत्फलभूतस्य मार्गं सूत्रं दिशतीति । मार्गस्य रत्नत्रयस्य देशकः उपदेशकः । सर्वं परिपूर्णं मार्गं सर्वेषां सद्दृष्टि-मिथ्यादृष्टिनां च मार्गं संसारस्य मोक्षस्य च मार्गं दिशतीति । सरस्वत्याः भारत्याः पन्थाःमार्गः सारस्वत-पथः । अथवा सारस्य स्वतत्त्वस्य आत्मज्ञानस्य पंथाः सारस्वतपथः । तीर्थेषु समस्तसमयसिद्धान्तेषु परमोत्तमं परमप्रकृष्टं तीर्थं करोतीति । अथवा तीर्थपरमोत्तमेन जैनशास्त्रेण तीर्थमिथ्यादृष्टीनां शास्त्रं कृन्तति छिनत्तीति शतखण्डीकरोतीति ॥५७॥

दिशति स्वामितया आदेशं ददाति । वाग्मिनो वाचोयुक्तिपटवस्तेषामीश्वरः । धर्मः चारित्रं, रत्नत्रयं वा, जीवानां रक्षणं वा, वस्तुस्वभावो वा, क्षमादिदशविधो वा धर्मः, तं शास्ति शिक्षयतीति । धर्मस्य देशकः कथकः । वाचां वाणीनामीश्वरो वागीश्वरः । त्रयी त्रैलोक्यं कालत्रयं च, तस्या नाथः, सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित्राणां वा समाहारस्त्रयी, तस्या नाथः । ब्रह्मा-विष्णु-महेश्वराणां वा नाथः, ऋग्वेद-यजुर्वेद-सामवेदानां वा नाथः, हेयतत्त्वोपदेशकः । त्रयो भंगा समाहृतास्त्रिभंगी, तस्या ईश । गिरां वाणीनां पतिः, क्वचिन्न लुप्यन्ते (इत्य-) भिधानात् ॥५८॥ सिद्धा आज्ञा वाग्यस्य स तथोक्तः । सिद्धा वाग् यस्य स तथोक्तः । आज्ञा वाक् सिद्धा यस्य स तथोक्तः । सिद्धं एकमद्वितीयं शासनं वाक् यस्य स तथोक्तः । जगति संसारे प्रसिद्धो विख्यातः सिद्धान्तो वाक् यस्य स तथोक्तः । सिद्धो मन्त्रो वेदो यस्य, स तथोक्तः ।

उद्धारक होनेसे आप श्रुत्युद्धर्त्ता कहलाते हैं (७१)। आपकी वाणी ध्रुव अर्थात् शाश्वत-अनादिकालीन है, अतः आप ध्रुवश्रुति कहलाते हैं (७२)। निर्वाण अर्थात् मोक्षके मार्गका उपदेश करनेके कारण आप निर्वाणमार्गदिक् कहलाते हैं। अथवा निर्वाण अर्थात् बाणरूप शल्यसे रहित मुनियोंको आप रत्नत्रयरूप मार्गका उपदेश करते हैं, इसलिए भी आप उक्त नामसे पुकारे जाते हैं (७३) सुवरूप मार्ग के उपदेशक होनेसे मार्गदेशक कहलाते हैं (७४)। आप सर्व अर्थात् परिपूर्ण मार्गके उपदेशक हैं, अथवा सभी सम्यग्दृष्टि-मिथ्यादृष्टि जीवोंको संसार और मोक्षका मार्ग दिखाते हैं, इसलिए सर्व मार्गदिक् कहलाते हैं (७५)। सरस्वतीके मार्गस्वरूप हैं, अथवा आत्मज्ञानरूप सार तत्त्वके प्रचारक हैं अतः सारस्वतपथ कहलाते हैं (७६)। तीर्थोंमें सर्वोत्कृष्ट तीर्थके करनेवाले हैं अतः तीर्थपरमोत्तम-तीर्थकृत् हैं अथवा तीर्थपरमोत्तम अर्थात् सत्यार्थ शास्त्रके द्वारा मिथ्यादृष्टियोंके कुशास्त्ररूप तीर्थ का कर्त्तन करते हैं, उसे शतखंड कर देते हैं, इसलिए भी आप उक्त नामसे पुकारे जाते हैं (७७)।

अर्थ—हे गिरीश, आप देष्टा हैं, वाग्मीश्वर हैं, धर्मशासक हैं, धर्मदेशक हैं, वागीश्वर हैं, त्रयीनाथ हैं, त्रिभंगीश हैं, गिरांपति हैं, सिद्धाज्ञ हैं, सिद्धवाक् हैं, आज्ञासिद्ध हैं, सिद्धैकशासन हैं, जगत्प्रसिद्धसिद्धान्त हैं, सिद्धमंत्र हैं, सुसिद्धवाक् हैं, शुचिश्रवा हैं, निरुक्तोक्ति हैं, तंत्रकृत् हैं, न्याय-शास्त्रकृत् हैं, महिष्ठवाक् हैं, महानाद हैं, कवीन्द्र हैं, और दुन्दुभिस्वन हैं, ॥५८-६०॥

व्याख्या—हे वाणीके ईश्वर, आप भव्यजीवोंको स्वामिरूपसे आदेश देते हैं, इसलिए देष्टा कहलाते हैं (७८)। वाग्मी अर्थात् वचन बोलनेमें कुशल गणधरादिके आप ईश्वर हैं, अतः वाग्मीश्वर कहलाते हैं (७९)। चारित्ररूप, रत्नत्रयरूप, वस्तुस्वभावरूप, जीवोंकी रक्षारूप और क्षमा-दिरूप धर्मके आप शासक अर्थात् शिक्षा देनेवाले हैं, इसलिए धर्मशासक कहलाते हैं (८०)। धर्मका उपदेश देनेसे धर्मदेशक कहलाते हैं (८१)। वाक् अर्थात् वाणीके ईश्वर होनेसे वागीश्वर, वागीश, गिरीश आदि नामोंसे पुकारे जाते हैं (८२)। तीनके समुदायको त्रयी कहते हैं। आप तीनों लोकों और तीनों कालोंके स्वामी हैं, अथवा सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप त्रयीके स्वामी हैं, अथवा ब्रह्मा,

(५) अथ नाथशतम्

नाथः पतिः परिवृढः स्वामी भर्त्ता विभुः प्रभुः । ईश्वरोऽधीश्वरोऽधीशोऽधीशानोऽधीशितेशिता ॥६१॥
ईशोऽधिपतिरीशान इन इन्द्रोऽधिपोऽधिभूः । महेश्वरो महेशानो महेशः परमेशिता ॥६२॥

सुष्ठु अतिशयेन सिद्धा वाक् वाणी यस्य स तथोक्तः ॥५९॥ शुचिनी पवित्रे श्रवसी कर्णौ यस्य स तथोक्तः । निरुक्ता निश्चिता उक्तिर्वचनं यस्य स तथोक्तः । तंत्रं शास्त्रं करोतीति । न्यायशास्त्रं अविरुद्धशास्त्रं कृतवान् । महिष्ठा पूज्या वाक् यस्य स तथोक्तः । महान् नादो ध्वनिर्यस्य स तथोक्तः । कवीनां गणधरदेवादीनामिन्द्रः स्वामी । दुन्दुभिर्जयपटहः, तद्वत् स्वनः शब्दो यस्य स तथोक्तः ॥६०॥

॥ अथ नाथशतक-प्रारम्भः ॥

(नाथः) राज्यावस्थायां नाथति षष्ठं भागधेयं याचते, 'नाधृ-नाथृ याचने' इति धातोः प्रयोगात् अचा सिद्धं; नाथ्येते स्वर्ग-मोक्षौ याच्येते भक्तैर्वा नाथः अन्यत्रापि चेति कर्मणि अच् । पाति रक्षति संसार दुःखादिति पतिः । पाति प्राणिवर्गं विषयकषायेभ्य आत्मानमिति वा । पातेर्डति, औणादिकः

विष्णु और महेशरूप त्रयीके स्वामी हैं, अतः त्रयीनाथ कहलाते हैं (८३) । उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यरूप तीन भंगोंके अथवा सत्ता, उदय और उदीरणारूप त्रिभंगीके, अथवा आयुके त्रिभागोंके ईश अर्थात् प्रतिपादक होनेसे त्रिभंगीश कहलाते हैं (८४) । गिरां अर्थात् वाणियोंके पति हैं, अतः गिरांपति कहलाते हैं (८५) । आपकी आज्ञा सिद्ध है अर्थात् जो कुछ आदेश देते हैं वही होता है, इसलिए आप सिद्धाज्ञ कहलाते हैं (८६) । आपकी वाणी सिद्ध है अर्थात् जिस जो कह देते हैं वही होता है, इसलिए आप सिद्धवाक् कहलाते हैं (८७) । आपकी आज्ञा सिद्ध होने से आप आज्ञासिद्ध कहलाते हैं (८८) । सर्व शासनोंमें एकमात्र आपका ही शासन सिद्ध है, इसलिए आप सिद्धैकशासन कहलाते हैं (८९) । आपके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त जगत्में प्रसिद्ध है, अतः आप जगत्प्रसिद्धसिद्धान्त नामसे पुकारे जाते हैं (९०) । आपका मंत्र अर्थात् उपदेश या ज्ञान सिद्ध है, अतः सिद्धमंत्र कहलाते हैं (९१) । आपकी वाणी अतिशय कर सिद्ध है, अतः सुसिद्धवाक् कहलाते हैं (९२) । आपके वचन श्रवस् अर्थात् कर्णोंको पवित्र करनेवाले हैं इसलिए शुचिश्रवा कहलाते हैं (९३) । निरुक्त अर्थात् निश्चित प्रमाण-संगत उक्तियोंके कहनेसे निरुक्तोक्ति कहलाते हैं (९४) । तंत्र अर्थात् शास्त्रके कर्ता हैं, अतः तंत्रकृत् कहलाते हैं (९५) । न्याय शास्त्र अर्थात् पक्षपात और पूर्वापर विरोध-रहित शास्त्रके कर्ता होनेसे न्यायशास्त्रकृत् कहलाते हैं (९६) । महिष्ठ अर्थात् पूज्य वाणीके होनेसे आप महिष्ठवाक् हैं (९७) । मेघध्वनिके समान महान् नादके धारक हैं अतः महानाद कहे जाते हैं । (९८) । कवि अर्थात् द्वादशांग वाणीकी रचना करनेवाले गणधर देवोंके आप इन्द्र हैं, अतः कवीन्द्र कहलाते हैं (९९) । दुन्दुभिके समान आपका स्वन अर्थात् शब्दोच्चारण होता है, इसलिए आप दुन्दुभिस्वन कहलाते हैं (१००) ।

॥ अथ नाथशतक-प्रारम्भ ॥

अर्थ—हे स्वामिन्, आप नाथ हैं, पति हैं, परिवृढ हैं, स्वामी हैं, भर्त्ता हैं, विभु हैं, प्रभु हैं, ईश्वर हैं, अधीश्वर हैं, अधीश हैं, अधीशान हैं, अधीशिता हैं, ईशिता हैं, ईश हैं, अधिपति हैं, ईशान हैं, इन हैं, इन्द्र हैं, अधिप हैं, अधिभू हैं, महेश्वर हैं, महेशान हैं, महेश हैं और परमेशिता हैं ॥६१-६२॥

व्याख्या—हे भगवन् आप राज्य-अवस्थामें अपनी प्रजासे उसकी आमदनीका छठवाँ भाग कर-रूपसे माँगते हैं और कैवल्य-अवस्थामें भक्तजन आपसे स्वर्ग और मोक्ष माँगते हैं, इसलिए आप नाथ कहलाते हैं (१) । आप संसारके दुःखोंसे प्राणिवर्गकी रक्षा करते हैं और उनके विषय-कषाय छुड़ाकर उनकी आत्माका उद्धार करते हैं, इसलिए पति कहलाते हैं (२) ।

प्रत्ययोऽर्यं। परि समन्तात् बृंहति स्म, बर्हति स्म वा। स्व आत्मा विद्यतेऽस्य स्वामी, स्वस्येति सुराल्वं चेति इन् आल्वं च। बिभर्त्ति धरति पुष्णाति वा जगद्व्यजनं उत्तमस्थाने धरति केवलज्ञानादिभिर्गुणैः पुष्णातीति। विभवति विशेषेण मंगलं करोति वृद्धिं विदधाति समवसरणसभायां प्रभुतया निवसति, केवलज्ञानेन चराचरं जगत् व्याप्नोति, संपदं ददाति, जगत्तारयामीति अभिप्रायं वैराग्यकाले करोति, तारयितुं प्रादुर्भवति, एकेन समयेन लोकालोकं गच्छति जानातीति विभुः। तदुक्तं—

सत्तायां मंगले वृद्धौ निवासे व्याप्ति-संपदोः। अभिप्राये च शक्तौ च प्रादुर्भावे गतौ विभुः॥

भुवो दुर्धियंप्रेषु चेति साधुः। प्रभवति समर्थो भवति। कुतः, सर्वेषां स्वामित्वात्। ईष्टे समर्थो भवति, ऐश्वर्यवान् भवति। अधिक ईश्वरः इन्द्रादीनामपि प्रभुः। अधियां अशनिनां पशूनामपि संबोधने समर्थः। अधिक ईशः स्वामी, अधियां हरि-हर-हिरण्यगर्भादीनामीशः अधीशः। ईष्टे ईशानः। अधिक ईशानः। अथवा ये अधियो निर्विवेकाः लोका भवन्ति, ते स्वामिनः ऐश्वर्यं दृष्ट्वा ईशानमिति मन्यन्ते। कुतः, मिथ्यामतित्वात्। अधिकृतोऽधिको वा ईशिता स्वामी, ईष्टेः ऐश्वर्यवान् भवतीत्येवं-शीलः॥ ६१॥ ईष्टे निग्रहानुग्रहसमर्थत्वात्। अधिकः पतिः स्वामी। ईष्टे अहमिन्द्राणामपि स्वामी भवति। एति योगिनां ध्यानबलेन हृदयकमलमागच्छतीति इनः। इण् जि ऋषिभ्यो नक्। इंदति परमैश्वर्यं प्राप्नोति शक्रादीनामप्याराध्यत्वात्, रक् प्रत्ययः। अधिकं पाति, सर्वजीवान् रक्षति। उपसर्गे त्वातो डः[1]। अथवा अधिकं पिबति केवलज्ञानेन लोकालोकं व्याप्नोतीति। अधिका त्रैलोक्यसंबंधिनी

आपने अपने आपको सर्वप्रकारसे समर्थ और बलवान् बनाया है, इसलिए आप परिवृढ कहलाते हैं (३)। आप अपनी आत्माके स्वयं ही अधिपति हैं, अतः स्वामी कहलाते हैं (४)। जगत् के जीवोंका सद्गुणोंके द्वारा भरण-पोषण करनेसे भर्त्ता कहलाते हैं (५)। विभुशब्द मंगल, वृद्धि, सत्ता, निवास, शक्ति, व्याप्ति, सम्पत्ति, गति आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आपमें ये सब अर्थ विभिन्न विवक्षाओंसे पाये जाते हैं, इसलिए आप विभु कहलाते हैं। जैसे—आप संसारके मंगलकर्त्ता हैं, जीवोंके आनन्दकी वृद्धि करते हैं, सत्-चिद्-रूप हैं, समवसरणमें स्वामीरूपसे निवास करते हैं, अनन्तशक्तिके धारक हैं, ज्ञानरूपसे सर्वजगत्में व्याप्त हैं, अन्तरंग और बहिरंग सम्पत्तिवान् हैं और ज्ञेयोंको एक समयमें जानते हैं; इत्यादि (६)। आप सर्वप्रकारसे समर्थ हैं, अतः प्रभु कहलाते हैं (७)। ऐश्वर्यवान् होनेसे ईश्वर कहलाते हैं (८)। इन्द्रादिकोंके भी ईश्वर हैं, अथवा अधी अर्थात् बुद्धि-रहित मूर्ख मनुष्य, पशु-पक्षी आदिके भी सम्बोधन करनेवाले हैं, इसलिए अधीश्वर कहलाते हैं (९)। अधी अर्थात् कुबुद्धि या अल्पबुद्धिवाले हरि-हर-हिरण्यगर्भ आदिके स्वामी होनेसे अधीश कहलाते हैं (१०)। अधी अर्थात् अविवेकी मिथ्यादृष्टि लोग आपके समवसरणादि बाह्य वैभवको देखकर ही आपको ईशान अर्थात् महान् स्वामी मानते हैं इसलिए आप अधीशान कहलाते हैं (११)। आपकी ईशिता अर्थात् स्वामिपना सबसे अधिक है इससे अधीशिता कहलाते हैं (१२)। ऐश्वर्यवान् होनेसे ईशिता कहलाते हैं (१३)। निग्रह और अनुग्रहमें समर्थ होनेसे ईश कहलाते हैं (१४)। अधिक अर्थात् समर्थ पति होनेसे अधिपति कहलाते हैं (१५)। अहमिन्द्रोंके स्वामी होनेसे ईशान कहलाते हैं (१६)। ध्यानके द्वारा योगियोंके हृदय-कमलको प्राप्त होते हैं, अतः इन कहलाते हैं (१७)। इन्दन अर्थात् परम ऐश्वर्यको प्राप्त होनेसे इन्द्र कहलाते हैं (१८)। सर्व जीवोंको अच्छी तरह पालनेसे अधिप कहलाते हैं (१९)। भू धातु सत्ता, मंगल, वृद्धि, सम्पत्ति, आदि अनेक अर्थोंकी वाचक है। भगवान्में भी त्रिजगत्का स्वामीपना होनेसे, सर्वके मंगलकर्ता और ऋद्धि-सिद्धिके विधाता होनेसे सर्व अर्थ घटित होते हैं, अतः अधिभू यह नाम भी सार्थक है। अथवा अधिभू नाम नायक या नेताका है, आप त्रिजगत्के नायक और मोक्षमार्गके नेता हैं, अतः अधिभू कहलाते हैं (२०)। महान् ईश्वर होनेसे महेश्वर कहलाते

अधिदेवो महादेवो देवस्त्रिभुवनेश्वरः । विश्वेशो विश्वभूतेशो विश्वेट् विश्वेश्वरोऽधिराट् ॥६३॥
लोकेश्वरो लोकपतिर्लोकनाथो जगत्पतिः । त्रैलोक्यनाथो लोकेशो जगन्नाथो जगत्प्रभुः ॥६४॥
पिता परः परतरो जेता जिष्णुरनीश्वरः । कर्त्ता प्रभूष्णुर्भ्राजिष्णुः प्रभविष्णुः स्वयंप्रभुः ॥६५॥

भूर्भूमिर्यस्य स तथोक्तः, अधिभूः त्रिभुवनैकनायक इत्यर्थः । महतामिन्द्रादीनामीश्वरः स्वामी । अथवा महस्य पूजाया, ईश्वरः । महांश्चासावधीशानः । अथवा महातामीशानः । अथवा महस्य यज्ञस्य ईशान :। महांश्चासावीशः, अथवा महतामीशः, अथवा महस्य यागस्य ईश्वरः । परमः प्रकृष्ट ईशिता ॥६२॥

(अधिकः शक्रादीनां देवः परमाराध्यः । महान् इन्द्रादीनामाराध्यो देवः । दीव्यति क्रीडति परमानन्दपदे देवः परमाराध्य इत्यर्थः । त्रीणि भुवनानि समाहृतानि त्रिभुवनं, तस्य ईश्वरः । विश्वस्य ईशः स्वामी । विश्वेषां भूतानां प्राणिवर्गाणां ईशः । विश्वस्य इट् स्वामी । विश्वस्य ईश्वरः प्रभुः । अधिकं राजते अधिराट् ॥६३॥ लोकानां त्रिभुवनजनानामीश्वरः स्वामी । लोकस्य त्रिभुवनस्थितप्राणिवर्गस्य पतिः स्वामी । लोकस्य नाथः स्वामी । जगतां त्रिभुवनानां पतिः स्वामी । त्रैलोक्यस्य नाथः । लोकानामीशः । जगतां नाथः जगतः प्रभुः ॥६४॥ पाति रक्षति दुर्गती पतितुं न ददाति । पिपर्त्ति पालयति पूरयति वा लोकान् निर्वाणपदे स्थापयति परः । परस्मात् सिद्धात् उत्कृष्टः परः । जयति सर्वोत्कर्षेण प्रवर्तते जेता । जयनशीलः । न विद्यते ईश्वरो यस्य । अनन्तज्ञानादिचतुष्टयमात्मनः करोतीति । प्रभवति इन्द्र-धरणेन्द्र-नरेन्द्रादीनां प्रभुत्वं प्राप्नोतीत्येवंशीलः । भ्राजते चन्द्रार्ककोटिभ्योऽपि अधिकां दीप्तिं प्राप्नोतीत्येवंशीलः । प्रभवति अनन्तशक्तित्वात् समर्थो भवतीत्येवंशीलः । स्वयमात्मना प्रभुः समर्थः ॥६५॥)

हैं (२१)। महापुरुषोंके भी ईशान अर्थात् स्वामी होनेसे महेशान कहलाते हैं (२२)। मह अर्थात् पूजाके ईश होनेसे महेश कहलाते हैं (२३)। पर शब्द उत्कृष्टका और मा शब्द लक्ष्मीका वाचक है। आप उत्कृष्ट लक्ष्मीके ईशिता अर्थात् स्वामी हैं, अतः परमेशिता कहलाते हैं ॥२४॥

अर्थ—हे जिनेन्द्र, आप अधिदेव हैं, महादेव हैं, देव हैं, त्रिभुवनेश्वर हैं, विश्वेश हैं, विश्वभूतेश हैं, विश्वेट् हैं, विश्वेश्वर हैं, अधिराट् हैं, लोकेश्वर हैं, लोकपति हैं, लोकनाथ हैं, जगत्पति हैं, त्रैलोक्यनाथ हैं, लोकेश हैं, जगन्नाथ हैं, जगत्प्रभु हैं, पिता हैं, पर हैं, परतर हैं, जेता हैं, जिष्णु हैं, अनीश्वर हैं, कर्त्ता हैं, प्रभूष्णु हैं, भ्राजिष्णु हैं, प्रभविष्णु हैं, और स्वयंप्रभु हैं ॥६३–६५॥

व्याख्या—हे भगवन्, आप परम आनन्दको भोगते हुए सर्वदा विजयशील रहते हैं, इसलिए देव कहलाते हैं (२५)। स्वर्गवासी देवोंके आराध्य हैं, अतः अधिदेव कहलाते हैं (२६)। इन्द्रादिकोंसे पूज्य हैं अतः महादेव कहलाते हैं (२७)। स्वर्गलोक, मर्त्यलोक और पाताललोक इन तीन भुवनोंके ईश्वर होनेसे आप त्रिभुवनेश्वर, विश्वेश, विश्वेट्, विश्वेश्वर, लोकेश्वर, लोकपति, लोकनाथ, जगत्पति, त्रैलोक्यनाथ, लोकेश, जगन्नाथ और जगत्प्रभु कहलाते हैं (२८–३६)। सर्व विश्वके भूतों अर्थात् प्राणियोंके ईश होनेसे विश्वभूतेश कहलाते हैं (४०)। आपने राजाओंको अपने वशमें किया है और स्वयं अतिशय करके विराजमान हैं, इसलिए अधिराट कहलाते हैं (४१)। पालने वालेको पिता कहते हैं। आप जगज्जनोंकी दुर्गतिके दुःखोंसे रक्षा करते हैं, अतः पिता कहलाते हैं (४२)। लोगोंको शिवपद पर स्थापित करते हैं, इसलिए पर कहलाते हैं (४३)। पर अर्थात् सिद्धोंसे भी पर हैं, प्रधान हैं, क्योंकि धर्मका उपदेश देनेके कारण सिद्धोंसे पहले आपका (अरहन्तोंका) नाम लिया जाता है और आपको नमस्कार किया जाता है इसलिए परतर कहलाते हैं (४४)। कर्मशत्रुओंके जीतनेसे जेता कहलाते हैं (४५)। सदा विजयशील रहनेसे जिष्णु कहलाते हैं (४६)। आपका कोई ईश्वर नहीं है और न आपके अतिरिक्त संसारमें कोई ईश्वर है, इसलिए आप अनीश्वर कहलाते हैं (४७)। आप अपने लिए अनन्त ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्यके करनेवाले हैं, अतः कर्त्ता कहलाते हैं (४८)। इन्द्र, धरणेन्द्र, नरेन्द्र आदिके भी प्रभुत्वको प्राप्त हैं, अतः प्रभूष्णु कहलाते हैं (४९)। कोटि-कोटि चन्द्र-सूर्यसे भी अधिक

लोकजिद्विश्वजिद्विश्वविजेता विश्वजित्वरः । जगज्जेता जगज्जैत्रो जगज्जिष्णुर्जगज्जयी ॥६६॥
अग्रण्यग्रामणीर्नेता भूर्भुवः स्वरधीश्वरः । धर्मनायक ऋद्धीशो भूतनाथश्च भूतभृत् ॥६७॥
गतिः पाता वृषो वर्यो मंत्रकृच्छुभलक्षणः । लोकाध्यक्षो दुराधर्षो भव्यबन्धुर्निरुत्सुकः ॥६८॥

(लोकं संसारं जितवान् । विश्वं त्रैलोक्यं जितवान् । विश्वं त्रैलोक्यं विजयते, निजसेवकं करोतीत्येवंशीलः । विशति आत्मप्रदेशेषु मिलति, कर्मधमायाति श्लेषं करोतीति । विश्वं शनावरणाद्यष्टकर्मसमूहः, तं जयति क्षयं नयतीत्येवंशीलः । जगतां सर्वमिथ्यादृष्टीनां जेता जयनशीलः । जगन्ति जयतीत्येवंशीलः । गच्छतीत्येवंशीलं जगत्, तज्जयतीत्येवंशीलः, जि-भुवोः ष्णुक् । जगज्जयतीत्येवंशीलः ॥६८॥ अग्रं त्रैलोक्योपरि नयति । ग्राम सिद्धसमूहं नयतीति स्वधर्मामित्येवंशीलः । भूरधोलोकः, भुवर्मध्यलोकः । तेषामधीश्वरः । धर्मस्य अहिंसालक्षणस्य नायको नेता । ऋद्धीनामीशः स्वामी । भूतानां प्राणिनां देवविशेषाणां च नाथः । भूतानां

दीप्तिको धारण करनेसे भ्राजिष्णु कहलाते हैं (५०)। अनन्त शक्तिशाली होनेपर भी अति सहनशील हैं, अतएव प्रभविष्णु हैं (५१)। पर की सहायसे निरपेक्ष होकर स्वयं ही समर्थ हैं, अतः स्वयंप्रभु कहलाते हैं (५२)।

अर्थ—हे लोकेश्वर, आप लोकजित् हैं, विश्वजित् हैं, विश्वविजेता हैं, विश्वजित्वर हैं, जगज्जेता हैं, जगज्जैत्र हैं, जगज्जिष्णु हैं, जगज्जयी हैं, अग्रणी हैं, ग्रामणी हैं, नेता हैं, भूर्भुवः-स्वरधीश्वर हैं, धर्मनायक हैं, ऋद्धीश हैं, भूतनाथ हैं, भूतभृत् हैं, गति हैं, पाता हैं, वृष हैं, वर्य हैं, मंत्रकृत् हैं, शुभलक्षण हैं, लोकाध्यक्ष हैं, दुराधर्ष हैं, भव्यबन्धु हैं और निरुत्सुक हैं ॥६६-६८॥

व्याख्या—लोक, विश्व और जगत् यद्यपि एकार्थवाचक नाम हैं, तथापि निरुक्तिकी अपेक्षा उनमें कुछ विशेषता है। जिसमें जीवादि पदार्थ अवलोकन किये जायें उसे लोक कहते हैं। जिसमें जीवादि पदार्थ प्रवेश करते हैं, रहते हैं, उसे लोक कहते हैं। जो गमन अर्थात् परिवर्तन शील हो, उसे जगत् कहते हैं। जित्, जेता, विजेता, जित्वर, जैत्र, जिष्णु और जयी ये सब शब्द निरुक्त्यर्थ की अपेक्षा सूक्ष्म अन्तर रखते हुए भी विजयशील या विजयीके अर्थमें प्रयुक्त होते हैं। उपसर्ग और प्रत्ययोंकी विभिन्नतासे बननेवाले शब्दोंके अर्थमें कुछ न कुछ विभिन्नता आ ही जाती है, इसी दृष्टिसे स्तुतिकारने भगवान्की स्तुति करते हुए उन्हें लोकजित्, विश्वजित्, विश्वविजेता, विश्वजित्वर, जगज्जेता, जगज्जैत्र, जगज्जिष्णु और जगज्जयी नामोंसे पुकारा है। इन सभी नामोंका सामान्यतः 'लोकको जीतनेवाला' अर्थ होता है (५३-६०)। अग्र शब्दके यद्यपि प्रथम, प्रकार, ऊपर, आगे और श्रेष्ठ आदि अनेक अर्थ हैं, तथापि यहां ऊपर और श्रेष्ठ अर्थ विवक्षित है। जिनेन्द्र भगवान् अपने भक्तोंको ऊपर लोकके अग्र भागपर स्थित शिवलोकमें ले जाते हैं, इसलिए अग्रणी कहलाते हैं। अथवा भव्य जीवोंको श्रेयस् अर्थात् परमकल्याणमें स्थित श्रेष्ठ सिद्धोंके पास ले जाते हैं, इसलिए भी अग्रणी कहलाते हैं (६१)। ग्राम नाम गाँव और समूहका है। हे भगवन्, संसाररूप वनमें अकेले भटकनेवाले जीवोंको आप सिद्धोंके गाँव या समुदाय रूप सिद्धपुरीमें ले जाते हैं, इसलिए ग्रामणी कहलाते हैं (६२)। अपने कर्त्तव्यसे विमुख और पथ-भ्रष्ट लोगोंको आप उनके कर्त्तव्य या पथकी ओर ले जाते हैं, अतः नेता हैं (६३)। भूर्, भुव् और स्वर् ये तीनों वैदिक शब्द क्रमशः अधो, मध्य और ऊर्ध्व लोकके वाचक हैं। आप इन तीनों ही लोकोंके अधीश्वर हैं, अतः भूर्भुवःस्वरधीश्वर कहलाते हैं (६४)। अहिंसामय धर्मके प्रणेता होनेसे धर्मनायक कहलाते हैं (६५)। बुद्धि, तप, विक्रिया, औषधि, रस, बल और अक्षीण नामक सात ऋद्धियोंके धारक साधुओंके आप ईश हैं, अतः ऋद्धीश हैं (६६)। भू अर्थात् पृथिवी पर जो उत्पन्न हुए हैं उन्हें भूत कहते हैं; इस प्रकारका निरुक्त्यर्थ होनेसे उपलक्षणका आश्रय कर जलादिके आश्रयसे उत्पन्न होनेवाले सभी जीवोंको भूत कहते हैं। आप उनके स्वामी हैं, अतः

धीरो जगद्धितोऽजय्यस्त्रिजगत्परमेश्वर । विश्वासी सर्वलोकेशो विभवो भुवनेश्वरः ॥६६॥
त्रिजगद्वल्लभस्तुङ्गस्त्रिजगन्मंगलोदयः । धर्मचक्रायुधः सद्योजातस्त्रैलोक्यमंगलः ॥७०॥
वरदोऽप्रतिघोऽछेद्यो दृढीयानभयंकर । महाभागो निरौपम्यो धर्मसाम्राज्यनायकः ॥७१॥
॥ इति नाथशतम् ॥

अतीतानां उपलक्षणात् वर्त्तमानानां भविष्यतां च प्राणिनां नाथः । भूतान् बिभर्ति पालयतीति ॥६७॥ गमनं ज्ञानमात्रं वा गतिः । सर्वेषां अरिमथनसमर्थो वा । पाति रक्षति दुःखादिति । वर्षति धर्मामृतं वृषः । त्रियते वर्यः, स्वराद्यः । वरणीयो मुक्तिलक्ष्म्याऽभिलषणीय इत्यर्थः । मंत्रं श्रुतं कृतवान् । शुभानि लक्षणानि यस्य सः ।) लोकानां प्रजानामध्यक्षः प्रत्यक्षीभूतः । अथवा लोकमध्यक्षो लोकोपरिभुक्तः, राजनियोगिकनाकाद्यध्यक्षवत् । अथवा लोका क्षीणि भुवनानि अध्यक्षाणि प्रत्यक्षाणि यस्येति । वा लोकेभ्यः प्रजाभ्यः अधिकानि अक्षाणि ज्ञानलक्षणानि लोचनानि यस्येति । दुःखेन महता कष्टेनापि आसमंताद् धर्षयितुं पराभवितुमशक्यो दुराधर्षः, ईषद्दुःख-सुख-कृच्छ्राकृच्छ्रेषु खलप्रत्ययः । भव्यानां रत्नत्रययोग्यानां बन्धुरुपकारकः । स्थिरप्रकृतिरित्यर्थ ॥६८॥

धेयं प्रति धियं बुद्धिमीरयति प्रेरयतीति । अथवा धियं गतिं ददाति भक्तानामिति धीरः । तर्हि दधातेर्दानार्थत्वात् तद्योगे चतुर्थी कथं न भवति ? सत्यं, यस्मै दित्सा दातुमिच्छा भवति तत्र चतुर्थी भवति । परमेश्वरस्तु स्वभावेन बुद्धिं ददाति, नेच्छया, तस्या मोहजनितत्वात् । स तु मोहो भगवति न वर्तते, तेन लिंगात् षष्ठी भवति, सम्बन्धमात्रविवक्षितत्वात् । जगतां हितः, जगद्भ्यो वा हित ः। न जेतुं केनापि इन्द्रादिना काम-क्रोध-मोह-लोभादिना वा शक्यः । त्रयाणां जगतां परम ईश्वरः

भूतनाथ हैं (६७)। भूतोंको पालते हैं, अतः भूतभृत् भी कहलाते हैं (६८)। गति शब्दकी निष्पत्ति गम् धातुसे हुई है। गम् धातु गमन, ज्ञान और अरिमथन अर्थात् पीड़ाको दूर करना, इन तीनों अर्थोंमें व्यवहृत होती है। प्रकृतमें आप ज्ञानस्वरूप हैं और पीड़ित जनोंकी पीड़ाके दूर करनेवाले हैं, अतः गति नामसे पुकारे जाते हैं (६९)। जगज्जनोंकी दुःखोंसे रक्षा करते हैं, अतः पाता कहलाते हैं (७०)। धर्मरूप अमृतकी वर्षा करते हैं, अतः वृष कहलाते हैं (७१)। मुक्तिलक्ष्मीके द्वारा वरण करनेके योग्य हैं, अतः वर्य कहलाते हैं (७२)। मंत्रों अर्थात् बीजपदरूप शास्त्रोंके कर्त्ता होनेसे मंत्रकृत् कहलाते हैं (७३)। श्रीवृक्ष, शंख, चक्र आदि शुभलक्षणोंके धारक होनेसे शुभलक्षण कहलाते हैं (७४)। लोकके अध्यक्ष अर्थात् प्रत्यक्षीभूत हैं, अतः लोकाध्यक्ष कहलाते हैं। अथवा संसारके स्वामी होनेसे भी लोकाध्यक्ष कहलाते हैं। अथवा लोक अर्थात् साधारण जनोंसे अधिक अर्थात् विशिष्ट ज्ञानरूप अक्ष अर्थात् नेत्रके धारक हैं, इसलिए भी लोकाध्यक्ष कहलाते हैं (७५)। आप दुःखोंके द्वारा अधर्ष हैं अर्थात् कभी भी पराभवको प्राप्त नहीं होते, अतः दुराधर्ष कहलाते हैं (७६)। भव्य अर्थात् रत्नत्रय धारण करनेके योग्य जीवोंके आप बन्धु हैं, अतः भव्यबन्धु हैं (७७)। कृतकृत्य होनेसे अब आपको कोई कार्य करना शेष नहीं रहा, अतः किसी कामके करनेकी उत्कण्ठारूप उत्सुकता भी नहीं रही, इस कारण आप निरुत्सुक कहलाते हैं (७८)।

अर्थ—हे धर्मचक्रके ईश्वर, आप धीर हैं, जगद्धित हैं, अजय्य हैं, त्रिजगत्परमेश्वर हैं, विश्वासी हैं, सर्वलोकेश हैं, विभव हैं, भुवनेश्वर हैं, त्रिजगद्वल्लभ हैं, तुङ्ग हैं, त्रिजगन्मंगलोदय हैं, धर्मचक्रायुध हैं, सद्योजात हैं, त्रैलोक्यमंगल हैं, वरद हैं, अप्रतिघ हैं, अछेद्य हैं, दृढीयान् हैं, अभयंकर हैं, महाभाग हैं, निरौपम्य हैं, और धर्म-साम्राज्यके नायक हैं ॥६९-७१॥

व्याख्या—हे धर्मचक्रके ईश्वर, आप धीर हैं, क्योंकि अपने ध्येय या कर्तव्यके प्रति धी अर्थात् बुद्धिको प्रेरित करते हैं, लगाते हैं। अथवा भक्तोंके लिए 'धियं राति' अर्थात् बुद्धिको देते हैं, उन्हें सन्मार्ग सुझाते हैं और उसपर चलनेके लिए प्रेरित करते हैं (७९)। जगत्का हित करनेके कारण आप जगद्धित कहलाते हैं (८०)। बाह्यमें इन्द्र, नरेन्द्रादिके द्वारा और अन्तरंगमें

स्वामी। अथवा त्रिजगतां परा उत्कृष्टा या लक्ष्मीस्तस्या ईश्वरः। विश्वासो विद्यते यस्य स तथोक्तः, तदस्यातीति मत्वर्थीन्। अथवा विश्वस्मिन् लोकालोके केवलज्ञानापेक्षयाऽऽस्ते तिष्ठतीत्येवंशीलः, नाम्न्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये। सर्वस्य लोकस्य त्रैलोक्यस्थितप्राणिगणस्य ईशः प्रभुः। विगतो भवः संसारो यस्य स विभवः। अथवा विशिष्टो (भवो) जन्म यस्य। भुवनस्य त्रैलोकस्य ईश्वरः ॥६६॥ त्रिजगतां वल्लभोऽभीष्टः। तुंगः, उन्नतः विशिष्टफलदायक इत्यर्थः। त्रिजगतां त्रिभुवनस्थितभव्यजीवानां मंगलानां पंचकल्याणा (ना)मुदयः प्राप्तिर्यस्मादसौ त्रिजगन्मंगलोदयः, तीर्थंकरनामगोत्रयोः भक्तानां दायक इत्यर्थः। धर्म एव चक्रं पापारिखंडकत्वात् धर्मचक्रं। धर्मचक्रमायुधं शस्त्रं यस्य। सद्यस्तत्कालं स्वर्गादिच्युत्व मातुर्गर्भे उत्पन्नत्वात्। त्रैलोक्यस्य मंगं सुखं (लाति) ददाति, मलं वा गालयतीति ॥७०॥ वरमभीष्टं स्वर्गे मोक्षे च ददाति इति। अविद्यमानः प्रतिघः क्रोधो यस्य स तथोक्तः। न छेत्तुं शक्यः। अतिशयेन दृढः।

पृथु मृदु दृढे चैव भृशे च कृशमेव च। परिपूर्व दृढे चैव पंडितान् रविधौ स्मरेत् ॥

न भयंकरोऽरौद्रः। अथवा अभयं निर्भयं करोतीति। महान् भागो राजदेयं यस्य। अथवा महेन पूजया आसमन्ताद् भज्यते सेव्यते महाभागः। निर्गतमौपम्यं यस्य स तथोक्तः। धर्म एव साम्राज्यं चक्रवर्त्तित्वं, तस्य नायक स्वामी ॥७१॥

इति नाथशतम्।

काम, क्रोधादि शत्रुओंके द्वारा आप जीते नहीं जा सकते, अतः अजय्य हैं (८१)। तीनों जगत्के परमेश्वर हैं, अथवा तीनों लोकोंमें जो परा या अर्थात् उत्कृष्ट लक्ष्मी है, उसके ईश्वर (स्वामी) हैं, अतः त्रिजगत्परमेश्वर हैं (८२)। विश्वासको धारण करते हैं, अतः विश्वासी हैं। अथवा केवलज्ञानकी अपेक्षा आप विश्वभरमें आस अर्थात् निवास करते हैं (८३)। सर्वलोकमें स्थित प्राणियोंके ईश होनेसे सर्वलोकेश कहलाते हैं (८४)। आपका भव अर्थात् संसार विगत हो गया है, इसलिए विभव कहलाते हैं। अथवा कैवल्य प्राप्तिकी अपेक्षा विशिष्ट भव अर्थात् जन्मको—जिसके पश्चात् फिर मरण नहीं है—लेनेसे भी विभव कहलाते हैं (८५)। आप त्रैलोक्यरूप भुवनके ईश्वर हैं (८६)। तीनों जगत्के वल्लभ अर्थात अतिप्रिय होनेसे त्रिजगद्वल्लभ हैं (८७)। तुङ्ग अर्थात् उन्नत हैं, क्योंकि भक्तोंको विशिष्ट फल देते हैं (८८)। त्रिजगत्में स्थित भव्य जीवोंके पंचकल्याणकरूप मंगलका उदय अर्थात् लाभ आपके निमित्तसे होता है, अतः आप त्रिजगन्मंगलोदय हैं (८९)। धर्मचक्ररूप आयुध (शस्त्र) के धारण करनेसे धर्मचक्रायुध कहलाते हैं, क्योंकि आप धर्मरूप चक्रके द्वारा पापरूप शत्रुओंका नाश करते हैं (९०)। सद्यः अर्थात् स्वर्गसे च्युत होकर तत्काल ही माताके गर्भमें उत्पन्न होते हैं, बीचमें अन्यत्र जन्म नहीं लेते, इसलिए सद्योजात कहलाते हैं (९१)। त्रैलोक्यके मं अर्थात् पापको गलाते हैं, नष्ट करते हैं, और मंग अर्थात् सुखको लाते हैं, इसलिए त्रैलोक्यमंगल कहलाते हैं (९२)। वर अर्थात् इच्छित स्वर्ग-मोक्षको देनेके कारण वरद कहलाते हैं (९३)। आपके प्रतिघ अर्थात् क्रोधका अभाव है, इसलिए आप अप्रतिघ कहलाते हैं (९४)। किसी भी बाह्य या अन्तरंग शत्रुके शस्त्रसे छेदे नहीं जा सकते हैं, इसलिए अछेद्य कहलाते हैं (९५)। अतिशय दृढ़ अर्थात् बलशाली या स्थिर होनेसे दृढीयान् कहलाते हैं (९६)। आप किसी भी प्राणीको भय नहीं करते, प्रत्युत निर्भय करते हैं, इसलिए अभयंकर कहलाते हैं। अथवा आप भयंकर अर्थात् रौद्र या भयानक नहीं हैं, प्रत्युत अति सुन्दराकार हैं (९७)। महान् भाग्यशाली होनेसे महाभाग कहलाते हैं, क्योंकि त्रिजगत आपकी सेवा-पूजा करता है (९८)। संसारमें कोई भी वस्तु आपकी उपमाके योग्य नहीं हैं, इसलिए आप निरौपम्य कहलाते हैं (९९)। धर्मरूप साम्राज्यके स्वामी होनेसे धर्मसाम्राज्यनायक कहलाते हैं (१००)।

इस प्रकार पंचम नाथ शतक समाप्त हुआ।

(६) अथ योगिशतम्

योगी प्रव्यक्तनिर्वेदः साम्यारोहणतत्परः । सामयिकी सामायिको निःप्रमादोऽप्रतिक्रमः ॥७२॥
यमः प्रधाननियमः स्वभ्यस्तपरमासनः । प्राणायामचणः सिद्धप्रत्याहारो जितेन्द्रियः ॥७३॥
धारणाधीश्वरो धर्मध्याननिष्ठः समाधिराट् । स्फुरत्समरसीभाव एकी करणनायकः ॥७४॥

योगो ध्यानसामग्री अष्टांगानि विद्यन्ते यस्य स योगी । कानि तानि ? यम-नियमासन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-समाधय इति । प्रव्यक्तः स्फुटो मुखकमलविकाससूचितो निर्वेदः संसारशरीर भोग-वैराग्यं यस्य स तथोक्तः । साम्यस्य समाधेरारोहणे चटने तत्परः अनन्यवृत्तिः । सर्वजीवानां समभावपरिणामः सामायिके, सम्यक् अयः समयः शुभभावहो विधिर्जैनधर्मः, समय एव सामायिकं । स्वार्थे शैषिक इकण् । सामायिकं सर्वसावद्ययोगविरतिलक्षणं विद्यते यस्य स तथोक्तः । अथवा सा लक्ष्मीर्माया यस्य स सामायः सर्वर्द्धिसमूहः, सा विद्यते यस्य स, सामायी एव सामायिकः । स्वार्थे कः । सामायिको गणधरदेवसमूहो विद्यते यस्य स सामायिकी । इन् अस्त्यर्थे । समये जैनधर्मे नियुक्तः सामायिकः, इकण् । निर्गतः प्रमादो यस्य । न विद्यते प्रतिक्रमो यस्य स अप्रतिक्रमः । कृतदोषनिराकरणं प्रतिक्रमणं, ते तु दोषाः स्वामिनो न विद्यन्ते येन; तेन प्रतिक्रमणमपि न करोति, ध्यान एव तिष्ठति ॥७२॥ यमो यावज्जीवनियमः, तद्योगात् स्वाम्यपि यमः, सर्वसावद्ययोगोपरतत्वात् । प्रधानो मुख्यः नियमो यस्य स तथोक्तः । उक्तं च—

नियमो यमश्च विहितौ द्वेधा भोगोपभोगसंहारे । नियमः परिमितकालो यावज्जीवं यमो ध्रियते ॥

(सुष्ठु) अतिशयेनाभ्यस्तमनुशीलितं आसनं पद्मासनं येन स तथोक्त । किंचिदूनकोटि-पूर्वपर्यन्तं भगवान् खलु पद्मासनेनोपविष्टो हि धर्मोपदेशं ददाति, जघन्येन त्रिंशद्वर्षपर्यन्तमेकेनासनेन पद्मासनेन तिष्ठति । मध्ये नानाविधकालपर्यन्तं ज्ञातव्यम् । अथवा सुष्ठु अतिशयेन अभ्यस्ता भुक्ता या परमा

अर्थ—हे योगेश्वर, आप योगी हैं, प्रव्यक्त निर्वेद हैं, साम्यारोहणतत्पर हैं, सामायिकी हैं, सामायिक हैं, निःप्रमाद हैं, अप्रतिक्रम हैं, यम हैं, प्रधाननियम हैं, स्वभ्यस्तपरमासन हैं, प्राणायामचण हैं, सिद्धप्रत्याहार हैं, जितेन्द्रिय हैं, धारणाधीश्वर हैं, धर्मध्याननिष्ठ हैं, समाधिराट् हैं, स्फुरत्समरसीभाव हैं, एकी हैं और करणनायक हैं ॥ ७२–७४ ॥

व्याख्या—हे स्वामिन्, आपके यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधिरूप अष्टाङ्ग योग पाया जाता है, अतः आप योगी हैं (१)। आपका निर्वेद अर्थात् संसार, शरीर और भोगसे वैराग्य मुख-कमलके विकाससे ही प्रगट है, अतः आप प्रव्यक्तनिर्वेद हैं (२)। साम्य, समाधि, स्वास्थ्य, योग, चित्तनिरोध और शुद्धोपयोग; ये सब एकार्थवाचक नाम हैं। आप शुद्धोपयोगरूप साम्यभावके आरोहणमें तत्पर हैं, उसमें तन्मय हैं, इसलिए साम्यारोहणतत्पर कहलाते हैं (३)। सर्वजीवोंमें समताभावरूप परिणामको और सर्व सावद्ययोगके त्यागको सामायिक कहते हैं। इस प्रकारकी सामायिक आपके पाई जाती है, इसलिए सामायिकी कहलाते हैं। अथवा सा नाम लक्ष्मीका है, उसे जो मायारूप मानते हैं, ऐसे साधुजनोंको सामाय कहते हैं। उनके धारण करने वाले गणधर समूहको सामायिक कहते हैं। आपके गणधरोंका समुदाय पाया जाता है, इसलिए भी आप सामायिकी कहलाते हैं (४)। समय अर्थात् जैनधर्ममें आप युक्त हैं, अतः आप सामायिक कहे जाते हैं (५)। आप सर्व प्रकारके प्रमादोंसे रहित हैं, इसलिए निःप्रमाद कहलाते हैं (६)। किये हुए दोषोंके निराकरणको प्रतिक्रमण कहते हैं, आप सर्व प्रकारके दोषोंसे रहित हैं, अतः अप्रतिक्रम हैं (७)। पाप, विषय, कषायादिके यावज्जीवन त्यागको यम कहते हैं और उसके योगसे आप भी यम नामसे पुकारे जाते हैं (८)। आत्म-नियमनरूप नियम आपके प्रधान है, अतः प्रधाननियम कहलाते

परमा लक्ष्मीस्तां अस्यति त्यजति निःक्रमणकाले यः स तथोक्तः । प्राणायामे कुम्भक-पूरक रेचकादिलक्षणे वायुप्रचारे चणो क्षिप्तक्षणः प्रवीणः प्राणायामचणः । क्षिपे चंचु चणौ इति तद्धितः चण् प्रत्ययः । सिद्धः प्राप्तिमात्रातः प्रत्याहारः पूर्वोक्तनिर्विषयधीजाक्षरं ललाटे स्थापनं मनो यस्य । जितानि विषयसुख-पराङ्मुखीकृतानि इन्द्रियाणि स्पर्शन रसन-घ्राण-चक्षु-श्रोत्रलक्षणानि येन स तथोक्तः ॥ ७३ ॥ धारणा पूर्वोक्ता पंचविधा, तस्यां अधीश्वरः समर्थः । अथवा धारणा जीवानां स्वर्ग-मोक्षयोः स्थापना, तस्यां धीबुद्धिर्धारणाधीः, भव्यजीवानां स्वर्गे मोक्षे च स्थापनाबुद्धिरस्त्या ईश्वरो रत्नत्रयदानसमर्थः, तद्विना तद्वितयं न भवतीति कारणात् । धारणाधीश्वरः मोक्षहेतुरत्नत्रयबुद्धिदायक इत्यर्थः । धर्मध्याने आशापाय-विपाकसंस्थानविचयलक्षणे त्रयतिशयेन तिष्ठतीति । समाधिना शुक्लध्यानेन केवलज्ञानलक्षणेन राजते शोभते । स्फुरन् चित्ते चमत्कुर्वन् समरसीभावः, सर्वे जीवाः शुद्धबुद्धैकस्वभावा इति परिणामः समरसीभावो यस्य । अथवा स्फुरन् आत्मनि समरसीभाव एककलोलीभावो यस्य स तथोक्तः, एक एव अद्वितीयः संकल्पविकल्प-रहित आत्मा विद्यते यस्य स । अथवा एके एक सदृशा आत्मानो जीवा विद्यन्ते यस्य स एकी । करणानां पंचानामिन्द्रियाणां मनःषष्ठानां स्व-स्वविषयगमननिषेधे नायकः समर्थः । अथवा करणशब्देन परिणामा उच्यन्ते, तेषां त्रिविधानामपि नायकः प्रवर्त्तकः ॥७४॥

हैं (९)। परम अर्थात् उत्कृष्ट आसनका आपने अच्छी तरह अभ्यास किया है, यही कारण है कि आप आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त्तसे कम एक कोटि वर्ष-पर्यन्त एक पद्मासनसे बैठे हुए ही भव्यजीवोंको धर्मोपदेश देते रहते हैं, इसलिए आप स्वभ्यस्तपरमासन कहलाते हैं। अथवा निरुक्तिके बलसे यह भी अर्थ निकलता है कि अच्छी तरह भोगी गई पर अर्थात् श्रेष्ठ मा-लक्ष्मी का भी आप आसन अर्थात् निराकरण करते हैं, दीक्षा-कालमें उसे छोड़ देते हैं (१०)। पूरक, रेचक, कुम्भकादिलक्षण वायुप्रचार-निरोधस्वरूप प्राणायाममें आप चण अर्थात् प्रवीण हैं, इसलिए प्राणायामचण हैं (११)। पंचेन्द्रियों के विषयोंसे मनको खींचकर ललाटपट्टपर 'अर्हं' इस बीजाक्षर के ऊपर उसे स्थिर करने को प्रत्याहार कहते हैं। आपको यह प्रत्याहारनामक योगका पांचवां अंग भी सिद्ध हो चुका है, अतः सिद्ध प्रत्याहार कहलाते हैं (१२)। आपने पांचों इन्द्रियोंको जीत लिया है, अर्थात् आप विषयसुखसे परा-न्मुख हैं और आत्मसुखमें रुबलीन हैं, अतः जितेन्द्रिय हैं (१३)। पार्थिवी, आग्नेयी, मारुती, वारुणी और तात्विकी इन पांचों धारणाओंके, अथवा उनके धारक योगियोंके आप स्वामी हैं, अतः योगके छठे अंग धारणा पर विजय प्राप्त करनेके कारण आप धारणाधीश्वर कहलाते हैं। अथवा जीवोंको संसारसे उठाकर मोक्षमें स्थापित करनेकी बुद्धिको धारणाधी कहते हैं, ऐसी बुद्धि और उसके धारकोंके आप ईश्वर हैं, इसलिए भी धारणाधीश्वर कहलाते हैं (१४)। आपने चतुर्विध धर्मध्यान को भली भांति सिद्ध किया है, अतः धर्मध्याननिष्ठ कहलाते हैं (१५)। आत्मस्वरूपमें जल-भरे घड़ेके समान निश्चल होकर अवस्थित होनेको समाधि कहते हैं। आप इसप्रकार योगके अष्टम अंगरूप समाधिमें भली भांतिसे विराजमान हैं, अतः समाधिराट् कहलाते हैं (१६)। सर्व जीव शुद्ध बुद्धस्वरूप एक समान स्वभाववाले हैं, इस प्रकारके परिणामको समरसी भाव कहते हैं। आपके सर्वाङ्गमें यह स्फुरायमान है, अतः आप स्फुरत्समरसीभाव कहलाते हैं। अथवा आत्मामें सम-रस हो करके एक लोली-भावसे स्थिर होनेको भी समरसीभाव कहते हैं। आपमें यह समरसीभाव पूर्णरूपसे स्फुरित है (१७)। आप सर्व संकल्प-विकल्पोंसे रहित एक हैं अर्थात् पर-बुद्धिसे रहित हैं, इसलिए एकी कहलाते हैं। अथवा आपके मतमें सर्व जीव एक समान शक्तिके धारक हैं (१८)। करण अर्थात् पांचों इन्द्रिय और मनको वशमें करनेके कारण आप आप उनके स्वामी हैं अतः करणनायक कहलाते हैं। अथवा करण नाम अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण परिणामोंका भी है, आप इनके प्रवर्त्तक हैं; इसलिए भी करणनायक कहलाते हैं (१९)।

निर्ग्रन्थनाथो योगीन्द्रः ऋषिः साधुर्यतिर्मुनिः । महर्षिः साधुधौरेयो यतिनाथो मुनीश्वरः ॥७४॥
महामुनिर्महामौनी महाध्यानी महाव्रती । महाक्षमो महाशीलो महाशान्तो महादमः ॥७६॥
निर्लेपो निर्ममस्वान्तो धर्माध्यक्षो दयाध्वजः । ब्रह्मयोनिः स्वयंबुद्धो ब्रह्मज्ञो ब्रह्मतत्त्ववित् ॥७७॥

निर्ग्रन्थानां चतुर्विधमुनीनां नाथः । योगिनां ध्यानिनामिन्द्रः स्वामी । 'रिषी ऋषी गतौ' ऋषति गच्छति बुद्धिऋद्धिं ज (क्षी) षर्धिं विक्रियर्द्धिं प्राप्नोतीति ऋषिः । ग्दनाम्युपधा क्तिः । साधयति रत्नत्रयमिति, कृ वा पा जिमिस्वदि साध्य शू दृघमि जनि चरि चटिभ्य उण् । यतते यत्नं करोति रत्नत्रये, सर्वधातुभ्य इः । मन्यते जानाति प्रत्यक्षप्रमाणेन चराचरं जगदिति मुनिः, मन्यते किल उच्च । महांश्चासौ ऋषिः ऋद्धिसम्पन्नः । साधूनां रत्नत्रयसाधकानां धुरि नियुक्तः, स्थ्यन्यंदेरेयण् । यतीनां निःकषायाणां नाथ स्वामी । मुनीनां प्रत्यक्षज्ञानिनामीश्वरः ॥७५॥ महांश्चासौ मुनि । प्रत्यक्षज्ञानी । मुनिषु श्रेष्ठ भवं मौनं । मौनं विद्यते यस्य स मौनी, महांश्चासौ मौनी महामौनी । वर्षसहस्रपर्यन्तं खल्वादिनाथो न धर्ममुपदिदेश, ईदृश स्वामी महामौनी भण्यते । ध्यानं धर्म्य-शुक्लध्यानद्वयं विद्यते यस्य स ध्यानी, महांश्चासौ ध्यानी च महाध्यानी । व्रतानि प्राणातिपातपरिहारानृतवचनपरित्यागाचौर्यब्रह्मचर्याकिंचन्यरजनीभोजनपरिहारलक्षणानि विद्यन्ते यस्य स व्रती । महान् इन्द्रादीनां पूज्यो व्रती महाव्रती । महती अनन्यसाधारणा क्षमा प्रशमो यस्य । महान्ति अष्टादशसहस्रगणनानि शीलानि व्रतरक्षणोपाया यस्य स । महांश्चासौ शान्तो

अर्थ—शीलेश्वर, आप निर्ग्रन्थनाथ हैं, योगीन्द्र हैं, ऋषि हैं, साधु हैं, यति हैं, मुनि हैं, महर्षि हैं, साधुधौरेय हैं, यतिनाथ हैं, मुनीश्वर हैं, महामुनि हैं, महामौनी हैं, महाध्यानी हैं, महाव्रती हैं, महाक्षम हैं, महाशील हैं, महाशान्त हैं, महादम हैं, निर्लेप हैं, निर्ममस्वान्त हैं, धर्माध्यक्ष हैं, दयाध्वज हैं, ब्रह्मयोनि हैं, स्वयंबुद्ध हैं, ब्रह्मज्ञ हैं, और ब्रह्मतत्त्ववित् हैं ॥७५-७७॥

व्याख्या—हे निर्ग्रन्थेश, निर्ग्रंथ अर्थात् अन्तरंग-बहिरंग परिग्रहसे रहित ऐसे ऋषि, यति, मुनि और अनगार इन चार प्रकारके, अथवा पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातक इन पांच प्रकारके निर्ग्रन्थोंके आप नाथ हैं, इसलिए निर्ग्रन्थनाथ कहलाते हैं (२०)। योगको धारण करनेवाले ऐसे ध्यानी पुरुषको योगी कहते हैं, उनमें आप इन्द्रके समान प्रभावशाली हैं, अतः योगीन्द्र कहलाते हैं (२१)। बुद्धि, विक्रिया, औषधि आदि सर्व ऋद्धियोंको प्राप्त करनेसे आप ऋषि कहलाते हैं। अथवा सर्व क्लेशराशियोंका आपने रेषण अर्थात् निरोधरूप संवरण कर दिया है, इसलिए भी आप ऋषि कहलाते हैं (२२)। रत्नत्रयको सिद्ध करनेके कारण साधु हैं (२३)। पूर्ण रत्नत्रय धर्ममें अथवा मोक्ष प्राप्तिमें सदा यत्नशील हैं, अतः यति हैं। अथवा घातिकर्मरूप पापोंका नाश कर चुकने पर भी अघाति-कर्मरूप अवशिष्ट पापोंके नाश करनेके लिए भी सतत प्रयत्न करते हैं, इसलिए भी यति कहलाते हैं (२४)। मन् धातु जाननेके अर्थमें प्रयुक्त होती है। आप प्रत्यक्ष ज्ञानसे चराचर जगत्को जानते हैं, इसलिए मुनि कहलाते हैं (२५)। ऋद्धि-सम्पन्न ऋषियोंमें आप महान् हैं, अतः महर्षि कहलाते हैं (२६)। रत्नत्रयकी साधना करनेवालेको साधु कहते हैं, आप उनमें धौरेय अर्थात् अग्रेसर हैं, अतः साधुधौरेय कहलाते हैं (२७)। कषायोंके नाश करनेमें उद्यत साधुओंको यति कहते हैं। आप उनके नाथ हैं, अतः यतिनाथ कहलाते हैं (२८)। आप मुनियोंके ईश्वर हैं, अतः मुनीश्वर हैं (२९)। मुनियोंमें महान् हैं, अतः महामुनि कहलाते हैं। (३०)। मौन धारण करनेवालोंमें महान् होनेसे आप महामौनी कहलाते हैं। भगवान् आदिनाथने एक हजार वर्षपर्यन्त मौन धारण किया था (३१)। शुक्लध्यान नामक महाध्यानके ध्याता होनेसे महाध्यानी कहलाते हैं (३२)। महान् व्रतोंके धारण करनेसे महाव्रती हैं। अथवा इन्द्रादिकोंसे पूज्य महान् व्रती हैं, इसलिए भी महाव्रती कहलाते हैं (३३)। दूसरोंमें नहीं पाई जानेवाली ऐसी महाक्षमाके धारण करनेके कारण महाक्षम कहलाते हैं (३४)। शील अर्थात् ब्रह्मचर्यके महान् १८००० अठारह हजार भेदोंके धारण करनेसे महाशील कहलाते हैं (३५)। राग-द्वेष-रूप कषाय

पूतात्मा स्नातको दान्तो भदन्तो वीतमत्सरः । धर्मवृषायुधोऽक्षोभ्यः प्रपूतात्माऽमृतोद्भवः ॥७८॥
मंत्रमूर्तिः स्वसौम्यात्मा स्वतंत्रो ब्रह्मसंभवः । सुप्रसन्नो गुणाम्भोधिः पुण्यापुण्यनिरोधकः ॥७९॥

रागद्वेषरहितः । महान् दमस्तपःक्लेशसहिष्णुता यस्य स तथोक्तः ॥७६॥ निर्गतो निर्लेपो लेपः पापं कर्ममल-कलंको यस्य । निर्भ्रमं तत्त्वे भ्रान्तिरहितं स्वान्तं मनो यस्य स तथोक्तः। संशय-विभ्रमरहितत्वप्रकाशक इत्यर्थः । धर्मे चारित्रे अध्यक्षः अधिकृतः अधिकारी नियोगवान्, नियुक्तो न कमपि धर्मविप्लवं कर्तुं ददाति । दया ध्वजा पताका यस्य । अथवा दयाया अध्वनि मार्गे जायते योगिनां प्रत्यक्षो भवतीति । अथवा दया ध्वजा लांछनं यस्य स तथोक्तः । ब्रह्मशब्दस्तपसो ज्ञानस्यात्मनो मोक्षस्य चारित्रस्य वा योनि-रुत्पत्तिस्थानं । स्वयं आत्मना गुरुमन्तरेण बुद्धो निर्वेदं प्राप्तः । ब्रह्माणमात्मानं ज्ञानं तपश्चारित्रं मोक्षं च जानातीति । ब्रह्मणो मोक्षस्य ज्ञानस्य तपसश्चारित्रस्य च तत्त्वं स्वरूपं हृदयं मर्म वेत्तीति ज्ञातीति ॥७७॥

पूतः पवित्रः कर्ममलकलंकरहितः आत्मा स्वभावो यस्य । स्नातः कर्ममलकलंकरहितः द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मरहितत्वात् । पूतः प्रक्षालितः क आत्मा यस्य स तथोक्तः । उक्तं च—

पुलाकः सर्वशास्त्रज्ञो बकुशो भव्यबोधकः । कुशीले स्तोकचारित्रं निर्ग्रन्थो ग्रन्थाहारकः ।

और संकल्प-विकल्पसे रहित होनेके कारण महाशान्त कहलाते हैं। अथवा कर्ममल-कलंकसे रहित हैं, इसलिए भी महाशान्त कहलाते हैं। अथवा 'श' नाम सुखका और अन्त नाम धर्मका है। आत्मस्वभावको धर्म कहते हैं। आपका आत्मस्वभाव महान् सुखस्वरूप है, इसलिए भी महा-शान्त कहलाते हैं। अथवा आपने परिग्रहकी तृष्णारूप महा आशाका अन्त कर दिया है, इस प्रकारकी निरुक्तिके अनुसार भी आप महाशान्त सिद्ध होते हैं (३६)। कषायोंके दमन और कष्टोंके सहन करनेको दम कहते हैं। आपने प्रचंड परीषह और घोर उपसर्गोंको भी बड़ी शान्तिके साथ सहन किया है, अतः महादमके नामसे पुकारे जाते हैं। अथवा 'द' शब्द दान, पालन, दया आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आप त्रैलोक्यके प्राणियोंको अभय दान देकर उनका पालन करते हैं, इसलिए भी आप महादम अर्थात् महान् दाता हैं (३७)। कर्ममलकलंक रूप लेपसे आप रहित हैं, अतः निर्लेप हैं (३८)। आपका स्वान्त अर्थात् चित्त संशय, विपर्यय और अनध्यवसायरूप भ्रमसे रहित है, अतः निर्भ्रमस्वान्त हैं (३९)। रत्नत्रयरूप धर्मका अधिकारपूर्वक प्रचार करते हैं, इसलिए धर्माध्यक्ष कहलाते हैं। अथवा धर्म-प्रचार और संरक्षणरूप आधि अर्थात् मानसिक चिन्तवनमें आपका अक्ष अर्थात् आत्मा निरत है, इसलिए भी आप धर्माध्यक्ष कहाते हैं (४०)। दयारूप ध्वजाके धारण करनेसे दयाध्वज कहलाते हैं। अथवा दयाके अध्व अर्थात् मार्गमें जो चलते हैं ऐसे योगियोंको दयाध्व कहते हैं, उनके हृदयमें आप जन्म लेते हैं, अर्थात् उन्हें ही प्रत्यक्ष होते हैं, अन्यको आपका साक्षात्कार नहीं होता, इसलिए भी आप दयाध्वज कहलाते हैं (४१)। ब्रह्मशब्द आत्मा, ज्ञान, मोक्ष, और चारित्रका वाचक है। आप इस सबकी योनि अर्थात् उत्पत्तिके आधार हैं, इसलिए साधुजन आपको ब्रह्मयोनि कहते हैं (४२)। बिना किसी गुरुके स्वयं ही बोधको प्राप्त हुए हैं, इसलिए स्वयंबुद्ध हैं (४३)। ब्रह्म अर्थात् ज्ञान, तप, चारित्र और आत्माको जानते हैं इसलिए ब्रह्मज्ञ हैं (४४)। ब्रह्मके तत्त्व अर्थात् स्वरूप, रहस्य, हृदय या मर्मको जानते हैं, इसलिए ब्रह्मतत्त्ववित् कहलाते हैं (४५)।

अर्थ—हे पतित-पावन, आप पूतात्मा हैं, स्नातक हैं, दान्त हैं, भदन्त हैं, वीतमत्सर हैं, धर्म-वृषायुध हैं, अक्षोभ्य हैं, प्रपूतात्मा हैं, अमृतोद्भव हैं, मंत्रमूर्ति हैं, स्वसौम्यात्मा हैं, स्वतंत्र हैं, ब्रह्मसंभव हैं, सुप्रसन्न हैं, गुणाम्भोधि हैं और पुण्यापुण्यनिरोधक हैं ॥७८-७९॥

व्याख्या—पूत अर्थात् कर्ममलकलंकसे रहित पवित्र आपका आत्मा है, अतः आप पूतात्मा हैं (४६)। स्नात अर्थात् द्रव्य, भाव और नोकर्मरूप लेपसे रहित हो जानेके कारण प्रक्षा-

स्नातकः केवलज्ञानी शेषा सर्वे तपोधनाः। दान्तः तपःक्लेशसहः। अथवा दो दानं अभयदानं अन्तः स्वभावो यस्य स दान्तः। भदन्त इन्द्रचन्द्रधरणेन्द्रमुनीन्द्रादीनां पूज्यपर्यायत्वाद्भदन्तः। वीतो विनष्टो मत्सरः परेषां शुभकर्मद्वेषो यस्य (स तथोक्तः,) अजेयौ। धर्म एव वृक्षः स्वर्ग-मोक्षफलदायकत्वात्, स एवायुधं प्रहरणं कर्मशत्रुनिपातनात्। धर्मवृक्ष आयुधं यस्य स तथोक्तः। न क्षोभयितुं चारित्राच्चालयितुं शक्यः। अथवा अक्षेण केवलज्ञानेन उम्यते प्रेर्यते अक्षोभ्यः। प्रकर्षेण पूतः पवित्र आत्मा यस्य स तथोक्तः। अथवा प्रपुनाति प्रकर्षेण पवित्रयति भव्यजीवान् प्रपूः, पवित्रकारकः सिद्धपरमेष्ठी। तस्य ता लक्ष्मीः अनन्त चतुष्टयं तया उपलक्षित आत्मा स्वभावो यस्य स प्रपूतात्मा सिद्धस्वरूप इत्यर्थः। अविद्यमाने मृतं मरणं यत्र तत् अमृतं मोक्षः, तस्य उद्भव उत्पत्तिर्भव्यानां यस्मादसावमृतोद्भवः ॥७८॥ मंत्रः समाम्नायः मंत्रः, स एव मूर्त्तिः स्वरूपं यस्य। स्वेनात्मना स्वयमेव परोपदेशं विनैव सौम्योऽक्रूरः आत्मा स्वभावो यस्य स तथोक्तः। न पराधीनः स्वः आत्मा तंत्रं शरीरं यस्य। ब्रह्मणः आत्मनश्चारित्रस्य ज्ञानस्य मोक्षस्य च संभव उत्पत्तिर्यस्मात्स तथोक्तः। सुष्ठु अतिशयेन प्रवक्ता प्रहसितवदनः, स्वर्ग-मोक्षवरदायको वा। गुणानां

लित है 'क' अर्थात् आत्मा जिनकी; ऐसे आप हैं, अतः स्नातक कहलाते हैं (४७)। तपश्चरणके महाक्लेशको सहन करते हैं, अतः दान्त कहलाते हैं। अथवा द अर्थात् अभयदान देना ही आपका अन्त अर्थात् स्वभाव है (४८)। आपकी आर्हन्त्य-अवस्था इन्द्र, चन्द्र, नरेन्द्र, धरणेन्द्र मुनीन्द्र आदिकोंके द्वारा पूज्य है, अतः आप भदन्त कहलाते हैं (४९)। आप मत्सरभावसे सर्वथा रहित हैं, अतः वीतमत्सर हैं (५०)। आपका धर्मरूपी वृक्ष भव्यजीवोंके स्वर्ग-मोक्षरूपी फल प्रदान करता है और वह धर्मवृक्ष ही आपका आयुध है, कर्मरूप शत्रुओंको मारनेके लिए शस्त्रका कार्य करता है, अतः आप धर्मवृक्षायुध कहलाते हैं (५१)। आप किसी भी बाहिरी या भीतरी शत्रुसे क्षोभित नहीं किये जा सकते हैं इसलिए अक्षोभ्य कहलाते हैं। अथवा अक्ष अर्थात् केवलज्ञानसे आपका आत्मा परिपूर्ण है इसलिए अक्षोभ्य कहे जाते हैं (५२)। आपका आत्मा प्रकर्षरूपसे पवित्र है, इसलिए आप प्रपूतात्मा हैं अथवा जो भव्यजीवोंको प्रकर्षरूपसे पवित्र करते हैं, ऐसे सिद्धोंको 'प्रपू' कहते हैं उनकी 'ता' अर्थात् अनन्तचतुष्टयरूप लक्ष्मीसे आपका आत्मा उपलक्षित है, अतः आप प्रपूतात्मा कहलाते हैं (५३)। जहां पर मरण नहीं है, ऐसे मोक्षधामको अमृत कहते हैं, उसका उद्भव अर्थात् उत्पत्ति भव्यजीवोंको आपके निमित्तसे होती है अतः आपको अमृतोद्भव कहते हैं। अथवा मृत नाम मरणका है और उद्भव नाम उत्पत्ति अर्थात् जन्मका है। आपके अब जन्म और मरण दोनोंका ही अभाव है अतः अमृतोद्भव नाम भी आपका सार्थक है (५४)। 'णमो अरहंताणं' इन सात अक्षरोंको मन्त्र कहते हैं, यही आपकी मूर्ति है दूसरी कोई मूर्त्ति नहीं है अतः आप मंत्रमूर्त्ति कहे जाते हैं अथवा मन्त्रनाम स्तुतिका है। स्तुतिकारोंको ही आपकी अलक्ष्य मूर्तिका साक्षात्कार होता है, इसलिए भी आप मंत्रमूर्त्ति कहलाते हैं।अथवा ब्राह्मण वेदके चालीस अध्यायोंको मंत्र कहते हैं। किन्तु वे मंत्र पशुयज्ञादि उपदेश देनेसे पापरूप हैं, निर्दयताके प्ररूपक हैं; अतः उन्हें हिंसा-विधायक होनेसे मूर्त्तिरूप अर्थात् कठिन या कठोर आपने बतलाया है (५५)। परोपदेशके विना स्वयमेव ही आपका आत्मा अत्यन्त सौम्य है, दयालु-स्वभाव है, अतः आप स्वसौम्यात्मा हैं (५६)। तन्त्र शब्द करण, शास्त्र, परिच्छद, औषधि, कुटुम्ब, प्रधान, सिद्धान्त आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आपका आत्मा ही उन सब अर्थोंमें व्याप्त है, अर्थात् आप ही शास्त्रस्वरूप हैं, औषधिरूप हैं, इत्यादि। अतएव आप स्वतंत्र हैं (५७)। ब्रह्मशब्द आत्मा, ज्ञान, चारित्र आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आपसे ज्ञान, चारित्र, मोक्ष आदिकी संभव अर्थात् उत्पत्ति हुई है, अतएव आप ब्रह्मसंभव कहलाते हैं (५८)। आप सदा अत्यन्त प्रसन्न रहते हैं और भक्तोंको स्वर्ग-मोक्षके दाता हैं, अतएव सुप्रसन्न कहलाते हैं (५९)। अनन्त ज्ञान, दर्शन,

सुसंवृत्तः सुगुप्तात्मा सिद्धात्मा निरुपप्लवः । महोदर्को महोपायो जगदेकपितामहः ॥८०॥
महाकारुणिको गुण्यो महाक्लेशांकुशः शुचिः । अरिंजय सदायोग सदाभोगः सदाधृतिः ॥८१॥

अनन्तकेवलज्ञान-अनन्तदर्शन-अनन्तवीर्य-अनन्तसौख्य-सम्यक्त्व-अस्तित्व-वस्तुत्व-प्रमागत्व-प्रमेयत्व-चैतन्यादीनां अनन्तगुणानां अम्भोधिः समुद्रः । पुण्यापुण्ययोर्निरोधको निषेधकारकः ॥७६॥

सुष्ठु अतिशयेन संवृणोति स्म, अतिशयवद्विशिष्टसंवरयुक्त इत्यर्थः । सुष्ठु अतिशयेन गुप्तः आस्रव विशेषाणामगम्यः आत्मा टंकोत्कीर्णशाश्वतैकस्वभावः आत्मा जीवो यस्य । सिद्धो हस्तप्राप्तिमायातः आत्मा जीवो यस्य । निर्गतो निर्नष्टो मूलादुन्मूलितः समूलकार्षं कर्षितः उपप्लवः उत्पातः उपसर्गो यस्य स तथोक्तः, तपोविघ्नरहितः षड्मिर्दूरः । महान् सर्वकर्मनिर्मोक्षलक्षणः अनन्तकेवलज्ञानादिलक्षणश्च उदर्कः उत्तरफलं यस्य । महान् सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रतपोलक्षण उपायो मोक्षस्य यस्य स तथोक्तः । जगतामधोमध्योर्ध्वलोकस्थितभव्यलोकानामेकोऽद्वितीयः पितामहः जनकजनको हितकारकत्वात् ॥८०॥ करुणायां सर्वजीवदयायां नियुक्तः कारुणिकः । महांश्चासौ कारुणिको महाकारुणिकः, सर्वदैव मरणनिषेधक इत्यर्थः । गुणेषु पूर्वोक्तेषु चतुरशीतिलक्षसंख्येषु नियुक्तः साधुर्वा । महान् तपः संयमपरीषहसहनादिलक्षणो योऽसौ क्लेशः कृच्छ्रं स एवांकुशः शृणिर्मत्तमनोगजनद्दोन्मार्गनिषेधकारकत्वात् । (शुचिः) परमपवित्रः । अरीन् अष्टाविंशतिभेदभिन्नमोहमहाशत्रून् जयति निर्मूलकाषं कर्षतीति । सदा सर्वकालं योगो आर्तरौद्रमलबध्वलामलक्षणं परमशुक्लध्यानं यस्य । सदा सर्वकालं भोगो निजशुद्धबुद्धैकस्वभावपरमात्मैकलोलीभावलक्षणपरमानन्दामृतरसास्वादस्वभावो भोगो यस्य । सदा सर्वकालं धृतिः सन्तोषो यस्य ॥८१॥

सुख, वीर्यादि गुणोंके अम्भोधि अर्थात् समुद्र हैं, अतः गुणाम्भोधि कहलाते हैं (६०)। पुण्यरूप शुभकर्म और अपुण्यरूप पापकर्मोंका आपने निरोध कर पूर्ण संवरको प्राप्त किया है, अतएव आप पुण्यापुण्यनिरोधक कहलाते हैं (६१)।

अर्थ—हे करुणासागर, आप सुसंवृत्त हैं, सुगुप्तात्मा हैं, सिद्धात्मा हैं, निरुपप्लव हैं, महोदर्क हैं, महोपाय हैं, जगदेकपितामह हैं, महाकारुणिक हैं, गुण्य हैं, महाक्लेशांकुश हैं, शुचि हैं, अरिंजय हैं, सदायोग हैं, सदाभोग हैं, और सदाधृति हैं ॥८०–८१॥

व्याख्या—आपका आत्मा पूर्णरूपसे संवर को प्राप्त हो चुका है अतः आप सुसंवृत्त हैं (६२)। आपका आत्मा सुगुप्त अर्थात् सर्व प्रकारसे सुरक्षित है, किसी भी प्रकारके आस्रवके गम्य नहीं हैं, अतः आप सुगुप्तात्मा हैं (६३)। आपको आत्मा सिद्ध हो गया है, अथवा आपका आत्मा सर्व कर्मोंसे रहित सिद्धस्वरूप है, अतः आप सिद्धात्मा हैं (६४)। उपप्लव अर्थात् उत्पात, उपसर्ग उपद्रव आदिसे आप सर्वथा रहित हैं, अतः निरुपप्लव कहलाते हैं। अथवा भूख, प्यास, शोक, मोहन, जन्म, और मृत्यु इन छह ऊर्मियोंको भी उपप्लव कहते हैं। आप उनसे रहित शुद्ध शिवस्वरूप हैं (६५)। सर्व कर्म-विप्रमोक्षलक्षण और अनन्त केवलज्ञानादि स्वरूप महान् उदर्क अर्थात् उत्तरफल को प्राप्त हैं, अतः महोदर्क कहलाते हैं (६६)। सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्रस्वरूप मोक्षके महान् उपाय के प्राप्त कर लेनेसे आप महोपाय कहलाते हैं (६७)। सर्व जगत्के एकमात्र पितामह अर्थात् परम हितैषी हैं, अतः जगदेकपितामह हैं (६८)। महान् दयालु स्वभाव होनेसे महाकारुणिक कहलाते हैं (६९)। चौरासी लाख उत्तर गुणोंसे युक्त हैं, अतः गुण्य कहलाते हैं (७०)। महान् क्लेशरूप गजों को जीतनेके लिए अंकुशके समान हैं, अतः महाक्लेशांकुश हैं (७१)। आप जन्मकालसे ही मल-मूत्र से रहित हैं, अन्तरंग-बहिरंग सर्व प्रकारके पापोंसे निर्लिप्त हैं, परम ब्रह्मचर्यसे युक्त हैं और निज शुद्ध-बुद्धैकस्वभावरूप परम पवित्र तीर्थमें निर्मल भावनारूप जलसे आपका अन्तःकरण अति पवित्र है, अतः आप शुचि कहलाते हैं (७२)। महान् मोहरूप अरिको जीतनेके कारण आप अरिंजय कहलाते हैं (७३)। सदा ही शुक्लध्यानरूप योगसे युक्त हैं, अतः सदायोग कहलाते हैं (७४)।

परमौदासिताऽनाश्वान् सत्याशीः शान्तनायकः । अपूर्ववैद्यो योगज्ञो धर्ममूर्त्तिरधर्मधक् ॥८२॥

परम उत्कृष्ट उदासिता, उदास्ते इत्येवंशीलः उदासिता, तृन् । उत्कृष्टौदासीनः शत्रु-मित्र-सुख-दुःखेषु मध्यस्थपरिणाम इत्यर्थः । न आश्नाति न भुक्तवान् अनाश्वान् 'कवलाहारो परीषहाश्च, दोषस्तत्रोक्त इति नेट् । अनाश्वान् अनाश्वांसौ अनाश्वांसः इत्यादि रूपाणि भवन्ति, अनाशुषा अनाशुड्भ्यामित्यादि च । सत्सु भव्यजीवेषु योग्या सत्या, सत्सु नियोज्या सत्या सद्भ्यो हिता वा सत्या । सत्या सफला वा आशीः अभयदान-मस्तु इत्यादिरूपा आशीराशीर्वादो यस्य स तथोक्तः । शान्तानां रागद्वेषमोहरहितानां नायकः स्वामी । वा मोक्षनगरप्रापको वा शान्तोऽक्रूरः, स चासौ नायक स्वामीः वा शस्य सुखस्य अन्तो विनाशो यस्मादसौ शान्तः संसारस्तस्य न आप आगमनं यस्य स शान्तनायकः । न आट् नपादिति नस्य स्थितिः । (विद्या मंत्रौषधि-लक्षणा विद्यते यस्य स वैद्यः । स वैद्यो लोकानां व्याधिचिकित्सने किमपि फलमभिलषति तेन स वैद्यः सर्वेषा-मपि सपूर्वो दृष्टः श्रुतश्च विद्यते ।) भगवांस्तु सर्वेषां जन्मप्रभृत्यपि व्याधितानां प्राणिनां नामसमात्रेणापि व्याधि-विनाशं करोति, कुष्ठिनामपि शरीरं सुवर्णशलाकासदृशं विदधाति, जन्म-जरा-मरणं च मूलादुन्मूलयति तेन भगवान् अपूर्वश्चासौ वैद्यः अपूर्ववैद्यः । योगं धर्म्य-शुक्लध्यानद्वयं जानात्यनुभवतीति । धर्मस्य चारित्रस्य मूर्त्तिराकारः, धर्मस्याहिंसालक्षणस्य मूर्त्तिः । अधर्मं हिंसादिलक्षणं पापं स्वस्य परेषां च दहति भस्मीकरोतीति अधर्मधक् ॥८२॥

सर्वदा निज शुद्ध-बुद्धैकस्वभावी परमानन्दामृत-रसास्वादनरूप भोगको प्राप्त हैं, अतः सदाभोग कहलाते हैं (७५) सदाही धृति अर्थात् परम धैर्यरूप सन्तोषको धारण करते हैं, अतः महाधृति कहलाते हैं (७६)।

अर्थ—हे निरीह, आप परमौदासिता हैं, अनाश्वान् हैं, सत्याशीः हैं, शान्तनायक हैं, अपूर्व-वैद्य हैं, योगज्ञ हैं, धर्ममूर्त्ति हैं और अधर्मधक् हैं, ॥८२॥

व्याख्या—आप शत्रु और मित्रमें परम उदासीनरूपसे अवस्थित रहते हैं, अतः परमौदासिता कहलाते हैं (७७)। आप अशन अर्थात् कवलाहारसे रहित हैं अतः अनाश्वान कहलाते हैं। अथवा आप शाश्वत कल्याणके मार्गमें आरूढ हैं और समस्त शत्रुओंके विश्वासपात्र हैं, इसलिए भी अनाश्वान् कहलाते हैं (७८)। आपका अभयदानरूप आशीर्वाद सदा सत्य और सफल ही होता है अतः आप सत्याशीः कहलाते हैं (७९)। जिनके राग, द्वेष, मोहादि शान्त हो गये हैं, ऐसे साधुओं के आप नायक हैं, अथवा भव्योंको परम शान्तिरूप मोक्षनगरको प्राप्त करते हैं अतः शान्तनायक कहलाते हैं अथवा श अर्थात् सुखका अन्त करनेवाले संसारका आय अर्थात् आगमन आपके नहीं हैं, पुनरागमनसे आप रहित हो चुके हैं, इसलिए भी आप शान्तनायक कहलाते हैं (८०)। आप जैसा वैद्य आज तक न किसीने देखा है और न सुना है, अतः आप अपूर्ववैद्य हैं। अर्थात् आपका नाम लेने मात्रसे ही रोगियोंके बड़े-बड़े रोग दूर हो जाते हैं, कोढ़ियोंके कुष्ठ-गलित शरीर भी सुवर्ण सदृश चमकने लगते हैं और जिन जन्म, जरा मरणादि व्याधियोंका अन्य किसी वैद्यने इलाज नहीं कर पाया है, उन्हें आपने सर्वथा सर्वदा के लिए दूर कर दिया है, अतः आपको योगिजन अपूर्ववैद्य कहते हैं (८१)। धर्म और शुक्लध्यानरूप योगके आप ज्ञाता हैं, अथवा कर्मास्रवके कारणभूत मन, वचन, कायरूप शुभाशुभ योगके आप जानने वाले हैं, आप ही बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रहसे रहित हैं और मोक्षमार्गमें प्रवृत्त हैं इसलिए योगज्ञ कहलाते हैं (८२)। अहिंसालक्षण या रत्नत्रयस्वरूप धर्मकी आप साक्षात् मूर्त्ति हैं। अथवा धर्मशब्द न्याय, आचार, कर्त्तव्य, उपमा, स्वभाव, दान आदि अनेक अर्थोंका भी वाचक है। आप न्याय, कर्त्तव्य, आदिके मूर्त्तिमान् रूप हैं, इसलिए भी धर्ममूर्त्ति कहलाते हैं (८३)। अधर्म अर्थात् हिंसादिलक्षण पापके दहन करनेवाले हैं, इसलिए अधर्मधक् कहलाते हैं (८४)।

ब्रह्मेट् महाब्रह्मपतिः कृतकृत्यः कृतक्रतुः । गुणाकरो गुणोच्छेदी निर्निमेषो निराश्रयः ॥८३॥
सूरिः सुनयतत्त्वज्ञो महामैत्रीमयः शमी । प्रक्षीणबन्धो निर्द्वन्द्वः परमर्षिरनन्तगः ॥८४॥
इति योगिशतम् ।

ब्रह्मणो ज्ञानस्य वृत्तस्य मोक्षस्य च ईट् स्वामी । ब्रह्मणां मतिज्ञानादीनां चतुर्णां उपरि वर्त्तमानं पंचमं केवलज्ञानं महाब्रह्मोच्यते, तस्य पतिः स्वामी । कृतं कृत्यं आत्मकार्यं येन स तथोक्तः । कृतो विहितः कृतुर्यज्ञः शक्रादिभिर्यस्य स तथोक्तः । गुणानां केवलज्ञानादीनां वा चतुरशीतिलक्षाणां आकर उत्पत्तिस्थानं गुणाकरः । गुणान् क्रोधादीन् उच्छेदयतीत्येवंशीलः । अगुणोच्छेदी इति पाठे अगुणान् दोषान् छिनत्ति इति । चक्षुषोः मेषोन्मेषरहितः, दिव्यचक्षुरित्यर्थः । लोचनस्पन्दरहित इति यावत् । निर्गतो निर्नष्टः आश्रयो गृहं यस्य, वा निर्गतोश्रित आश्रयो निर्वाणपदं यस्य ॥८३॥ सूतेः बुद्धिं सूरिः । भू स् अदिभ्य किः । ये स्याच्छब्दोपलक्षितास्ते सुनयास्तेषां तत्त्वं मर्म जानातीति सुनयतत्त्वज्ञः । महती चासौ मैत्री महामैत्री सर्वजीवजीवनबुद्धिः, तया निर्वृत्तः । शमः सर्वकर्मक्षयो विद्यते यस्य । समी इति पाठे समः समतापरिणामो विद्यते यस्य । प्रकर्षेण क्षीणः क्षयं गतो बंधो यस्य । निर्गतं द्वन्द्वं कलहो यस्य । परमश्चासौ ऋषिः केवलज्ञानर्द्धिसहितः । अनन्तं केवलज्ञानं गच्छति प्राप्नोतीति ॥८४॥
इति योगिशतम् ।

अर्थ—हे स्वामिन्, आप ब्रह्मेट् हैं, महाब्रह्मपति हैं, कृतकृत्य हैं, कृतक्रतु हैं, गुणाकर हैं, गुणोच्छेदी हैं, निर्निमेष हैं निराश्रय हैं, सूरि हैं, सुनयतत्त्वज्ञ हैं, महामैत्रीमय हैं, शमी हैं, प्रक्षीणबन्ध हैं, निर्द्वन्द्व हैं, परमर्षि हैं और अनन्तग हैं ॥८३–८४॥

व्याख्या—ब्रह्म अर्थात् आत्मा, ज्ञान, चारित्र और मोक्षके आप ईश्वर हैं, अतः ब्रह्मेट् कहलाते हैं (८५)। ब्रह्म नाम ज्ञानका है, सर्व ज्ञानोंमें श्रेष्ठ केवलज्ञानको महाब्रह्म कहते हैं, आप उसके पति हैं, अतः महाब्रह्मपति हैं। अथवा महाब्रह्मा नाम सिद्धपरमेष्ठी का है, दीक्षाके अवसरमें आप उन्हें नमस्कार करते हैं, अतः वे आपके स्वामी हैं, इस अपेक्षा भी आप महाब्रह्मपति कहलाते हैं (८६)। करनेके योग्य कार्योंको आपने कर लिया है, अतः आप कृतकृत्य कहलाते हैं (८७)। आपका कृतु अर्थात् पूजन इन्द्रादिकोंने किया है, इसलिए आप कृतक्रतु हैं। अथवा भव्योंके द्वारा की गई आपकी पूजा सदा सफल ही होती है, कभी भी निष्फल नहीं जाती, उन्हें स्वर्ग और मोक्षको देती है, इसलिए भी आप कृतक्रतु कहलाते हैं। अथवा आपने कर्मोंको भस्म करनेरूप यज्ञ समाप्त कर लिया है, इससे भी कृतक्रतु नाम आपका सार्थक है (८८)। आप छयालीस मूल गुणोंके, अथवा चौरासी लाख उत्तर गुणोंके अथवा ज्ञानादि आत्मिक अनन्त गुणोंके आकर अर्थात् खानि हैं, अतः गुणाकर कहलाते हैं (८९)। क्रोधादि विभावगुणोंके उच्छेद करनेसे गुणोच्छेदी कहलाते हैं। अथवा अगुणोच्छेदी पाठके स्वीकार करनेपर अगुण अर्थात् दोषोंके आप उच्छेदक हैं, इसलिए अगुणोच्छेदी नाम भी आपका सार्थक है (९०)। निर्मेष अर्थात् नेत्रोंके उन्मीलन-निमीलनरूप टिमकारसे आप रहित हैं, अतः निर्निमेष हैं(९१)। आपका आश्रय अर्थात् सांसारिक निवास नष्ट हो चुका है और निर्वाणरूप निश्रित आश्रयको आपने प्राप्त कर लिया है, अतः आप दोनोंही अपेक्षाओंसे निराश्रय सिद्ध होते हैं (९२)। आप भव्योंके जगत्-उद्धारक बुद्धिको सूते अर्थात् उत्पन्न करते हैं, इसलिए योगिजन आपको सूरि कहते हैं (९३)। स्यात्पदसे संयुक्त नयोंको सुनय कहते हैं। उन नयोंके आप तत्त्व अर्थात् रहस्य या मर्मको जानते हैं इसलिए सुनयतत्त्वज्ञ हैं (९४)। आप महा मित्रतासे युक्त हैं, सर्व जीवोंके सदा हितैषी हैं, अतः महा-मैत्रीमय कहलाते हैं (९५)। सर्व कर्मोंका क्षय करनेसे शमी कहलाते हैं। 'समी' इस पाठके मानने पर आप समता भावसे युक्त हैं, अतः समी कहलाते हैं (९६)। आपने सर्व कर्मबन्धोंको प्रक्षीण कर दिया है, अतः प्रक्षीणबन्ध हैं (९७)। आप द्वन्द्व अर्थात् कलह-दुविधासे रहित हैं, अतः निर्द्वन्द्व कहलाते हैं (९८)। केवलज्ञानरूप परम ऋद्धिसे युक्त हैं अतः परमर्षि कहलाते हैं (९९)। अनन्त केवलज्ञानको प्राप्त किया है, अथवा अनन्त संसारसे परे गमन किया है, अथवा अनन्त पदार्थोंके ज्ञाता हैं, इसलिए आप अनन्तग कहलाते (१००)।

इस प्रकार पञ्चम योगिशतक समाप्त हुआ।

अथ निर्वाणशतम्

निर्वाणः सागरः प्राज्ञमहासाधुरुदाहृतः । विमलाभोऽथ शुद्धाभः श्रीधरो दत्त इत्यपि ॥८४॥

निर्वाति स्म निर्वाणः, सुखीभूतः अनन्तसुखं प्राप्तः । निर्वाणो वा ते इति साधुः । वा निर्गता-वाणाः शराः कन्दर्पबाणाः यस्मादिति । वा निर्गताः वाणाः सामान्यशरास्तदुपलक्षणं सर्वायुधानां, निर्वाणः । वा वने निर्युक्ता वानः, निश्चितो वानो निर्वाणः । यतो भगवान् निःक्रान्तः सन् वनवासी एव भवति, जिनकल्पित्वात्, न तु स्थविरकल्पित्वत् वसत्यादौ तिष्ठति । सा लक्ष्मीर्गले कण्ठे यस्य स सागरः, अभ्युदय निःश्रेयसलक्ष्मीसमालिंगितत्वात् । वा निःक्रमणकल्याणावसरे सा राज्यलक्ष्मीर्गरः विषसदृशी अरोचमानत्वात् । दक्षः कुशलो हितश्च साधुरुच्यते । महांश्चासौ साधुर्महासाधुः । विमला कर्ममलकलंकरहिता आभा शोभा यस्येति । शुद्धा शुक्ला आभा दीप्तिर्यस्य स तथोक्तः । शुक्ललेश्यो वा । श्रियं बाह्यां समवसरणलक्षणोपलक्षितां, अभ्यन्तरां केवलज्ञानादिलक्षणां धरतीति । दानं दत्तं, दत्तयोगाद् भगवानपि दत्तः, वांछितफलप्रदायक इत्यर्थः ॥८५॥

अर्थ—हे भगवन्, आप निर्वाण हैं, सागर हैं, महासाधु हैं, विमलाभ हैं, शुद्धाभ हैं, श्रीधर हैं और दत्त हैं ॥८५॥

व्याख्या—हे भगवन्, आप कामके बाणोंसे अथवा आकुलताके कारणभूत सर्व प्रकारकी शल्योंसे रहित हैं, अतः निर्वाण हैं। अथवा निर्वाण अर्थात् अनन्त सुखको प्राप्त कर लेनेसे आप निर्वाण कहलाते हैं। अथवा वनमें बसनेवाले को वान कहते हैं। जिसका वनमें बसना सर्वथा निश्चित है, उसे निर्वाण कहा जाता है। भगवान् भी घर छोड़नेके पश्चात् जिनकल्पी होकर वनमें ही वास करते हैं (१)। सा नाम लक्ष्मीका है और गर नाम गला या कंठका है। भगवान्के गलेमें अभ्युदय-निःश्रेयसरूप लक्ष्मी आलिंगन करती है, अतः आप सागर हैं। अथवा गर नाम विषका भी है। आप दीक्षाके अवसरमें राज्यलक्ष्मीको विषके सदृश हेय जानकर छोड़ देते हैं, इसलिए भी सागर कहलाते हैं। अथवा गर अर्थात् विषके साथ जो वर्तमान हो, उसे सगर कहते हैं, इस निरुक्तिके अनुसार सगर नाम धरणेन्द्रका है, उसके आप सांकल्पिक पुत्र हैं, अतः आप सागर कहलाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान् बाल्यावस्थामें सिंहासन पर बैठते हैं, तब धरणेन्द्र उन्हें अपनी गोदमें लेकर बैठता है और सौधर्मेन्द्र सिंहासनके नीचे बैठकर उनके चरण-कमलोंकी सेवा करता है। अथवा सा अर्थात् लक्ष्मीसे उपलक्षित अग अर्थात् गिरिराज सुमेरुको साग कहते हैं, क्योंकि वह जन्मकल्याणकके समय भारी लक्ष्मीसे सम्पन्न होता है। उस लक्ष्मी-सम्पन्न सुमेरुको आप जन्माभिषेकके समय 'राति' अर्थात् स्वीकार करते हैं, इसलिए भी आपका सागर यह नाम सार्थक है। अथवा सा अर्थात् लक्ष्मी जिनकी गत या नष्ट हो चुकी है, ऐसे दरिद्री जनोंको साग कहते हैं, उन्हें आप 'रायति' अर्थात् धन ग्रहण करनेके लिए आह्वानन करते हैं और उनका दारिद्र्य-दुःख दूर करते हैं, इसलिए भी आप सागर कहलाते हैं (२)। दक्ष, कुशल या हितैषीको साधु कहते हैं। आप महान् कुशल हैं अतः महासाधु हैं। अथवा तीर्थंकर जैसा महान् पद पा करके भी आप मुक्तिके देनेवाले रत्नत्रयकी साधना करते हैं, इसलिए भी योगिजन आपको महासाधु कहते हैं ( )। कर्ममलकलंकसे रहित विमल आत्माको धारण करनेसे आप विमलाभ कहलाते हैं। अथवा विशिष्ट मा अर्थात् केवलज्ञानरूप लक्ष्मीका लाभ आपको हुआ है, इसलिए भी आपका विमलाभ नाम सार्थक है। अथवा राहु, केतु आदि ग्रहोंके उपरागसे रहित विमल और कोटि सूर्य-चन्द्रकी आभाको भी तिरस्कृत करनेवाले ऐसे भामंडलको आप धारण करते हैं, इसलिए भी आप विमलाभ कहलाते हैं (४)। कर्ममलकलंकसे रहित शुद्ध अभा अर्थात् चैतन्य ज्योतिको धारण करनेसे आप शुद्धाभ कहलाते हैं। अथवा शुद्ध अर्थात् शुक्ललेश्यारूप आपकी आभा है, इसलिए भी आप शुद्धाभ हैं (५)। बाह्य समवसरण-

अमलाभोऽरुद्धरोऽग्निः संयमश्च शिवस्तथा । पुष्पांजलिः शिवगण उत्साहो ज्ञानसंज्ञकः ॥८६॥
परमेश्वर इत्युक्तो विमलेशो यशोधरः । कृष्णो ज्ञानमतिः शुद्धमतिः श्रीभद्र शान्तयुक् ॥८७॥
वृषभस्तद्वदजितः संभवश्चाभिनन्दनः । मुनिभिः सुमतिः पद्मप्रभः प्रोक्तः सुपार्श्वकः ॥८८॥

अविद्यमाना मलस्य पापस्य आभा लेशो यस्य । अथवा न विद्यते मा लक्ष्मीर्येषां ते अमाः, दीन-दुःस्थित-दरिद्रास्तेषां लाभो धनप्राप्तिर्यस्मादसौ अमलाभः । उत् ऊर्ध्वस्थाने धरति स्थापयति भव्यजीवानिति । अंगति ऊर्ध्वं गच्छति त्रैलोक्याग्रं व्रजति, ऊर्ध्वं व्रज्यास्वभावत्वात् अग्निः, अगिगुण्यिवह्निभ्यो निः । सम्यक् प्रकारो यमो यावज्जीवव्रतो यस्य । शिवं परमकल्याणं तद्योगात् पंचकल्याणप्रापकत्वात् शिवः । पुष्पवत् कमलवत् अञ्जलिः इन्द्रादीनां करसंपुटो यं प्रति स पुष्पांजलिः । शिवः श्रेयस्करो गणो निर्ग्रन्थादिद्वादश-भेदः संघो यस्य । सहनं सहः, भावे घञ् । उत्कृष्टः साहः सहनं परीषहादिक्षमता उत्साहः । शानं जानाति विश्वं इति शानं । कृत्यल्युटोऽन्यत्रापि च कर्त्तरि युट् । वा शान् पण्डितान् अनति जीवति शानः । अवान्तर्भूत इनप्रत्ययः ॥८६॥ परमश्चासौ ईश्वरः स्वामी । विमलः कर्ममलकलंकरहितो व्रतेष्वनतिचारो वा विमलः, स चासावीशः । यशः पुण्यगुणकीर्त्तनं धरतीति । कर्षति मूलादुन्मूलयति निर्मूलकाषं कषति घातिकर्मणां घातं करोतीति । शानं केवलशानं मतिर्शनं यस्य । शुद्धा कर्ममलकलंकरहिता मतिः सकलविमलकेवलशानं यस्य । श्रिया अभ्युदय-निःश्रेयसलक्षणया लक्ष्म्या भद्रो मनोहरः । शाम्यति स्म शान्तः रागद्वेषरहित इत्यर्थः ॥८७॥ वृषेणाहिंसालक्षणोपलक्षितेन धर्मेण भाति शोभते । न केनापि काम-क्रोधादिना शत्रुणा जितः अजितः । सं

रूप और अन्तरंग अनन्त ज्ञानादिरूप श्री को धारण करनेसे 'श्रीधर' यह नाम भी आपका सार्थक है । अथवा श्री से उपलक्षित धरा अर्थात् समवसरणभूमि आपके हैं, इसलिए भी आप श्रीधर हैं । अथवा श्रीके आप धर अर्थात् निवासभूमि हैं (६) । भक्तोंको वांछित फलके दाता होनेसे आप दत्त कहलाते हैं । अथवा आप अपनी ही आत्माको ध्यानमें देते हैं अर्थात् लगाते हैं, इसलिए भी दत्त कहलाते हैं (७) ।

अर्थ—हे परमेश्वर, आप अमलाभ हैं, उद्धर हैं, अग्नि हैं, संयम हैं, शिव हैं, पुष्पांजलि हैं, शिवगण हैं, उत्साह हैं, ज्ञानसंज्ञक हैं, परमेश्वर हैं, विमलेश हैं, यशोधर हैं, कृष्ण हैं, ज्ञानमति हैं, शुद्धमति हैं, श्रीभद्र हैं, शान्त हैं, वृषभ हैं, अजित हैं, संभव हैं, अभिनन्दन हैं, सुमति हैं, पद्मप्रभ हैं और सुपार्श्व हैं ॥८६–८८॥

व्याख्या—हे परम ईश्वर, आपके पापरूप मलकी आभा अर्थात् लेश भी नहीं है, इसलिए आप अमलाभ कहलाते हैं । अथवा मा अर्थात् लक्ष्मीसे रहित दीन-दरिद्रियोंको अमा कहते हैं, उन्हें आपके निमित्तसे धनका लाभ होता है, इसलिए भी आप अमलाभ कहलाते हैं । अथवा लक्ष्मीसे रहित निर्ग्रन्थ मुनियोंको अमा कहते हैं । उन मुनियोंको जो अपने संघमें लेते हैं, ऐसे गणधर-देवोंको अमल कहते हैं । उन गणधरदेवोंसे आप सर्व ओरसे 'भाति' अर्थात् शोभित होते हैं, इसलिए भी आप अमलाभ कहलाते हैं (८) । आप उत् अर्थात् ऊर्ध्वलोकमें भव्यजीवोंको धरते हैं—स्थापित करते हैं, इसलिए आप उद्धर कहलाते हैं । अथवा आप उत् अर्थात् उत्कृष्ट हर हैं, पापोंके हरण करनेवाले हैं । अथवा उत्कृष्ट समवसरण-धराको धारण करते हैं । अथवा उत्कृष्ट वेगसे एक समयमें सात राजु लोकको उल्लंघन करके मोक्षमें प्राप्त होते हैं, इसलिए भी उद्धर कहलाते हैं (९) । अग्निके समान ऊर्ध्वगमनस्वभावी हैं, अथवा कर्मरूप काननके दहनके लिए आप अग्निके समान हैं, अतः अग्नि कहलाते हैं (१०) । यम अर्थात् यावज्जीवनरूप व्रतोंको सम्यक् प्रकार धारण करनेसे साधु-जन आपको संयम कहते हैं (११) । परम कल्याणरूप होनेसे आप शिव कहलाते हैं । अथवा आप शिवको करनेवाले हैं और स्वयं शिव अर्थात् मोक्षस्वरूप हैं, शरीरसे युक्त होने पर भी जीवन्मुक्त हैं, इसलिए भी योगीजन आपको शिव कहते हैं (१२) । इन्द्रादिक देव भक्ति-भारसे नम्रीभूत होकर आपके लिए कमल-पुष्पके समान हाथोंकी अंजलि बांधे रहते हैं, इसलिए आप पुष्पांजलि कहलाते हैं । अथवा बारह योजन प्रमाण समवसरणभूमिमें विविध कल्पवृक्षोंके पुष्पोंकी वर्षा होनेसे भी हर

समीचीनो भवो जन्म यस्य । शंभव इति पाठे शं सुखं भवति यस्मादिति शंभवः, संपूर्वोत्पत्तौ संज्ञायां अच् । अभि समन्तात् नन्दयति निजरूपाद्यतिशयेन प्राणिनामानन्दमुत्पादयतीति । शोभना लोकालोकप्रकाशिका मतिः केवलज्ञानलक्षणोपलक्षिता बुद्धिर्यस्य । पद्मवत् रक्तकमलवत् प्रभा वर्णो यस्य । सुष्ठु शोभने पार्श्वे वामदक्षिणशरीरप्रदेशौ यस्य ॥८८॥

एक व्यक्तिके हस्तमें पुष्पोंकी अंजुलि भरी होती है, इसलिए भी आपको लोग पुष्पाञ्जलि कहते हैं (१३)। शिव अर्थात् श्रेयस्कर द्वादश सभारूप गण या संघके पाये जानेसे मुनिजन आपको शिवगण कहते हैं। अथवा शिवको ही आप साररूपसे गिनते हैं और अन्य सर्व वस्तुओंको असार गिनते हैं, इसलिए भी आप शिवगण कहलाते हैं (१४)। आप उत्कृष्ट परीषहोंके सहन करनेवाले हैं, इसलिए उत्साह कहलाते हैं। अथवा उत्कृष्ट सा अर्थात् मोक्षलक्ष्मीका हनन नहीं करते, प्रत्युत सेवकोंको मोक्षलक्ष्मी प्रदान करते हैं, इसलिए भी आपका उत्साह यह नाम सार्थक है (१५)। जो विश्वको जाने, उसे ज्ञान कहते हैं। ज्ञान ही आपकी संज्ञा अर्थात् नाम है, अतएव आप ज्ञानसंज्ञक कहलाते हैं। अथवा 'ज्ञ' अर्थात् ज्ञानियोंको आप जीवन देते हैं, अर्थात् ज्ञानियोंके आप ही प्राण हैं, इस अपेक्षासे भी आपका उक्त नाम सार्थक है (१६)। आप परम अर्थात् सर्वोत्कृष्ट लक्ष्मीके ईश्वर हैं, इसलिए परमेश्वर कहलाते हैं। अथवा 'प' अर्थात् परित्राण करनेवाली, जीवोंके नरकादिगतियोंमें पतनसे रक्षा करनेवाली रमाके आप स्वामी हैं। अथवा 'परं' अर्थात् निश्चय रूपसे आप 'अ' अर्थात् अरहन्त पदको प्राप्त ईश्वर हैं, इसलिए भी योगिजन आपको परमेश्वर कहते हैं (१७)। आप विमल अर्थात् कर्ममल-रहित ईश हैं, अतः विमलेश कहलाते हैं। अथवा 'वि' अर्थात् अघाति कर्मरूप विविध 'म' यानी मलका लेशमात्र पाये जानेसे भी विमलेश यह नाम सार्थक है (१८)। यशको धारण करनेसे आप यशोधर कहलाते हैं (१९)। घातिया कर्मोंको जड़मूलसे कृश करनेके कारण आपको योगिजन कृष्ण कहते हैं (२०)। केवलज्ञानरूप ही आपकी मति है, अतः आप ज्ञानमति कहलाते हैं (२१)। कर्ममलसे रहित शुद्ध मतिको धारण करनेसे साधुजन आपको शुद्धमति कहते हैं (२२)। अभ्युदय और निःश्रेयसरूप श्रीसे आप भद्र अर्थात् मनोहर हैं, इसलिए श्रीभद्र कहलाते हैं (२३)। आपके राग-द्वेषादि सब विकारभाव शान्त हो चुके हैं, इसलिए योगिजन आपको शान्त कहते हैं (२४)। अहिंसालक्षण वृष अर्थात् धर्मसे आप 'भाति' कहिए शोभित हैं, अतः वृषभ नामसे आप पुकारे जाते हैं (२५)। काम-क्रोधादि किसी भी शत्रुके द्वारा नहीं जीते जा सकनेसे आप अजित कहलाते हैं (२६)। आपका भव अर्थात् जन्म सं कहिए समीचीन है, संसारका हितकारक है। अथवा 'शंभव' ऐसा पाठ माननेपर शं अर्थात् सुखको भव कहिए उत्पन्न करनेवाले हैं, जगत्को सुखके दाता हैं और स्वयं शान्तमूर्त्ति हैं, इसलिए योगिजन आपको संभव या शंभव नामसे पुकारते हैं (२७)। अभि अर्थात् सर्वप्रकारसे आप जीवोंको आनन्दके देनेवाले हैं, उनके हर्षको बढ़ानेवाले हैं, इसलिए सर्व जगत् आपको 'अभिनन्दन' कहकर अभिनन्दित करता है। अथवा अभी अर्थात् भयसे रहित निर्भय और शान्तिमय प्रदेश आपके समवसरणमें पाये जाते हैं, इसलिए भी आप अभिनन्दन कहलाते हैं (२८)। शोभन और लोकालोककी प्रकाशक मतिके धारण करनेसे आप सुमति नामको सार्थक करते हैं (२९)। पद्म अर्थात् रक्त वर्णके कमलके समान आपके शरीरकी प्रभा है, इससे लोग आपको पद्मप्रभ कहते हैं। अथवा आपके पद् अर्थात् चरणोंमें मा कहिए लक्ष्मी निवास करती है, और उससे आप अत्यन्त प्रभायुक्त हैं, इसलिए भी आपका पद्मप्रभ नाम सार्थक है। अथवा पद्म नामक निधिसे और देव-मनुष्यादिके समूहसे आप प्रकृष्ट शोभायुक्त हैं, इसलिए भी आप पद्मप्रभ कहलाते हैं। अथवा आपके विहारकालमें देवगण आपके चरण-कमलोंके नीचे सुवर्ण कमलोंकी रचना करते हैं, और उनकी प्रभासे आप अत्यन्त शोभित होते हैं, इसलिए भी आप पद्मप्रभ कहलाते हैं (३०)। आपके शरीरके दोनों पार्श्व भाग अत्यन्त सुन्दर हैं, इसलिए आपको साधुजन सुपार्श्व कहते हैं (३१)।

चन्द्रप्रभः पुष्पदन्तः शीतलः श्रेयआह्वयः । वासुपूज्यश्च विमलोऽनन्तजिद्धर्म इत्यपि ॥८६॥
शान्तिः कुन्थुररो मल्लिः सुव्रतो नमिरित्यतः । नेमिः पार्श्वो वर्धमानो महावीरः सुवीरकः ॥९०॥

चन्द्रादपि प्रकृष्टा कोटिचन्द्रसमाना भा प्रभा यस्य । पुष्पवत् कुन्दकुसुमवत् उज्ज्वला दन्ता यस्य । वा भगवान् छद्मस्थावस्थायां यस्मिन् पर्वततटे तपोध्याननिमित्तं तिष्ठति तत्र वनस्पतयः तरवः सर्वर्तुपुष्पाणि फलानि च दधति तेन पुष्पदन्तः । शीतो मन्दो लोकातिगस्य । वा शीतं लाति सहते छद्मस्थावस्थायां शीतलः, तदुपलक्षणं उष्णस्य वर्षाणां च त्रिकालयोगधानित्यर्थः । अथवा शीतलः शान्तमूर्तिः अकूर इत्यर्थः । वा संसारतापनिवारकशीतलवचनरचनायोगाद्भगवान् शीतल उच्यते । वा शी आशीर्वादः तलः स्वभावो यस्य । अतिशयेन प्रशस्यः श्रेयान् । वासुः शक्रः, तस्य पूज्यः । वा वेन वस्तुना पवनेन, वा इन्द्रादीनां वृन्देन वा येन गन्धेन, वा आ समन्तात् सुष्ठु अतिशयेन पूज्यः । विगतो विनष्टो मलः कर्ममल-कलंको यस्य । अनन्तं संसारं जितवान् । संसारसमुद्रे निमज्जन्तं जन्तुसमूहं इन्द्र-नरेन्द्र-मुनीन्द्रवंदिते पदे धरतीति । अत्ति हु सु धृक्षिणी पदमाद्यास्तुभ्यो मः ॥८६॥ शाम्यतीति सर्वकर्मक्षयं करोतीति शान्तिः । तिकती च संज्ञायामाशिषि, संशयां पुल्लिंगे तिक् प्रत्ययः । कुंथति समीचीनं तपःक्लेशं करोतीति कुन्थुः । ऋगतौ धातुः भ्वादौ वर्तते, तत्र अरति गच्छति केवलज्ञानेन लोकालोकं जानातीति अरः, सर्वे गत्यर्था धातवो ज्ञानार्था

अर्थ—हे जगत्-श्रेयस्कर, आप चन्द्रप्रभ हैं, पुष्पदन्त हैं, शीतल हैं, श्रेयान् हैं, वासुपूज्य हैं, विमल हैं, अनन्तजित् हैं, धर्म हैं, शान्ति हैं, कुन्थु हैं, अर हैं, मल्लि हैं, सुव्रत हैं, नमि हैं, नेमि हैं, पार्श्व हैं, वर्धमान हैं, महावीर हैं, सुवीर हैं ॥८९–९०॥

व्याख्या—हे भगवन्, आप चन्द्रमासे भी अधिक प्रकृष्ट अर्थात् कोटि चन्द्रकी आभाके धारक हैं, अतः चन्द्रप्रभ कहलाते हैं (३२)। कुन्द पुष्पके समान उज्ज्वल दन्त होनेसे लोग आपको पुष्पदन्त कहते हैं। अथवा आप छद्मस्थ-अवस्थामें जिस पर्वतपर ध्यान करते थे, उसके सभी वृक्ष फल-फूलोंसे युक्त हो जाते थे, इसलिए भी आप पुष्पदन्त कहलाते हैं (३३)। मन्द गमन करनेसे लोग आपको शीतल कहते हैं। अथवा शीत और उपलक्षणसे उष्ण तथा वर्षाकी बाधाओंको छद्मस्थ-अवस्थामें आपने बड़ी शान्तिसे सहन किया है। अथवा आप अत्यन्त शान्त-मूर्ति हैं। अथवा 'शी' शब्द आशीर्वादका वाचक है और 'तल' शब्द स्वभावका वाचक है। आपका स्वभाव सबको आशीर्वाद देनेका है, इसलिए भी आप शीतल कहलाते हैं (३४)। अत्यन्त प्रशंसाके योग्य होनेसे आप श्रेयान् कहलाते हैं (३५)। वासु अर्थात् इन्द्रके द्वारा पूज्य होनेसे आप वासुपूज्य कहे जाते हैं। अथवा 'व' अर्थात् वरुण, सुगन्धित पवन और इन्द्रादिकोंके वृन्दसे आप अतिशय करके पूजित हैं, इसलिए भी आप वासुपूज्य कहलाते हैं। अथवा 'वा' यह स्त्रीलिंग शब्द 'ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्याय नमः' इस मंत्रका भी वाचक है। आप इस मंत्रके द्वारा योगियोंसे अतिशय करके पूज्य हैं, इसलिए भी ज्ञानी पुरुषोंने आपको वासुपूज्य नामसे पुकारा है (३६)। कर्मरूप मलसे रहित होनेके कारण आप विमल कहलाते हैं। अथवा विशिष्ट मा अर्थात् लक्ष्मीवाले इन्द्रादिकोंको आप अपने प्रभावसे लाकर चरणोंमें झुकाते हैं। अथवा लक्ष्मीसे रहित निर्ग्रन्थ मुनियोंको अपने संयममें लेते हैं। अथवा जन्मकालसे ही आप मल-मूत्रसे रहित होते हैं, इसलिए भी आप विमल कहलाते हैं (३७)। आपने अनन्त संसारको जीता है, अथवा केवलज्ञानसे अनन्त अलोकाकाशके पारको प्राप्त किया है, अथवा अनन्त अर्थात् विष्णु और शेषनागको जीता है, इसलिए आप अनन्तजित् कहलाते हैं (३८)। संसार-समुद्रमें डूबनेवाले प्राणियोंका उद्धार कर आप उन्हें उत्तम सुखमें धरते हैं, अतः धर्म नामसे पुकारे जाते हैं (३९)। सर्व कर्मोंका शमन अर्थात् क्षय करनेसे आप शान्ति कहलाते हैं (४०)। तपश्चरणके क्लेशको शान्ति-पूर्वक सहन करनेसे आप कुन्थु कहलाते हैं (४१)। 'ऋ' धातु गमनार्थक है। आप एक समयमें लोकान्त तक गमन करते हैं, इसलिए अर कहलाते हैं। अथवा सभी गमनार्थ धातुएं ज्ञानार्थक होती

सन्मतिर्महतिर्महावीर इत्यथ । महापद्मः सुरदेवः सुप्रभश्च स्वयंप्रभ ॥९१॥

इति वचनात् । मल मल्ल वा इत्ययं धातुर्धारणे वर्तते, तेन मल्लति धारयति भव्यजीवान् मोक्षपदे स्थापयतीति मल्लः । शोभनानि नतानि यस्य । नम्यते इन्द्र-चन्द्र-मुनीन्द्रैर्नमिः । सर्वधातुभ्य इः । नंयति स्वधर्मं नेमिः, नी-दलिभ्यां मिः । निजभक्तस्य पार्श्वे अदृश्यरूपेण तिष्ठतीति पार्श्वः, यत्र कुत्र प्रदेशे स्मृतः सन् स्वामी समीपवर्त्येव वर्तते । वर्धते शानेन वैराग्येन च लक्ष्म्या द्विविधया वर्धमानः । वा अव समन्तात् ऋद्धः परमातिशयं प्राप्तो मानो शानं पूजा वा यस्य स तथोक्तः । अकार्ये-(अशाल्ये-) रल्लोपः । महान् वीर सुभटः महावीरः, मोहमल्लविनाशकत्वात् । सुष्ठु शोभनो वीरः ॥९०॥

सती समीचीना शाश्वती वा मतिर्बुद्धिः केवलज्ञानं यस्य । मस्य मलस्य पापस्य हतिर्हननं क्षिपेंसनं समूलकाषं कषणं महतिः । महती कर्ममलकलंकसुभटनिर्घाटने महान् वीरो महासुभटः, अनेकसहस्रलक्षभटकोटीभटानां विघटनपटुः महतिर्महावीरः । महती पद्मा लक्ष्मीः सर्वलोकावकाशदायिनी समवशरणादिविभूतिर्यस्य । अथवा महान्ति पद्मानि योजनैकप्रमाणसहस्रपत्रकमलानि सपादद्विशततरूणानि यस्य । सुराणां मारभटानां

हैं, आप केवलज्ञानके द्वारा लोक और अलोकको जानते हैं, इसलिए भी अर कहलाते हैं । अथवा मोक्षार्थी जनोंके द्वारा आप अर्यते अर्थात् गम्य हैं, प्राप्त किये जाते हैं या जाने जाते हैं, इसलिए भी अर कहलाते हैं । अथवा जीवोंका संसार-वास छुड़ानेके लिए आप अर अर्थात् अति शीघ्रता करनेवाले हैं । अथवा धर्मरूप रथकी प्रवृत्तिके कारण चक्रके अर-स्वरूप हैं, इसलिए भी अर यह नाम आपका सार्थक है (४२) । मल्ल धातु धारणार्थक है, आप भव्य जीवोंको मोक्षपदमें धारण अर्थात् स्थापन करते हैं और स्वयं भक्ति-भारावनत देवेन्द्रोंके द्वारा निज शिरपर धारण किये जाते हैं, इस लिए मल्लि यह नाम आपका सार्थक है । अथवा मल्लि नाम मोगरेके फूलका भी है, उसकी सुगन्धके समान उत्तम सुगन्धको धारण करनेसे भी आप मल्लि कहलाते हैं (४३) । अहिंसादि सुन्दर व्रतोंको धारण करनेसे आप सुव्रत कहलाते हैं (४४) । इन्द्र, धरणेन्द्रादिके द्वारा आप नित्य नमस्कृत हैं अतः नमि कहलाते हैं (४५) । आप भव्य जीवोंको स्व-धर्म पर ले जाते हैं, अतः नेमि कहलाते हैं (४६) । निज भक्तके पार्श्व अर्थात् समीपमें आप अदृश्य-रूपसे रहते हैं, इसलिए पार्श्व कहलाते हैं । अथवा पार्श्वनाम वक्र-उपायका है । आप कुटिल काम, क्रोधादिके उपाय-स्वरूप हैं, इसलिए भी पार्श्वनाम आपका सार्थक है (४७) । आप ज्ञान, वैराग्य और अनन्त चतुष्टयरूप लक्ष्मीसे सदा बढ़ते रहते हैं, इसलिए वर्धमान कहलाते हैं । अथवा आपका मान अर्थात् ज्ञान और सन्मान परम अतिशयको प्राप्त है, इसलिए भी वर्धमान कहलाते हैं (४८) । मोहरूप महान् मल्लके नाश करनेसे आप महान् वीर हैं, अतः महावीर कहलाते हैं। अथवा महा विशिष्ट है अर्थात् निःश्रेयसरूप लक्ष्मीको धारण करने और प्रदान करनेके कारण आप महावीर कहलाते हैं (४९) । आप सर्व श्रेष्ठ हैं, इसलिए वीर कहलाते हैं । अथवा निज भक्तोंको विशिष्ट लक्ष्मी देते हैं, इसलिए भी वीर कहलाते हैं (५०) ।

अर्थ—हे जगत्-हितंकर, आप सन्मति हैं, महतिमहावीर हैं, महापद्म हैं, सुरदेव हैं, सुप्रभ हैं और स्वयंप्रभ हैं ॥९१॥

व्याख्या—समीचीन और शाश्वत मतिके धारण करनेसे आप सन्मति कहलाते हैं (५१) । 'म' अर्थात् पापमलके हति कहिये हनन करनेवाले महान् वीर होनेसे महतिमहावीर इस नामसे पुकारे जाते हैं । अथवा कोटि सुभटोंको भी विघटन करनेमें आप समर्थ हैं, इसलिए भी महतिमहावीर कहलाते हैं (५२) । सर्व लोकको अवकाश देनेवाली बहिरंग समवसरणलक्ष्मीरूप महापद्माके धारण करनेसे और लोकालोकव्यापिनी केवलज्ञानस्वरूपा अन्तरंग महापद्माके धारण करनेसे आप महापद्म कहलाते हैं । अथवा एक योजन प्रमाण महान् आकारवाले और सहस्र दलवाले दो सौ पचीस पद्म अर्थात् कमल आपके विहार कालमें देवगण रचते हैं, उनके सम्बन्धसे आप महापद्म

सर्वायुधो जयदेवो भवेदुदयदेवकः । प्रभादेव उदंकश्च प्रकर्कीर्त्तिर्जयाभिधः ॥६२॥
पूर्णबुद्धिर्निष्कषायो विज्ञेयो विमलप्रभः । बहलो निर्मलश्चित्रगुप्तः समाधिगुप्तकः ॥६३॥

सूराणां वा देव सूरदेवः परमाराध्यः । शूरदेव इति वा पाठे शूराणामिन्द्रियजये सुभटानां देवः परमाराध्यः स्वामी शूरदेवः । शोभना चन्द्रार्ककोटिसमा नेत्राणां च प्रिया प्रभा द्युतिर्मण्डलं यस्य । स्वयं आत्मना प्रभा तेजो महिमा वा यस्य । वा स्वयमात्मना प्रकर्षेण भाति शोभते । उपसर्गे त्यादो डः ॥६१॥

सर्वाणि ध्यानाध्ययन-संयम-तपांसि आयुधानि कर्मशत्रुविध्वंसकानि शस्त्राणि यस्य । जयेनोपलक्षितो देवः । चय उपचयश्चयोपचयश्चेति त्रिविध उदयः, तत्र जन्मान्तरसंचितं निदानदोषरहितं विशिष्टं तीर्थंकर नामोच्चगोत्रादिलक्षणं पुण्यबंधनं चयः, स्वर्गादागत्य पुनरपि प्रजापालनादिपुण्योपार्जनमुपचयः, पुनर्निर्वाण-गमनं चयोपचयः । तेन त्रिविधेनापि उदयेनोपलक्षितो देव उदयदेवः । प्रभा चन्द्रार्ककोटितेजसतयोपलक्षितो देवः सर्वशंकीतरागः । उत्कृष्टोऽङ्को विरुदं कामशत्रुरिति उदंकः, मुक्तिकान्तापतिरिति मोहारिविजयीति । प्रश्ने गणधरदेववचनयोगे सति कीर्तिः संशब्दनं ध्वनिः प्रवृत्तिर्यस्य । जयति मोहारातिं (मभिभवति) शत्रून् जयतीति ॥६२॥ पूर्णा संपूर्णा लोकालोकसर्वतत्त्वप्रकाशिका केवलज्ञान-दर्शनलक्षणा बुद्धिर्यस्य । निर्गताः

कहलाते हैं । अथवा असंख्य देवी-देवताओंका समुदाय आपके साथ रहता है, इसलिए भी आप महापद्म कहलाते हैं (५३) । आप सूरवीरोंके देव हैं, परम आराध्य हैं, इसलिए सूरदेव कहलाते हैं । शूरदेव ऐसा पाठ माननेपर शूर अर्थात् इन्द्रिय-विजयी वीर पुरुषोंके आप देव अर्थात स्वामी हैं परम जितेन्द्रिय हैं, इसलिए शूरदेव यह नाम भी सार्थक है । अथवा 'सू' से सोम और 'र' से सूर्य, अग्नि और कामका ग्रहण करना चाहिए, आप इन सबके देव हैं । अथवा अतिशय मंत्र-महिमासे युक्त हैं, इसलिए भी आपका सूरदेव यह नाम सार्थक है (५४) । कोटि सूर्य और चन्द्र की प्रभाको लज्जित करनेवाली सुन्दर प्रभासे युक्त हैं, अतः साधुजन आपको सुप्रभ कहते हैं (५५) । स्वयं अर्थात् अपने आप ही आप प्रकृष्टरूपसे शोभित हैं और महा प्रभाको धारण करते हैं, इसलिए आप स्वयंप्रभ कहलाते हैं । अथवा लोकोंका उपकार करनेसे आप स्वयं ही प्रभ अर्थात् उत्कृष्ट हैं, दूसरा कोई आपसे उत्कृष्ट नहीं है इसलिए भी साधुजन आपको स्वयंप्रभ कहते हैं (५६) ।

अर्थ—हे स्वामिन्, आप सर्वायुध हैं, जयदेव हैं, उदयदेव हैं, प्रभादेव हैं, उदंक हैं, प्रकीर्त्ति हैं, जय हैं, पूर्णबुद्धि हैं, निष्कषाय हैं, विमलप्रभ हैं, बहल हैं, निर्मल हैं, चित्रगुप्त हैं और समाधिगुप्त हैं ॥६२–६३॥

व्याख्या—हे भगवन्, यद्यपि आप सर्व प्रकारके बाह्य आयुधोंसे रहित हैं, तथापि कर्म-शत्रुओंके विध्वंस करनेवाले ध्यान, अध्ययन, संयम और तपरूप सर्व अन्तरंग आयुधोंसे सुसज्जित हैं, इसलिए योगिजन आपको सर्वायुध कहते हैं (५७) । आप सदा जयशील हैं, इसलिए जयदेव कहलाते हैं (५८) । उदय तीन प्रकारका होता है, चय, उपचय और चयोपचय । पूर्वोपार्जित तीर्थंकरप्रकृतिरूप विशिष्ट पुण्यके संचयको चय कहते हैं । वर्तमान भवमें प्रजापालनरूप पुण्यके उपार्जनको उपचय कहते हैं और निर्वाण गमनको चयोपचय कहते हैं । आप इन तीनों प्रकारके उदयसे संयुक्त हैं, इसलिए उदयदेव इस नामको सार्थक करते हैं । अथवा आप सदा उदयशील देव हैं, कभी भी आपके प्रभावका क्षय नहीं होता है, इसलिए भी आप उदयदेव कहलाते हैं (५९) । आप कोटि चन्द्र-सूर्यकी प्रभासे युक्त हैं, इसलिए प्रभादेव कहलाते हैं । अथवा आप लोकालोकको प्रकाशित करनेवाली केवलज्ञानरूप प्रकृष्ट प्रभाको धारण करते हैं, इसलिए भी योगिजन आपको प्रभादेव कहते हैं (६०) । आपने जगद्विजयी कामदेवको भी जीता है, इसप्रकारकी उत्कृष्ट अंक अर्थात् विरुदावलीको धारण करनेसे आप उदंक कहलाते हैं । अथवा अंक नाम पाप या अपराधका भी है आप सर्व प्रकारके पापोंको नष्ट कर चुके हैं और सर्व अपराधोंसे रहित हैं, इसलिए भी उदंक

स्वयम्भूश्चापि कंदर्पो जयनाथ इतीरितः । श्रीविमलो दिव्यवादोऽनन्तवीरोऽप्युदीरितः ॥६४॥

कषाया क्रोध-मान-माया-लोभा यस्य स तथोक्तः । निष्केण सुवर्णेन सदृशी सा सरस्वती कषादिपरीक्षोत्तीर्णा निष्कषा, तस्या आय आगमनं यस्य स निष्कषायः । अपरपदेऽपि क्वचित्सकारस्य षत्वं । विमला घातिसंघातघाते अतिप्रभा तेजोमंडलं यस्य । वहं स्कन्धदेशं लाति ददाति संयमभारोद्धरणे बहलः । वा वहं वायुं लाति गृह्णाति उपभोगतया । निर्गतं मलं विण्मूत्रादि यस्य । चित्रवत् आकाशवत् गुप्तः अलक्ष्यस्वरूपः । सम्यक् समीचीनानि अबाधितानि वा आ समन्तात् धीयन्ते आत्मनि आरोप्यन्ते सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तपांसि परलोकपर्यन्तं निर्विघ्नेन प्रतिपाल्यन्ते उपसर्ग-परीषहादिविनिपातेऽपि न त्यज्यन्ते यस्मिन्निति समाधिः । उपसर्गो दः किः । समाधिना गुप्तो रक्षितः, संसारे पतितुं नो दत्तः समाधिगुप्तः ॥६३॥

स्वयमात्मना गुणनिरपेक्षतया भवति, निर्वेदं प्राप्नोति लोकालोकस्वरूपं जानातीति । कं सुखं तस्य दर्पोऽतितीव्रता कन्दर्पः, अनन्तसौख्य इत्यर्थः । कमव्ययं कुत्सायां वर्त्तते, तेनायमर्थः-कं कुत्सितो दर्पो यस्य मते

नामको सार्थक करते हैं। अथवा अंक नाम आभूषणोंका है, आप सर्व आभरणोंसे रहित हैं, निर्ग्रन्थ और वीतराग हैं। अथवा अष्ट प्रतिहार्यरूप उत्कृष्ट अंक अर्थात् चिन्होंसे युक्त हैं, इसलिए भी आप उदंक कहलाते हैं (६१)। गणधरादिके प्रश्न करने पर आपकी कीर्त्ति अर्थात् दिव्यध्वनिकी प्रवृत्ति होती है, अथवा दूसरोंके द्वारा प्रश्न किये जाने पर ही आपकी कीर्त्ति अर्थात् यशका विस्तार होता है, इसलिए आप प्रश्नकीर्त्ति कहलाते हैं (६२)। मोहरूप शत्रु पर विजय प्राप्त करनेसे आप जय कहलाते हैं (६३)। लोकालोककी प्रकाशक केवलज्ञान-दर्शनरूप पूर्ण बुद्धिके धारण करनेसे आप पूर्णबुद्धि कहलाते हैं (६४)। सर्व कषायोंसे रहित हैं, अतः निष्कषाय कहलाते हैं। अथवा निष्क अर्थात् स्वर्णके सदृश निर्घर्षण, छेदन, तापादिरूप सर्व प्रकारकी सरस्वती-सम्बन्धी परीक्षाओंमें आप उत्तीर्ण हैं, प्रथम नम्बर आये हैं, इसलिए भी निष्कषाय कहलाते हैं। अथवा निष्ककी सा अर्थात् लक्ष्मीके आय अर्थात् रत्नवृष्टिके समागमके योगसे भी आप निष्कषाय कहलाते हैं। आपकी माताके मन्दिरमें और आहार-दाताके घर पर आपके आगमनके निमित्तसे रत्नवृष्टि आदि पंचाश्चर्य होते हैं (६५)। घातिकर्मोंके नष्ट हो जानेसे आप विमल प्रभाके धारक हैं, इसलिए विमलप्रभ कहलाते हैं। अथवा मल जिनका नष्ट हो गया है, ऐसे गणधरदेव आदि विम कहलाते हैं, उन्हें जो लावे अर्थात् आकर्षण करे, ऐसी प्रभाके धारण करनेसे भी आप विमलप्रभ कहलाते हैं (६६)। आप अपने वह अर्थात् कन्धे पर संयमके भारको धारण करते हैं, इसलिए बहल कहलाते हैं। अथवा 'वहति' अर्थात् अपने आश्रित जनोंको मोक्ष प्राप्त कराते हैं, इसलिए भी बहल कहलाते हैं (६७)। आप सर्व प्रकारके मलसे रहित हैं, इसलिए निर्मल हैं। अथवा मा अर्थात् लक्ष्मी-धनादिसे रहित निर्ग्रन्थ मुनियोंको निर्मा कहते हैं। उन्हें आप शिष्य-रूपसे स्वीकार करते हैं, इसलिए भी निर्मल कहलाते हैं (६८)। चित्र अर्थात् आकाशके समान आप गुप्त हैं, अलक्ष्य-स्वरूप हैं, इसलिए चित्रगुप्त कहलाते हैं। अथवा मुनिजनोंको भी आश्चर्य करनेवाली चित्र-विचित्र मन, वचन, कायकी प्रवृत्तियोंको आपने भली भांतिसे गुप्त अर्थात् वशमें किया है, इसलिए भी आप चित्रगुप्त कहलाते हैं। अथवा त्रैलोक्यके जनोंको विस्मय करानेवाले समवसरणके तीन कोटोंसे आप गुप्त अर्थात् सुरक्षित हैं इसलिए भी चित्रगुप्त कहलाते हैं (६९)। रत्नत्रयरूप समाधिसे आप सुरक्षित हैं, इसलिए समाधिगुप्त कहलाते हैं। अथवा तृण-कांचन, शत्रु-मित्र, वन-भवन और सुख-दुःखादिमें समान रहनेवाले साधुजनोंको सम कहते हैं। उनसे आप अधिकतया गुप्त अर्थात् वेष्टित हैं आपको चारों ओरसे सदा मुनिजन घेरे रहते हैं, इसलिए भी आप समाधिगुप्त नामको सार्थक करते हैं (७०)।

अर्थ—हे शम्भो, आप स्वयम्भू हैं, कन्दर्प हैं, जयनाथ हैं, श्रीविमल हैं, दिव्यवाद हैं, और अनन्तवीर्य कहे जाते हैं ॥६४॥

पुरुदेवोऽथ सुविधिः प्रज्ञापारमितोऽव्ययः । पुराणपुरुषो धर्मसारथिः शिवकीर्त्तनः ॥६५॥
विश्वकर्माऽक्षरोऽच्छद्मा विश्वभूर्विश्वनायकः । दिगम्बरो निरातंको निरारेको भवान्तकः ॥६६॥
दृढव्रतो नयोत्तुंगो निःकलंकोऽकलाधरः । सर्वक्लेशापहोऽज्ञेयः शान्तः श्रीवृत्तलक्षणः ॥६७॥
इति निर्वाणशतम् ।

यस्याग्रे वा स कंदर्पः, भगवदग्रे यः पुमान् शनादेर्दर्पं करोति स कुत्सित इत्यर्थः । जयस्य सर्वदिग्विजयस्य नाथः स्वामी । सर्वस्मिन् धर्मक्षेत्रे आर्यखंडे धर्मतीर्थप्रवर्त्तक इत्यर्थः । विमलः कर्ममलकलंकरहितो व्रतशीलातिचार-रहितो वा श्रिया बाह्याभ्यन्तरलक्ष्म्योपलक्षितो विमलः श्रीविमलः । दिव्योऽमानुषो वादो ध्वनिर्यस्य सः । वा दिधि भवाः दिव्याश्चतुर्शिकायदेवास्तेषां वा वेदनां संसारसागरपतनाद्दुर्ग आ समन्ताद् यति खण्डयति निवारय-तीति । अथवा दिव्यं वं मंत्रं ददाति पंचत्रिंशदक्षरमंत्रोपदेशक इत्यर्थः । न विद्यते अन्तो विनाशो यस्य स अनन्तोऽविनश्वरः, स चासौ वीरः सुभटः कर्मशत्रुविनाशकः अनन्तवीरः ॥६४॥

पुरुर्महान् इन्द्रादीनामाराध्यो देवः पुरुदेवः । शोभनो विधिर्विधाता सृष्टिकर्त्ता, वा शोभनो निरति-चारो विधिश्चारित्रं यस्य, वा शोभनो विधिः कालो यस्य, वा शोभनो विधिर्दैवं पुण्यं यस्य । प्रज्ञाया बुद्धि-विशेषस्य पारं पर्यंतं इतः प्राप्तः । न व्ययो विनाशो यस्य द्रव्यार्थिकनयेन । पुराणश्चिरंतनः पुरुष आत्मा

व्याख्या—किसी अन्य गुरुकी अपेक्षाके विना ही आप स्वयमेव वैराग्य और बोधिको प्राप्त होते हैं तथा लोकालोकके स्वरूपको जानते हैं, इसलिए स्वयम्भू कहलाते हैं (७१)। क अर्थात् सुखकी अधिकताके कारण आप कन्दर्प कहलाते हैं। अथवा आपके मतमें दर्पको कुत्सित माना गया है। अथवा आपने धर्मोपार्जनके लिए कन्दर्पके सेवनका निषेध किया है, इसलिए भी आप कन्दर्प कह-लाते हैं (७२)। आप सर्वदिग्विजयके नाथ हैं, अर्थात् समस्त आर्यावर्त्तमें आपके धर्मचक्रकी अप्रति-हतगतिरूपसे प्रवृत्ति रहती है, इसलिए आप जयनाथ कहलाते हैं। अथवा जय अर्थात् संसार-दुःखोंके विनाशके लिए योगिजन आपसे याचना करते हैं। अथवा धर्मोपदेशके समय भव्यजीव 'जय नाथ, जय नाथ' इस प्रकारके नारे लगाते रहते हैं, इसलिए भी आप जयनाथ कहलाते हैं (७३)। आप बाह्य और आभ्यन्तर लक्ष्मीसे युक्त होकरके भी विमल अर्थात् कर्ममलसे रहित हैं अतः श्रीविमल नामको सार्थक करते हैं (७४)। आपका वाद अर्थात् वचन दिव्य है, कोई भी उसका युक्ति या आगमसे खंडन नहीं कर सकता है, इसलिए आप दिव्यवाद कहलाते हैं। अथवा आप दिव्यवाद अर्थात् पैंतीस अक्षररूप मंत्रके उपदेशक हैं। अथवा देवोंकी मानसिक वेदनाके आप हरण करने-वाले हैं, इसलिए भी आप दिव्यवाद कहलाते हैं (७५)। आप अन्त अर्थात् विनाशसे रहित वीर हैं, अर्थात् कर्म शत्रुओंके विनाशक हैं। अथवा अनन्त केवलज्ञानरूप विशिष्ट लक्ष्मीके धारक हैं और प्रलय होने पर भी सदा वर्तमान रूपसे ही स्थित रहते हैं, इसलिए अनन्तवीर कहलाते हैं (७६)।

अर्थ—हे जिनेश, आप पुरुदेव हैं, सुविधि हैं, प्रज्ञापारमित हैं, अव्यय हैं, पुराणपुरुष हैं, धर्मसारथि हैं, शिवकीर्त्तन हैं, विश्वकर्मा हैं, अक्षर हैं, अछद्मा हैं, विश्वभू हैं, विश्वनायक हैं, दिगम्बर हैं, निरातंक हैं, निरारेक हैं, भवान्तक हैं, दृढव्रत हैं, नयोत्तुंग हैं, निष्कलंक हैं, अकला-धर हैं, सर्वक्लेशापह हैं, अज्ञेय हैं, शान्त हैं और श्रीवृत्तलक्षण हैं ॥६५–६७॥

व्याख्या—हे भगवन्, आप पुरु अर्थात् महान् देव हैं, इन्द्रादिकोंके द्वारा आराध्य हैं तथा असंख्य देवी-देवताओंके द्वारा सेवित हैं, इसलिए पुरुदेव कहलाते हैं (७७)। आप सुन्दर विधि अर्थात् विधाता हैं, सृष्टिका विधान करनेवाले हैं, तथा निरतिचार सुन्दर विधि अर्थात् चारित्रके धारक हैं, इसलिए सुविधि कहलाते हैं (७८)। प्रज्ञा अर्थात् बुद्धि-विशेषके पारको प्राप्त हैं, और प्रज्ञाके पारको प्राप्त महापंडितोंके द्वारा मित अर्थात् प्रमाणित हैं, तथा प्रत्यक्ष-परोक्षप्रमाण-चतुर गणधर-देवादिकके द्वारा सम्मानित हैं, इसलिए प्रज्ञापारमित कहलाते हैं (७९)। आपके शुद्ध आत्म-

यस्येति । वा पुराणेषु त्रिषष्टिलक्षणेषु प्रसिद्धः पुरुषः । वा पुराणे अनादिकालीने पुरुषि महति स्थाने शेते तिष्ठति । धर्मस्याहिंसालक्षणस्य सारथिः प्रवर्त्तकः । शिवं श्रेयस्करं शिवं परमकल्याणमिति वचनात् । शिवं परमकल्याणदायकं तीर्थकरनामगोत्रकारकं कीर्त्तनं स्तुतिर्यस्य ॥६५॥ विश्वं कृत्स्नं कष्टमेव कर्म यस्य मते । विश्वेषु देवविशेषेषु त्रयोदशसंख्येषु कर्म सेवा यस्य । वा विश्वस्मिन् जगति कर्म लोकजीवनकरं क्रिया यस्य स विश्वकर्मा । कर्म अत्र असि-मषि-कृष्यादिकं राज्यावस्थायां शातव्यं । न क्षरति स्वभावात्, न प्रच्यवते आत्मन्येकलोलीभावत्वात् अक्षरः । अक्षरं मोक्षः, तत्स्वरूपत्वात्, क्षीणकर्मत्वादक्षरः । न विद्यते छद्म घाति-कर्म यस्येति, वा न विद्यते छद्म शाठ्यं यस्येति । वा न विद्यते छद्मनी ज्ञान-दर्शनावरणद्वयं यस्य । विश्वस्मिन् भवति विद्यते अस्त्येव केवलज्ञानापेक्षया । विश्वस्य त्रैलोक्यस्य नायकः स्वामी । दिशो अम्बराणि वस्त्राणि

स्वरूपका कभी भी व्यय अर्थात् विनाश न होनेसे आप अव्यय कहलाते हैं (८०)। आपका पुरुष अर्थात् आत्मा पुराण है, चिरन्तन या अनादिकालीन है, इसलिए आप पुराणपुरुष हैं। अथवा आप पुराणोंमें अर्थात् तिरेसठ शलाका-पुरुषोंमें प्रधान हैं, अथवा पुराण अर्थात् महान् स्थान पर विराजमान हैं, अथवा पुर अर्थात् परमौदारिक शरीरमें मुक्ति जाने तक 'अनिति' कहिये जीवित रहते हैं, अर्थात् शरीरमें रहते हुए भी जीवन्मुक्त हैं, इसलिए आप पुराणपुरुष कहलाते हैं (८१)। अहिंसा-लक्षण धर्मके आप सारथि अर्थात् चलानेवाले हैं, इसलिए योगिजन आपको धर्मसारथि कहते हैं (८२)। आपका कीर्त्तन (स्तवन) शिव अर्थात् परम कल्याणरूप है, इसलिए आप शिवकीर्त्तन कहलाते हैं। अथवा आपके नामका कीर्त्तन शिव अर्थात् मोक्षका करनेवाला है। अथवा शिव अर्थात् रुद्रके द्वारा भी आपका कीर्त्तन अर्थात् गुणगान किया जाता है। अथवा दीक्षाके अवसरमें आप 'नमः सिद्धेभ्यः' कहकर शिव अर्थात् सिद्ध भगवानका कीर्त्तन करते हैं, इसलिए भी आप शिवकीर्त्तन कहलाते हैं (८३)। आपके मतमें कर्म विश्वरूप हैं, अर्थात् कष्ट देनेवाला ही है, इसलिए आप विश्वकर्मा कहलाते हैं। अथवा विश्व अर्थात् त्रयोदश संख्यावाले देवविशेषोंमें आपकी सेवारूप कर्म प्रधान है। अथवा विश्व अर्थात् जगतमें लोक-जीवनकारी असि, मषि, कृषि आदि कर्मोंका आपने राज्य-अवस्थामें उपदेश देकर प्रजाका पालन किया है इसलिए भी आप विश्वकर्मा कहलाते हैं (८४)। क्षर नाम विनाशका है। आपके स्वभाव-का कभी विनाश नहीं होता है, या आप अपने स्वभावसे कभी भी च्युत नहीं होते हैं, इसलिए आपको योगिजन अक्षर कहते हैं। अक्षर नाम आत्मा, ज्ञान और मोक्षका भी है। आपका आत्मा केवलज्ञानरूप या मोक्षस्वरूप है, इसलिए भी आपको अक्षर कहते हैं। अथवा आप 'अर्हं' इस एक अक्षरस्वरूप हैं, या परम ब्रह्मरूप हैं, परम धर्मस्वरूप हैं, तपोमूर्त्ति हैं और आकाश-के समान निर्लेप और अमूर्त्तिक हैं, इसलिए भी अक्षर कहलाते हैं। अथवा अक्ष अर्थात् केवल-ज्ञानरूप ज्योतिको आप अपने भक्तोंके लिए 'राति' कहिये देते हैं। अथवा अक्ष अर्थात् इन्द्रिय और मनको आप 'राति' कहिये अपने वशमें करते हैं। अथवा अक्ष नाम व्यवहारका भी है। आप निश्चयनयको आश्रय करके भी लोकमें दान-पूजादिरूप व्यवहार धर्मकी प्रवृत्ति चलाते हैं। अथवा अक्ष नाम द्यूत-क्रीडामें काम आनेवाले पासोंका भी है, आप उनके लिए र अर्थात् अग्निके समान हैं, अर्थात् द्यूतादिव्यसनोंके दाहक हैं, इस प्रकार विभिन्न अर्थोंकी विवक्षासे आपका अक्षर यह नाम सार्थक है। (८५)। छद्म नाम छल-कपटका है, आपमें उसका सर्वथा अभाव है, इसलिए आप अछद्मा हैं। अथवा छद्म नाम अल्पज्ञताका भी है, आप अल्पज्ञतासे रहित हैं, सर्वज्ञ हैं। अथवा छद्म शब्द घातिया कर्मोंका भी वाचक है, आप उनसे रहित हैं, इसलिए भी अछद्मा कहलाते हैं (८६)। आप विश्वके भू अर्थात् स्वामी हैं, विश्वकी भूति अर्थात् सुख-समृद्धिके बढ़ानेवाले हैं, केवलज्ञानकी अपेक्षा विश्वको व्याप्त करनेवाले हैं, और ध्यानके द्वारा ही

यस्य । सद्यःप्राणहरो व्याधिरतंक उच्यते, निर्गतो विनष्ट आतंको रागो यस्य । निर्गता आरेका तत्त्वविषये शंका सन्देहो यस्य । भवस्य संसारस्य अन्तको विनाशको भक्तानां भवान्तकः ॥९६॥ दृढं निश्चलं व्रतं दीक्षा यस्य, प्रतिज्ञा वा यस्य । नया नैगमादयस्तैरुत्तुंग उन्नतः । निर्गतः कलंकः अपवादो यस्य । कलां कलनं धरतीति कलाधरः, न कलाधरः अकलाधरः, न केनापि कलयितुं शक्य इत्यर्थः । वा अर्क दुःखं लाति ददाति अकलः, संसारः तं न धरति न स्वीकरोति अकलाधरः, अकलः संसारो येऽधरो नीचो यस्य, वा न कलां शरीरं धरति अकलाधरः, चरमशरीर इत्यर्थः । सर्वान् शारीर-मानसागंतून् क्लेशान् दुःखानि अपहन्ति । न क्षपितुं शक्यः । क्षमते स्म क्षान्तः, सर्वपरीषहादीन् सोढवानित्यर्थः । श्रीवृक्षोऽशोकवृक्षो लक्षणं यस्य ॥९७॥

॥ इति निर्वाणशतम् ॥

जगत्के प्रत्यक्ष होते हैं, इसलिए आप विश्वभू कहलाते हैं (८७)। आप विश्वके नायक हैं, विश्वको स्वधर्म पर चलाते हैं, और मिथ्यादृष्टियोंको कभी दिखाई नहीं देते हैं, अर्थात् उन्हें आपके आत्मस्वरूपका कभी साक्षात्कार नहीं होता, इसलिए आप विश्वनायक कहलाते हैं (८८)। दिक् अर्थात् दिशाएँ ही आपके अम्बर हैं, अर्थात् आप वस्त्रोंको धारण नहीं करते हैं, किन्तु सदा नग्न ही रहते हैं, इसलिए दिगम्बर कहलाते हैं (८९)। शीघ्र प्राण-हरण करनेवाली व्याधिको आतंक कहते। आप सर्व प्रकारके आतंकोंसे रहित हैं, इसलिए निरातंक कहलाते हैं (९०)। आप आरेका अर्थात् तत्व-विषयक शंकासे रहित हैं, प्रत्युत दृढ़ निश्चयी हैं, इसलिए योगिजन आपको निरारेक कहते हैं (९१)। भव अर्थात् संसारका आप अन्त करनेवाले हैं, इसलिए भवान्तक कहलाते हैं (९२)। आप दृढ़ व्रती हैं, अपनी प्रतिज्ञा पर अटल हैं, इसलिए दृढ़व्रत कहलाते हैं (९३)। आप वस्तु स्वरूपके प्रतिपादक विभिन्न नयोंके द्वारा उत्तुंग अर्थात् उन्नत हैं और एकान्तवादी नयोंके प्रतिपादनसे सर्वथा रहित हैं, इसलिए नयोत्तुङ्ग कहलाते हैं (९४)। आप सर्व प्रकारके कलंक अर्थात् अपवादोंसे रहित हैं, इसलिए निष्कलंक कहलाते हैं। जिस प्रकार नारायण, इन्द्र, चन्द्र आदि विभिन्न स्त्रियोंके साथ व्यभिचार करनेसे बदनाम हुए हैं, उस प्रकारके सर्व अपवादोंसे आप सर्वथा रहित हैं (९५)। आप छद्मस्थोंके द्वारा आकलन नहीं किये जाते, अर्थात् जाने नहीं जाते, इसलिए अकलाधर कहलाते हैं। अथवा अक अर्थात् दुःखको जो लावे-देवे, उसे अकल या संसार कहते हैं। आप उस संसारको धारण नहीं करते हैं, इसलिए भी अकलाधर कहलाते हैं। अथवा कला अर्थात् शरीरको या चन्द्रकलाको नहीं धारण करनेके कारण भी आप अकलाधर कहलाते हैं (९६)। शारीरिक, मानसिक आदि सर्व प्रकारके क्लेशोंके अपहनन अर्थात् नाश करनेसे आप सर्वक्लेशापह कहलाते हैं अथवा अपने सर्व भक्तोंके क्लेशोंको दूर करनेके कारण भी आपका यह नाम सार्थक है (९७)। आप अजेयसे भी अजेय शक्तिके द्वारा क्षयको प्राप्त नहीं हो सकते, इसलिए अक्षय्य हैं (९८)। बड़े-बड़े परीषह और उपसर्गोंको आपने अत्यन्त शान्ति और क्षमाभावके साथ सहन किया है, इसलिए आप क्षान्त कहलाते हैं (९९)। श्रीवृक्ष अर्थात् अशोकतरु आपका लक्षण अर्थात् चिन्ह है, क्योंकि समवसरणमें अशोक वृक्षके नीचे आप विराजमान रहते हैं और उसे दूरसे ही देखकर भव्यजीव आपको जान लेते हैं, इसलिए आपको श्रीवृक्षलक्षण कहा जाता है (१००)।

इस प्रकार सप्तम निर्वाणशतक समाप्त हुआ।

(८) अथ ब्रह्मशतम्

ब्रह्मा चतुर्मुखो धाता विधाता कमलासनः । अज्जभूरात्मभूः स्रष्टा सुरज्येष्ठः प्रजापतिः ॥९८॥
हिरण्यगर्भो वेदज्ञो वेदाँगो वेदपारगः । अजो मनुः शतानन्दो हंसयानस्त्रयीमयः ॥९९॥
विष्णुस्त्रिविक्रमः शौरिः श्रीपतिः पुरुषोत्तमः । वैकुण्ठः पुंडरीकाक्षो हृषीकेशो हरिः स्वभूः ॥१००॥

बृहि वृहि वृद्धौ । बृंहंति वृद्धिं गच्छन्ति केवलज्ञानादयो गुणा यस्मिन् स ब्रह्मा । बृहेः कमन्नञ्च हात्पूर्वः इति सूत्रेण मन् प्रत्ययः । चत्वारि मुखानि यस्य स चतुर्मुखः, घातिसंघातघातने सति भगवत्स्वाहशपरमौदारिकशरीरनैर्मल्यं भवति यथा प्रतिदिशं मुखं सन्मुखं दृश्यते, अयमतिशयः स्वामिनो भवति । दधाति चतुर्गतिषु पतंतं जीवमुद्धृत्य मोक्षपदे स्थापयतीति । विशेषेण दधाति स्वर्ग-मोक्षयोः स्थापयति प्रतिपालयति वा । पद्मासने स्थित्वा सदा धर्मोपदेशं करोति भगवान् तेन कमलासनः स उच्यते । वा योजनैकप्रमाणसहस्रदलकनककमलं आसनं उपवेशनस्थानं विहरतो भगवतो यस्य । अज्जैःकमलैरुपलक्षिता भूमिर्यस्य । वा मातुरुदरे अष्टदलं कमलं निजशक्त्या निधाय तत्कर्णिकायां स्वामी नव मासान् स्थित्वा वृद्धिंगतः । योनिम-

अर्थ—हे परब्रह्म, आप ब्रह्मा हैं, चतुर्मुख हैं, धाता हैं, विधाता हैं, कमलासन हैं, अज्जभू हैं, आत्मभू हैं, स्रष्टा हैं, सुरज्येष्ठ हैं, प्रजापति हैं, हिरण्यगर्भ हैं, वेदज्ञ हैं, वेदांग हैं, वेदपारग हैं, अज हैं, मनु हैं, शतानन्द हैं, हंसयान हैं, त्रयीमय हैं, विष्णु हैं, त्रिविक्रम हैं, शौरि हैं, श्रीपति हैं, पुरुषोत्तम हैं, वैकुण्ठ हैं, पुंडरीकाक्ष हैं, हृषीकेश, हरि हैं और स्वभू हैं* ॥९८-१००॥

व्याख्या—हे परमेश्वर, आपमें केवलज्ञानादि गुण निरन्तर वृद्धिको प्राप्त होते रहते हैं, इसलिए आप ब्रह्मा कहलाते हैं (१)। केवलज्ञान होनेपर समवसरणमें आपके चार मुख दिखाई देते हैं, इसलिए आप चतुर्मुख कहलाते हैं। अथवा चार अनुयोगरूप मुखोंके द्वारा आप समस्त वस्तुतत्त्वका प्रतिपादन करते हैं, इसलिए भी आप चतुर्मुख कहलाते हैं। अथवा चार पुरुषार्थरूप मुखोंके द्वारा पदार्थोंका प्रतिपादन करते हैं। अथवा प्रत्यक्ष, परोक्ष, आगम और अनुमान ये चार प्रमाण ही आपके मुख हैं। अथवा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र, और तप इन चार मुखोंके द्वारा आप कर्मोंका क्षय करते हैं। इस प्रकार विभिन्न विवक्षाओंसे आपको योगिजन चतुर्मुख कहते हैं (२)। चतुर्गतियोंमें गिरते हुए जीवोंका उद्धार कर आप उन्हें मोक्षपदमें स्थापित करते हैं, इसलिए धाता कहलाते हैं (३)। सूक्ष्म-बादर सभी प्रकारके जीवोंकी आप विशेषरूपसे रक्षा करते हैं, उन्हें विशिष्ट सुखमें स्थापित करते हैं, इसलिए विधाता कहलाते हैं (४)। आप समवसरणमें कमल पर अन्तरीक्ष पद्मासनसे विराजमान रहकर सदा धर्मोपदेश देते हैं, इसलिए लोक आपको कमलासन कहते हैं। अथवा विहारके समय देवगण आपके चरणोंके नीचे सुवर्ण-कमलोंकी रचना करते हैं, इसलिए भी आप कमलासन कहलाते हैं। अथवा दीक्षाके समय आप कमला अर्थात् राज्यलक्ष्मी को 'अस्यति' कहिए त्याग करते हैं, अतः कमलासन कहलाते हैं। अथवा आपके आसनके समीप कमल अर्थात् मृग बैठते हैं, तपश्चरणके समय मृग-सिंहादि परस्पर-विरोधी जीव भी अपना वैर भूलकर आपसमें स्नेह करते हुए शान्त और स्नेह भावसे बैठते हैं, इसलिए भी कमलासन कहलाते हैं। अथवा 'क' अर्थात् आत्माके अष्टकर्मरूप मलका आप निर्मूल विनाश करते हैं, इसलिए भी कमलासन यह नाम आपका सार्थक है (५)। जिस स्थान पर आपका जन्म होता है, वह सदा कमलोंसे संयुक्त रहता है, इसलिए आप अज्जभू, पद्मभू आदि नामोंसे पुकारे जाते हैं। अथवा माताके उदरमें ही भगवान् पुण्यातिशयसे उत्पन्न हुए नाभिकमल पर नौ मास तक विराजमान रहकर वृद्धिको प्राप्त होते हैं और योनिको नहीं स्पर्श करके ही जन्म

* यद्यपि ब्रह्मासे लेकर त्रयीमय तकके नाम ब्रह्माके और उससे आगेके नाम विष्णुके हैं, तथापि ग्रन्थकारने अपनी विद्वत्तासे स्वमतके अनुसार अर्थ करके उन्हें जिनभगवान् पर घटित किया है।

स्पृष्ट्वा संजातस्तेनाब्जभूरुच्यते । आत्मा निजशुद्धबुद्धैकस्वभावश्चिच्चमत्कारैकलक्षणपरमब्रह्म तस्यरूपार्थको-त्कीर्णस्फटिकमणिमल्लिकाबिम्बसदृशो भूर्निवासस्थानं यस्य । सृजति करोति सिंथमानः पापिष्ठैर्नारक-तिर्यंगतौ उत्पादयति, मध्यस्थैर्न स्तूयते न निंद्यते तेषां मानवगतिं करोति, यैः स्तूयते पूज्यते आराध्यते तान् स्वर्गे नयति, यैर्ध्यायते तान् मुक्तान् करोति । सुराणां देवानां मध्ये ज्येष्ठो वृद्धो महान् श्रेष्ठो वा । प्रजानां त्रिभुवनस्थित-लोकानां पतिः ॥९८॥ हिरण्येन सुवर्णेनोपलक्षितो गर्भो यस्य स तथोक्तः । भगवति गर्भस्थिते नवमासान् रत्न-कनकवृष्टिर्मातुर्गृहांगणे भवति, तेन हिरण्यगर्भः । वेदेन श्रुतज्ञानेन मतिश्रुतावधिभिस्त्रिभिर्ज्ञानैर्विश्वं-वेदितव्यं जानाति । स्यमते तु वेदो ज्ञानं तन्मयमंगं आत्मा यस्य । वा वेदस्य केवलज्ञानस्य प्राप्तौ भव्यप्राणिनां अंगं उपायो यस्मादसौ । वेदस्य ज्ञानस्य पारं गच्छतीति । न जायते नोत्पद्यते संसारे इत्यजः । मन्यते जानाति तत्त्वमिति, उप्रत्ययः । शतमानन्दानां यस्य स शतानन्दः अनन्तसुख इत्यर्थः । वा शतानामसंख्यातानां-मानन्दो यस्मादसौ शतानन्दः सर्वप्राणिसुखदायक इत्यर्थः । हंसे परमात्मनि यानं गमनं यस्य । त्रयाणां

लेते हैं, इसलिए भी अब्जभू कहलाते हैं (६)। शुद्ध-बुद्धैकस्वभावरूप आत्मा ही आपकी निवास-भूमि है, इसलिए आप आत्मभू कहलाते हैं। अथवा आप अपने आत्माके द्वारा ज्ञानरूपसे सारे चराचर जगत्को व्याप्त करते हैं, जानते हैं, इसलिए भी आत्मभू कहलाते हैं (७)। आप संसारमें सुखका सर्जन करते हैं, इसलिए स्रष्टा कहलाते हैं। यद्यपि आप वीतरागी और सर्वके हितैषी हैं, तथापि आपका ऐसा अचिन्त्य माहात्म्य है कि आपकी निन्दा करनेवाले नरक-तिर्यंचादि कुगतियोंमें दुःख पाते हैं और आपकी पूजा-स्तुति करनेवाले स्वर्गादिकमें सुख पाते हैं (८)। सुर अर्थात् देव-ताओंमें आप ज्येष्ठ या प्रधान हैं। अथवा देवोंके ज्या अर्थात् माताके समान हितैषी हैं। अथवा सुरोंको अपनी जन्मभूमि स्वर्गलोकसे भी आपका सामीप्य अधिक इष्ट है, यही कारण है कि वे स्वर्गलोकसे आकर आपकी सेवा करते हैं, इसलिए आप सुरज्येष्ठ कहलाते हैं (९)। तीनों लोकोंमें स्थित प्रजाके आप पति हैं इसलिए प्रजापति कहलाते हैं (१०)। आपके गर्भमें रहते समय सुवर्ण-वृष्टि होती है, इसलिए लोक आपको हिरण्यगर्भ कहते हैं (११)। वेदितव्य अर्थात् जानने योग्य सर्व वस्तुओंके जान लेनेसे आप वेदज्ञ कहलाते हैं। अथवा स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेदरूप सर्व जगत् को जाननेसे कारण भी आप वेदज्ञ कहलाते हैं। अथवा पराई वेदनाको कष्टको जाननेसे भी आप वेदज्ञ कहलाते हैं। अथवा जिसके द्वारा आत्मा शरीरसे भिन्न जाना जाता है, उस भेदज्ञानको वेद कहते हैं, उसके ज्ञाता होनेसे योगिजन आपको वेदज्ञ कहते हैं (१२)। आपका अंग अर्थात् आत्मा वेदरूप है–ज्ञानस्वरूप है, इसलिए आप वेदांग कहलाते हैं। अथवा केवलज्ञानरूप वेदकी प्राप्ति होनेपर भव्यप्राणियोंकी रक्षाका अंगभूत उपाय आपसे प्रगट होता है, इसलिए लोग आपको वेदांग कहते हैं (१३)। आप वेद अर्थात् ज्ञानके पारको प्राप्त हुए हैं, इसलिए वेदपारग कहलाते हैं। अथवा द्वादशांग श्रुतज्ञानको वेद कहते हैं, उसकी रक्षा करने वाले मुनियोंको वेदप कहते हैं। वेदों के 'र' अर्थात् कामविकारको या शंकाको निराकरण करनेके कारण भी लोग आपको वेदपारग कहते हैं (१४)। आगे संसारमें जन्म न लेनेके कारण आपको योगिजन अज कहते हैं (१५)। वस्तुतत्त्वके मनन करनेके कारण आप मनु कहलाते हैं (१६)। आपके आनन्दोंका शत अर्थात् सैकड़ा पाया जाता है, अतः आप शतानन्द कहलाते हैं। यहां शत शब्द अनन्तके अर्थमें प्रयुक्त हुआ है, तदनुसार आप अनन्त सुखके स्वामी हैं। अथवा शत अर्थात् असंख्य प्राणियोंको आपके निमित्तसे आनन्द प्राप्त होता है, इसलिए भी आप शतानन्द कहलाते हैं (१७)। हंस अर्थात् परमात्मस्वरूपमें आपका यान कहिए गमन होता है, इसलिए आप हंसयान कहलाते हैं। अथवा हंस के समान मंद-मंद गमन करनेसे भी हंसयान कहलाते हैं अथवा हंस अर्थात् सूर्यके समान आपका भी गमन स्वभावतः अनीहित या इच्छा-रहित होता है, इसलिए भी आप हंसयान कहलाते हैं (१८)। सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्रके समाहारको त्रयी कहते हैं।

विश्वभरोऽसुरध्वंसी माधवो बलिबन्धनः । अधोक्षजो मधुद्वेषी केशवो विष्टरश्रवाः ॥१०१॥
श्रीवत्सलाञ्छनः श्रीमानच्युतो नरकान्तकः । विश्वक्सेनश्चक्रपाणिः पद्मनाभो जनार्दनः ॥१०२॥
श्रीकण्ठः शंकरः शम्भुः कपाली वृषकेतन । मृत्युंजयो विरूपाक्षो वामदेवस्त्रिलोचनः ॥१०३॥

सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणां समाहाररत्नयी, तस्या निर्वृत्तः ॥९९॥ वेवेष्टि केवलज्ञानेन विश्वं व्याप्नोतीति । त्रयो विक्रमाः सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्राणां शक्तिसंपदो यस्य । वा त्रिषु लोकेषु विशिष्टः क्रमः परिपाटी यस्य। शूरस्य सुभटस्य क्षत्रियस्य अपत्यं । श्रीणां अभ्युदय-निःश्रेयसलक्ष्मीणां पतिः । पुरुषेषु त्रिषष्टिलक्षणेषु उत्तमः । विकुंठा दिक्कुमारीणां प्रश्नोत्तरदाने विलक्षणा तीर्थकृन्माता, तस्या अपत्यं पुमान् । पुंडरीकवत् कमलवत् अक्षिणी लोचने यस्य । वा पुंडरीकः प्रधानभूतः अक्षः आत्मा यस्य । हृषीकाणामिन्द्रियाणामीशो वशिता हृषीकेशः, जितेन्द्रिय इत्यर्थः । हरति पापं हरिः, इः सर्वधातुभ्यः । स्वेन आत्मना भवति वेदितव्यं वेत्ति ॥१००॥

विश्वं त्रैलोक्यं बिभर्ति धारयति, न नरकादौ पतितुं ददाति । असुरो मोहो मुनिभिरुच्यते, तं ध्वंसते इत्येवंशीलः । वा असून् प्राणिनां प्राणान् राति गृह्णाति असुरो यमः, तं ध्वंसते मारयति असुरध्वंसी, यमस्य यम इत्यर्थः । माश्चः लक्ष्म्याः समवशरण-केवलज्ञानादिकायाः धवो भर्त्ता माधवः, राज्यकाले राज्यलक्ष्म्या

आप इस त्रयीसे निर्वृत्त हैं, अर्थात् इन तीनों मय हैं, अतः त्रयीमय कहलाते हैं (९९)। केवलज्ञानके द्वारा अपने सारे विश्वको व्याप्त किया है, इसलिए विष्णु कहलाते हैं (१००)। रत्नत्रयरूप तीन विक्रम अर्थात् शक्तिरूप सम्पदाएं आपको प्राप्त हैं, अतः आप त्रिविक्रम कहलाते हैं। अथवा तीनों लोकोंमें आपका विशिष्ट क्रम है अर्थात् सर्वोच्च स्थान है, इसलिए भी त्रिविक्रम कहलाते हैं (१०१)। सूर-वीर क्षत्रियोंकी सन्तति होनेसे आप सौरि कहलाते हैं (१०२)। अभ्युदय-निःश्रेयसरूप श्रीके पति होनेसे आप श्रीपति कहलाते हैं (१०३)। तिरेसठ शलाका पुरुषोंमें उत्तम होनेसे आपको पुरुषोत्तम कहते हैं (१०४)। आपकी माता दिक्कुमारियोंके गूढ़ प्रश्नोंका उत्तर देनेमें विकुंठा अर्थात् विचक्षणा होती है। आप उनके अपत्य अर्थात् पुत्र हैं, इसलिए वैकुंठ कहलाते हैं (१०५)। पुंडरीक अर्थात् कमलके समान सुन्दर आपके अक्ष अर्थात नेत्र हैं, इसलिए आप पुंडरीकाक्ष कहलाते हैं। अथवा आपका अक्ष अर्थात् आत्मा पुंडरीक कहिए प्रधानभूत है, श्रेष्ठ है (१०६)। हृषीक अर्थात् इन्द्रियोंको वशमें करनेके कारण आप हृषीकेश कहलाते हैं (१०७)। पापोंके हरण करनेसे हरि कहलाते हैं (१०८)। स्वयं ही जानने योग्य वस्तु-तत्त्वको जाननेके कारण स्वभू कहलाते हैं (१०९)।

अर्थ—हे विश्वेश, आप विश्वम्भर हैं,[1] असुरध्वंसी हैं, माधव हैं, बलिबन्धन हैं, अधोक्षज हैं, मधुद्वेषी हैं; केशव हैं, विष्टरश्रव हैं, श्रीवत्सलांछन हैं, श्रीमान् हैं, अच्युत हैं, नरकान्तक हैं, विश्वक्सेन हैं, चक्रपाणि हैं, पद्मनाभ हैं, जनार्दन हैं, श्रीकण्ठ हैं, शंकर हैं, शम्भु हैं, कपाली हैं, वृषकेतन हैं, मृत्युंजय हैं, विरूपाक्ष हैं, वामदेव हैं और त्रिलोचन हैं ॥१०१–१०३॥

व्याख्या—हे विश्वके ईश, आप विश्वका भरण-पोषण करते हैं, उसे नरकादि गतियोंके दुःखोंसे बचाते हैं, इसलिए लोक आपको विश्वम्भर कहते हैं (३०)। मोहरूप असुरका आपने विध्वंस किया है, इसलिए जगत् आपको असुरध्वंसी कहता है। अथवा असु अर्थात् प्राणोंको जो 'राति' कहिए ग्रहण करे, ऐसे यमको असुर कहते हैं। आपने उस यमराजका भी नाश किया है, कालपर विजय पाई है, अतः आप यमके भी यम हैं, इस अपेक्षासे भी असुरध्वंसी यह आपका नाम सार्थक है (३१)। मा अर्थात् समवसरण और केवलज्ञानादिरूप बहिरंग-अन्तरंग लक्ष्मीके

१ विश्वम्भरसे लेकर श्रीकण्ठ तक विष्णुके नाम हैं और शंकरसे लेकर आगे हर तकके नाम महादेवके हैं, पर ग्रन्थकारने अर्थके चातुर्यसे उन्हें वीतराग भगवान् पर ही घटाकर यह ध्वनित किया है कि आप ही सच्चे ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं, अन्य नहीं।

वा धवः स्वामी। बलिः कर्मबन्धनं जीवस्य यस्य मते, वा बलमस्यास्तीति बलिः, बलवत्तरं त्रैलोक्यक्षोभकरण-कारणं बन्धनं तीर्थंकरनामोच्चैर्गोत्रद्वयं यस्य, वा बलिनं पदिग्धकरस्तस्य बन्धनं पशौव निर्धारणं यस्मात् राज्यावसरे स बलिबन्धनः। अधोक्षाणां जितेन्द्रियाणां दिगम्बरगुरूणां जायते ध्यानेन प्रत्यक्षीभवति, डो संज्ञायामपि डप्रत्ययः। अक्षजं ज्ञानं अधो यस्य स अधोक्षजः, केवलज्ञानं सर्वेषां ज्ञानानामुपरि वर्तते इत्यर्थः। मधुशब्देन मद्यं सारघं च द्रव्यमुच्यते, तद्वयमपि द्वेष्टि दूषितं कथयति महद् पापमूलं ब्रूते इत्येवंशीलः। प्रशस्ता श्लिकुलनीलवर्णा केशा मस्तके विद्यन्ते यस्य, केशादोऽन्यतरस्यां इत्यनेन सूत्रेण अस्त्यर्थे व प्रत्ययः। विष्टर इव श्रवसी कर्णौ यस्य स तथोक्तः। सर्वधातुभ्योऽसुन्। वा विस्तरे सकलश्रुतज्ञाने श्रवसी कर्णौ आकर्णितवती यस्य ॥१०१॥ श्रीवत्सनामा वक्षसि लांछनमावर्त्तो यस्य। श्रीर्बहिरंगा समवशरणलक्षणा अन्तरंगा केवलज्ञानादिका विद्यते यस्य। न च्यवते स्म स्वरूपादच्युतः, परमात्मनिष्ठ इत्यर्थः। सप्तनरकभूमिषु पतितुं न ददाति तेन नरकस्य अन्तको विनाशकः, स्वर्ग-मोक्षप्रदायक इत्यर्थः। विष्वक् समन्तात् सेना

धव अर्थात् भर्त्ता या स्वामी होनेसे योगिजन आपको माधव कहते हैं। अथवा राज्यावस्थामें आप राजलक्ष्मीके स्वामी थे। अथवा मा शब्दसे प्रत्यक्ष-परोक्ष प्रमाणका ग्रहण करना चाहिए। आप इन दोनों प्रमाणोंके धव अर्थात् प्रणेता हैं, उनके प्रयोगमें अति विचक्षण हैं, इसलिए भी माधव कहलाते हैं (३२)। बलि अर्थात् कर्मको आपने बन्धन बतलाया है, अतः आप बलिबन्धन कहलाते हैं। अथवा बलवान्को बली कहते हैं। आपने त्रैलोक्यको क्षोभित करनेवाले ऐसे बली तीर्थंकर नामकर्म और विशिष्ट जातिके उच्चगोत्रकर्मका पूर्वभवमें बन्धन किया है इसलिए भी आपका बलिबन्धन नाम सार्थक है। अथवा राजा अपनी प्रजासे जो कर लेता है, उसे भी बलि कहते हैं। आपने आयके छठे भागरूपसे उसका बन्धन अर्थात् निर्धारण राज्यावस्थामें किया था, इसलिए भी आप बलिबन्धन कहलाते हैं (३३)। अक्ष अर्थात् इन्द्रियोंको जिन्होंने विजय कर अधः कहिए नीचे डाला है, ऐसे जितेन्द्रिय साधुओंको अधोक्ष कहते हैं। आप ऐसे जितेन्द्रियोंके 'जायते' कहिए ध्यानसे प्रत्यक्ष होते हैं, इसलिए अधोक्षज कहलाते हैं। अथवा अतीन्द्रिय केवलज्ञानको प्राप्त कर आपने अक्षज अर्थात् इन्द्रियज्ञानका अधःपात किया है, इसलिए भी आपका अधोक्षज यह नाम सार्थक है (३४)। मधु शब्द मद्य और शहद दोनोंका वाचक है, आप उस मधुके द्वेषी हैं अर्थात् मद्य और मधुके सेवनको आपने पापका मूल कारण बतलाया है, इसलिए आप मधुद्वेषी कहलाते हैं (३५)। आपके मस्तकके केश अत्यन्त स्निग्ध और नीलवर्ण हैं, इसलिए आप केशव कहलाते हैं। (तीर्थंकर भगवान्के केश कभी भी श्वेत नहीं होते और मस्तकके सिवाय अन्यत्र उनके बाल नहीं होते।) अथवा क नाम आत्माका है, आत्मस्वरूपकी प्राप्तिमें जो ईश अर्थात् समर्थ होते हैं, ऐसे महामुनियोंको केश कहते हैं। उनका व अर्थात् वास आपके ही चरणोंके पास है, इसलिए भी आप केशव कहलाते हैं (३६)। आपके विष्टर अर्थात् पीठके समान विस्तीर्ण श्रवस् कहिए कर्ण हैं, इसलिए आप विष्टरश्रवा कहलाते हैं। अथवा विष्टर अर्थात् विस्तीर्ण श्रवस् कहिए अंगबाह्य और अंगप्रविष्टरूप श्रुतज्ञान ही आपके श्रोत्र हैं, इसलिए भी आप विष्टरश्रवा कहलाते हैं (३७)। आपके वक्षःस्थल पर श्रीवत्स नामका लांछन अर्थात् रोमावर्त है, इसलिए आप श्रीवत्सलांछन कहलाते हैं। अथवा श्रीवत्स नाम लक्ष्मीके पुत्र कामदेवका भी है। आपने अपने सौन्दर्यसे उसे भी लांछित या तिरस्कृत किया है। अथवा श्रीवत्सल अर्थात् लक्ष्मीके स्नेही लोगोंका संसार-वास लांछन कहिए विस्तीर्ण होता जाता है, ऐसा प्रतिपादन करनेके कारण आप श्रीवत्सलांछन कहलाते हैं (३८)। आपके अन्तरंग अनन्त चतुष्टयरूप और बहिरंग समवसरणरूप श्रीके पाये जानेसे आप श्रीमान् कहलाते हैं (३९)। आप अपने स्वरूपसे कभी भी च्युत नहीं होते, इसलिए अच्युत कहलाते हैं (४०)। नरकोंके अन्तक अर्थात् विनाशक होनेसे आप

द्वादशविधो गणो यस्य । चक्रं लक्षणं पाणौ यस्य स तथोक्तः । पद्मवत् कमलपुष्पवत् नाभिर्यस्य स पद्मनाभः । समासान्तगतानां वा राजादीनामदन्तता इत्यधिकारे संज्ञायां नाभिः । अन् प्रत्ययः । जनान् जनपदलोकान् अर्दति (अर्दंति) संबोधनार्थं गच्छति, वा जनास्त्रिभुवनस्थितभव्यलोका अर्दना मोक्षयाचना यस्य । अथवा जनान् अर्दयति मोक्षं गमयति जनार्दनः । नन्यादेर्युः, इनंतस्य युप्रत्ययः ॥१०२॥ श्रीर्मुकिलक्ष्मीः कण्ठे आलिंगनपरा यस्य । शं परमानन्दलक्षणं सुखं कोति । शं परमानन्दलक्षणं सुखं भवत्यस्मात् । कान् आत्मनः सर्वज्ञान् पालयतीति । वृषो अहिंसालक्षणो धर्मः केतनं ध्वजा यस्य । मृत्युं अन्तकं जयतीति । विरूपं रूपरहितं सूक्ष्मस्वभावं अचि केवलज्ञानलक्षणं लोकालोकप्रकाशकं लोचनं यस्य । वामो मनोज्ञो देवः । त्रयाणां स्वर्ग-मर्त्य-पातालस्थितानां भव्यजीवानां लोचनप्रायः नेत्रस्थानीयः त्रिलोचनः ॥१०३॥*

नरकान्तक कहलाते हैं। क्योंकि जीवोंको सदाचरणके द्वारा उन्हें नरकोंमें गिरनेसे बचाते हैं (४१)। आपके विष्वक् अर्थात् चारों ओर द्वादश सभाओंके जीव ही सेनारूपसे समवसरणमें या विहारकालमें साथ रहते हैं, इसलिए आप विष्वक्सेन कहलाते हैं। अथवा विष्वक् अर्थात् तीनों लोकोंमें जो सा यानी लक्ष्मी विद्यमान है, उसके आप इन कहिए स्वामी हैं, इसलिए भी विष्वक्सेन यह नाम आपका सार्थक है (४२)। आपके पाणि अर्थात् हाथमें चक्रका चिन्ह है, इसलिए योगिजन आपको चक्रपाणि कहते हैं। अथवा सेनारूप चक्रको जो पालते हैं ऐसे मंडलेश्वर, अर्धचक्री और चक्रवर्त्ती राजाओंको चक्रप कहते हैं। उनकी आप अणि अर्थात् सीमास्वरूप हैं, धर्मचक्रके प्रवर्त्तन करनेसे सर्वशिरोमणि हैं, इसलिए भी आप चक्रपाणि कहलाते हैं। अथवा चक्रप अर्थात् सुरेन्द्र, नागेन्द्र, नरेन्द्र, मुनीन्द्रादिकों को भी आप 'अणिति' कहिए उपदेश देते हैं, इस अपेक्षासे भी आपका चक्रपाणि यह नाम सार्थक है (४३)। पद्म अर्थात् कमल पुष्पके समान आपकी नाभि है, इसलिए आप पद्मनाभ कहलाते हैं (४४)। जन अर्थात् जनपदवासी लोगोंको 'अर्दति' कहिए संबोधनके लिए जाते हैं, इसलिए आप जनार्दन कहलाते हैं। अथवा त्रिभुवनके भव्यजन दीन होकर आपसे मोक्षमार्गकी अर्दना अर्थात् याचना करते हैं इसलिए भी जनार्दन यह नाम सार्थक है (४५)। श्री अर्थात् मुक्तिरूपी लक्ष्मी आपके कंठका आलिंगन करनेके लिए उद्यत है, इसलिए आप श्रीकण्ठ कहलाते हैं (४६)। शं अर्थात् परमानन्द-स्वरूप सुखके करनेसे आप शंकर कहलाते हैं (४७)। शम् अर्थात् सुख भव्य जीवोंको आपसे प्राप्त होता है, इसलिए आप शम्भु कहलाते हैं (४८)। 'क' अर्थात् जीवोंको पालन करनेके कारण आप कपाली कहलाते हैं। अथवा 'क' अर्थात् आत्माकी जो 'पान्ति' कहिए रक्षा करते हैं, ऐसे मुनियोंको 'कप' कहते हैं। उन्हें आप लाति कहिए रत्नत्रयके द्वारा विभूषित करते हैं इससे कपाली कहलाते हैं (४९)। वृष अर्थात् अहिंसालक्षण धर्म ही आपकी केतन कहिए ध्वजा है, इसलिए आप वृषकेतन कहलाते हैं (५०)। मृत्युको आपने जीत लिया है, अतः आप मृत्युंजय कहलाते हैं (५१)। आपका विरूप अर्थात् रूप-रहित अमूर्त्तिक एवं इन्द्रिय-अगोचर केवलज्ञान-रूप अक्ष कहिए नेत्र होनेसे योगिजन आपको विरूपाक्ष कहते हैं। अथवा विशिष्ट रूपशाली एवं त्रिभुवनके चित्तको हरण करनेवाले आपके विशाल नेत्र हैं, इसलिए भी आप विरूपाक्ष कहलाते हैं। अथवा विरूप अर्थात् रूपादि-रहित अमूर्त्तिक एवं केवलज्ञान-गम्य आपका अक्ष अर्थात् आत्मा है, इसलिए भी आपको विरूपाक्ष कहते हैं (५२)। आप वाम अर्थात् मनोहर देव हैं, अति सुन्दराकार हैं, इसलिए वामदेव कहलाते हैं। अथवा वाम अर्थात् कामके शत्रु महादेवके भी आप परमाराध्य देव हैं, इसलिए वामदेव कहलाते हैं। अथवा वाम अर्थात सुन्दर सौधर्मेन्द्रादि देव आपकी सेवामें सदा उपस्थित रहते हैं, इसलिए भी आप वामदेव कहलाते हैं।

*इस स्थानपर 'मुनिश्रीविनयचन्द्रेण कर्मक्षयार्थं लिखितम्' इतना और अ प्रतिमें लिखा हुआ है।

उमापतिः पशुपतिः स्मरारिस्त्रिपुरान्तकः । अर्धनारीश्वरो रुद्रो भवो भर्गः सदाशिवः ॥१०४॥
जगत्कर्त्ताऽन्धकारातिरनादिनिधनो हरः । महासेनस्तारकजिद् गणनाथो विनायकः ॥१०५॥
विरोचनो विश्वद्रष्टं द्राढशाल्मा विभावसुः । द्विजाराध्यो बृहद्भानुस्तनूनपात् ॥१०६॥

उमायाः कान्तेः कीर्त्तेश्च पतिः स्वामी । पशूनां सुर-नर-तिरश्चां पतिः स्वामी । स्मरस्य कन्दर्पस्य अरिः शत्रुः । तिसृणां पुरां जन्म-जरा-मरणलक्षणानां त्रयाणां पुराणां अन्तको विनाशकः । अर्धं न विद्यते अस्यः शत्रवो यस्य सोऽर्धनारिः, घातिकर्मघातनः, स चासावीश्वरः स्वामी । कर्तृणां रौद्रमूर्त्तित्वात् रुद्रः, रोदिति आनन्दाश्रूणि मुंचति आत्मदर्शने सति । रक् प्रत्ययः । भवत्यस्मादिति भवः । ऋजि-भृजी भर्जने इत्यर्थं धातुः

अथवा 'या' अर्थात् वन्दनामें 'म' कहिए सूर्य, चन्द्र, रुद्र आदि आपके सदा विद्यमान रहते हैं, अतएव आपको वामदेव कहते हैं। अथवा वामा अर्थात् इन्द्राणी, देवियाँ और राजपत्नियाँ आदि सुन्दर स्त्रियोंके आप परम आराध्यदेव हैं, इसलिए भी वामदेव कहलाते हैं (५३)। तीनों लोकोंके लोचनरूप होनेसे आप त्रिलोचन कहलाते हैं। अथवा जन्मकालसे ही आप मति, श्रुत, अवधिज्ञानरूप तीन नेत्रोंके धारक थे, इसलिए भी लोग आपको त्रिलोचन कहते हैं। अथवा तीनों लोकोंमें आपके केवलज्ञान और केवलदर्शनरूप दो लोचन ही वस्तुरूपके दर्शक हैं, अन्य नहीं, इसलिए भी आप त्रिलोचन कहलाते हैं। अथवा मन, वचन, काय इन तीनों योगोंका आपने लोचन अर्थात् मुण्डन किया है, उन्हें अपने वशमें किया है, इसलिए आप त्रिलोचन कहलाते हैं। अथवा त्रिकरण-शुद्ध होकर आपने अपने केशोंका लुंचन किया है इसलिए भी त्रिलोचन कहलाते हैं। अथवा सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप तीन रत्नोंको जो लेते हैं ऐसे महामुनियोंको त्रिल कहते हैं। उनका ओचन अर्थात् समुदाय आपके पाया जाता है, इसलिए भी आप त्रिलोचन कहलाते हैं (५४)।

अर्थ—हे रमेश, आप उमापति हैं, पशुपति हैं, स्मरारि हैं, त्रिपुरान्तक हैं, अर्धनारीश्वर हैं, रुद्र हैं, भव हैं, भर्ग हैं, सदाशिव हैं, जगत्कर्त्ता हैं, अन्धकारारि हैं, अनादिनिधन हैं, हर हैं, महासेन[1] हैं, तारकाजित हैं, गणनाथ हैं, विनायक हैं, विरोचन[2] हैं, विश्वद्रष्टा हैं, द्राढशाल्मा हैं, विभावसु हैं, द्विजाराध्य हैं, बृहद्भानु हैं और तनूनपात् हैं ॥१०४-१०६॥

व्याख्या—हे लक्ष्मीके आगार, आप कान्ति और कीर्त्तिके पति हैं, इसलिए उमेश, उमापति आदि नामोंसे पुकारे जाते हैं (५५)। जो कर्म-बन्धनोंसे बंधे हैं, ऐसे संसारी जीवोंको पशु कहते हैं, उनके आप छुड़ाने वाले हैं, इसलिए पशुपति कहलाते हैं (५६)। स्मर अर्थात् कामदेवके आप अरि हैं, इसलिए स्मरारि कहलाते हैं (५७)। जन्म, जरा और मरणरूप तीन पुरोंके आप अन्त करनेवाले हैं, इसलिए त्रिपुरान्तक कहलाते हैं। अथवा मोक्ष जानेके समय औदारिक, तैजस और कार्मण इन तीन शरीररूप पुरोंका अन्त करनेके कारण भी आप त्रिपुरान्तक कहलाते हैं। अथवा त्रिपुर अर्थात् त्रैलोक्यके अन्तमें आपका 'क' कहिए आत्मा निवास करता है, इसलिए भी आप त्रिपुरान्तक कहलाते हैं (५८)। अघाति-कर्मरूप आधे शत्रु आपके नहीं पाये जाते, इस प्रकारके ईश्वर होनेसे आप अर्धनारीश्वर कहलाते हैं (५९)। कर्मोंके भस्म करनेके लिए आप रौद्रमूर्त्ति हैं, इसलिए रुद्र कहलाते हैं। अथवा आत्म-दर्शन होनेपर आप 'रुदिति' कहिए आनन्दके अश्रु छोड़ते हैं, इसलिए भी आप रुद्र कहलाते हैं (६०)। आपसे विश्व उत्पन्न होता है, इसलिए आप भव कहलाते हैं। यद्यपि आप जगत्को बनाते नहीं हैं, पर ऐसा ही आपका माहात्म्य है कि जो आपकी निन्दा करते हैं, वे नरक-निगोदादि दुर्गतियोंको प्राप्त होते हैं। जो आपकी स्तुति-प्रशंसा करते हैं, वे स्वर्गको और आपका ध्यान करनेवाले मोक्षको प्राप्त होते हैं। इस अपेक्षा विश्व आपसे उत्पन्न हुआ कहलाता है (६१)। आपने ध्यानके द्वारा काम-क्रोधादिको भस्म किया है, इसलिए भर्ग कहलाते हैं। अथवा केवलज्ञानादि गुणों-

१ यहाँ से विनायक तकके नाम गणेशके हैं। २ यहाँ से आगे के नाम अग्निके हैं।

भीवादिकः, आत्मनेपदी। भज्यन्तेऽनेन कामक्रोधादयो व्याना्मनी पच्यन्ते मस्मीक्रियन्ते, अकर्तरि च कारके संज्ञायां घञ् प्रत्ययः। सदा सर्वकालं शिवं परमकल्याणं अनन्तं सुखं वा यस्य ॥१०४॥ जगतां कर्ता स्थितिविधायकः मर्यादाकारकः। वा जगतः कं सुखं ईयर्ति गच्छति जानातीति। अंधश्चक्षुरहितः सम्यक्त्वविघातकः, कः कायः स्वकर्म यस्य स अन्धकः, मोहकर्म तस्य अरातिः शत्रुः, मूलादून्मूलकः। न विद्यते आदिर्निधने उत्पत्ति-मरणे यस्य स तथोक्तः। अनन्तभवोपार्जितानि अघानि पापानि जीवानां हरति निराकरोतीति। महती द्वादशगणलक्षणा सेना यस्य। राज्यावस्थायां वा महती चतुःसागरतटनिवासिनी सेना चमूर्यस्य। तारयन्ति संसारसमुद्रस्य पारं नयन्ति भव्यजीवान् तारकाः, गणधरदेवानगारकेवलिनं युधाव्यावर्तकाधवः, तान् जितवान्, सर्वेषामच्युतरि वभूव, तेन

को धारण करनेसे भी आपका भगैनाम सार्थक है। अथवा भव्यजीवोंका पोषण करनेसे भी भग कहलाते हैं (६२)। आपके सदा ही शिव अर्थात् परम कल्याण पाया जाता है, इसलिए आप सदाशिव कहलाते हैं। अथवा जो रात्रि-दिनका भेद न करके सदा ही भोजन-पान करते हैं, उन्हें सदाशि कहते हैं। आपके मतानुसार उन्हें सदा 'व' अर्थात् संसार-समुद्रमें डूबना पड़ेगा, इससे भी सदाशिव कहलाते हैं (६३)। आप जगत्के कर्ता अर्थात् स्थिति या मर्यादाके विधाता हैं, इसलिए जगत्कर्ता कहलाते हैं। अथवा जगत्को 'क' अर्थात् सुख प्राप्त कराते हैं, इसलिए भी जगत्कर्ता कहलाते हैं (६४)। जगत् को अन्धा करनेवाले मोहकर्मको अन्धक कहते हैं, उसके आप अराति अर्थात् शत्रु हैं, इसलिए अन्धकारारि कहलाते हैं। अथवा गाढ़ अन्धकार-पूर्ण नरक-स्थानको अन्धक कहते हैं, आप जीवोंको नरकोंमें गिरने नहीं देते, अतः नरकोंके शत्रु हैं, इसलिए भी अन्धकारारि कहलाते हैं। अथवा अन्धकार पूर्ण कारारूप गृहमेंसे निकाल कर आप जीवोंको मोक्षमें रखते हैं, इसलिए भी अन्धकारारि कहलाते हैं (६५)। आदि नाम उत्पत्तिका है और निधन नाम मरणका है। आप जन्म और मरणसे रहित हैं इसलिए अनादिनिधन कहलाते हैं (६६)। अनन्त-भवोपार्जित पापोंके हरण करनेसे आप हर कहलाते हैं। अथवा 'ह' अर्थात् हर्षको 'राति' कहिए उत्पन्न करते हैं, इसलिए हर कहलाते हैं। अथवा 'ह' अर्थात् हिंसाके लिए आप 'र' कहिए अग्निस्वरूप हैं, क्योंकि हिंसाका सर्वथा निषेध करते हैं, इसलिए भी हर कहलाते हैं (६७)। आपके राज्यावस्थामें द्वादशगण-लक्षण महा सेना थी, इसलिए आप महासेन कहलाते हैं। अथवा मह अर्थात् पूजाकी अतिशोभा को महासा कहते हैं। आप उस पूजातिशयके इन अर्थात् स्वामी हैं, इसलिए भी महासेन कहलाते हैं। अथवा सा नाम लक्ष्मी और सरस्वती का भी है। आप दोनोंके ही महा स्वामी हैं, अतः महासेन कहलाते हैं अथवा समवसरणमें स्थित महान् सिंहासनको महासा कहते हैं। उसके ऊपर स्थित आप इन अर्थात् सूर्यके समान प्रतिभासित होते हैं, इसलिए भी आप महासेन कहे जाते हैं (६८)। जो भव्य जीवोंको संसार-समुद्रसे तारते हैं, ऐसे गणधरदेवादिको तारक कहते हैं। आपने अपने दिव्य उपदेशके द्वारा उन्हें जीत लिया है, इसलिए आप तारकजित् कहलाते हैं। अथवा तार अर्थात् उच्च शब्द करनेवाले मेघोंको तारक कहते हैं। आपने अपने गम्भीर तार-स्वरसे उन्हें जीत लिया है, इसलिए भी आप तारकजित् कहलाते हैं। संस्कृतमें ड, ल और र में भेद नहीं होता, इस नियमके अनुसार संसारको ताड़ना देनेवाला मोहकर्म ताड़क कहलाता है। आपने उसे जीत लिया है, इसलिए भी आप ताड़कजित् या तारकजित् कहलाते हैं। अथवा श्मसानमें ताली बजाकर नाचनेवाले रुद्रको तालक कहते हैं। आपने उसे भी जीत लिया है, इसलिए तालकजित् या तारकजित् कहलाते हैं। अथवा मोक्ष-पुरके किवाड़ोंपर तालेका काम करनेवाले अन्तराय कर्मको तालक कहते हैं आपने उस अन्तराय कर्मको भी जीत लिया, इसलिए आप तालकजित् कहलाते हैं (६९)। गण अर्थात् द्वादश भेदरूप संघके आप नाथ हैं, अतः गणनाथ कहलाते हैं। अथवा नाथ धातुका ऐश्वर्य और आशीर्वाद देना भी अर्थ है। आप गणको ऐश्वर्य भी प्रदान करते हैं और

तारकजिदुच्यते। गणस्य द्वादशभेदसंघस्य नाथः। विशिष्टानां गणीन्द्र-सुरेन्द्र-नागेन्द्र-विद्याधर-चारणार्यादीनां नायकः ॥१०५॥ विशिष्टं रोचनं क्षायिकसम्यक्त्वं यस्य। वियतः आकाशाद् रत्नं रत्नवृष्टिर्यस्य यस्माद्वा दातुर्वेद वियद्रत्नम्। अथवा वियतः आकाशस्य रत्नं अन्तरीक्षचारित्वात्। द्वादशानां गणानामात्मा जीवभावः। अथवा द्वादश अंगानि आत्मा स्वभावो यस्य। वा द्वादश अनुप्रेक्षा आत्मनि छद्मस्थावस्थायां यस्य। कर्मेन्धनदहन-कारित्वात् विभाऽसौ अग्निरूपः। द्विजानां मुनीनामाराध्यः। वृहतः अलोकस्यापि अपर्यन्तस्यापि व्यापिनो भानवः केवलज्ञानकिरणा यस्य। चित्रा विचित्राश्चैलोक्यलोकचित्तचमत्कारकारिणो विश्वप्रकाशकत्वात्

आशीर्वाद भी देते हैं, इसलिए भी गणनाथ कहलाते हैं (७०)। आप गणीन्द्र, सुरेन्द्र, नागेन्द्र, नरेन्द्र, विद्याधरादि विशिष्ट पुरुषोंके नायक हैं और स्वयं विगत-नायक हैं अर्थात् आपका कोई दूसरा स्वामी नहीं हैं, आप ही त्रैलोक्यके एकमात्र स्वामी हैं, इसलिए विनायक कहलाते हैं (७१)। आप विशिष्ट रोचन अर्थात् क्षायिकसम्यक्त्वके धारक हैं, अतः योगिजन आपको विरोचन कहते हैं। अथवा रोचन शब्द लोचन और दीप्तिका भी वाचक है। आप विशिष्ट दीप्तिके और केवलज्ञानरूप नेत्रके धारक हैं, इसलिए भी आप विरोचन कहलाते हैं। अथवा आभरणके विना ही आप विशेष शोभित होते हैं। अथवा रोचन अर्थात् संसारसे प्रीति आपकी विनष्ट हो चुकी है, इत्यादि विभिन्न निरुक्तियोंकी अपेक्षा से भी विरोचन नामको सार्थक करते हैं (७२)। आकाशमें अन्तरीक्ष गमन करनेसे आप वियद्रत्न अर्थात् आकाशके रत्न कहलाते हैं। अथवा आपके कल्याणकोंमें आकाशसे रत्नोंकी वर्षा होती है, इसलिए भी लोग आपको वियद्रत्न कहते हैं। अथवा निर्वाण-लाभ करनेपर लोकाकाशके अन्तमें स्थित तनुवातवलयके आप रत्न होंगे अर्थात् वहां विराजमान होंगे, इस अपेक्षासे भी आप वियद्रत्न नामको सार्थक करते हैं (७३)। आप द्वादश गणोंके आत्मा हैं, अर्थात् जीवन-हेतुक प्राणस्वरूप हैं, इसलिए द्वादशात्मा कहलाते हैं। अथवा श्रुतज्ञानके द्वादश अंगरूप ही आपका आत्मा है, इसलिए भी आप द्वादशात्मा कहलाते हैं। श्रुतज्ञान और केवलज्ञानमें केवल प्रत्यक्ष-परोक्षकृत भेद माना गया है, किन्तु सर्व पदार्थोंको विषय करनेकी अपेक्षा दोनों समान हैं (७४)। विभा-वसु शब्द अग्नि, सूर्य, चन्द्र, रुद्र आदि अनेक अर्थोंका वाचक है। आप अग्निके समान कर्मोंको भस्म करते हैं, सूर्यके समान मोहरूप अन्धकारको दूर करते हैं, चन्द्रके समान संसारके दुःख-सन्तप्त प्राणियोंको अमृतकी वर्षा करते हैं और रुद्रके समान कर्मोंकी सृष्टिका प्रलय करते हैं, इसलिए उक्त सभी अर्थोंकी अपेक्षा आप विभावसु नामको सार्थक करते हैं। अथवा विभा अर्थात् केवलज्ञानरूप विशिष्ट तेज ही आपका वसु अर्थात् धन है, इसलिए भी आप विभावसु कहलाते हैं। अथवा आपके सान्निध्यमें विश्वा, वसु आदि देवगण प्रभा-विहीन हो जाते हैं। अथवा जो विशिष्ट भा अर्थात् तेज-पुञ्जकी रक्षा करे, उसे विभावा कहते हैं आपको सू अर्थात् प्रसव करनेवाली माता ऐसी ही विभावा है, अतः आप विभावसु कहलाते हैं। अथवा राग-द्वेषादि विभाव परिणामोंके आप विनाशक हैं, इस अपेक्षा भी आप विभावसु कहलाते हैं (७५)। मातासे जन्म लेनेके पश्चात् जो सम्यग्दर्शनको धारण करते हैं, व्रत और चारित्रको पालन करते हैं, ऐसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्योंको द्विज कहते हैं, व्रती पुरुष भी द्विज कहलाते हैं। आप ऐसे द्विजोंके आराध्य हैं, इसलिए द्विजाराध्य कहलाते हैं। अथवा माताके उदरसे जन्म लेनेके पश्चात् अंडेमें से भी जन्म लेनेके कारण पक्षियों को द्विज कहते हैं। पक्षी तक भी अपनी वाणीसे आपका गुण-गान करके आपकी आराधना करते हैं, इसलिए भी आप द्विजाराध्य कहलाते हैं। अथवा द्विज नाम दांतोंका भी है। योगिजन ध्यानके समय दांतोंके ऊपर दांतोंको करके एकाग्र हो आपकी आराधना करते हैं, इसलिए भी द्विजाराध्य हैं (७६)। जाननेकी अपेक्षा अलोकाकाशके पर्यन्त भाग तक आपके केवलज्ञानरूप सूर्यकी भानु अर्थात् किरणें फैलती हैं, ऐसी बृहद् अर्थात् विशाल किरणोंको धारण करनेसे आप बृहद्भानु कहलाते हैं। अथवा आपका

द्विजराजः सुधाशोचिरौषधीशः कलानिधिः । नक्षत्रनाथः शुभ्रांशुः सोमः कुमुदबान्धवः ॥१०७॥
लेखर्षभोऽनिलः पुण्यजनः पुण्यजनेश्वरः । धर्मराजो भोगिराजः प्रचेता भूमिनन्दनः ॥१०८॥
सिंहिकातनयश्छायानन्दनो बृहतांपतिः । पूर्वदेवोपदेष्टा च द्विजराजसमुद्भवः ॥१०९॥

॥ इति ब्रह्मशतम् ॥

भानवः केवलज्ञानकिरणा यस्य । तनूं कायं न पातयति छद्मस्थावस्थायां नियतमक्तानुपवासान् कृत्वापि लोकानां मार्गदर्शनार्थं पारणां करोति । अथवा भगवान् मुक्तिगतो यदा भविष्यति तदा ततोः परमौदारिकचरमशरीरात् किंचिदूनशरीराकारं सिद्धपर्यायाकारं भव्यजीवान् प्रतिपादयति शश्वदिति ॥१०६॥

द्विजानां विप्र-क्षत्रिय-वैश्यानां राजा स्वामी । सुधावत् अमृतवत् लोचनं सौख्यदायकं शोची रोचिर्यस्य । औषधीनां जन्म-जरा-मरणनिवारणभेषजानां सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र-तपसामधीशः स्वामी औषधीशः,

पुण्यरूप भानु अति महान् है, इसलिए बृहद्भानु कहलाते हैं। अथवा आपका केवलज्ञानरूप महान् सूर्य लोक और अलोकको जानता है, इसलिए आप बृहद्भानु कहलाते हैं। अथवा बृहद्भानु नाम अग्निका भी है। आप अग्निके समान पाप-पुञ्जको जलाने वाले हैं, इसलिए योगिजन आपको बृहद्भानु कहते हैं (७७)। आपके केवलज्ञानरूप सूर्यकी किरणें चित्र-विचित्र हैं, अर्थात् त्रैलोक्यके चित्तमें चमत्कार उत्पन्न करनेवाली हैं, क्योंकि वे विश्वकी प्रकाशक हैं, अतः आपको साधुजन चित्रभानु कहते हैं। अथवा आपका पुण्यरूप सूर्य संसारको चित्र अर्थात् आश्चर्य उत्पन्न करनेवाला है, इसलिए भी आप चित्रभानु कहलाते हैं। अथवा आपको देखकर भानु भी आश्चर्यसे चकित रह जाता है, क्योंकि आप कोटि भानुसे भी अधिक प्रभाको धारण करते हैं (७८)। कैवल्य प्राप्तिके पूर्व तक शरीर का पात आपको अभीष्ट नहीं है, यही कारण है कि आप अतुलबलशाली होने पर भी दीक्षा ग्रहण करनेके पश्चात् शरीरकी स्थिति रखने और लोगोंको साधु-मार्ग दिखानेके लिए पारणा करते हैं। अथवा आप मुक्तिगमनके पश्चात् परमौदारिक चरम शरीरसे किंचिदून शरीराकारवाली सिद्धपर्यायको भव्यजीवोंके लिए प्रतिपादन करते हैं, इसलिए आप तनूनपात् कहलाते हैं (७९)।

अर्थ—हे जिनेश्वर, आप द्विजराज[1] हैं, सुधाशोचि हैं, औषधीश हैं, कलानिधि हैं, नक्षत्रनाथ हैं, शुभ्रांशु हैं, सोम हैं, कुमुदबान्धव हैं, लेखर्षभ हैं, अनिल हैं, पुण्यजन हैं, पुण्यजनेश्वर हैं, धर्मराज हैं, भोगिराज हैं, प्रचेता हैं, भूमिनन्दन हैं, सिंहिकातनय हैं, छायानन्दन हैं, बृहतांपति हैं, पूर्वदेवोपदेष्टा हैं और द्विजराजसमुद्भव हैं ॥१०७–१०९॥

व्याख्या—हे जिनेश, आप द्विजों अर्थात् व्रतियोंके राजा हैं, इसलिए द्विजराज कहलाते हैं। अथवा संसारमें केवल दो बार ही जन्म लेनेवाले विजयादि अनुत्तरविमानवासी अहमिन्द्रोंके आप राजा हैं। अथवा जरा अर्थात् वृद्धावस्था वलित और पलितके भेदसे दो प्रकारकी होती है। शरीरमें झुर्रियाँ पड़नेको वलित और केशोंके श्वेत होनेको पलित कहते हैं। आप इन दोनों ही प्रकारकी जराओंसे रहित हैं, अर्थात् जीवन-पर्यन्त आपकी युवावस्था बनी रहती है। अथवा स्त्री और पुरुष इन दोके संयोग होने पर उत्पन्न होनेवाले कामको भी द्विज कहते हैं। उसे जो 'राति' कहिए ग्रहण करते हैं, अर्थात् उसके वशमें हो जाते हैं, ऐसे हरि, हर, ब्रह्माको द्विजर कहते हैं। उनके मतका आप 'अजति' कहिये निराकरण करते हैं, अतएव द्विजराज कहलाते हैं (८०)। आपके ज्ञानकी शोचि अर्थात् किरणें सुधाके समान संसारको सुखदायक हैं, अतः आप सुधाशोचि कहलाते हैं (८१)। संसारमें रोगोंके निवारण करनेवाली जितनी भी औषधियाँ हैं, उनसे जन्म, जरा और मरणरूप रोग दूर नहीं होता, आप उनके भी निवारण करनेवाली रत्नत्रयरूप औषधिके प्रणेता हैं, अतः औषधीश, औषधीश्वर आदि नामोंसे पुकारे जाते हैं। अथवा उप अर्थात्

१ यहाँसे लेकर कुमुदबान्धव तकके नाम चन्द्रमाके हैं।

जन्म-जरा-मरणनिवारक इत्यर्थः । कलानां द्वासप्ततिसंख्यानां लोके प्रसिद्धानां निधिः निधानभूतः । नक्षत्राणां अश्वनीत्यादीनां नाथः स्वामी । शुभ्रा उज्ज्वलाः कर्ममलकलंकरहिताः अंशवः केवलज्ञानकिरणा यस्य । सूते उत्पादयति अमृतं मोक्षं सोमः, सूयते मेरुमस्तके अभिषिच्यते वा सोमः । अश्विद्वयुधृग्विशार्यिदभाया-लक्ष्म्यो मः । कुमुदानां भव्यकैरवाणां बान्धवः उपकारकारकः मोक्षप्रापकः । अथवा कुत्सिते अश्वमेधादिहिंसा-कर्मणि मुदं हर्षां वेषां ते कुमुदः, तेषामबान्धवः तन्मतोच्छेदकः ॥१०७॥ लेखेषु देवेषु ऋषभः श्रेष्ठः । न विद्यते इला भूमिर्यस्य स अनिलः, त्यक्तराज्यत्वात्, ऊर्ध्वान्तरिक्षचारित्वाद्वा, तनुवातवलये निराधारः स्थात्य-क्षीति वा । पुण्याः पवित्राः पापरहिताः जनाः सेवकाः यस्य, पुण्यजनो वा पुण्यजनः । अन्तर्गभितार्थमिदं

शरीरके दाह या मारणकी बुद्धिको औषधी कहते हैं । जैसे मृत पतिके साथ चितामें जलना, सती होना, नदी-समुद्रादिमें गिरकर मरना, फाँसी आदि लगाकर मरना, इत्यादि उपायोंसे आत्मघात करना । इस प्रकारके आत्मघातको आपने महापाप कहकर 'इयति' कहिए निराकरण किया है, इसलिए भी आप औषधीश नामको चरितार्थ करते हैं । अथवा तपश्चरणादिके द्वारा कर्मोंके जलानेकी बुद्धिको भी औषधी कहते हैं । उसके द्वारा ही 'शं' कहिए सदा सुख प्राप्त होता है, इस प्रकारके उपदेशको देनेके कारण भी आप औषधीश नामको सार्थक करते हैं (८२)। आप लोक-प्रसिद्ध बहत्तर कलाओंके निधि अर्थात् भंडार हैं, अतः कलानिधि कहलाते हैं । अथवा 'क' अर्थात् आत्मस्वरूपको जो लावे, प्राप्त करावे; ऐसी बारह भावनाओंको 'कला' कहते हैं । आप उनके निधि अर्थात् अक्षयस्थान हैं, इसलिए भी कलानिधि कहलाते हैं (८३)। अश्विनी, भरणी इत्यादि नक्षत्रोंके आप नाथ हैं, इसलिए नक्षत्रनाथ कहलाते हैं । अथवा नक्षत्र अर्थात् अन्यायको आपने नाथ कहिए संतापका कारण कहा है । अथवा नक्ष नाम गति अर्थात् ज्ञानका है, उसका जो त्राण करते हैं, उन्हें नक्षत्र अर्थात् ज्ञानी कहते हैं । उनके आप नाथ हैं, अतः आप नक्षत्रनाथ कहलाते हैं (८४)। आपके केवलज्ञानरूप सूर्यकी अंशु अर्थात् किरणें अत्यन्त शुभ या उज्ज्वल हैं, क्योंकि वे कर्ममल-कलंकसे रहित हैं, इसलिए आप शुभ्रांशु कहलाते हैं । अथवा लोकालोकके प्रकाशक शुभ्र अंशु अर्थात् निर्मल आत्मप्रदेशोंको आप धारण करते हैं, इसलिए शुभ्रांशु कहलाते हैं । अथवा अंशु नाम शिष्योंका भी है, आपके विविध ज्ञान और ऋद्धियोंके धारक अनेक निर्मल तपस्वी शिष्य विद्यमान हैं, अतः आप शुभ्रांशु नामको सार्थक करते हैं (८५)। आप 'सूते' कहिए अमृत और मोक्षको उत्पन्न करते हैं, इसलिए सोम कहलाते हैं । अथवा 'सूयते' अर्थात् मेरुमस्तक पर देवोंके द्वारा अभिषिक्त होते हैं, इसलिए भी सोम कहलाते हैं । अथवा 'सा' नाम सरस्वती और लक्ष्मीका है, आप इन दोनोंसे उमा अर्थात् युक्त हैं । अथवा उमा नाम कान्तिका भी है, आप उमाके साथ शोभाको प्राप्त होते हैं, इसलिए भी सोम कहलाते हैं (८६)। कुमुद अर्थात् भव्यजीवरूप कमलोंके आप बान्धव हैं, उपकारक हैं, उन्हें मोक्षमें पहुँचाते हैं, इसलिए आप कुमुदबान्धव कहलाते हैं । अथवा 'कु' अर्थात् पृथ्वीपर जो मोदको प्राप्त होते हैं, ऐसे इन्द्र, नरेन्द्र, धरणेन्द्रादिको कुमुद कहते हैं । उनके आप बान्धव हैं । अथवा अश्वमेधादि हिंसा कर्मवाले कुत्सित कार्योंमें जिन्हें हर्ष हो, ऐसे पापी याज्ञिकोंको कुमुद कहते हैं । आप उनके अबान्धव हैं, क्योंकि उनके मतका आप उच्छेद करते हैं (८७)। लेख नाम देवोंका है । आप उनमें ऋषभ अर्थात् सर्वश्रेष्ठ हैं, इसलिए लेखर्षभ कहलाते हैं (८८)। इला अर्थात् पृथ्वी जिसके पास न हो, उसे अनिल कहते हैं । आपने सर्व राज्यलक्ष्मी, पृथिवी आदिका परित्याग कर दिया है, इसलिए आप भी अनिल कहलाते हैं । अथवा आप गगन-विहारी हैं, पृथ्वीके आधारसे रहित हैं (८९)। पुण्य अर्थात् पवित्र या पापसे रहित जन (मनुष्य) आपके सेवक हैं, इसलिए आप पुण्यजन कहलाते हैं । अथवा भक्तोंको या संसारको पुण्यके जनक

नाम, पुण्यं जनयतीति पुण्यजनक इति भावः । पुण्यजनानां पुण्यवत्पुरुषाणामीश्वरः । धर्मस्य अहिंसालक्षणस्य चारित्रस्य रत्नत्रयस्य उत्तमक्षमादेश्च राजा स्वामी । भोगिनां नागेन्द्रादिदेवानां राजा । अथवा भोगिनां दशांग-भोगयुक्तानां चक्रवर्तिनां राजा । प्रकृष्टं सर्वेषां दुःखदारिद्र्यनाशनपरं चेतो मनो यस्य । भूमीनां अधोमध्योर्ध्व-लक्षणत्रैलोक्यलोकान् नन्दयति समृद्धिदानेन वर्धयतीति ॥१०८॥ त्रिजगज्जयनशीला सिंहिका तीर्थंकरजननी, तत्सुतत्वात् सिंहिकातनयः । राहुवत् पापकर्मसु क्रूरचित्तत्वाद्वा सिंहिकातनयः । छायां शोभां नन्दयति वर्धयतीति । अथवा छायायां अशोकतरुच्छायायां त्रैलोक्यलोकं सेवायां भिलिति नन्दयति, आनंदितं शोकरहितं च करोति । बृहतां सुरेन्द्र-नरेन्द्र-मुनीन्द्राणां पतिः । पूर्वदेवानामसुरादीनामुपदेष्टा संक्लेशपरिणामनिषेधकः । द्विजानां राज्ञां च समूहः सहर्षः भवो जन्म यस्य ॥१०९॥

॥ इति ब्रह्मशतम् ॥

अर्थात् उत्पादक हैं, इसलिए भी पुण्यजन कहलाते हैं (८०)। आप पुण्यवान् जनोंके ईश्वर हैं, अतः पुण्यजनेश्वर हैं (८१)। आप अहिंसा-लक्षण धर्मके, रत्नत्रयके या उत्तम क्षमादिरूप दश धर्मोंके राजा हैं, इसलिए आप धर्मराज कहलाते हैं । अथवा धर्मार्थ अर्थात् पशुहोमके लिए जो 'र' कहिए अग्निको सदा अपने घरमें रखते हैं, ऐसे ब्राह्मणोंको धर्मर कहते हैं । उनका आप 'अजति' कहिए निराकरण करते हैं, इसलिए लोग आपको धर्मराज कहते हैं (८२)। भोगी अर्थात् नागकुमारोंके आप राजा हैं । अथवा दशांग भोग भोगनेवाले चक्रवर्तियोंके आप राजा हैं, इसलिए आपको भोगिराज कहते हैं (८३)। आप सर्व प्राणियोंके दुःख-दारिद्र्य-नाशक प्रकृष्ट चित्तके धारक हैं, अतः प्रचेता कहलाते हैं । अथवा आपके मनका व्यापार प्रगत अर्थात् प्रणष्ट हो चुका है, यानी आप मनके सर्व संकल्प-विकल्पोंसे रहित हैं, इसलिए भी प्रचेता कहलाते हैं (८४)। तीनों लोकोंकी भूमियोंको अर्थात् उनपर रहनेवाले प्राणियोंको आप आनन्द पहुँचाते हैं, इसलिए भूमिनन्दन कहलाते हैं (८५)। सिंहके समान पराक्रमशालिनी और त्रिजगज्जयन-शीला आपकी माताको लोग सिंहिका कहते हैं, उसके आप पराक्रमी बलशाली तनय अर्थात् पुत्र हैं, इसलिए सिंहिकातनय कहलाते हैं । अथवा सिंहिकातनय राहुका भी नाम है । पापकर्म करनेवाले लोगोंके लिए आप राहुके समान क्रूर हैं (८६)। आप छाया अर्थात् शोभाको 'नन्दयति' कहिए बढ़ाते हैं, इसलिए छायानन्दन कहलाते हैं । आपके शुभागमनसे संसार सुख-सम्पन्न हो जाता है । अथवा आपकी वन्दनाके लिए आये हुए भव्यप्राणी अशोकवृक्षकी छायामें आकर आनन्दित हो जाते हैं और अपना-अपना शोक भूल जाते हैं, इसलिए भी आप छायानन्दन कहलाते हैं । अथवा छाया शब्द शोभा, कान्ति, सूर्यभार्या आदि अनेक अर्थोंका वाचक है, आप उन सबके आनन्द-वर्धक हैं (८७)। बृहतां अर्थात् सुरेन्द्र, नरेन्द्र, मुनीन्द्रादिके आप पति हैं, इसलिए बृहतांपति या बृहस्पति कहलाते हैं (८८)। पूर्वदेव अर्थात् असुरादि राक्षसोंके आप उपदेष्टा हैं, उनके अशुभ और संक्लेश-प्रचुर-कर्मोंका निषेध करते हैं, इसलिए पूर्वदेवोपदेष्टा कहलाते हैं । अथवा चतुर्दश पूर्वधारी गणधर देवोंके भी आप उपदेष्टा हैं (८९)। द्विज और राजाओंका आपके जन्मसे समूह अर्थात् हर्ष उत्पन्न होता है, इसलिए आप द्विजराजसमूह्य कहलाते हैं । अथवा द्विज अर्थात् मुनियोंमें जो 'राजते' कहिए शोभित होते हैं, ऐसे रत्नत्रयको द्विजराज कहते हैं । रत्नत्रयधारियोंमें ही आपके शुद्ध आत्मस्वरूपका जन्म होता है, इसलिए भी द्विजराजसमूह्य कहलाते हैं (१००)।

इस प्रकार अष्टम ब्रह्मशतक समाप्त हुआ ।

—※—

(९) अथ बुद्धशतम्

बुद्धो दशबलः शाक्यः षडभिज्ञस्तथागतः । समन्तभद्रः सुगतः श्रीधनो भूतकोटिदिक् ॥११०॥
सिद्धार्थो मारजिच्छास्ता क्षणिकैकसुलक्षणः । बोधिसत्त्वो निर्विकल्पदर्शनोऽद्वयवाद्यपि ॥१११॥
महाकृपालुर्नैरात्म्यवादी संतानशासकः । सामान्यलक्षणचयः पंचस्कन्धमयात्मदृक् ॥११२॥
भूतार्थभावनासिद्धः चतुर्भूमिकशासनः । चतुरार्यसत्यवक्ता निराश्रयचिदन्वयः ॥११३॥

बुद्धिः केवलज्ञानलक्षणा विद्यते यस्य । अथवा बुध्यते जानाति सर्वमिति । उत्तमक्षमामार्दवार्जव-सत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्याणि दशलक्षणानि धर्माणां इत्युक्तानां दशानां बलं सामर्थ्यं यस्य । अथवा दो दया-बोधश्च, ताभ्यां सबलः समर्थो दशबलः, श्लेषत्वात् स-शयोर्न भेदः । स्वमते शक्नोति शकः तीर्थकृत्पिता, शकस्यापत्यं पुमान् । अथवा अक अग कुटिलायां गतौ भ्वादौ परस्मैपदी । अकनं आकः केवलज्ञानम्, शं सुखं अनन्तमीक्ष्यम्; शं च आकश्च शाकौ, ताभ्यां निर्वृतः शाक्यः । यदुगवादितः । षट् जीवपुद्गलधर्माधर्मकालाकाशान् षड्द्रव्यसंज्ञान् पदार्थान् अभि समन्तात् जानातीति । तथेति सत्यभूतं गतं ज्ञानं यस्य । समन्तात् सर्वत्र भद्रं कल्याणं यस्य । अथवा समन्तं सम्पूर्णत्वभावं भद्रं शुभं यस्य । शोभनं गतं गमनं यस्य । अथवा सुष्ठु शोभनं गतं केवलज्ञानं यस्य । अथवा सुगा सुगमना अग्रेऽग्रे

अर्थ—हे बोधिनिधान, आप बुद्ध हैं, दशबल हैं, शाक्य हैं, षडभिज्ञ हैं, तथागत हैं, समन्तभद्र हैं, सुगत हैं, श्रीधन हैं, भूतकोटिदिक् हैं, सिद्धार्थ हैं, मारजित् हैं, शास्ता हैं, क्षणिकैकसुलक्षण हैं, बोधिसत्त्व हैं, निर्विकल्पदर्शन हैं, अद्वयवादी हैं, महाकृपालु हैं, नैरात्म्यवादी हैं, संतानशासक हैं, सामान्यलक्षणचय हैं, पंचस्कन्धमयात्मदृक् हैं, भूतार्थभावनासिद्ध हैं, चतुर्भूमिकशासन हैं, चतुरार्यसत्यवक्ता हैं, निराश्रयचित् हैं और अन्वय हैं ॥११०–११३॥

व्याख्या—यद्यपि बुद्ध आदि नाम बौद्धधर्मके प्रणेता बुद्धके हैं, तथापि ग्रन्थकारने अपने पांडित्यसे स्वमतके अनुसार अर्थ करके उन्हें जिनेन्द्र भगवान् पर घटित किया है। हे बोधिके निधान, आप केवलज्ञानरूप बुद्धिके धारण करनेवाले हैं, इसलिए बुद्ध कहलाते हैं। अथवा सर्व जगत्को जानते हैं, इसलिए भी बुद्ध कहलाते हैं (१)। आपके क्षमा, मार्दव, आर्जव आदि दश धर्म बल अर्थात् सामर्थ्यरूप हैं, इसलिए आप दशबल कहलाते हैं। अथवा 'द' शब्द दया और बोधका वाचक है, इन दोनोंके द्वारा आप सबल अर्थात् सामर्थ्यवान् हैं, इसलिए भी योगिजन आपको दशबल कहते हैं। श्लेषार्थकी अपेक्षा स और श में भेद नहीं होता। बौद्धमतमें बुद्धके दान, शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान, शान्ति, सामर्थ्य, उपाय, प्रणिधान और ज्ञान ये दश बल माने गये हैं (२)। जो सर्व शक्तिवाले कार्योंके करनेमें समर्थ हो, उसे शक कहते हैं, इस निरुक्तिके अनुसार तीर्थंकरोंके पिता शक कहे जाते हैं। आप उनके पुत्र हैं, इसलिए शाक्य कहलाते हैं। अथवा 'श' अर्थात् सुख और अक यानी ज्ञानको धारण करनेसे भी आप शाक्य कहलाते हैं। बौद्धमतमें बुद्धको शक राजाका पुत्र माना जाता है (३)। जीवादि छह द्रव्योंको उनके अनन्त गुण और पर्यायोंके साथ भलीभांति जाननेसे आप षडभिज्ञ कहलाते हैं। बुद्धके दिव्यचक्षु, दिव्यश्रोत्र, पूर्वभवस्मरण, परचित्तज्ञान, आस्रवक्षय और ऋद्धि ये छह अभिज्ञा पाई जाती है, इसलिए उन्हें षडभिज्ञ कहते हैं (४)। आपने वस्तुस्वरूपको तथा कहिए यथार्थ गत अर्थात् जान लिया है, इसलिए आप तथागत कहलाते हैं (५)। आप 'समन्तात्' अर्थात् सब ओरसे भद्र हैं, जगत्के कल्याण कर्ता हैं, अथवा आपका स्वभाव अत्यन्त भद्र है, इसलिए आप समन्तभद्र कहलाते हैं (६)। सुन्दर गत अर्थात् गमन करनेसे अथवा सुन्दर गत अर्थात् केवलज्ञान धारण करनेसे आप सुगत कहलाते हैं। अथवा सुगा अर्थात् सुन्दर और आगे गमन करने वाली 'ता' कहिए लक्ष्मी आपके पाई जाती है इसलिए भी आप सुगत कहलाते हैं (७)। श्री अर्थात् रत्न-सुवर्णादिरूप लक्ष्मीको वर्षानेके लिए

गामिनी ता लक्ष्मीर्यस्य । श्रिया लक्ष्म्या घनो मेघः, कनकवर्षित्वात् । वा श्रिया लक्ष्म्या केवलज्ञानादि-लक्ष्म्या निर्वृतः । भूतानां प्राणिनां कोटीरनन्तजीवान् दिशति कथयति मुक्तिगतेष्वपि अनन्तजीवेषु संसारे अनन्तानन्तजीवाः सन्तीति, न कदाचिदपि जीवराशिरद्यापि भवतीति शिक्षयति भूतकोटिदिक् ॥११०॥ सिद्धाः प्राप्तिभागता अर्था धर्मार्थकाममोक्षाख्यचत्वारो यस्य । मारं कंदर्पदर्पं जितवान् । शास्ति विनेयजनान् धर्मं शिक्षयति । सर्वे उत्पन्नतत्क्षयादयः पदार्था एकस्मिन् क्षणे एकस्मिन् समये उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य त्रयेण युक्ताः क्षणिका इदृशं क्षणं एकमद्वितीयं शोभनं लक्षणं सर्वज्ञत्वलाञ्छनं यस्य स तथोक्तः । रत्नत्रयपरिप्राप्तिर्बोधिः, बोधेः सत्त्वं विद्यमानत्वं अस्तित्वं सत्त्वरूपतया सर्वेषु प्राणिषु शक्तिरूपतया विद्यते यस्य मते स बोधिसत्त्वः । निर्विकल्पं अविशेषं सत्तावलोकनमात्रं दर्शनं यस्य स तथोक्तः । अथवा निर्विकल्पानि विचाररहितानि दर्शनानि अपरमतानि यस्य स तथोक्तः । निश्चयनयमाश्रित्य आत्मा च कर्म च एतद्द्वयं न द्वयं वदतीत्येवमवश्यं अद्वयवादी ॥१११॥ कृपा विद्यते यस्य स कृपालुः, महांश्चासौ कृपालुः महाकृपालुः, तद्वित

आप घनके समान हैं, क्योंकि आपके स्वर्गावतारके पूर्वसे ही भूतल पर रत्न-सुवर्णकी वर्षा होने लगती है। इसलिए श्रीघन कहलाते हैं। अथवा केवलज्ञानरूप लक्ष्मीसे आप घनीभूत अर्थात् निर्वृत हैं, अखण्ड ज्ञानके पिण्ड हैं (८)। भूत अर्थात् प्राणियोंकी 'कोटि' कहिए अनन्त संख्याका उपदेश देनेके कारण आप भूतकोटिदिक् कहलाते हैं। आपके मतानुसार प्राणियोंकी संख्या अनन्त है, निरन्तर मोक्षमें जाने पर भी उनका कभी अन्त नहीं आता। अथवा प्राणियोंके कोटि-कोटि पूर्व और उत्तर भवोंको आप जानते हैं और उनका उपदेश देते हैं। अथवा प्राणियोंको जो मिथ्या उपदेश के द्वारा 'कोटियन्ति' कहिए आकुल-व्याकुल करते हैं, ऐसे जिमिनि, कपिल, कणाद आदिको भी आप सन्मार्गका उपदेश देते हैं, अतः भूतकोटिदिक् कहलाते हैं। अथवा जीवोंके कोटि अर्थात् ज्ञानादि गुणोंके अतिशय वृद्धिका उपदेश देते हैं। अथवा अनन्त प्राणियोंके आप विश्राम-स्थान-भूत हैं, उनके आश्रयदाता हैं, इसलिए भी आपका यह नाम सार्थक है (९)। आपको अर्थ अर्थात् चारों पुरुषार्थ सिद्ध हो चुके हैं, अतः आप सिद्धार्थ हैं। अथवा सिद्ध अवस्थाको प्राप्त करना ही आपका अर्थ कहिए प्रयोजन है। अथवा जीव, अजीव आदि नव पदार्थ आपके द्वारा प्रसिद्धिको प्राप्त हुए हैं, इसलिए आप सिद्धार्थ कहलाते हैं। अथवा मोक्षका कारणभूत अर्थ कहिए रत्नत्रय आपके सिद्ध हुआ है, इसलिए भी आपका यह नाम सार्थक है (१०)। मार अर्थात् काम-विकारके जीत लेनेसे आप मारजित् कहलाते हैं। अथवा मा अर्थात् लक्ष्मी जिनके समीप रहती है, ऐसे इन्द्र, धरणेन्द्र, नरेन्द्रादिको मार कहते हैं, उन्हें आपने अपने दिव्य उपदेशके द्वारा जीत लिया है। बुद्धने स्कन्धमार, क्लेशमार, मृत्युमार और देवपुत्रमार इन चार मारोंको जीता था, इसलिए उन्हें मारजित् कहा जाता है (११)। सत्यधर्मका उपदेश देनेके कारण आप शास्ता कहलाते हैं (१२)। सभी पदार्थ क्षणिक हैं, अर्थात् प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप हैं, एकरूप स्थायी नहीं हैं; इस प्रकारका एक अर्थात् अद्वितीय सुन्दर सर्वज्ञताका प्रतिपादक लक्षण आपके पाया जाता है, अतः आप क्षणिकैकसुलक्षण कहलाते हैं (१३)। रत्नत्रयकी प्राप्तिको बोधि कहते हैं। इस बोधिका सत्त्व अर्थात् शक्तिरूपसे अस्तित्व सर्व प्राणियोंमें पाया है, इस प्रकारका उपदेश देनेके कारण आप बोधि-सत्त्व कहलाते हैं। अथवा बोधिरूप सत्त्व अर्थात् बल आपके पाया जाता है (१४)। आपने दर्शन को सत्तामात्रका ग्राहक और निर्विकल्प अर्थात् विकल्पशून्य प्रतिपादन किया है, अतः आप निर्वि-कल्पदर्शन कहलाते हैं। अथवा आपने मतान्तररूप अन्य दर्शनोंको निर्विकल्प अर्थात् विचार-शून्य प्रतिपादन किया है, क्योंकि उनका कथन प्रमाणसे बाधित है (१५)। एक-अनेक, नित्य-अनित्य, सत्-असत् आदि द्वैतोंको द्वय कहते हैं, आपने इन सबको अप्रामाणिक कहा है, अतः आप अद्वयवादी कहलाते हैं। अथवा निश्चयनयके अभिप्रायसे आत्मा और कर्मरूप द्वैत नहीं है ऐसा आपने कथन

आलुः । स्वमते नीरस्य जलस्य अप्कायिकस्य भावो नैरं नीरसमूहः, तदुपलक्षणं पंचस्थावराणाम् । तत्र आत्मा शक्तिरूपतया केवलज्ञानादिस्वभावो नैरात्मा, नैरात्मनो भावः नैरात्म्यम्, तद्वदतीति नैरात्म्यवादी, अतएव महाकृपालुरिति पूर्वमुक्तम् । अनादिसन्तानवान् जीवस्तत्सन्तानं शास्तीति सन्तानशासकः । शुद्ध-निश्चयनयमाश्रित्य सर्वे जीवाः शुद्धबुद्धैकस्वभावा इति वचनात् सर्वेषां जीवानां सामान्यलक्षणं तत्र चणो विचक्षणः, सामान्यलक्षणचणः । शुद्धाशुद्धनयमाश्रित्य पंचस्कन्धमयं पंचज्ञानमयमात्मानं पश्यतीति पंचस्कन्धमय्यात्मदृक् ॥११२॥ भूतार्थभावनया कृत्वा स्वामी सिद्धो घातिसंघातघातनो बभूव, केवलज्ञानं प्राप्तवान् इत्यर्थः । स्वमते तु चतुर्भूमिकं नरकतिर्यग्मनुष्यदेवगतिलक्षणं शासनं शिक्षणमुपदेशो यस्य । चतुरः मतिश्रुतावधि-मनःपर्ययज्ञानचतुष्टये प्रवीणाश्चतुरः श्रीमद्गणधरदेवाः । अर्यन्ते सेव्यन्ते गुणैर्गुणवद्भिर्वा आर्याः, चतुराश्च ते आर्याश्च चतुरार्याः, तेषां आर्यभूमिभवमनुष्यादीनां या सत्यस्य वक्ता चतुरार्यसत्य-वक्ता । निर्गतो निर्नष्ट आश्रयः स्थानं यस्याः सा निराश्रया; निराश्रया चित् चेतना यस्य । बुद्धस्य निराश्रयचित्, बौद्धमते किल चेतना निराश्रया भवति । स्वमते तु श्रीमद्भगवदर्हत्सर्वज्ञस्तु निराश्रयचित् निराश्रया रागद्वेषमोहसमस्तसंकल्पविकल्पादिजालरहिता चित् चेतना शुक्लध्यानैकलीलाभाव आत्मा यस्य स निराश्रयचित् । अनु पूर्वतो लग्नः अयः पुण्यं यस्य सोऽन्वयः ॥११३॥

किया है । इसलिए आपको अद्वयवादी कहते हैं (१६) । कृपा नाम दयाका है । आप महान् दयालु हैं, क्योंकि सूक्ष्म जीवों तककी रक्षा करनेका उपदेश देते हैं; अतः महाकृपालु कहलाते हैं (१७) । नीर नाम जलका है, नीरके समुदायको नैर कहते हैं । जलमें भी आत्मा है इस प्रकारका उपदेश देने से आप नैरात्म्यवादी कहलाते हैं । यहां नैर पदके उपलक्षणसे पृथिवी आदि पांचों स्थावरोंका ग्रहण किया गया है । अन्य मतवालोंने पृथिवी, जल आदिमें आत्मा नहीं माना है, किन्तु आपने उन सबमें शक्तिरूपसे उसी प्रकारका आत्मा माना है, जैसा कि हम और आपमें है और वे भी उन्नति करके मनुष्यादि पर्यायको प्राप्त कर सकते हैं । बुद्धने आत्मा नामक कोई पदार्थ नहीं माना है और दिखाई देनेवाले प्रत्येक पदार्थको आत्मासे रहित कहा है, अतः उन्हें नैरात्म्यवादी कहते हैं (१८) । आपने जीवको अनादि-सन्तानवाला कहा है, इसलिए आप सन्तानशासक कहलाते हैं । बुद्धने आत्माको न मानकर सन्तान नामक एक भिन्न ही पदार्थका उपदेश दिया है (१९) । निश्चयनयकी अपेक्षा सभी जीव शुद्धबुद्धैक-स्वभाववाले हैं, ऐसा जीवमात्रका सामान्य लक्षण प्रतिपादन करनेमें आप चण अर्थात् विचक्षण हैं, इसलिए सामान्यलक्षणचण कहलाते हैं (२०) । शुद्धाशुद्धनयकी अपेक्षा सभी जीव पांच स्कन्ध अर्थात् ज्ञानमय हैं, ऐसा आपने प्रतिपादन किया है, अतः पंचस्कन्ध-मयात्मदृक् कहलाते हैं । बुद्धने रूप, वेदना, विज्ञान, संज्ञा और संस्कार इन पांच स्कन्धमय आत्माको माना है (२१) । भूतार्थ अर्थात् सत्यार्थकी भावना करनेसे आप सिद्ध हुए हैं अतः भूतार्थभावना-सिद्ध कहलाते हैं । नास्तिक मतवाले पृथिव्यादि चार भूतोंकी भावना अर्थात् संयोगसे आत्माकी सिद्धि मानते हैं (२२) । आपके शासन अर्थात् मतमें संसारी जीवोंको नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगतिरूप चार भूमियोंमें विभक्त किया गया है, इसलिए आप चतुर्भूमिकशासन कहलाते हैं । अथवा आपने प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोगरूप चार भूमिका अर्थात् वस्तु-स्वरूप प्रतिपादन करनेवाले आधारोंका उपदेश दिया है । चार्वाकने पृथिवी आदि चार भूतोंसे युक्त सर्व जगत्को माना है (२३) । चार ज्ञानके धारक और आर्य अर्थात् सुयोग्य ऐसे गणधर देवोंको भी आप सत्यार्थका उपदेश देते हैं, अतः चतुरार्यसत्यवक्ता कहलाते हैं । बौद्धमतमें चार आर्यसत्य माने गये हैं, उनके वक्ता होनेसे बुद्धको उक्त नामसे पुकारा गया है (२४) । आपकी चित् अर्थात् चेतना राग, द्वेष, मोहादि सर्व विकल्प-जालोंसे रहित हैं, अतः आप निराश्रयचित् कहलाते हैं । बुद्धने चेतनाका कोई आश्रय नहीं माना है (२५) । आप अन्वय अर्थात् सन्तानरूपसे

योगो वैशेषिकस्तुच्छाभावभिन्नपदार्थदृक् । नैयायिकः षोडशार्थवादी पंचार्थवर्णकः ॥११४॥
ज्ञानान्तराध्यक्षबोधः समवायवशार्थभित् । भुक्तैकसाध्यकर्मान्तो निर्विशेषगुणामृतः ॥११५॥
सांख्यः समीक्ष्यः कपिलः पंचविंशतितत्त्ववित् । व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानी ज्ञानचैतन्यभेदृक् ॥११६॥
अस्वसंविदितज्ञानवादी सत्कार्यवादसात् । त्रिःप्रमाणोऽप्रमाणः स्याद्वाहंकारिकात्तदिक् ॥११७॥
क्षेत्रज्ञ आत्मा पुरुषो नरो ना चेतनः पुमान् । अकर्त्ता निर्गुणोऽमूर्त्तो भोक्ता सर्वगतोऽक्रियः ॥११८॥

योगो नैयायिकः, भगवांस्तु ध्यानयोगात् योगः । इन्द्रियजं ज्ञानं सामान्यं, अतीन्द्रियं ज्ञानं विशेषः । विशेषेण केवलज्ञानेन सह दीव्यति संस्पृष्ट. तरति चरति वा वैशेषिकः । तुच्छः गुणतुच्छत्वं अभावश्च आत्मनाशः तुच्छाभावौ तौ भिनत्ति उत्थापयति उच्छेदयति । जीव-पुद्गल-धर्माधर्मकालाकाशनामानः षट् पदार्थाः, तान् पश्यति जानाति च, द्रव्य-गुण-पर्यायतया सम्यग् वेत्तीति । न्याये स्याद्वादे नियुक्तो नैयायिकः । दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणानि षोडशार्थाः, तान् वदतीत्येवंशीलः । पंच च ते अर्थाः पंचार्थाः । ते के ? कुंद-

अनादि-निधन हैं, इसलिए अन्यय कहलाते हैं । अथवा आपके अनु अर्थात् पीठके पीछे 'अय' कहिए पुण्यका संचय लगा हुआ है, अर्थात् आप महान् पुण्यशाली हैं, इसलिए भी आप अन्यय कहलाते हैं (२६)।

अर्थ—हे वीतराग, आप योग हैं, वैशेषिक हैं, तुच्छाभावभित् हैं, षट्पदार्थदृक् हैं, नैयायिक हैं, षोड़शार्थवादी हैं, पंचार्थवर्णक हैं, ज्ञानान्तराध्यक्षबोध हैं, समवायवशार्थभित् हैं, भुक्तैकसाध्यकर्मान्त हैं, निर्विशेषगुणामृत हैं, सांख्य हैं, समीक्ष्य हैं, कपिल हैं, पंचविंशतितत्त्ववित् हैं, व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानी हैं, ज्ञानचैतन्यभेदृक् हैं, अस्वसंविदज्ञानवादी हैं, सत्कार्यवादसात् हैं, त्रिःप्रमाण हैं, अप्रमाण हैं, स्याद्वाहंकारिकात्तदिक् हैं, क्षेत्रज्ञ हैं, आत्मा हैं, पुरुष हैं, नर हैं, ना हैं, चेतन हैं, पुमान् हैं, अकर्त्ता हैं, निर्गुण हैं, अमूर्त्त हैं, भोक्ता हैं, सर्वगत हैं, और अक्रिय हैं ॥११४-११८॥

व्याख्या—उपर्युक्त नाम क्रमशः यौग, नैयायिक, वैशेषिक और सांख्यके हैं, किन्तु ग्रन्थकारने विशिष्ट अर्थ करके उन्हें जिनेन्द्रका पर्यायवाचक सिद्ध किया है। हे भगवन् आपके ध्यानरूप योग पाया जाता है, अतः आप यौग हैं (२७)। इन्द्रियज ज्ञानको सामान्य और अतीन्द्रिय ज्ञानको विशेष कहते हैं। आप अतीन्द्रिय केवलज्ञानके धारी हैं, अतः वैशेषिक कहलाते हैं (२८)। वैशेषिकोंने अभावको भावान्तर स्वभावी न मानकर तुच्छ अर्थात् शून्यरूप माना है, परन्तु आपने उसका खंडन करके उसे भावान्तरस्वभावी अर्थात् अन्य पदार्थके सद्भावस्वरूप सिद्ध किया है, अतः आप तुच्छाभावभित् कहलाते हैं (२९)। वैशेषिकोंने द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय नामक छह पदार्थोंको भावात्मक माना है, पर आपने उनका सबल युक्तियोंसे खंडन कर जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, इन छह पदार्थोंका उपदेश दिया है, अतः आप षट्पदार्थदृक् कहलाते हैं (३०)। जिसके द्वारा पदार्थ ठीक-ठीक जाने जाते हैं, उसे न्याय कहते हैं। आप स्याद्वादरूप न्यायके प्रयोक्ता हैं, अतः नैयायिक कहलाते हैं (३१)। नैयायिक मतवाले प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रहस्थान इन सोलह पदार्थोंको माननेके कारण षोडशार्थवादी कहलाते हैं। परन्तु आपने बताया कि दूसरोंको छल, जाति आदिके द्वारा वचनजालमें फंसाकर जीतनेका नाम न्याय नहीं है, और न संशय, छल वितण्डा जाति आदिके पदार्थपना ही बनता है। इसके विपरीत आपने दर्शनविशुद्धि, विनयसम्पन्नता, शीलव्रतानतिचार, आभीक्ष्णज्ञानोपयोग, आभीक्ष्णसंवेग, शक्तितस्त्याग, शक्तितस्तप, साधुसमाधि, वैयावृत्यकरण, अर्हद्भक्ति, आचार्यभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, आवश्यकापरिहाणि, मार्गप्रभावना और प्रवचनवत्सलत्व ये तीर्थंकरप्रकृतिके उपार्जनके

चंद्र-हिमपटल-मौक्तिकमालादयः, पंचार्थैः समानो वर्णः पंचार्थवर्णः, कः कायो यस्य तीर्थंकरपरमदेवसमुदायस्य स पंचार्थवर्णकः । अथवा पंचानां जीव-पुद्गल-धर्माधर्माकाशानां पंचास्तिकायानां वर्णकः प्रतिपादकः ॥३४॥ ज्ञानान्तरेषु मति-श्रुतावधि-मनःपर्ययेषु अध्यक्षः प्रत्यक्षीभूतः बोधः केवलज्ञानं यस्य । समवायवशा ये अर्थास्तन्तुपटवत् मिलितास्तान् भिनत्ति पृथक्त्वेन जानाति यः स समवायवशार्थभित् । भुक्तेन अनुभवनेन एकेन अद्वितीयेन साध्यः कर्मणामन्तः स्वभावो यस्य स तथोक्तः । निर्विशेषाः विशेषरहितास्तीर्थंकरपरमदेवानां अनगारकेवल्यादीनां च घातिसंघातने सति गुणाः अनन्तज्ञानानन्तदर्शनानन्तवीर्यानन्तसुखादयो यस्य मते स निर्विशेषगुणामृतः ॥३५॥ संख्यानं संख्या, तस्यां नियुक्तः । सम्यक् ईक्षितुं द्रष्टुं योग्यः । कंपिरत्र कपिः मनोमर्कटः, कपिं लाति विषय-कषायेषु गच्छन्तं लाति आत्मनि स्थापयति निश्चलीकरोति यो भगवान् तीर्थंकरपरमदेवः स कपिल उच्यते । पंचविंशतितत्त्वानां भावनानां स्वरूपं वेत्तीति । व्यक्ताः लोचनादीनां गोचराः संसारिणो जीवाः, अव्यक्ताः केवलज्ञानस्य गम्याः सिद्धपरमेष्ठिनः, व्यक्ताश्च अव्यक्ताश्च व्यक्ताव्यक्ताः, ते च ते शः जीवाः व्यक्ताव्यक्तशाः, तेषां विशिष्टं ज्ञानं शक्तितया व्यक्तितया केवलज्ञानं विद्यते यस्य मते स

करानेके कारण प्रयोजनभूत सोलह पदार्थोंका उपदेश दिया है अतः आप ही सच्चे षोड़शार्थवादी हैं (३२)। आपने पंच अस्तिकायरूप अर्थोंका वर्णन किया है, अतः आप पंचार्थवर्णक कहलाते (३३)। ज्ञानान्तरोंमें अर्थात् मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्ययज्ञानोंमें आपका केवलज्ञानरूप बोध अध्यक्ष है, प्रधान है, अतः आप ज्ञानान्तराध्यक्षबोध कहलाते हैं (३४)। समवाय अर्थात् अपृथक् आश्रयके वश रहनेवाले जो पदार्थ हैं, उन्हें आप पृथक्-पृथक् रूपसे जानते हैं, इसलिए समवायवशार्थभित् कहलाते हैं (३५)। किये हुए कर्मोंका अन्त अर्थात् विनाश एकमात्र फलको भोगनेके द्वारा ही साध्य है, इसप्रकारका उपदेश देनेके कारण आप भुक्तैकसाध्यकमन्त कहलाते हैं (३६)। आर्हन्त्यपद प्राप्त करने पर तीर्थंकरदेव या सामान्यकेवली आदि सभी निर्विशेष-गुणामृतवाले हो जाते हैं, अर्थात उनके अनन्तज्ञानादि गुणोंमें कोई भेद नहीं रहता, सभी समानरूपसे आत्मिक-गुणामृतका पान करते हैं और अजर-अमर हो जाते हैं; इसलिए आप निर्विशेषगुणामृत कहलाते हैं (३७)। संख्या अर्थात् गणना किये जाने पर—ईश्वरके अन्वेषण किये जाने पर आदिमें, मध्यमें या अन्तमें आप ही प्राप्त होते हैं; आपके अतिरिक्त अन्य कोई परमेश्वरकी गिनतीमें नहीं आता, अतः आपको लोग सांख्य कहते हैं (३८)। आप सम्यक् अर्थात् अच्छी तरह ईक्ष्य कहिए देखनेके योग्य हैं, अतः समीक्ष्य कहलाते हैं। अथवा समी कहिए समभाववाले योगियोंके द्वारा ही आप ईक्ष्य हैं, दृश्य हैं, अन्यके अगोचर हैं, अतएव समीक्ष्य कहे जाते हैं (३९)। कपि अर्थात् बन्दरके समान चञ्चल मनको जो लावे, अर्थात् वशमें करे, आत्मामें स्थापित करे, उसे कपिल कहते हैं। अथवा 'क' अर्थात् परमब्रह्मको भी जो लावे, उसे कपिल कहते हैं। आपने अपने ध्यानके बलसे परमब्रह्मस्वरूपको प्राप्त किया है और जीवात्मासे परमात्मा बने हैं, अतः कपिल कहलाते हैं (४०)। अहिंसादि पांचों व्रतोंकी पचीस भावनाओंके तत्त्व अर्थात् रहस्यको जाननेके कारण अथवा आस्रवके कारणभूत सम्यक्त्वक्रिया आदि पचीस क्रियाओंके स्वरूपको हेयोपादेयरूपसे जाननेके कारण आप पंचविंशतितत्त्वविद् कहलाते हैं। सांख्यलोग प्रकृति, महान्, अहंकार आदि पचीस तत्त्वोंको मानते हैं और उन्हें जाननेके कारण कपिलको पंचविंशतितत्त्वविद् कहते हैं (४१)। व्यक्तज्ञ अर्थात् इन्द्रियोंके गोचर ऐसे संसारी जीव और अव्यक्तज्ञ अर्थात् इन्द्रियोंके अगोचर ऐसे सिद्धजीव, इन दोनोंके अन्तरको आप भली भांतिसे जाननेवाले हैं, इसलिए आप व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानी कहलाते हैं। सांख्यमतमें प्रकृतिसे उत्पन्न होनेवाले चौबीस तत्त्वोंमेंसे शुद्धको व्यक्त और शुद्धको अव्यक्त माना गया है और आत्मा या पुरुषको ज्ञाता माना गया है। कपिल उन सबके विवेक या भेदको जानता है, इसलिए उसे व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानी कहते हैं

व्यक्ताव्यक्तशक्तिज्ञानी । सर्वे जीवाः शुद्धबुद्धैकस्वभावा इत्यभिप्रायवानित्यर्थः । चेतना त्रिविधा ज्ञानचेतना, कर्मचेतना, कर्मफलचेतना चेति । तत्र केवलिनां ज्ञानचेतना, त्रसानां कर्मचेतना, कर्मफलचेतना चेति द्वे स्थावराणां कर्मफलचेतनैव (नैव) । चेतनाया भावः चैतन्यं ज्ञानस्य चैतन्यस्य (च) भेदं पश्यतीति ॥ ११६ ॥ निर्विकल्पसमाधौ स्थित आत्मा राग-द्वेष-मोहादिसंकल्प-विकल्परहितत्वात् न स्वः संविदितो येन ज्ञानेन तत् अस्वसंविदितज्ञानं, ईदृशं ज्ञानं वदतीत्येवंशीलः । संगच्छते सत् समीचीनं कार्यं संवर-निर्जरादिलक्षणकार्यं कर्तव्यं करणीयं कृत्यं सत्कार्यं तस्य वादः शास्त्रं सत्कार्यवादः । असत्कार्यवादः सन् भगवान् सत्कार्यवादी भवति सत्कार्यवादसात्, अभिव्याप्तौ संपद्यतौ सातिर्वा इत्यनेन सूत्रेण सात्प्रत्ययः शतव्यम् । सादन्तमव्ययम् । त्रीणि सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि प्रमाणं मोक्षमार्गतयाऽभ्युपगतं यस्य । अथवा त्रिषु लोकेषु इन्द्र-धरणेन्द्र-मुनीन्द्रादीनां प्रमाणतयाऽभ्युपगतः । वा तिस्रः प्रमाः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि अनिति जीवयति त्रिप्रमाणः । अथवा आत्मा प्रमाणं यस्य । स्याद्वा इत्यस्य शब्दस्य अहंकारो वादः स्याद्वादंकारः । स्याद्वादंकारे नियुक्तः स्याद्वादंकारिकः अच्छ आत्मा स्याद्वादंकारिकाच्छः, ईदृशमच्छमात्मानं दिशति उपदेशयति स्याद्वादंकारिकाच्छदिक्, स्याच्छब्दपूर्वकवादविधायीत्यर्थः ॥११७॥ क्षियन्ति अधिवसंति तदिति क्षेत्रम्, सर्वधातुभ्यष्ट्रन् । क्षेत्रं अधोमध्योर्ध्वलोकलक्षणं त्रैलोक्यं अलोकाकाशं च जानाति क्षेत्रज्ञः । अत सातत्यगमने, अतति सततं गच्छति लोकालोकस्वरूपं जानातीति आत्मा । सर्वधातुभ्यो मन् । पुरुषि महति इन्द्रादीनां पूजिते पदे शेते तिष्ठतीति ।

(४२) । ज्ञानके पांच भेद हैं और चेतनाके ज्ञानचेतना, कर्मचेतना तथा कर्मफलचेतना ये तीन भेद हैं । केवली भगवान्के ज्ञानचेतना ही होती है । स्थावर जीवोंके कर्मफलचेतना ही होती है और त्रसजीवोंके कर्मचेतना और कर्मफलचेतना ये दोनों होती है । आप ज्ञान और चैतन्य अर्थात् चेतनाके भेदोंके या उनके पारस्परिक सम्बन्धके यथार्थ दर्शी हैं, अतः ज्ञानचैतन्यभेददृक् कहलाते हैं (४३) । निर्विकल्प समाधिमें स्थित आत्मा अपने आपको भी नहीं जानता, अर्थात् उस समय वह स्व-परके सर्व विकल्पोंसे रहित हो जाता है, इस प्रकारका कथन करनेसे आप अस्वसंविदितज्ञानवादी कहलाते हैं । सांख्य लोगोंके मतानुसार कोई भी ज्ञान अपने आपको नहीं जानता है, इसलिए वे अस्वसंविदितज्ञानवादी कहे जाते हैं (४४) । सत्कार्य अर्थात् समीचीन संवर, निर्जरा आदि उत्तम कार्य करनेका उपदेश देनेके कारण आप सत्कार्यवादसात् कहलाते हैं (४५) । सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ये तीन रत्न ही मोक्षमार्गमें प्रमाणरूपसे स्वीकार करनेके कारण आप त्रिप्रमाण कहलाते हैं । अथवा तीनों लोकोंमें इन्द्र, धरणेन्द्र और मुनीन्द्रोंके द्वारा आप ही प्रमाणरूप माने गये हैं । अथवा रत्नत्रयरूप तीन प्रमाओंको आप जीवित रखते हैं, इसलिए भी त्रिप्रमाण नामसे पुकारे जाते हैं । सांख्य प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द इन तीन प्रमाणोंको माननेके कारण त्रिप्रमाण कहलाता है (४६) । आपने अच्छ अर्थात शुद्ध आत्माको प्रमाण माना है, अतः लोग आपको अच्छप्रमाण कहलाते हैं । किन्तु सांख्यलोग अच्छ अर्थात् इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाले प्रत्यक्षज्ञानको प्रमाण माननेके कारण उक्त नामसे पुकारे जाते हैं (४७) । 'स्याद्वा' अर्थात् किसी अपेक्षासे ऐसा भी है, इस प्रकारके अहंकार कहिए वाद या कथन करनेको स्याद्वादंकार कहते हैं । आपने प्रत्येक आत्माको इस स्याद्वादके प्रयोग करनेका उपदेश दिया है, इसलिए स्याद्वादंकारिकाच्छदिक् कहलाते हैं (४८) । आप लोक और अलोकरूप क्षेत्रको जानते हैं, अतः क्षेत्रज्ञ कहलाते हैं । अथवा आत्माके शरीरमें निवास करनेके कारण आत्माको भी क्षेत्र कहते हैं । कोई आत्माको 'श्यामाकतन्दुल' अर्थात् सामके चावल बराबर मानता है, कोई अंगुष्ठप्रमाण कहता है और कोई जगद्व्यापी मानता है । आपने इन विभिन्न मान्यताओंका निराकरण करके उसे शरीर-प्रमाण ही सिद्ध किया है, अतः आत्माको क्षेत्ररूप शरीर-प्रमाण जाननेके कारण आप क्षेत्रज्ञ कहलाते हैं (४९) । आप 'अतति' कहिए लोकालोकके स्वरूपको जानते हैं, अतः आत्मा कहलाते हैं (५०) । पुरु अर्थात् इन्द्रादिसे पूजित पदमें शयन करते हैं, इसलिए पुरुष कहलाते हैं (५१) । नय अर्थात न्यायके

द्रष्टा तटस्थः कूटस्थो ज्ञाता निर्बन्धनोऽभवः । बहिर्विकारो निर्मोचः प्रधानं बहुधानकः ॥११९॥
प्रकृतिः ख्यातिरारूढप्रकृतिः प्रकृतिप्रियः । प्रधानभोज्योऽप्रकृतिर्विरम्यो विकृतिः कृती ॥१२०॥
मीमांसकोऽस्तसर्वज्ञः श्रुतिपूतः सदोत्सवः । परोक्षज्ञानवादीष्टपावकः सिद्धकर्मकः ॥१२१॥

नृणाति नयं करोति नरः । नृ नये, अच्प्रत्यादिभ्यश्च । अथवा न याति न किमपि गच्छतीति नरः । डोऽसंज्ञायामपि, परमनिर्ग्रन्थ इत्यर्थः । नयतीति समर्थतया भव्यजीवं मोक्षमिति ना, नयतीत्यिच्च इति तुन् प्रत्ययः । चेतयति लोकस्वरूपं जानाति शपयतीति वा, नेचादेयुः । पुनाति पुनीते वा पवित्रयति आत्मानं निजानुगं त्रिभुवनस्थितभव्यजनसमूहं पुमान् । पूञो डस्यश्च सिम्ननश्च, स पुमान् । पातीति पुमांसमिति केचित् । न करोति पापमिति । अथवा अं शिवं परमकल्याणं करोतीति । अथवा अस्य परमब्रह्मणः कर्ता, संसारिणं जीवं मोचयित्वा सिद्धपर्यायस्य कारक इत्यर्थः । निश्चिताः केवलज्ञानादयो गुणाः यस्य । अथवा निर्गता गुणाः रागद्वेष-मोह क्रोधादयोऽशुद्धगुणाः यस्मादिति । मूर्च्छा मोह-समुच्छ्राययोः, मूर्च्छयते स्म मूर्तः, मूर्तः मोहं प्राप्तः, न मूर्तो न मोहं प्राप्तः अमूर्तः । अथवा अमूर्तोः मूर्तिरहितः सिद्धपर्यायं प्राप्तः । भुंक्ते परमानन्दसुखमिति । सर्वं परिपूर्णं गतं केवलज्ञानं यस्य । अथवा ज्ञानापेक्षया, न तु प्रदेशापेक्षया, सर्वस्मिन् लोकेऽलोके च गतः प्राप्तः ।भगवान् खलु प्रमादरहितस्तेन प्रतिक्रमणादिक्रियागर्हितत्वादक्रियः ॥११८॥

करनेसे आप नर कहलाते हैं। अथवा नहीं कुछ भी ग्रहण करनेके कारण अर्थात् परम निर्ग्रन्थ होनेसे भी आप नर कहलाते हैं। अथवा अर अर्थात् कामविकारके न पाये जानेसे आपको नर कहते हैं। अथवा 'र' अर्थात् रमणी नहीं पाई जानेसे भी आपका नर नाम सार्थक है (५२)। आप भव्यजीवोंको 'नयति' कहिए मोक्षमार्ग पर ले जाते हैं, इसलिए ना कहलाते हैं (५३)। 'चेतति' कहिए लोकालोकके स्वरूपको जाननेके कारण आप चेतन कहलाते हैं (५४)। अपने आपको और अनुगामी जनोंको पवित्र करनेसे आप पुमान् कहलाते हैं (५५)। पापको नहीं करनेसे अकर्त्ता कहलाते हैं। अथवा 'अ' अर्थात् परमकल्याणके आप कर्त्ता हैं। अथवा 'अ' कहिए संसारी आत्माके परमब्रह्मस्वरूपको आप करनेवाले हैं, क्योंकि उन्हें संसारसे छुड़ाकर सिद्ध बनाते हैं (५६)। राग, द्वेषादि वैभाविक गुणोंके निकल जानेसे आप निर्गुण कहलाते हैं। अथवा केवलज्ञानादि स्वभाविकगुण आपमें निश्चितरूपसे पाये जाते हैं, इसलिए भी आप निर्गुण संज्ञाको सार्थक करते हैं अथवा 'निर्' अर्थात् निम्नवर्गके प्राणियोंको भी आप अपने समान अनन्त गुणी बना लेते हैं, इसलिए भी निर्गुण कहलाते हैं (५७)। मूर्च्छा या मोहको जो प्राप्त हो, उसे मूर्त्त कहते हैं, आप मोह-रहित हैं, अतः अमूर्त्त कहलाते हैं। अथवा रूपादि गुणवाले और निश्चित आकार-प्रकार वाले शरीरको मूर्त्ति कहते हैं। आप ऐसी मूर्त्तिसे रहित हैं, क्योंकि सिद्धपर्यायको प्राप्त हो चुके हैं, इसलिए भी अमूर्त्त कहलाते हैं। अथवा मूर्त्तिका नाम प्रतिनमस्कारका भी है, आप नमस्कारके बदलेमें किसीको नमस्कार नहीं करते हैं। अथवा कठिनताको भी मूर्त्ति कहते हैं, आप कठिनता या कर्कशतासे सर्वथा रहित हैं, उत्तममार्दवगुणके धारक हैं (५८)। परम आनन्दरूप सुखको भोगनेके कारण आप भोक्ता कहलाते हैं (५९)। सर्वको जाननेसे अथवा लोकपूरण-समुद्घातकी अपेक्षा सर्वव्यापक होनेसे आप सर्वगत कहलाते हैं (६०)। मन, वचन, कायकी क्रियासे रहित होनेके कारण आप अक्रिय कहलाते हैं। अथवा आप प्रमत्तदशामें होनेवाले पापोंकी शुद्धिके लिए किये जानेवाले प्रतिक्रमण आदि क्रियाओंसे रहित हैं, क्योंकि सदा अप्रमत्त या जागरूक हैं (६१)।

अर्थ—हे विश्वदर्शिन्, आप द्रष्टा हैं, तटस्थ हैं, कूटस्थ हैं, ज्ञाता हैं, निर्बन्धन हैं, अभव हैं, बहिर्विकार हैं, निर्मोच हैं, प्रधान हैं, बहुधानक हैं, प्रकृति हैं, ख्याति हैं, आरूढप्रकृति हैं, प्रकृतिप्रिय हैं, प्रधानभोज्य हैं, अप्रकृति हैं, विरम्य हैं, विकृति हैं, कृती हैं, मीमांसक हैं, अस्त-सर्वज्ञ हैं, श्रुतिपूत हैं, सदोत्सव हैं, परोक्षज्ञानवादी हैं, इष्टपावक हैं, और सिद्धकर्मक हैं ॥११९-१२१॥

केवलदर्शनेन सर्वं लोकालोकं पश्यतीत्येवंशीलः । तटे संसारपर्यंते मोक्षनिकटे तिष्ठतीति तटस्थः । नाभि स्थश्च कप्रत्ययः । कूटस्थः अप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकस्वभावत्वात्, त्रैलोक्यशिखराग्रे स्थित इत्यर्थः । तदपि भाविनयपेक्षया ज्ञातव्यम् । जानातीत्येवंशीलः । निर्गतानि बन्धनानि मोहज्ञानावरण दर्शनावरणान्तरायकर्माणि यस्य । न विद्यते भवः संसारो यस्य । बहिर्बाह्यो विकारो विकृतिर्यस्य स बहिर्विकारः, अनङ्गरहितो नग्न इत्यर्थः । वस्त्रादिकस्वीकारो विकारस्तन्मात्ररहितः । निश्चितो नियमेन मोक्षो यस्येति निर्मोक्षः, तद्भव एव मोक्षं यास्यतीति नियमोऽस्ति भगवतो निर्मोक्षरतेनोच्यते । दुधाञ् दुभृञ् धारण-पोषणयोरिति तावद्धातुर्वर्तते । प्रधीयते एकाग्रतया आत्मनि धार्यते इति प्रधानं परमशुक्लध्यानं, तद्योगाद्भगवानपि प्रधानमित्याद्यष्टलिंगतयोच्यते । बहु प्रचुरा निर्जरा तयोपलक्षितं धानकं पूर्वोक्तलक्षणं परमशुक्लध्यानं बहुधानकम्, तद्योगाद् भगवानपि बहुधानकम् ॥११६॥

कृतिः करणं कर्तव्यं तीर्थप्रवर्तनम्, प्रकृष्टा त्रैलोक्यलोकहितकारिणी कृतिस्तीर्थप्रवर्तनं यस्य स प्रकृतिः । ख्यानं प्रकृष्टं कथनं यथावत्तत्त्वस्वरूपनिरूपणं ख्यातिः, तद्योगाद् भगवानपि ख्यातिरित्याद्यष्टलिंगमिदं नाम, सकलतत्त्वस्वरूपप्रकथक इत्यर्थः । (आ स-) मन्तात् रूढा त्रिभुवनप्रसिद्धा प्रकृतिस्तीर्थकरनामकर्म यस्येति । प्रकृत्या स्वभावेन प्रियः सर्वजगद्वल्लभः । अथवा प्रकृतीनां लोकानां प्रियः प्रकृतिप्रियः सर्वलोकप्रिय इत्यर्थः ।

व्याख्या—आप केवलदर्शनके द्वारा सर्व लोकालोकको देखते हैं, अतः द्रष्टा हैं (६२)। संसारके तट पर स्थित हैं, अतः तटस्थ कहलाते हैं। अथवा परम उपेक्षारूप माध्यस्थ्यभावको धारण करनेसे भी तटस्थ कहलाते हैं (६३)। जन्म और मरणसे रहित होकर सदा कूट (ठूँठ) के समान स्थिर एक स्वभावसे अवस्थित रहते हैं, अतः कूटस्थ कहलाते हैं (६४)। केवलज्ञानके द्वारा सर्व जगत्को जानते हैं, अतः ज्ञाता कहलाते हैं (६५)। ज्ञानावरणादि घातिया कर्मोंके बन्धन आपसे निकल गये हैं, अतः निर्बन्धन कहलाते हैं (६६)। भव अर्थात् संसारके अभाव हो जानेसे आप अभव कहलाते हैं (६७)। आपने अपने सर्व विकारोंको बाहिर कर दिया है अतः बहिर्विकार कहलाते हैं। अथवा वस्त्रादिकोंके स्वीकारको विकार कहते हैं, आप उससे रहित हैं अर्थात नग्न-दिगम्बर हैं। अथवा आत्मस्वरूपको विरूप करनेवाला यह शरीर विकार कहलाता है, आपने उसे अपनी आत्मासे बाहिर कर दिया है। अथवा अणिमा, महिमा आदि ऋद्धियोंके द्वारा नाना प्रकारकी विक्रिया करनेको विकार कहते हैं, आप किसी भी ऋद्धिका उपयोग नहीं करते, अर्थात् उनकी विक्रियासे रहित हैं, अतः बहिर्विकार कहलाते हैं (६८)। आपके मोक्षकी प्राप्ति नियमसे उसी भवमें निश्चित है, अतः निर्मोक्ष नामको सार्थक करते हैं (६९)। जिसके द्वारा प्रकृष्टरूपसे एकाग्र होकर आत्माको धारण किया जाय, ऐसे परम शुक्लध्यानको प्रधान कहते हैं। उसके सम्बन्धसे आपभी प्रधान कहलाते हैं। सांख्यमतमें प्रकृतिसे उत्पन्न होनेवाले चौबीस तत्त्वोंके समुदायको प्रधान कहते हैं (७०)। बहु अर्थात् प्रचुर परिमाणमें जिसके द्वारा कर्मोंकी निजरी हो, ऐसे परम शुक्लध्यानको बहुधानक कहते हैं, उसके संयोगसे आप भी बहुधानक कहलाते हैं। अथवा बहुधा अर्थात् बहुत प्रकारके आनक कहिए पटह या दुन्दुभि आदि बाजे जिसमें पाये जाते हैं ऐसे आपके समवसरणको बहुधानक कहते हैं, उसके योगसे आपभी बहुधानक कहलाते हैं। समवसरण में साढ़े बारह करोड़ जातिके बाजे बजते रहते हैं (७१)। आपकी तीर्थ-प्रवर्तनरूप कृति प्रकृष्ट है अर्थात् त्रैलोक्यके लिए हितकारी है, अतः आपको प्रकृति कहते हैं। सांख्य लोग सतोगुण, रजोगुण और तमोगुणकी साम्यावस्थाको प्रकृति कहते हैं (७२)। तत्त्वके यथावत् स्वरूप-निरूपणको करनेसे आप ख्याति नामसे प्रख्यात हैं। सांख्यमतमें ख्यातिनाम मुक्तिका है (७३)। आपकी तीर्थंकर नामक प्रकृति त्रिभुवनमें आरूढ अर्थात् प्रसिद्ध है, अतः आप आरूढप्रकृति कहलाते हैं (७४)। आप प्रकृति अर्थात् स्वभावसे ही सर्व जगतके प्रिय हैं। अथवा प्रकृति

प्रकृष्टं धानं सावधानं आत्मन एकाग्रचिन्तनं अध्यात्मरसः, तद्भोज्यं आस्वाद्यं यस्य स प्रधानभोज्यः। दुष्ट प्रकृतीनां त्रिपष्टेः कृतक्षयत्वात् शेषाः अघातिप्रकृतयः सत्योऽपि असमर्थत्वात्तासां सत्त्वमपि असत्त्वं दग्धरज्जु रूपतया निर्बलत्वं अकिंचित्करत्वं यतः, तेन भगवानप्रकृतिः। सर्वेषां प्रभुत्वाद्वा अप्रकृतिः। त्रिशिष्टानामिन्द्र-धरणेन्द्र-नरेन्द्र-मुनीन्द्रादीनां त्रिशेषेण रम्योऽतिमनोहरो विरम्यः अतिशयरूप-सौभाग्यप्रकृतित्वात्। अथवा विगतं विनष्टं आत्मस्वरूपत्वादन्यन्मनोहरं वस्तु इष्टस्त्रीनितान्तनन्दनादिकं यस्य स विरम्यः, आत्मस्वरूपं विना भगवतोऽन्यद्वस्तु रम्यं मनोहरं न वर्त्तत इत्यर्थः। विशिष्टा कृतिः कर्तव्यता यस्येति। अथवा विगता विनष्टा कृतिः कर्म यस्येति। कृतं पुण्यं विद्यते यस्य स कृती, निदानदोषरहितविशिष्टपुण्यप्रकृतिरित्यर्थः ॥१२०॥

मान पूजायां इति तावदयं धातुः, मीमांसते मीमांसकः, स्वसमय-परसमयतत्त्वानि मीमांसते विचारय-तीति। सर्वं च ते शः सर्वज्ञः सर्वविद्वान्तः, जिमिनि-कपिल-कणचर चार्वाक-शाक्यादयः, अस्ताः प्रत्युक्ताः सर्वज्ञः येन सोऽस्तसर्वज्ञः। श्रुतिशब्देन सर्वज्ञवीतरागध्वनिः, तया पूतः पवित्रः, सर्वोऽपि पूर्वं सर्वज्ञश्रुत्या तीर्थंकरनामगोत्रं बध्वा पवित्रो भूत्वा सर्वज्ञः संजातस्तेन श्रुतिपूत उच्यते। सदा सर्वकालं उत्सवो महो महार्चा

अर्थात् लोकोंके प्रिय हैं, सर्व-लोक-वल्लभ हैं, इसलिए भी प्रकृतिप्रिय कहलाते हैं (७५)। अत्यन्त सावधान होकर आत्माका जो एकाग्र मनसे चिन्तवन किया जाता है और उससे जो अध्यात्मरस उत्पन्न होता है, उसे प्रधान कहते हैं। वह अध्यात्मरस ही आपका भोज्य अर्थात् भक्ष्य है। अन्य पदार्थ नहीं, क्योंकि आप कवलाहारसे रहित हैं, अतः प्रधानभोज्य कहलाते हैं (७६)। आपने कर्मोंकी मुख्य मानी जानेवाली तिरेसठ प्रकृतियोंका क्षय कर दिया है, अतः अघातिया कर्मोंकी अवशिष्ट पचासी प्रकृतियों का सत्त्व भी असत्त्वके समान है, अकिंचित्कर है, अतः आप अप्रकृति अर्थात् प्रकृति-रहित कहलाते हैं। अथवा आपका दूसरा कोई प्रकृति अर्थात् प्रभु नहीं है, किन्तु आप ही सबके प्रभु हैं (७७)। इन्द्र, धरणेन्द्र, नरेन्द्र आदि समस्त रम्य पुरुषोंसे भी आप विशिष्ट रम्य हैं, अति सुन्दर हैं, अतः विरम्य कहलाते हैं। अथवा आत्मस्वरूपके अतिरिक्त आपको कोई दूसरी वस्तु रम्य प्रतीत नहीं होती, इसलिए भी विरम्य कहलाते हैं (७८)। विशिष्ट कृति अर्थात् कर्त्तव्यके करनेसे आप विकृति कहलाते हैं। अथवा कृति अर्थात् कर्म आपके विगत हो चुके हैं, करनेयोग्य सर्व कार्योंको आप कर चुके हैं, कृतकृत्य हैं, कृतार्थ हैं, इसलिए भी विकृति कहलाते हैं (७९)। आपके निदानादि दोष-रहित विशिष्ट कृत अर्थात् पुण्य पाया जाता है, इसलिए आप कृती कहलाते हैं। अथवा हरि, हर और हिरण्यगर्भादिमें नहीं पाई जानेवाली इन्द्रादिकृत पूजाके योग्य आप ही हैं। अथवा अनन्तचतुष्टयसे विराजमान महान् विद्वान् होनेसे भी आप कृती कहलाते हैं (८०)। आप स्वसमय और परसमयमें प्रतिपादित समस्त तत्त्वोंकी मीमांसा अर्थात् समीक्षा कर उनकी हेय-उपादेयताका निर्णय करते हैं, इसलिए मीमांसक कहलाते हैं (८१)। अपने आपको सर्वज्ञ-माननेवाले जिमिनि, कपिल, कणाद, चार्वाक, शाक्य आदि सभी प्रवादियोंको आपने अपने स्याद्वादके द्वारा अस्त अर्थात् परास्त कर दिया है, इसलिए आप अस्तसर्वज्ञ कहलाते हैं (८२)। सर्वज्ञ वीतरागकी दिव्यध्वनिको श्रुति कहते हैं। आपने अपनी दिव्यध्वनिरूप श्रुतिके द्वारा सर्व जगत्को पूत अर्थात् पवित्र किया है, अतएव आप श्रुतिपूत कहलाते हैं। अथवा आपकी दिव्यध्वनि-को सुनकर भव्यप्राणी तीर्थंकर नामगोत्रको बांधकर पवित्र होते हैं। अथवा श्रुतिनाम वायुका भी है, वह आपके पृष्ठगामी होनेसे पवित्र हो गया है, और यही कारण है कि वह प्राणियोंके बड़े बड़े रोगोंको भी क्षणभर में उड़ा देता है, इसलिए भी आप श्रुतिपूत कहलाते हैं (८३)। आपका सदा ही उत्सव अर्थात् महापूजन होता रहता है, इसलिए आप सदोत्सव कहलाते हैं। अथवा सर्वकाल उत्कृष्ट सव अर्थात् अध्ययन-अध्यापनरूप या कर्म-क्षपणरूप यज्ञ होते रहने से भी आप सदोत्सव नामको सार्थक करते हैं (८४)। अक्ष अर्थात् इन्द्रियों से परे जो अतीन्द्रिय केवलज्ञान है, वही

चार्वाकको भौतिकः ज्ञानो भूताभिव्यक्तचेतनः । प्रत्यक्षैकप्रमाणोऽस्तपरलोको गुरुश्रुतिः ॥१२२॥
पुरन्दरविद्धकर्णो वेदान्ती संविदद्वयी । शब्दाद्वैती स्फोटवादी पाखण्डाप्तो नयोधयुक् ॥१२३॥

इति बुद्धशतम् ॥ ६ ॥

यस्य । अथवा सदा सर्वकाले उत्कृष्टः श्लो यशो यस्य । अक्षाणामिन्द्रियाणां परं परोक्षं केवलज्ञानं तदात्मनः वदतीत्येवंशीलः । इष्टाः अभीष्टाः पावकाः पवित्रकारकाः गणधरदेवादयो यस्य । सिद्धं समाप्तिं गतं परिपूर्णं जातं कर्म क्रिया चारित्रं यथाख्यातलक्षणं यस्येति सिद्धकर्मा, यथाख्यातचारित्रसंयुक्त इत्यर्थः । सिद्ध-कर्मा कः आत्मा यस्येति सिद्धकर्मकः, यथाख्यातचारित्रसंयुक्तात्मस्वरूप इत्यर्थः ॥१०१॥

अक अग कुटिलायां गतौ इति तावद्धातुः भ्वादिगणे घटादिमध्ये परस्मै भाषः । आकः अकनं आकः, कुटिला अकुटिला च गतिरुच्यते । यावन्तो गत्यर्था धातवस्तावन्तो ज्ञानार्था इति वचनादाकः केवल-ज्ञानम्, चार्विति विशेषणात् चारुः मनोहरस्त्रिभुवनस्थितभव्यजीवचित्तानन्दकारकः आकः केवलज्ञानं यस्येति चार्वाक । स्वमते भूतिर्विभूतिरैश्वर्यमिति वचनात् समवशरणोपलक्षिता लक्ष्मीरर्थो प्रातिहार्याणि चतुस्त्रिंशदतिशयादिकं देवेन्द्रादिसेवा च भूतिरुच्यते । मूल्या चरति विहारं करोति भौतिकं समवशरणादिलक्ष्मी-विराजितं ज्ञानं केवलज्ञानं यस्येति । अथवा भूतेभ्यो जीवेभ्य उत्पन्नं (भौतिकं) ज्ञानं यस्य मते स (भौति-) क ज्ञानः, इत्यनेन पृथिव्यादिभूतसंयोगे ज्ञानं भवतीति निरस्तम् । स्वमते भूतेषु जीवेषु अभिव्यक्ता प्रकटीकृता चेतना ज्ञानं येनेति । स्वमते प्रत्यक्षं केवलज्ञानमेव एकमद्वितीयं न परोक्षप्रमाणम्, अश्रुतादिकत्वात् केवलिनः

आत्माका स्वभाविकगुण है, अन्य इन्द्रिय-जनित ज्ञान नहीं; इस प्रकारके उपदेश देनेके कारण आप परोक्षज्ञानवादी कहलाते हैं (८५) । जगत्को पवित्र करनेवाले गणधर देवरूप पावक अर्थात् पावन पुरुष आपको इष्ट हैं, क्योंकि उनके द्वारा ही आपका पवित्र उपदेश संसारके कोने-कोनेमें पहुँचता है, अतः आप इष्टपावक कहलाते हैं । अथवा पावक अर्थात् पवित्र करनेवाले पुरुषोंमें आप ही सर्व जगत् को इष्ट अर्थात् अभीष्ट हैं, इसलिए भी आप इष्टपावक कहलाते हैं (८६) । कर्म अर्थात् यथाख्यातचारित्रकी प्राप्तिरूप कर्त्तव्यको आपने सिद्ध कर लिया है, इसलिए आपको सिद्धकर्मक कहते हैं । अथवा सीझने या पकानेको भी सिद्ध कहते हैं । आपने अपनी ध्यानाग्निके द्वारा कर्मोंको पका डाला है उन्हें निर्जराके योग्य कर दिया है, इसलिए भी आप उक्त नामको सार्थक करते हैं (८७) ।

अर्थ—हे चारुवाक्, आप चार्वाक् हैं, भौतिकज्ञान हैं, भूताभिव्यक्तचेतन हैं, प्रत्यक्षैक-प्रमाण हैं, अस्तपरलोक हैं, गुरुश्रुति हैं, पुरन्दरविद्धकर्ण हैं, वेदान्ती हैं, संविदद्वयी हैं, शब्दाद्वैती हैं, स्फोटवादी हैं, पाखंडाप्त हैं, और नयौधयुक् हैं ॥१२२-१२३॥

व्याख्या—विश्वको जाननेवाला आपका आक अर्थात् केवलज्ञान चारु है—सर्वजगत्के पाप-मलको धोनेवाला और भव्यजीवोंको आनन्द करनेवाला है, इसलिए आप चार्वाक कहलाते हैं । नास्तिक मतवाले चार्वाक ऋषिके शिष्यको चार्वाक कहते हैं (८८) । आपका केवलज्ञान भौतिक अर्थात् समवसरणादि लक्ष्मीसे संयुक्त है, ऐश्वर्य-सम्पन्न हैं, अतः आप भौतिकज्ञान कहलाते हैं । अथवा ज्ञानकी उत्पत्ति भूत अर्थात् प्राणियोंसे ही होती है, इस प्रकारका कथन करनेसे आप उक्त नामसे पुकारे जाते हैं । नास्तिक मतवाले ज्ञानको पृथिव्यादि चार भूतोंसे उत्पन्न हुआ मानते हैं (८९) । भूतोंमें अर्थात् जीवोंमें ही चेतना अभिव्यक्त होती है, अन्य अचेतन या जड़ पदार्थोंमें नहीं, ऐसा प्रतिपादन करनेसे आप भूताभिव्यक्तचेतन कहलाते हैं । नास्तिक मतवाले भूत-चतुष्टयके संयोगसे चेतनाकी उत्पत्ति मानते हैं, उनकी इस मान्यताका आपने खंडन किया है (९०) । केवलज्ञानरूप एक प्रत्यक्ष ज्ञान ही प्रमाण है, क्योंकि वह क्षायिक, अतीन्द्रिय और निरावरण है, अन्य परोक्ष ज्ञान नहीं, ऐसा प्रतिपादन करनेसे आप प्रत्यक्षैकप्रमाण नामसे पुकारे जाते हैं । नास्तिक लोग एक प्रत्यक्ष ज्ञानको ही प्रमाण मानते हैं (९१) । पर अर्थात

स प्रलक्षैकप्रमाणः । स्वमते अस्ताः निराकृतास्तत्सम्मतखंडनेन चूर्णीकृत्या अधः पातिताः परे लोका जिगिमि-कपिल-कणचर-चार्वाक-शाक्यादयो जैनमतबहिर्भूताः अनार्हताः येनेति । अथवा भगवान् मुक्तिं विना मोक्ष-मन्तरेणान्यां गतिं न गच्छतीति अस्तपरलोकः । गुरौ केवलज्ञानसमाना श्रुतिः शास्त्रं यस्येति ॥१२२॥ पुरन्दरेण त्रिदौ वज्रसूचिकया कर्णौ यस्य स पुरन्दरविद्धकर्णः । भगवान् खलु छिद्रसहितकर्णा एव जायते, परं जन्माभिषेकावसरे कोलिकपटलेनेव लक्ष्या अचेतनया मुद्रितकर्णच्छिद्रो भवति । शक्रस्तु वज्रसूचीं करे कृत्या तत्पटलं दूरीकरोति, तेन पुरन्दरविद्धकर्णः कथ्यते । स्वमते वेदस्य मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानलक्षण-ज्ञानस्य अन्तः केवलज्ञानं वेदान्तः, वेदान्तो विद्यते यस्य स वेदान्ती केवलज्ञानवानित्यर्थः । संविद् समीचीनं ज्ञानं केवलज्ञानम् , तस्य न द्वितीयं ज्ञानं संविदद्वयम् । संविदद्वयं विद्यते यस्यं स संविदद्वयी । स्वमते तु यावत्यो वाग्वर्गणाः विद्यन्ते शक्तिरूपतया तावत्यः शब्दहेतुत्वात् पुद्गलद्रव्यं स शब्द एव इति कारणात् भगवान् शब्दाद्वैतीत्युच्यते । स्वमते स्फुटति प्रकटीभवति केवलज्ञानं यस्मादिति स्फोटः, निजशुद्धबुद्धैकस्वभाव आत्मा स एवति मोक्षहेतुतया प्रतिपादयतीति स्फोटवादी । पाखण्डान् हन्ति, शुद्धान् कर्तुं गच्छति पाखण्डघ्नः । अथवा पाखण्डाः खण्डितव्रतास्तान् हन्ति योग्यप्रायश्चित्तेन शोधनदण्डेन ताडयति कच्छ-मोहाकच्छादिकानिव वृषभनाथवत् । नयानामोघः समूहस्तं युनक्तीति ॥१२३॥

इति वुद्धशतम् ॥ ६ ॥

जैनेतर या अनार्हत कपिल, कणाद आदि परमतावलम्बी लोकोंको आपने अपने अनेकान्तवादरूप अमोघ अस्त्रसे परास्त कर दिया है, अतः आप अस्तपरलोक कहलाते हैं। नास्तिक मतवाले परलोक अर्थात् परभवको नहीं मानते हैं (९२)। आपने द्वादशांगरूप श्रुतिको केवलज्ञानके समान ही गुरु अर्थात् गौरवशाली या उपदेश दाता माना है, अतः आप गुरुश्रुति कहलाते हैं। अथवा गुरु अर्थात् गणधरदेव ही आपकी बीजाक्षररूप श्रुतिको धारण कर ग्रन्थ-रूपसे रचते हैं। अथवा आपकी दिव्यध्वनि रूप श्रुति गंभीर एवं गौरवशालिनी है। अथवा मिथ्यादृष्टियोंके लिए आपकी श्रुति गुरु अर्थात् भारी या दुष्प्राप्य है। नास्तिकमतमें गुरु अर्थात् बृहस्पतिको शास्त्रों-का प्रणेता माना गया है (९३)। पुरन्दर अर्थात् इन्द्रके द्वारा आपका कर्णवेधन नामका संस्कार होता है, इसलिए आप पुरन्दरविद्धकर्ण कहलाते हैं। भगवान्के कर्ण यद्यपि गर्भसे ही छिद्र-सहित होते हैं, परन्तु उनपर मकड़ीके जालेके समान सूक्ष्म आवरण रहता है, इन्द्र उसे वज्रसूचीके द्वारा दूर करता है। वस्तुतः भगवान्का शरीर अभेद्य होता है (९४)। वेद अर्थात् ज्ञानकी परिपूर्णताको वेदान्त कहते हैं। केवलज्ञान ही पूर्ण ज्ञान है और आप उसके धारक हैं, अतः वेदान्ती कहलाते हैं। अथवा स्त्री, पुरुष, नपुंसकरूप लिंगको भी वेद कहते हैं। आपने इन तीनों वेदोंका अन्त कर दिया है, अतः वेदान्ती कहलाते हैं (९५)। केवलज्ञान ही सम्+धित् अर्थात् समीचीन ज्ञान है, उसके अतिरिक्त अन्य कोई दूसरा ज्ञान सम्यक् नहीं है, इस प्रकारके अद्वितीय केवलज्ञानके धारक होनेसे आप संविदद्वयी कहलाते हैं (९६)। सभी वचनवर्गणाएँ शब्दोंकी उत्पत्तिकी कारण हैं, अतः सर्व पुद्गलद्रव्य शक्तिरूपसे एकमात्र शब्दरूप है, ऐसा कथन करनेके कारण आप शब्दाद्वैती कहलाते हैं (९७)। जिसके द्वारा केवलज्ञान स्फुटित अर्थात् प्रकटित होता है, उस शुद्ध-बुद्ध आत्माको स्फोट कहते हैं, वही आत्माका स्वभाव है, ऐसा उपदेश देनेके कारण आप स्फोटवादी कहलाते हैं (९८)। पाखंड अर्थात् मिथ्यामतोंका घात करनेसे आप पाखंडघ्न कहलाते हैं (९९)। विभिन्न नयोंके समुदायको नयौघ कहते हैं। परस्पर निरपेक्ष नय मिथ्या हैं और सापेक्ष नय सत्य हैं, अतः नयोंकी प्रवृत्ति परस्पर-सापेक्ष ही करना चाहिए, इस प्रकारकी योजना करनेके कारण आप नयौघयुक् कहलाते हैं (१००)।

इस प्रकार नवम वुद्धशतक समाप्त हुआ ।

(१०) अथ अन्तकृच्छतम्

अन्तकृत्पारकृत्तीरप्राप्तः पारेतमःस्थितः । त्रिदंडी दंडितारातिर्ज्ञानकर्मसमुच्चयी ॥१२४॥
संहृतध्वनिरुत्सन्नयोगः सुप्राणवोपमः । योगस्नेहापहा योगकिट्टिनिर्लेपनोद्यतः ॥१२५॥
स्थितस्थूलवपुर्योगो गीर्मनोयोगकाश्यैकः । सूक्ष्मवाक्चित्तयोगस्थः सूक्ष्मीकृतवपुःक्रियः ॥१२६॥

अन्तं संसारस्यावसानं कृतवान् । पारं संसारस्य प्रान्तं संसारसमुद्रस्य पारतटं कृतवान् । तीरं संसार-समुद्रस्य तटं प्राप्तः । तमसः पापस्य परे पारेतमः, परे तमसि पापरहितस्थाने अष्टापद-सम्मेद-चम्पापुरी-पावापुरी-ऊर्जयन्तादौ सिद्धक्षेत्रे स्थितः योगनिरोधार्थं गतः पारेतमःस्थितः । त्रयो दंडा मनोवाक्कायलक्षणा योगा विद्यन्ते यस्य स त्रिदंडी । दंडिता जीवन्तोऽपि मृतसदृशाः कृताः मोहप्रभुपातनात् असद्वेद्यादिशत्रवो येन स दंडितारातिः । दंडिताः स्ववशीकृताः अरातयः जिमिनि-कणचर-चार्वाक-शाक्यादयो मिथ्यावादिनो येन स तथोक्तः । ज्ञानं च केवलं आत्मज्ञानं कर्म च पापक्रियाया विरमणलक्षणोपलक्षिता क्रिया यथाख्यातचारित्रमित्यर्थः, ज्ञान-कर्मणी, तयोः समुच्चयः समूहः स विद्यते यस्य ॥१२४॥ संहृतः संकोचितो मोक्षगमनकालनिकटे सति ध्वनिर्वाणी येन स तथोक्तः । उत्सन्ना विनाशं प्राप्ताः मनोवचनकायानां योगा

अर्थ—हे अन्तकान्तक, आप अन्तकृत् हैं, पारकृत् हैं, तीरप्राप्त हैं, पारेतमःस्थित हैं, त्रिदंडी है, दंडितारति हैं, ज्ञानकर्मसमुच्चयी हैं, संहृतध्वनि हैं, उत्सन्नयोग हैं, सुप्राणवोपम हैं, योगस्नेहापह हैं, योगकिट्टिनिर्लेपनोद्यत हैं, स्थितस्थूलवपुर्योग हैं, गीर्मनोयोगकाश्यैक हैं, सूक्ष्म-वाक्चित्तयोगस्थ हैं और सूक्ष्मीकृतवपुःक्रिय हैं ॥१२४-१२६॥

व्याख्या—हे भगवन्, आपने संसारका अन्त कर दिया, अतः अन्तकृत् कहलाते हैं। अथवा अन्त अर्थात् मरणका कृन्तन कहिए अभाव कर देनेसे भी अन्तकृत् कहलाते हैं। अथवा आप आत्माके स्वरूपके प्रकट करनेवाले हैं। अथवा आपने मोक्षको अपने समीप किया है। अथवा व्यवहारको छोड़कर निश्चयको करनेवाले हैं, इसलिए भी अन्तकृत कहलाते हैं (१)। संसारको पार कर लेनेसे पारकृत् कहलाते हैं (२)। संसार-समुद्रके तीरको प्राप्त कर लेनेसे तीर-प्राप्त कहलाते हैं (३)। तमके पार अर्थात् पाप-रहित स्थानमें स्थित होनेसे आप पारेतमःस्थित कहलाते हैं। भगवान् आर्हन्त्य-अवस्थाके अन्तमें योगनिरोध कर सिद्धपद प्राप्त करनेके लिए अष्टापद, सम्मेदशिखर, ऊर्जयन्त आदि सिद्धक्षेत्र पर अवस्थित हो जाते हैं। अथवा आप अज्ञानसे अत्यन्त दूर स्थित हैं, इसलिए भी पारेतमःस्थित कहलाते हैं (४)। मन, वचन, कायरूप तीनों योगोंका निरोध कर आपने उन्हें अच्छी तरह दंडित किया है, इसलिए त्रिदंडी कहलाते हैं। अथवा माया, मिथ्यात्व और निदान नामक तीन शल्योंको आपने जड़से उन्मूल कर दिया है, इसलिए भी त्रिदंडी कहलाते हैं (५)। अरति कहिए असातावेदनीयादि शत्रुओं-को आपने दंडित किया है अर्थात् जीवित रहते हुए भी उन्हें मृत-सदृश कर दिया है, क्योंकि मोहरूप कर्म-सम्राट्के क्षय कर देनेसे उनकी शक्ति सर्वथा क्षीण हो गई है, अतएव आप दंडिता-रति कहलाते हैं। अथवा जिमिनि, कणाद, चार्वाक आदि मिथ्यावादीरूप अरातियोंको आपने दंडित किया है, अपने वशमें किया है, इसलिए भी दंडितारति कहलाते हैं (६)। आप ज्ञान और कर्म अर्थात् यथाख्यातचारित्रके समुच्चय हैं, पुञ्ज हैं, अतः ज्ञानकर्मसमुच्चयी कहलाते हैं। अथवा परमानन्दरूप मोदके साथ रहनेको समुत् कहते हैं, आप ज्ञान, चारित्र और सुखके चय अर्थात् पिंड हैं, इसलिए ज्ञान-कर्मसमुच्चयी कहलाते हैं (७)। मोक्षगमनका समय समीप आने पर आप अपनी दिव्यध्वनिको संहृत अर्थात् संकोचित कर लेते हैं, इसलिए संहृतध्वनि कहलाते हैं (८)। आत्म-प्रदेशोंमें चंचलता उत्पन्न करनेवाले योगको आपने उत्सन्न अर्थात् विनाशको

सूक्ष्मकायक्रियास्थायी सूक्ष्मवाक्चित्तयोगहा । एकदंडी च परमर्षिः परमसंवरः ॥१२७॥
नैःकर्म्यसिद्धः परमनिर्जरः प्रज्वलत्प्रभः । मोचकर्मा त्रुटत्कर्मपाशः शैलेश्यलंकृतः ॥१२८॥
एकाकारसास्वादी विश्वाकारसाकुलः । अजीवन्नमृतोऽजाग्रदसुप्तः शून्यतामयः ॥१२९॥

आत्मप्रदेशपरिस्पन्दनहेतवो यत्रेति । सुप्तः कल्लोलरहितो योऽम्भोवर्णवः समुद्रः तस्य उपमा सादृश्यं यत्रेति सुप्तार्णवोपमः मनोवाक्कायव्यापारसहित इत्यर्थः । योगिनां (योगानां) मनोवाक्कायव्यापाराणां स्नेहं प्रतिपक्षहंतीति । अपाकृतेशतमरीरित्यनेन हनोर्घातोर्डप्रत्ययः । योगानां मनोवाक्कायव्यापाराणां या कृता किट्टिश्चूर्णं मंड्यादिदलनवत्, तस्याः निर्लेपनं निजात्मप्रदेशेभ्यो दूरीकरणम्, तत्र उद्यतो यत्नपरः ॥१२५॥ स्थितस्तावद्-गतिनिवृत्तिमागतः स्थूलवपुर्योगो बादरपरमौदारिककाययोगो यस्य स तथोक्तः । गौश्च वाक् च मनश्च चित्तं तयोर्योग आत्मप्रदेशस्पन्देहेतुः, तस्य कार्श्यकः कृशकारकः श्लक्ष्णविधायकः । पश्चाद्भगवान् सूक्ष्मवाङ्मान-सयोर्योगे तिष्ठति । अस्थूना सूक्ष्मा कृता सूक्ष्मीकृता वपुः क्रिया काययोगो येन स तथोक्तः ॥१२६॥

सूक्ष्मकायक्रियायां सूक्ष्मकाययोगे तिष्ठतीत्येवंशीलः सूक्ष्मकायक्रियास्थायी । पश्चाद्भगवान् कियत्काल-पर्यन्तं सूक्ष्मकाययोगे तिष्ठति । वाक् च चित्तं च वाक्चित्ते, तयोर्योगो वाक्चित्तयोगः सूक्ष्मश्चासौ वाक्चित्त-योगः सूक्ष्मवाक्चित्तयोगस्तं हन्ति विनाशयतीति । एको असहायो दंडः सूक्ष्मकाययोगः विद्यते यस्य स एकदंडी भगवान् उच्यते । कियत्कालं सूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिनामपरमशुक्लध्याने स्वामी तिष्ठतीति एकदण्डी

प्राप्त कर दिया है, अतः आप उत्सन्नयोग कहलाते हैं। अथवा विश्वासघातीको भी योग कहते हैं, आपने विश्वासघातियोंको उच्छिन्न कर दिया है, इसलिए आप उत्सन्नयोगी कहलाते हैं (९) आप सुप्त समुद्रकी उपमाको धारण करते हैं इसलिए सुप्तार्णवोपम कहलाते हैं। जिस प्रकार सुप्त समुद्र कल्लोल-रहित शान्त एवं नीरव स्तब्ध रहता है, उसी प्रकार आप भी योगके अभावसे आत्मप्रदेशोंकी चंचलतासे सर्वथा रहित हैं (१०)। मन, वचन कायके व्यापाररूप योगके स्नेहको आपने दूर कर दिया है, इसलिए योगस्नेहापह कहलाते हैं (११)। आप योगोंकी कृष्टियोंके निर्लेपके लिए उद्यत हुए हैं, अर्थात् योग-सम्बन्धी जो सूक्ष्म रजःकण आत्मप्रदेशोंपर अवशिष्ट हैं उन्हें दूर करनेके लिए तत्पर हुए हैं, अतः योगिजन आपको योगकिट्टिनिर्लेपनोद्यत कहते हैं (१२)। स्थूल वपुर्योग अर्थात् बादरपरमौदारिककाययोगको आपने स्थित कहिए निवृत्त किया है, अतः आप स्थितस्थूलवपुर्योग कहलाते हैं। भगवान् योग-निरोधके समय सर्व-प्रथम बादरकाययोगका निरोध करते हैं (१३)। पुनः बादरवचनयोग और बादरमनोयोगको कृश करते हैं, अर्थात् उन्हें सूक्ष्मरूपसे परिणत करते हैं, इसलिए आप गौर्मनोयोगकार्श्यक कहलाते हैं (१४)। पश्चाद् सूक्ष्म वचनयोग और सूक्ष्ममनोयोगमें अवस्थित रहते हैं, इसलिए उन्हें सूक्ष्मवाकचित्तयोगस्थ कहते हैं (१५)। पुनः भगवान् वपुः क्रिया अर्थात् औदारिककाययोगको सूक्ष्म करते हैं, इसलिए उन्हें सूक्ष्मीकृतवपुःक्रिय कहते हैं (१६)।

अर्थ—हे शीलेश, आप सूक्ष्मकायक्रियास्थायी हैं, सूक्ष्मवाकचित्तयोगहा हैं, एकदण्डी हैं, परमर्षि हैं, परमसंवर हैं, नैःकर्म्यसिद्ध हैं, परमनिर्जर हैं, प्रज्वलत्प्रभ हैं, मोचकर्मा हैं, त्रुटत्कर्मपाश हैं, शैलेश्यलंकृत हैं, एकाकारसास्वादी हैं, विश्वाकारसाकुल हैं, अजीवन् हैं, अमृत हैं, अजागृत हैं, असुप्त हैं और शून्यतामय हैं ॥१२७–१२९॥

व्याख्या—औदारिककाययोगको सूक्ष्म करनेके अनन्तर कुछ काल तक आप सूक्ष्मकाय-योगमें अवस्थित रहते हैं, इसलिए सूक्ष्मकायक्रियास्थायी कहलाते हैं (१७)। पुनः आप सूक्ष्म वचनयोग और सूक्ष्ममनोयोगका विनाश करते हैं, इसलिए सूक्ष्मवाकचित्तयोगहा कहलाते हैं (१८)। तदनन्तर आपके केवल एक सूक्ष्मकाययोगरूप दण्ड विद्यमान रह जाता है, इसलिए आप एकदण्डी कहलाते हैं। जितने समय तक भगवान् सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति नामक तृतीय शुक्लध्यानमें अवस्थित

प्रेयानयोगी चतुरशीतिलक्षगुणोऽगुणः । निःपीतानन्तपर्यायोऽविद्यासंस्कारनाशकः ॥१३०॥
बुद्धो निर्वचनीयोऽणुरणीयाननणुप्रियः । प्रेष्ठः स्थेयान् स्थिरोऽनिष्ठः श्रेष्ठो ज्येष्ठः सुनिष्ठितः ॥१३१॥
भूतार्थशूरो भूतार्थदूरः परमनिर्गुणः । व्यवहारसुपुप्तोऽतिजागरूकोऽतिसुस्थितः ॥१३२॥

कथ्यते, न तु काष्ठादिदण्डं करे करोति भगवान् । परम उत्कृष्टो हंस आत्मा कथ्यते । परम उत्कृष्टः संवरो निर्जराहेतुर्यस्य ॥१२७॥ निर्गतानि कर्माणि ज्ञानावरणादीनि यस्येति निःकर्मा । निःकर्मणां भावः कर्म वा नैःकर्म्यम् । नैःकर्म्ये सिद्धः प्रसिद्धो नैःकर्म्यसिद्धः । परमते ये अश्वमेधादिकं हिंसायज्ञकर्म न कुर्वन्ति ते वेदान्तवादिन उपनिषदि पाठकाः नैःकर्म्यसिद्धा उच्यन्ते । परमा उत्कृष्टा असंख्येयगुणा कर्मणां निर्जरा यस्येति । प्रज्वलन्ती लोकालोकं प्रकाशयन्ती प्रभा केवलज्ञानतेजो यस्य स तथोक्तः । मोघानि निःफलानि कर्माणि असद्वेद्यादीनि यस्येति । त्रुटन्ति स्वयमेव छिद्यन्ते कर्मोष्णीष पाशा यस्येति त्रुटत्कर्मपाशः, उत्कृष्ट-निर्जरावानित्यर्थः । शीलानां अष्टादशसहस्रसंख्यानामीशः शीलेशः । शीलेशस्य भावः शैलेशी । ष्ण्यं च स्त्रीनपुंसकाख्या । शैलेश्या शीलप्रभुत्वेन अलंकृतः शैलेश्यलंकृतः ॥१२८॥ एकश्चासावाकारः एकाकारः, एकं विशेषशानं केवलशानमित्यर्थः । एकाकार एव रसः परमानन्दामृतं तस्य आस्वादोऽनुभवनं यस्य स एकाकाररसास्वादः, निजशुद्धबुद्धैकस्वभावात्मज्ञानामृतरसानुभवनवानित्यर्थः । विश्वस्य लोकालोकस्य आकारो विशेषशानं, स एव रसः अनन्तसौख्योत्पादनं; तत्र आकुलो व्याप्तः । आनप्राणायुर्हितत्वात् अजीवन् । न मृतः अमृतः, जीवन्मुक्तत्वात् । न जागर्तीति अजाग्रत् योगनिद्रास्थितत्वात् । आत्मस्वरूपे सावधानत्वात् न मोहनिद्रां प्राप्तः । शून्यतया मनोवचनकायव्यापाररहितत्वात् ॥१२९॥

रहते हैं, उतने समय तक उनको एकदण्डी संज्ञा रहती है (१९)। आप कर्म और आत्माको क्षीर-नीरके समान उत्कृष्ट विवेक करनेवाले हैं, अतः आपको परमहंस कहते हैं (२०)। आपके सर्व कर्मोंके आस्रवका सर्वथा निरोध हो गया है, अतः आप परमसंवर कहलाते हैं (२१)। आपने सर्व कर्मोंका अभाव कर सिद्धपद प्राप्त किया है, अतः आप नैःकर्म्यसिद्ध कहलाते हैं (२२)। आपके कर्मोंकी असंख्यातगुणश्रेणीरूप परम अर्थात् उत्कृष्ट निर्जरा पाई जाती है, इसलिए आप परमनिर्जर कहलाते हैं (२३)। आपके प्रज्वलत्प्रभावाला अर्थात् लोकालोकको प्रकाशित करनेवाला अतिशय प्रभावान् केवलज्ञानरूप तेज पाया जाता है, इसलिए आप प्रज्वलत्प्रभ कहलाते हैं (२४)। आपने विद्यमान अघातिया कर्मोंको मोघ अर्थात् निष्फल कर दिया है, इसलिए आपको मोघकर्मा कहते हैं (२५)। आपके कर्मोंके पाश अर्थात् बन्धन स्वयमेव ही प्रतिक्षण टूट रहे हैं, इसलिए आपको त्रुटत्कर्मपाश कहते हैं (२६)। शीलके अठारह हजार भेदोंको धारण करनेसे आप शैलेश्यलंकृत कहलाते हैं (२७)। आप एक आकाररूप अर्थात् निज शुद्धबुद्धैकस्वभावरूप ज्ञानामृतरसके आस्वादन करनेवाले हैं, अतः एकाकाररसास्वादी कहलाते हैं (२८)। विश्वाकार अर्थात् लोकालोकके आकार रूप जो विशिष्ट ज्ञानामृतरस है, उसके आस्वादनमें आप आकुल कहिए निरत हैं, अर्थात् निजानन्द रस लीन हैं अतएव आप विश्वाकाररसाकुल कहलाते हैं (२९)। आप जीवित रहते हुए भी श्वासोच्छ्वास नहीं लेते हैं अर्थात् आनापानवायुसे रहित हैं, इसलिए अजीवन् कहलाते हैं (३०)। आप मरणसे रहित हैं, अर्थात् जीवन्मुक्त हैं, अतः अमृत कहलाते हैं (३१)। आप योगनिद्रामें अवस्थित हैं अतः अजाग्रत कहलाते हैं (३२)। आप आत्मस्वरूपमें सावधान हैं, मोहनिद्रासे रहित हैं, अतः असुप्त कहलाते हैं (३३)। आप शून्यरूप हैं, अर्थात् मन, वचन, कायके व्यापारसे रहित हैं, अतएव शून्यतामय कहलाते हैं (३४)।

अर्थ—हे जागरूक, आप प्रेयान् हैं, अयोगी हैं, चतुरशीतिलक्षगुण हैं, सगुण हैं, निःपीतानन्तपर्याय हैं, अविद्यासंस्कारनाशक हैं, बुद्ध हैं, निर्वचनीय हैं, अणु हैं, अणीयान् हैं, अनणुप्रिय हैं, प्रेष्ठ हैं, स्थेयान् हैं, स्थिर हैं, निष्ठ हैं, श्रेष्ठ हैं, ज्येष्ठ हैं, सुनिष्ठित हैं, भूतार्थशूर हैं, भूतार्थदूर हैं, परमनिर्गुण हैं, व्यवहारसुषुप्त हैं, अतिजागरूक हैं और अतिसुस्थित हैं ॥१३०-१३२॥

अतिशयेन प्रियः (प्रेयान्)। न विद्यन्ते योगा मनोवाक्कायव्यापारा यस्येति। चतुरशीतिलक्षा गुणा यस्येति। न विद्यन्ते गुणा रागादयो यस्य सोऽगुणः। निःपीताः अविचलिताः केवलज्ञाननेत्रे प्रवेशिताः अनन्ताः सर्वद्रव्याणां पर्याया येन स तथोक्तः। अविद्या अज्ञानं तस्याः संस्कार आसंसारमभ्यासोऽनुभवनं तस्य नाशकः मूलादुन्मूलकः, निर्मूलकार्यं कारकः ॥१३०॥ वर्धते स्म वृद्धः, केवलज्ञानेन लोकालोकं व्याप्नोति स्मेति समुद्घातापेक्षया लोकप्रमाणो वा वृद्धः। निर्वक्तुं निरुक्तिमानेतुं शक्यो निर्वचनीयः। अथवा निर्गतं वचनीयमपकीर्तिर्यस्य यस्माद्वा। 'अण रण चण भण मण कण क्वण ध्वन ध्वन शब्दे', अणति शब्दं करोति अणुः। 'पचसिचसिद्यनिमनित्रपिद्यदिकेदिवंधिचबाणिभ्यश्च उप्रत्ययः' अणुरिति जातम्। अणोरप्यतिसूक्ष्मः अणीयान्। न अणवः, न अल्पो अनणवो महान्तः इन्द्र मुनीन्द्र-चन्द्रादयः, तेषां प्रियः अतीवाभीष्टः। अतिशयेन इन्द्र-धरणेन्द्र-मुनीन्द्र-चन्द्रादीनां प्रियः प्रेष्ठः। अतिशयेन स्थिरः।

व्याख्या—हे सर्व हितंकर, आप जगत्को अतिशय प्रिय हैं, अतः प्रेयान् कहलाते हैं (३५)। आप योग-रहित हैं, अतः अयोगी हैं (३६)। आपके चौरासी लाख उत्तर गुण पाये जाते हैं[1], अतः योगिजन आपको चतुरशीतिलक्षगुण नामसे पुकारते हैं (३७)। राग, द्वेष आदि वैभाविक गुणोंके अभावसे आपको अगुण कहते हैं (३८)। सर्व द्रव्योंकी अविचलित अनन्त पर्यायोंको आपने अच्छी तरह पी लिया है, अर्थात् केवलज्ञानके द्वारा जान लिया है, उन्हें आत्मसात् कर लिया है, अतः आपको निःपीतानन्तपर्याय कहते हैं (३९)। अविद्या अर्थात् अनादि-कालीन अज्ञानके संस्कारका आपने सर्वथा विनाश कर दिया है, अतः आपको अविद्यासंस्कारनाशक कहते हैं। अथवा आपने अविद्याको अपने विशिष्ट संस्कारोंसे नाश कर दिया है (४०)। आप सदा वृद्धिको प्राप्त होते रहते हैं, अथवा लोकपूरण-समुद्घातकी अपेक्षा सबसे बड़े हैं, अथवा केवलज्ञानकी अपेक्षा लोकालोकमें व्याप्त हैं, अतः वृद्ध कहलाते हैं (४१)। आप निरुक्तिके द्वारा वचनीय अर्थात् कहनेके योग्य हैं, अथवा वचनीय अर्थात् निन्दा-अपवादसे रहित हैं, अतः निर्वचनीय कहलाते हैं (४२) 'अणिति, शब्दं करोतीत्यणुः' अर्थात् जो शब्द करे उसे अणु कहते हैं। अर्हन्त अवस्थामें आपकी दिव्यध्वनि खिरती है, अतः आप भी अणु कहलाते हैं। अथवा पुद्गलके सबसे छोटे अविभागी अंशको अणु कहते हैं। वह अतिसूक्ष्म होनेसे इन्द्रियोंके अगोचर रहता है। आप योगियोंके भी अगम्य हैं, अतः अणुसदृश होनेसे अणु कहलाते हैं (४३)। आप अणुसे भी अत्यन्त सूक्ष्म हैं, इसलिए अणीयान् कहलाते हैं। अणु यद्यपि सूक्ष्म है, इन्द्रियोंके अगोचर है, तथापि वह मूर्त्त होनेसे अवधि-मनःपर्ययज्ञानियोंके दृष्टि-गोचर हो जाता है। पर आप अवधि-मनःपर्ययज्ञानी महायोगियोंके भी अगोचर हैं, क्योंकि अमूर्त्त हैं, अतः अतिसूक्ष्म होनेसे आपको अणीयान् कहते हैं (४४)। अणुता अर्थात् क्षुद्रतासे रहित महान् पुरुषोंको अनणु कहते हैं। आप इन्द्र, नागेन्द्र, मुनीन्द्रादि महापुरुषोंके प्रिय हैं, अभीष्ट वल्लभ हैं, अतः अनणुप्रिय कहलाते हैं। अथवा शरीर-स्थितिके लिए स्वभावतः आनेवाले नोआहारवर्गणाके परमाणु भी आपको अभीष्ट नहीं हैं, क्योंकि योगनिरोध करनेपर आप उन्हें भी ग्रहण नहीं करते हैं, इसलिए भी अनणुप्रिय कहलाते हैं (४५)। आप सर्व जगत्को अत्यन्त प्रिय हैं, अतः प्रेष्ठ कहलाते हैं (४६)। योग निरोध करने पर अर्थात् अयोगिकेवली गुणस्थानके प्राप्त हो जानेपर आप प्रदेश-परिस्पन्दसे रहित निश्चल रहते हैं, अतः एकरूपसे स्थिर रहनेके कारण आप स्थिर कहलाते हैं[2] (४७)। अत्यन्त स्थिरको स्थेयान् कहते हैं। आप सुमेरुके समान अचल हैं, अतः स्थेयान् कहलाते हैं (४८)। आप अपने ध्येयमें अत्यन्त दृढ़ता-पूर्वक स्थिर हैं अतः निष्ठ कहलाते हैं (४९)। अत्यन्त प्रशंसाके योग्य होनेसे आपको श्रेष्ठ कहते हैं (५०)। ज्ञानकी अपेक्षा अत्यन्त वृद्ध होनेसे आप ज्येष्ठ

१ विशेषके लिए प्रस्तावना देखिये। २ अर्थकी सुविधाके लिए स्थेयानसे पहले स्थिरको रखा है।

उदितोदितमाहात्म्यो निरुपाधिरकृत्रिमः । अमेयमहिमाऽत्यन्तशुद्धः सिद्धिस्त्वयंवरः ॥१३३॥
सिद्धानुजः सिद्धपुरीपान्थः सिद्धगणातिथिः । सिद्धसंगोन्मुखः सिद्धालिंग्यः सिद्धोपगूहकः ॥१३४॥
पुष्टोऽष्टादशसहस्रशीलाश्वः पुण्यशंबलः । वृत्ताम्रयुग्यः परमशुक्ललेश्योऽपचारकृत् ॥१३५॥

योगनिरोधे सति उच्छ्वासनेन पद्मासनेन वा तिष्ठति निश्चलो भवतीति स्थिरः । अतिशयेन प्रशस्यः, अतिशयेन वृद्धः, प्रशस्यो वा ज्येष्ठः । सुष्ठु शोभनं यथा भवति तथा त्यतिशयेन स्थितः सुनिष्ठितः । यति-स्थति-मात्मान्त्यगुणे इत्वं । अथवा शोभना निष्ठा योगनिरोधः संजातो यस्येति सुनिष्ठितः । तारकितादिदर्शनात् संजातेऽर्थे इतच्प्रत्ययः ॥१३१॥ भूतार्थेन परमार्थेन सत्यार्थेन शूरो भूतार्थशूरः, पापकर्मसेनाविध्वंसनसमर्थत्वात् । अथवा भूतानां प्राणिनां अर्थे प्रयोजने स्वर्ग-मोक्षसाधने शूरः सुभटः । अथवा भूतः प्राप्तः अर्थः आत्मपदार्थो येन स भूतार्थः, कृतार्थस्तत्र शूरः । अकातरः । भूतार्थ. सत्यार्थो दूरः केवलज्ञानं विना अगम्यत्वात् विप्रकृष्ट. । अथवा भूता अतीता ये अर्थाः पंचेन्द्रियविषयाः भुक्तमुक्तास्तेभ्यो दूरो विप्रकृष्टः स्पर्शेन्द्रियविषयाणामनिकट इत्यर्थः । निर्गताः गुणा राग-द्वेष-मोहादयोऽशुद्धगुणा यस्मादिति निर्गुणः, परम उत्कृष्टो निर्गुणः परमनिर्गुणः । व्यवहारे विहार-कर्मणि धर्मोपदेशादिके च सुष्ठु अतिशयेन सुप्तो निश्चिन्तः अव्याकृतः । जागर्तीत्येवंशीलः जागरूकः, आत्मस्वरूपे सदा सावधानः । अतिशयेन जागरूकः अतिजागरूकः । अतिशयेन सुस्थितः सुखीभूतः ॥१३२॥

उदितादप्युदितं परमप्रकर्षमागतं माहात्म्यं प्रभावो यस्य स तथोक्तः । निर्गता उपाधिर्धर्मचिन्ता

कहलाते हैं (५१) । आप अच्छी तरहसे आत्मामें स्थित हैं, अतः सुनिष्ठित कहलाते हैं (५२)। भूतार्थ अर्थात् परमार्थसे आप शूर-वीर हैं, क्योंकि कर्मोंकी सेनाका आपने विध्वंस किया है, इसलिए भूतार्थशूर कहलाते हैं । अथवा भूत अर्थात् प्राणियोंके अर्थ कहिए प्रयोजन या अभीष्टको पूर्ण करने में आप शूर हैं, सुभट हैं । अथवा भूतार्थ अर्थात् सत्यार्थमें आप शूर हैं । अथवा आत्मस्वरूपकी प्राप्तिरूप प्रयोजन आपका पूर्ण हो गया है, ऐसे शूर होनेसे भी आपको भूतार्थशूर कहते हैं (५३)। भूतकालमें भोगकर छोड़े हुए पंचेन्द्रियोंके विषयोंको भूतार्थ कहते हैं, आप उनसे दूर हैं, अर्थात् सर्वथा रहित हैं, अतः भूतार्थदूर कहलाते हैं । अथवा भूत कहिए प्राणियोंके प्रयोजनभूत अर्थोंसे आप अत्यन्त दूर हैं । अथवा भूत-पिशाचोंके समान संबोधित किये जाने पर भी जो प्रबोधको प्राप्त नहीं होते हैं, ऐसे अभव्य जीवोंको भूत कहते हैं उनके प्रयोजनभूत अर्थसे आप अत्यन्त दूर हैं, अर्थात् उन्हें सम्बोधनेमें असमर्थ हैं, इसलिए भी भूतार्थदूर कहलाते हैं । अथवा सत्यार्थका ज्ञान केवलज्ञानके बिना दूर अर्थात् असम्भव है ऐसा आपने प्रतिपादन किया है (५४) । राग, द्वेष आदि वैभाविकगुणोंके अत्यन्त अभाव हो जानेसे आप परमनिर्गुण कहलाते हैं । अथवा 'परं+अनिर्गुण' ऐसी सन्धिके अनुसार यह भी अर्थ निकलता है कि आप निश्चयसे गुण-रहित नहीं हैं, किन्तु अनन्त गुणोंके पुञ्ज हैं (५५) । आप व्यवहार अर्थात् संसारके कार्योंमें अत्यन्त मौन धारण करते हैं, या उनसे रहित हैं, अतएव व्यवहारसुषुप्त कहलाते हैं (५६) । अपने आत्मस्वरूपमें आप सदा अतिशय करके जाग्रत अर्थात् सावधान रहते हैं, इसलिए अतिजागरूक कहलाते हैं (५७) । आप अपने आपमें अत्यन्त सुखसे स्थित हैं, अतः अतिसुस्थित कहलाते हैं (५८) ।

अर्थ—हे अचिन्त्यमाहात्म्य, आप उदितोदितमाहात्म्य हैं, निरुपाधि हैं, अकृत्रिम हैं, अमेयमहिमा हैं, अत्यन्तशुद्ध हैं, सिद्धिस्त्वयंवर हैं, सिद्धानुज हैं, सिद्धपुरीपान्थ हैं, सिद्धगणातिथि हैं, सिद्धसंगोन्मुख हैं, सिद्धालिंग्य हैं, सिद्धोपगूहक हैं, पुष्ट हैं, अष्टादशसहस्रशीलाश्व हैं, पुण्यशंबल हैं, वृत्ताम्रयुग्य हैं, परमशुक्ललेश्य हैं और अपचारकृत् हैं ॥१३३-१३५॥

व्याख्या—आपका माहात्म्य उत्तरोत्तर उदयशील है, परम प्रकर्षको प्राप्त है इसलिए आपको उदितोदितमाहात्म्य कहते हैं (५९) । आप सर्व परिग्रहरूप उपाधियोंसे रहित हैं, अतः

धर्मोपदेशविहारकर्मादिको यस्येति । अथवा निर्गत उप समीपात् आधिर्मानसी पीडा यस्येति निरुपाधिः, जन्म-जरा-मरण-व्याधित्रयरहितत्वात् निश्चिन्त इत्यर्थः । अथवा निश्चित उपाधिर्गत्यधर्मस्यात्मस्वरूपस्य चिन्ता परमशुक्लध्यानं यस्येति । अकरणेन अधिष्ठानेन धर्मोपदेशादेरकृत्रिमः । तुनु कन्धात्रिमक् । महती भावो महिमा । पृथ्वादिभ्य इमन् । वा अमेयोऽमर्यादीभूतो लोकालोकव्यापी महिमा केवलज्ञान-व्याप्तिर्यस्यासावमेयमहिमा । अत्यन्तमतिशयेन शुद्धः कर्ममलकलंकरहितः अत्यन्तशुद्धः, रागद्वेषमोहादिरहितो वा, द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मरहितो वा, सन्निकटतरसिद्धपर्यायत्वात् । सिद्धेरात्मोपलब्धेः कन्यायाः स्वयंवरः परिणेता ॥१३३॥ सिद्धानां मुक्तात्मनामनुजः लघुभ्राता, पश्चाज्जातत्वात् । सिद्धानां मुक्तात्मनां पुरी नगरी मुक्तिः ईषत्प्राग्भारसंज्ञं पत्तनं, तस्याः पान्थः पथिकः । सिद्धानां मुक्तजीवानां गणः समूहः, अनन्तसिद्ध-समुदायः सिद्धगणः, तस्य अतिथिः प्राघूर्णकः । सिद्धानां भवच्युतानां संगो मेलस्तं प्रति उन्मुखो बद्धोत्कंठः । सिद्धैः कर्मच्युतैः सत्पुरुषैः महापुरुषैरालिंगितुं योग्यः आश्लेषोचितः सिद्धालिंग्यः । सिद्धानां मुक्तिवल्लभानामुपगूहकः आलिंगनदायकः अंकपालीविधायकः ॥१३४॥ पुण्णाति स्म पुष्टः पूर्व-सिद्धसमानशानदर्शनसुखवीर्यानन्तगुणैः सबलः । अश्नुवते क्षणेन अभीष्टस्थानं प्राप्नुवन्ति जातिशुद्धत्वात् स्वस्वामिनमभिमतस्थानं नयन्तीति अश्वाः, अष्टाभिर्गणिका (दश) अष्टादश, अष्टादश च तानि सहस्राणि अष्टादशसहस्राणि । अष्टादशसहस्राणि च तानि शीलानि, अष्टादशसहस्रशीलानि, तान्येव अश्वा वाजिनो यस्य सोऽष्टादशसहस्रशीलाश्वः । पुण्यं सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्रलक्षणं शंबलं पथ्योदनं यस्य स भवति पुण्यशंबलः । वृतं चारित्रं अग्रं मुख्यं युग्यं वाहनं यस्येति । कषायानुरंजिता योगवृत्तिर्लेश्येत्युच्यते, जीवं हि कर्मणा लिम्पतीति लेश्या । कृत्यपुटोऽन्यत्रापि चेति सूत्रेण कर्तरि ष्यण्, नामिनश्चोपधाया लघोरिति गुणः, पृषोदरादित्वात् पकारस्य शकारः, स्त्रियामादा । परमशुक्ला लेश्या यस्य स तथोक्तः । अपचरणम-

निरुपाधि कहलाते हैं । अथवा मानसिक पीड़ाको उपाधि कहते हैं, आप उससे सर्वथा रहित हैं । अथवा धर्मोपदेश, विहार आदि कार्योंको भी उपाधि कहते हैं । योग-निरोध कर लेने पर आप उनसे भी रहित हो जाते हैं । अथवा आत्मस्वरूपके चिन्तन करनेवाले परमशुक्लध्यानको उपाधि कहते हैं । वह आपके निश्चित है, इससे भी आप निरुपाधि नामको सार्थक करते हैं (६०)। आप अपने स्वाभाविक रूपको प्राप्त हैं, अतः अकृत्रिम कहलाते हैं । अथवा योगनिरोधके पश्चात् धर्मोपदेशादिको नहीं करनेसे भी आप अकृत्रिम कहलाते हैं (६१)। अमेय अर्थात् अमर्यादीभूत लोकालोकव्यापी महिमाके धारण करनेसे आप अमेयमहिमा कहलाते हैं (६२)। आप राग, द्वेष, मोहादिरूप भावमलसे, अष्टकर्मरूप द्रव्यमलसे और शरीररूप नोकर्ममलसे सर्वथा रहित हैं, अतः अत्यन्तशुद्ध कहलाते हैं (६३)। आत्मस्वरूपकी उपलब्धिरूप सिद्धिके आप स्वयंवर अर्थात् परिणेता हैं, अतः सिद्धिस्वयंवर नामसे प्रसिद्ध हैं (६४)। सिद्धोंके पश्चात् मुक्ति प्राप्त करनेसे आप सिद्धोंके लघुभ्राता हैं, अतः सिद्धानुज कहलाते हैं (६५)। ईषत्प्राग्भार नामक सिद्धपुरीके आप पथिक हैं, अतः सिद्धपुरीपान्थ कहलाते हैं (६६)। सिद्धसमुदायके आप अतिथि अर्थात् मेहमान या पाहुने हैं, अतः सिद्धगणातिथि कहलाते हैं (६७)। सिद्धोंके संगमके लिए आप उन्मुख अर्थात् उत्कण्ठित हैं, इसलिए सिद्धसंगोन्मुख कहलाते हैं (६८)। सिद्धोंके द्वारा आलिंगन या भेंट करनेके योग्य होनेसे आप सिद्धालिंग्य कहलाते हैं (६९)। सिद्धोंके उपगूहक अर्थात् आलिंगन-दायक या अंकपाली-विधायक होनेसे आप सिद्धोपगूहक कहलाते हैं (७०)। सिद्धोंके समान अनन्त ज्ञानादिगुणोंसे पुष्टिको प्राप्त होनेके कारण आप पुष्ट कहलाते हैं (७१)। अठारह हजार शीलके भेदरूप अश्वोंके स्वामी होनेसे आप अष्टादशसहस्रशीलाश्व कहलाते हैं । जिस प्रकार उत्तम अश्व मनुष्यको क्षणभरमें अभीष्ट स्थानपर पहुँचा देता है, उसी प्रकारसे आपको अपने अभीष्ट सिद्धिरूप शिवपुरीको पहुँचानेवाले शीलके अठारह हजार भेद प्राप्त हैं (७२)। आपके पुण्यरूप शंबल अर्थात् पाथेय या मार्गका भोजन पाया जाता है, अतः आप पुण्यशंबल कहलाते

क्षेपिष्ठोऽन्त्यक्षणसखा पंचलघ्वक्षरस्थितिः । द्वासप्ततिप्रकृत्यासी त्रयोदशकलिप्रणुत् ॥१३६॥
अवेदोऽयाजकोऽयज्योऽयाज्योऽनग्निपरिग्रहः । अनग्निहोत्री परमनिस्गूढोऽत्यन्तनिर्दयः ॥१३७॥
अशिष्योऽशासकोऽदृश्योऽदीक्ष्योऽदीक्षितोऽक्षयः । अगम्योऽगमकोऽरम्योऽरमको ज्ञाननिर्भरः ॥१३८॥

पचारो मारणं कर्मशत्रूणामेवापचारो घातिकर्मणां विध्वंसनमित्यर्थः । अपचारं घातिसंघातवातनं पूर्वमेव कृतवान् भगवानित्यर्थः । अथवा अपचारं मारणं कृतति उच्छेदयतीति अपचारकृत् ॥१३५॥

अतिशयेन क्षिप्रः शीघ्रतरः क्षेपिष्ठः, एकेन क्षणेन त्रैलोक्यशिखरगामित्वात् । अन्त्यक्षणस्य सखा अन्त्यक्षणसखा, संसारस्य पश्चिमः समयः, तेन सह गामुको मित्रमित्यर्थः । अथवा अन्त्यक्षणस्य पंचमकल्याणस्य सखा मित्रम् । अथवा अन्त्यक्षणसख इति पाठे अन्त्यक्षणः सखा मित्रं यस्येति । पंच च तानि लघ्वक्षराणि च पंचलघ्वक्षराणि, अ इ उ ऋ ऌ इत्येवंरूपाणि, क च ट त प रूपाणि वा, क ख ग घ ङ इत्यादि रूपाणि वा । यावत्कालपंचलघ्वक्षराण्युच्चार्यन्ते तावत्कालपर्यन्तं चतुर्दशे गुणस्थाने अयोगिकेवल्यपरनाम्नि स्थितिर्यस्येति । पंचानामक्षराणां मध्ये यः पूर्वः समयः स समयो द्विचरमसमयः कथ्यते, उपान्त्यसमयश्चाभिधीयते । तस्मिन्नुपान्त्यसमये द्विसप्ततिप्रकृतीर्भगवान् क्षिपते द्विसप्ततिप्रकृतीरस्यति क्षिपते इत्येवंशीलः द्वासप्त-

---

हैं (७३)। वृत्त अर्थात् सम्यक् चारित्र ही आपका मुख्य युग्य कहिए वाहन है, इसलिए आप वृत्ताग्रयुग्य कहलाते हैं (७४)। परमशुक्ल लेश्याके धारक होनेसे परमशुक्ललेश्य कहलाते हैं (७५)। आपने घातिया कर्मोंके अपचार अर्थात् मारणको किया है, इसलिए अपचारकृत् कहलाते हैं। जिस प्रकार शत्रु पर विजय पानेका इच्छुक कोई मनुष्य, मारण उच्चाटन, विष-प्रयोग आदिके द्वारा शत्रुका विनाश करता है, उसी प्रकार आपने भी ध्यान और मंत्र रूप विष-प्रयोगके द्वारा कर्मोंका मारण, उच्चाटन आदि किया है। अथवा आप अपचार अर्थात् मारणको 'कृन्तति' कहिए उच्छेदन करते हैं, अर्थात् हिंसा-विधान करनेवाले मतोंका निराकरण करते हैं, इसलिए भी अपचारकृत् कहलाते हैं (७६)।

अर्थ—हे क्षेमंकर, आप क्षेपिष्ठ हैं, अन्त्यक्षणसखा हैं, पंचलघ्वक्षरस्थिति हैं, द्वासप्ततिप्रकृत्यासी हैं, त्रयोदशकलिप्रणुत् हैं, अयाजक हैं, अयज्य हैं, अयाज्य हैं, अनग्निपरिग्रह हैं, अनग्निहोत्री हैं, परमनिःस्गूढ हैं, अत्यन्तनिर्दय हैं, अशिष्य हैं, अशासक हैं, अदृश्य हैं, अदीक्षक हैं, अदीक्षित हैं, अक्षय हैं, अगम्य हैं, अगमक हैं, अरम्य हैं, अरमक हैं और ज्ञाननिर्भर हैं ॥१३६-१३८॥

व्याख्या—हे जगत्कल्याणकर, आप अत्यन्त शीघ्रगामी हैं, एक क्षणमें त्रैलोक्यके शिखर पर जा विराजते हैं, अतः क्षेपिष्ठ कहलाते हैं (७७)। आपके संसारवासका जो अन्तिम क्षण है, उसके आप सखा हैं, क्योंकि उसके साथ ही निर्वाणको गमन करते हैं। सहगामीको ही मित्र कहते हैं, अतः आप अन्त्यक्षणसखा कहलाते हैं। अथवा क्षण शब्द कल्याण-वाचक भी है। अन्तिम निर्वाणकल्याणके आप मित्र हैं, क्योंकि वही आपको मुक्ति-लाभ कराता है। अथवा अन्तिम क्षण ही आपका सखा है, क्योंकि उसके द्वारा ही आप अजर-अमर बनते हैं (७८)। अयोगिकेवली नामक चौदहवें गुणस्थानमें आपकी स्थिति अ, इ, उ, ऋ, ऌ, इन पाँच ह्रस्व अक्षरोंके उच्चारण-काल-प्रमाण रहती है, इसलिए आपको पंचलघ्वक्षरस्थिति कहते हैं (७९)। आप चौदहवें गुणस्थानके उपान्त्य या द्विचरम समयमें अघातिया कर्मोंकी बहत्तर प्रकृतियोंका नाश करते हैं, इसलिए आपको द्वासप्ततिप्रकृत्यासी कहते हैं। वे बहत्तर प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—औदारिकादि पाँच शरीर, पाँच बन्धन, पाँच संघात, छह संस्थान, छह संहनन, आठ स्पर्श, पाँच रस, दो गन्ध, पाँच वर्ण, तीन आंगोपांग, ये ५० प्रकृतियाँ, तथा देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, अप्रशस्तविहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुस्वर, दुःस्वर, दुर्भग, निर्माण, अयशःकीर्ति, अनादेय, प्रत्येकशरीर, अपर्याप्त, अगुरुलघु, उच्छ्वास,

त्रिप्रकृत्यासौ । त्रयोदश कलीन् त्रयोदशकर्मप्रकृतीः नुदति क्षिपते त्रयोदशकलिप्रणुत् ॥१३६॥ न विद्यते वेदः ऋक्पुंनपुंसकत्वं यस्येति अवेदः, लिंगत्रयरहित इत्यर्थः । न याजयति, निजां पूजां कारयति, अतिनिःस्पृहत्वात् । यष्टुं शक्यो यज्यः, न यज्यः अयज्यः । शक्तिरहितवर्गान्तात्च यप्रत्ययः । शक्तिग्रहणात् शक्त्यार्थो ग्राह्यः स्वामिनोऽलक्षस्वरूपत्वात् केनापि यष्टुं न शक्यते, तेन अयज्य इत्युच्यते । इज्यते याज्यः, न यष्टुं शक्यते अयाज्यः । ऋवर्णव्यंजनांताद् ण्वण् । कर्मसमिधां भस्मीकरणेन अग्नेर्गार्हपत्याहवनीयदक्षिणाग्निनामत्रय-वैश्वानरस्य न परिग्रहः स्वीकारो यस्य सोऽनग्निपरिग्रहः । अग्निहोत्री विप्रव्रतं यज्ञविशेषः, अग्निहोत्रो विद्यते यस्य सोऽग्निहोत्री ब्राह्मणविशेषः । न अग्निहोत्री, अग्निं विनापि कर्मेन्धनदहनकारित्वात् । परम उत्कृष्टो निस्पृहः परमनिःस्पृहः । अथवा परा उत्कृष्टा केवलज्ञानाद्यनन्तचतुष्टयलक्षणोपलक्षिता मा लक्ष्मीर्यस्य स भवति परमः । परमश्चासौ निःस्पृहः परमनिःस्पृहः । अतिगतो विनष्टोऽन्तो विनाशो यस्येति अत्यन्तः । निश्चिता सगुण-निर्गुणप्राणिवर्गरक्षणलक्षणा दया करुणा यस्येति निर्दयः । अथवा अतिशयेन अन्ते अन्तके यमे निर्दयो

